3 राजधानी
भाषा यूनिवर्सिटी का दीक्षान्त समारोह 27 को

6 अभिमत
पीएचडी उपाधि व उच्च शिक्षा में गुणवत्ता

11 विदेश
पाक मानवाधिकार कार्यकर्ता को 14 साल की सश्रम सजा

12 विविध
शिक्षा के साथ कौशल विकास का हो मेल

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 49
लखनऊ, सोमवार, 6 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सिंधू को रजत से ही करना पड़ा संतोष
स्पोर्ट्स-10

# बुआ-बबुआ, भाई-बहन ने नहीं किया कोई काम, सिर्फ परिवार के विकास में जुटे: योगी

- चंदौली की जनसभा में मुख्यमंत्री ने बसपा, सपा और कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना
- कीनाराम धाम के सुंदरीकरण के लिए कार्य योजनाओं का किया शुभारंभ

**राजेन्द्र प्रकाश।** चंदौली

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ रविवार दोपहर चंदौली के रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम धाम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ इंटर कॉलेज के पास विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षियों पर जमकर निशाना साधा।

मायावती, अखिलेश यादव तथा राहुल-प्रियंका पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहाकि बुआ-बबुआ ने सत्ता में रहते हुए बिल्कुल भी विकास का कार्य नहीं किया और न ही भाई-बहन की जोड़ी ने। योगी ने कहा कि इन लोगों ने सिर्फ अपने परिवार का विकास किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को चंदौली जिले में सकलडीहा विधानसभा क्षेत्र में 30 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम आश्रम के जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण का काम भी शामिल है। वहां जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों ने चंदौली जिले का नाम देश-दुनिया में रोशन किया है।

तीन साल पहले जिले में काला चावल पैदा नहीं होता था। लेकिन आज 2400 किसान 2100 हेक्टेयर भूमि पर ब्लैक राइस (काला चावल) की खेती कर रहे हैं। दो महीने पहले बाबा कीनाराम के नाम से स्थापित मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया था। आज बाबा के धाम के सुंदरीकरण के कार्य योजना का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जीवन में संतों और ऋषि-मुनियों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इनके आशीर्वाद से आज देश दुनिया को मानवता का संदेश दे रहा है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज शुरू होने से चंदौली और पूर्वांचल सहित बिहार के लोगों के लिए उत्तम शिक्षा और चिकित्सा का केंद्र बनेगा।

विपक्षी पार्टियों पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि अगर सकलडीहा से भाजपा का विधायक चुनाव हुआ होता तो बाबा की धरती को विकास के लिए इतना समय नहीं लगता। साथ ही कहा ( शेष पेज 9 )



मातृ स्वास्थ्य एवं टीकाकरण सेवाओं में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वालीं एएनएम को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने पांच हजार स्वास्थ्य उपकेंद्रों का लोकार्पण कर रचा इतिहास

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद 74 वर्षों तक प्रदेश में 20,000 स्वास्थ्य उपकेन्द्र थे, जबकि मौजूदा सरकार ने आज एक दिन में एक साथ 5,000 स्वास्थ्य उपकेन्द्रों का शुभारम्भ कर नया इतिहास रचा है। सीएम योगी रविवार को अपने सरकारी आवास पर 5000 नये स्वास्थ्य उपकेन्द्रों, 15 बीएसएल2 प्रयोगशालाओं तथा माँ नवजात ट्रैकिंग ऐप का लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे। ( विस्तृत पेज 3 )

## दुर्दांत माफियाओं की सरपरस्त है सपा: सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को समाजवादी पार्टी को दुर्दांत माफियाओं की सरपरस्त करार दिया। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि सरकार द्वारा अराजक तत्वों की अवैध संपत्ति पर बुलडोजर चलाए जाने से सबसे ज्यादा तकलीफ उसे होती है। सीएम ने यहां व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापार के लिए सुरक्षा और बेहतर माहौल बहुत आवश्यक है। ( विस्तृत पेज 4 )

# नगालैंड में सुरक्षाबलों की गोलीबारी में 14 की मौत

- दंगों में एक जवान की भी जान गयी, सेना ने कोर्ट ऑफ इन्क्वारी का आदेश दिया

**भाषा।** कोहिमा, गुवाहाटी, नई दिल्ली

**नगालैंड** के मोन जिले में एक के बाद एक गोलीबारी की दो घटनाओं में सुरक्षाबलों की गोलियों से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि गोलीबारी की पहली घटना संभवतः गलत पहचान का मामला हो सकती है। इसके बाद हुए दंगों में एक सैनिक की भी मौत हो गई। उधर सेना ने एक बयान में कहा कि लोगों की मौत की इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कारणों की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के जरिए उच्चतम स्तर पर जांच की जा रही है और कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

गोलीबारी की पहली घटना तब हुई जब शनिवार शाम कुछ दिहाड़ी मजदूर एक कोयला खदान से पिकअप वैन में सवार होकर गाना गाते हुए घर लौट रहे थे। सेना के जवानों को प्रतिबंधित संगठन नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड-के (एनएससीएन-के) के युंग ओंग धड़े के उग्रवादियों की गतिविधि की सूचना मिली थी और इसी गलतफहमी में इलाके में अभियान चला रहे सैन्यकर्मियों ने वाहन पर कथित रूप से गोलीबारी की, जिसमें छह मजदूरों ( शेष पेज 9 )



नगालैंड के मोन जिले में गोलीबारी की घटनाओं के बाद उग्र भीड़ द्वारा फूंके गए वाहन

## विपक्ष ने सरकार पर बोला हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, यह हृदय विदारक है। भारत सरकार को सही-सही जवाब देना चाहिए। गृह मंत्रालय वास्तव में क्या कर रहा है, जब न तो आम नागरिक और न ही सुरक्षाकर्मी हमारी अपनी ही सरजमीं में सुरक्षित हैं? पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, नगालैंड से चिंताजनक खबर। शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। हमें घटना की विस्तृत जांच सुनिश्चित करनी चाहिए। हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी पीड़ितों को न्याय मिले। इस बीच, नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने इस घटना को अत्यंत निंदनीय करार दिया। उन्होंने कहा, मोन ( शेष पेज 9 )

# भारत में ओमीक्रोन के 17 और मामलों का पता चला

- दिल्ली, राजस्थान में पहली बार मामले आए

**भाषा।** जयपुर, मुंबई, नई दिल्ली

**भारत** में रविवार को कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप के 17 और मामले सामने आए जिनमें नौ मामले राजस्थान की राजधानी जयपुर में, सात महाराष्ट्र के पुणे जिले में और एक मामला दिल्ली का है। इसके साथ ही देश में ओमीक्रोन के मामलों की कुल संख्या 21 हो गई है। जो लोग संक्रमित पाए गए हैं उनमें से अधिकतर हाल में अफ्रीकी देशों से आए हैं या इस तरह के लोगों के संपर्क में थे। इसके साथ ही चार राज्यों और राष्ट्रीय राजधानी में ज्यादा संक्रामक स्वरूप के मामले सामने आए हैं।

जयपुर में जो नौ लोग संक्रमित पाए गए हैं उनमें एक ही परिवार के चार सदस्य शामिल हैं जो हाल में दक्षिण अफ्रीका से लौटे हैं। राजस्थान के चिकित्सा सचिव वैभव गालरिया ने बताया, संक्रमित लोगों की जीनोम सीक्वेंसिंग से नौ लोगों के कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। महाराष्ट्र के पुणे जिले में सात लोगों के कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संक्रमितों में नाइजीरिया से आई महिला और उसकी दो बेटियां शामिल हैं। वह नजदीकी पिंपरी-चिंचवड इलाके में अपने भाई से मिलने आई है। अधिकारी ने बताया कि महिला का भाई और उसकी दो बेटियां भी ओमीक्रोन से संक्रमित पाई गई हैं। वहीं, पिछले महीने के आखिरी सप्ताह फिनलैंड से पुणे लौटे एक अन्य व्यक्ति के भी ओमीक्रोन से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। महाराष्ट्र में ओमीक्रोन से संक्रमित लोगों की कुल संख्या आठ हो गई है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने एक बयान में कहा, भारतीय मूल की 44 वर्षीय नाईजीरियाई महिला, उसकी 18 और 12 वर्ष की दो बेटियां 24 नवंबर को नाईजीरिया से यहां पिंपरी चिंचवड़ में अपने भाई से मिलने पहुंचीं। इसमें बताया गया, महिला, उसकी दोनों बेटियों, उसके 45 वर्षीय भाई और उसकी दो सात एवं डेढ़ वर्ष की बेटियां पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु संस्थान (एनआईवी) से दिए गए रिपोर्ट के मुताबिक ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमित हैं। इसमें बताया गया कि उनके संपर्क में आए 13 लोगों का पता लगाया गया है और उनकी जांच कराई गई है। देश में कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप के दो मामले बृहस्पतिवार को कर्नाटक और बेंगलुरू में सामने आए थे। दोनों व्यक्तियों का पूरी तरह टीकाकरण हो चुका है। शनिवार को ( शेष पेज 9 )



पश्चिम बंगाल के नादिया में कोरोना का टीका लगवाने के लिए प्रतीक्षारत लोग

## योगी सरकार ने तैयार किया चक्रव्यूह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** के नए वैरिएंट ओमीक्रोन को लेकर सरकार ने चक्रव्यूह तैयार कर लिया है। राज्यस्तरीय स्वास्थ्य परामर्श समिति ने इस नए वैरिएंट के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। कोरोना के नए वैरिएंट से बचाने के लिए सरकार ने हर जिले की सुरक्षा व सतर्कता के लिए चक्रव्यूह तैयार कर लिया है। ( विस्तृत पेज 2 )

# स्वदेशी ड्रोन रोधी प्रौद्योगिकी विकसित कर रहा भारत

- सुरक्षाबलों को जल्द होगी उपलब्ध: शाह

**भाषा।** जैसलमेर

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि देश की सीमाओं पर ड्रोन उपकरणों से बढ़ते खतरे को विफल करने के लिए भारत स्वदेशी ड्रोन रोधी तकनीक विकसित कर रहा है जो जल्द ही सुरक्षा बलों को उपलब्ध कराई जाएगी। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 57वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर शाह ने यहां कहा कि मोदी सरकार के लिए, सीमा सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा है और वह बल को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ सीमा सुरक्षा तकनीक प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि 1965 में जब बीएसएफ का गठन हुआ है, तब से यह पहली बार है जब सीमा पर इसका स्थापना दिवस समारोह मनाया जा रहा है। शाह ने बीएसएफ कर्मियों से कहा, एक देश सुरक्षित होने पर ही दुनिया में आगे बढ़ सकता है और समृद्ध हो सकता है।



आप देश की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं... हमेशा याद रखें कि सीमाओं की रक्षा करके आप देश की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं और इसे विश्व स्तर पर एक मंच प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि बीएसएफ को दुनिया की बेहतरीन तकनीकें उपलब्ध कराई जाएं। शाह ने कहा, यह सरकार का संकल्प है। ड्रोन से बढ़ते खतरे का जिक्र हुआ था।

बीएसएफ, डीआरडीओ और एनएसजी ड्रोन रोधी तकनीक विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे अपने वैज्ञानिकों पर पूरा भरोसा है कि हम जल्द ही स्वदेशी ड्रोन रोधी तकनीक विकसित करने में सक्षम होंगे। शाह ने कहा कि 2014 से मोदी सरकार ने सीमा सुरक्षा पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने कहा, "जहां भी सीमाओं पर घुसपैठ की कोशिश हुई, सुरक्षा बलों और सीएपीएफ पर हमले हुए, हमने तत्काल जवाबी कार्रवाई सुनिश्चित की है। गृह मंत्री ने कहा, भारत ने सुनिश्चित किया है कि कोई भी हमारी सीमाओं या सैनिकों को हल्के में न ले। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने उरी और पुलवामा हमलों के बाद क्रमशः सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमलों के रूप में एक मजबूत जवाबी कार्रवाई सुनिश्चित की।

पूरी दुनिया ने इस कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि बीएसएफ में रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार ने 50,000 जवानों की भर्ती की है और उनका प्रशिक्षण शुरू हो गया है। शाह ने कहा, 2008-14 के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए सड़क निर्माण का बजट 23,000 करोड़ रुपए था। 2014 से 2020 के बीच मोदी सरकार ने बजट को 23,700 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 44,600 करोड़ रुपए कर दिया। यह सीमावर्ती क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## पिता की बंदूक से एलएलबी छात्र ने खुद को गोली से उड़ाया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** गोमतीनगर के विनय खंड तीन निवासी अशोक कुमार वर्मा के बेटे एलएलबी के छात्र अभिषेक वर्मा ने रविवार को पिता की लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने छानबीन की लेकिन मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है जिससे खुदकुशी की वजह पता नहीं चल सकी है। जानकारी के मुताबिक गोमतीनगर क्षेत्र के विनय खंड में रहने वाले अशोक कुमार वर्मा हाईकोर्ट में अधिवक्ता बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि रविवार को सुबह से लेकर दोपहर बाद तक सब कुछ ठीक ठाक रहा लेकिन अचानक उस समय अशोक के परिवार में कोहराम मच गया जब उनके बेटे एलएलबी के छात्र अभिषेक वर्मा ने पिता की लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर उड़ा लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में उसे अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,696 | |
| निफ्टी | 17,196 | |
| सोना | 46,581 | /10g |
| चांदी | 59,878 | /kg |

## क्विक न्यूज

### नदी जोड़ो परियोजना आगे बढ़ाने को मिलेगी गति

**नई दिल्ली।** सरकार देश में पिछले कुछ वर्षों में नदी जोड़ो परियोजनाओं के अटके कार्यों को गति प्रदान करने में जुटी है और इस उद्देश्य से बजटीय आवंटन की व्यवस्था करने के साथ प्रक्रियागत विषयों की देखरेख के लिए राष्ट्रीय नदी जोड़ो प्राधिकार (नीरा) का गठन करने जा रही है। वित्त वर्ष 2021-22 के अनुदान की अनुपूरक मांग के दूसरे बैच (खंड) के दस्तावेज के अनुसार, सामान्य सहायता अनुदान योजना के तहत नदियों को जोड़ने की परियोजनाओं संबंधी व्यय के लिए संसद से 4,300 करोड़ रुपए की मंजूरी मांगी गई है। पिछले महीने जल शक्ति मंत्री की अध्यक्षता में नदी जोड़ो परियोजना पर विशेष समिति की बैठक हुई थी जिसमें, राज्यों के जल संसाधन मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया था।

# भारत की 50 प्रतिशत से अधिक पात्र आबादी का पूर्ण टीकाकरण

**भाषा।** नई दिल्ली

**केन्द्रीय** स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने देश में कोरोना वायरस संक्रमण रोधी टीके की 127.61 करोड़ से अधिक खुराक दिए जाने के बीच रविवार को कहा कि देश में 50 प्रतिशत से अधिक पात्र वयस्क आबादी का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि देश में 84.8 प्रतिशत से अधिक वयस्क आबादी को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। मांडविया ने ट्वीट किया बधाई हो भारत। यह बेहद गर्व का क्षण है क्योंकि 50 प्रतिशत से अधिक पात्र आबादी का पूर्ण टीकाकरण हो गया है। हम साथ मिलकर कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई जीतेंगे। सुबह सात बजे तक की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे की अवधि में टीके की 1,04,18,707 खुराक



दिए जाने के साथ ही देश में अब तक दी जा चुकी खुराकों की संख्या 127.61 करोड़ के पार हो गई है। मंत्रालय के अनुसार यह उपलब्धि 1,32,44,514 सत्रों में हासिल की गई। गौरतलब है कि देशव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरुआत 16 जनवरी से की गई थी और पहले चरण में स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों का टीकाकरण किया गया था। इसके बाद अग्रिम मार्चे के कर्मियों का टीकाकरण दो फरवरी से शुरू हुआ था।

# काशी की पंचकोसी परिक्रमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान देगी सरकार

- 108 मुख्य मंदिरों, 44 धर्मशालाओं और कुंडों का किया जाएगा जीर्णोद्धार
- धार्मिक यात्रा मार्ग के विकास से मिलेंगे रोजगार और व्यवसाय के अवसर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सनातन** धर्म में पंचकोसी यात्रा का बहुत बड़ा महत्व है। काशी के ज्योतिर्लिंगाकार परिक्रमा पथ की यात्रा की तो विशेष मान्यता है। योगी सरकार बनारस की इस पंचकोसी परिक्रमा को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देने के लिए मंदिरों, कुंडों और यात्री निवास का सुंदरीकरण कराने जा रही है। सरकार वर्ष भर कई आयोजनों की भी योजना बना रही है। लगभग 70 किलोमीटर के इस धार्मिक मार्ग के विकास से रोजगार और व्यवसाय के नए अवसर उपलब्ध होंगे। सरकार पंचकोसी मार्ग पर कई तरह के आयोजनों के करने की योजना बनाई है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार और नए व्यवसाय के अवसर मिलेंगे। इससे वेलनेस सेंटर, रिसार्ट, होटल के अलावा पर्यटन सम्बंधित व्यवसाय को गति मिलेगी।

वाराणसी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष ईशा दुहन ने बताया कि इस प्रदिक्षणा यात्रा के दौरान 108 मुख्य मंदिरों, 44 धर्मशाला और कुंड पड़ते हैं। कुओं और चौपाल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। पड़ावों में ऐतिहासिक महत्व के सभी कुंडों को सजाया संवारा जाएगा। खुले स्थान या कथा स्थल में उद्यानों को लैंडस्केपिंग के माध्यम से खूबसूरत बनाया जाएगा। पड़ावों या मंदिरों के आसपास अस्थायी आश्रयों या बैठने की सुविधाओं का विकास होगा, जिससे श्रद्धालुओ को आरामदायक जगह मिलेगी। इसके अलावा पंचकोसी तीर्थ श्रद्धालुओं को मार्ग पर साइनेज मिलेगा, जो उनको रास्ता दिखाएगा। पंचकोशी मार्ग के सभी धार्मिक स्थलों पर और पड़ाव पर उससे सम्बंधित पूरी जानकारी लिखी होगी। इसके अलावा बाहर से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को वाराणसी में आते ही पंचकोसी मार्ग की जानकारी रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप समेत कई जगह मिलेगी। राज्य पुरातत्व विभाग के माध्यम से उच्च स्थापत्य और पुरातात्विक मूल्य वाले सभी मंदिरों के संरक्षण ( शेष पेज 9 )



पंचकोसी परिक्रमा का महत्वपूर्ण पड़ाव रामेश्वर मंदिर — फाइल फोटो

## तीन चरणों में पूरी होगी परियोजना

**ये** योजना तीन चरणों में पूरी होगी। योगी सरकार इसके लिए 55.93 करोड़ खर्च कर रही है। पहला चरण 9.92 करोड़ में, दूसरे चरण में 23.86 करोड़ और तीसरे चरण में 22.15 करोड़ से धार्मिक स्थलों व रिवर फ्रंट का जीर्णोद्धार और विकास का काम होगा। काशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने बताया कि क़रीब 70 किलोमीटर की पंचकोसी यात्रा को श्रद्धालु नंगे पांव करते हैं। इसके पांच पड़ाव हैं कंदवा, भीमचंडी, रामेश्वर, पांचों पांडव व कपिलधारा। पांच दिन की यात्रा में एक-एक रात्रि विश्राम का विधान है। इसके अलावा इस धार्मिक मार्ग पर मंदिर, कुंड, तालाब और यात्री निवास स्थल हैं। पंचकोसी परिक्रमा की ख़ास बात यह है कि इस यात्रा में सभी धार्मिक स्थल दाहिने तरफ स्थित हैं। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पंचकोशी यात्रा को आसान करने के लिए इस धार्मिक मार्ग के सम्पूर्ण विकास की योजना बनाई है। इससे लोग साल भर इस धार्मिक यात्रा को कर सकेंगे।

# पीएम के हाथों कल पूर्वी यूपी को मिलेगी 100 अरब की सौगात: योगी

- राष्ट्र को समर्पित करेंगे 8603 करोड़ रुपये की लागत से बना गोरखपुर खाद कारखाना
- 1011 करोड़ से निर्मित एम्स और 36 करोड़ से बने आरएमआरसी के लैब्स का करेंगे उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर/लखनऊ

**मंगलवार का** दिन पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास की दृष्टि से इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होने जा रहा है। इस दिन गोरखपुर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वी उत्तर प्रदेश को करीब 100 अरब दस हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री 8603 करोड़ रुपये केगोरखपुर खाद कारखानाए 1011 करोड़ से गोरखपुर में ही बने पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले एम्स और 36 करोड़ की लागत वाले आरएमआरसी के हाईटेक लैब्स का उद्घाटन करेंगे। 7 दिसंबर को पीएम मोदी के गोरखपुर आगमन और इस दौरान उनके हाथों लोकार्पित होने वाली विकास परियोजनाओं की जानकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मीडिया को बखूबी दी। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में पत्रकार वार्ता में सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री पूर्वी उत्तर प्रदेश के उन सपनों को साकार करने आ रहे हैं जिन्हें पिछली सरकारों की नाकामियों ने नकारा सा बना दिया था। पीएम के हाथों तीन बड़े प्रोजेक्ट का उद्घाटन पूर्वी उत्तर प्रदेश की दृष्टि से अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लिए, जो नामुमकिन था उसे पीएम मोदी ने मुमकिन कर दिखाया है। असंभव को संभव बना दिया है। पीएम ने व्यापक जनहित में किसानों, महिलाओं, नौजवानों, बच्चों की खुशहाली व क्षेत्र के उन्नयन के लिए ये परियोजनाएं उपलब्ध कराई हैं जबकि विपक्ष इसे अबतक वोट बैंक ही समझता था।

सीएम योगी ने कहा कि 1990 में फर्टिलाइजर कारपोरेशन ऑफ इंडिया एफसीआई का खाद कारखाना बंद हो गया था। अनेक सरकारें आई आश्वासन पर आश्वासन दिए गए लेकिन 26 वर्ष तक सिर्फ हाथ खड़े कर दिए गए। इससे अन्नदाता



किसान तो प्रभावित हुए ही सामान्य नागरिकों के जीवन और विकास पर विपरीत असर पड़ा। रोजगार पर विराम लग गया। खाद कारखाना दोबारा चलेगा, यह सपना ही लगता था। पर अब यह सपना साकार हो चुका है। प्रधानमंत्री ने 2016 में गोरखपुर में नए खाद कारखाने का शिलान्यास किया था और समय सीमा में यह बनकर तैयार है। पीएम मोदी हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड का खाद कारखाने 7 दिसंबर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे मुख्यमंत्री ने बताया कि इस खाद कारखाने से प्रतिवर्ष 12 लाख मीट्रिक टन से अधिक यूरिया का उत्पादन होगा। इससे किसानों को समय से उर्वरक व रसायन की आपूर्ति तो होगी ही रोजगार की ढेर सारी संभावनाएं भी बढ़ेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ व बीमारी ही कभी पूर्वी उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी थी। इंसेफलाइटिस के चलते मासूम और समय दम तोड़ देते थे। सरकारों की संवेदना इन गरीबों व और असहायों के प्रति नहीं थी। 40 वर्षों में 50 हजार से अधिक बच्चे इंसेफलाइटिस के चलते और समय काल कवलित हो गए। पूर्वी उत्तर प्रदेश को बीमारियों से मजबूती से लड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2016 में एक एम्स भी दिया और यह एम्स गोरखपुर में बनकर तैयार है। यहां लोगों को विश्व स्तरीय विशिष्ट चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। 7 दिसंबर को पीएम मोदी एम्स का भी उद्घाटन करेंगे। सीएम ने बताया कि 1977 में बीआरडी मेडिकल कॉलेज में इंसेफलाइटिस के वायरस को पहचाना गया था। बीमारी ना जाने कब से रही होगी। वायरस की पहचान भी यहां नहीं बल्कि नेशनल इंस्टीट्यूट आफ वायरोलॉजी एन आईवी पुणे में की गई थी। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक यहां पर इंसेफलाइटिस, डेंगू जैसे वेक्टर बोर्न डिजीज की पहचान की पुख्ता व्यवस्था नहीं थी। सैंपल पुणे भेजे जाते थे। पर अब इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के बीआरडी मेडिकल कॉलेज स्थित रीजनल सेंटर आरएमआरसी में हाईटेक लैब्स की व्यवस्था कर दी गई है। इंसेफेलाइटिस, कालाजार, चिकनगुनिया, डेंगू और कोरोना तक के वायरस की जांच और उपचार के लिए इस पर अग्रिम अनुसंधान अब यहीं होने लगेगा। 2018 में इसका शिलान्यास तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने किया था और 7 दिसंबर को पीएम मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के हाथों लोकार्पित होने जा रही तीनों परियोजनाओं से पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ ही बिहार व नेपाल की बड़ी आबादी भी बहुत लाभान्वित होगी। उन्होंने बताया कि करीब 600 एकड़ में फैले खाद कारखाना के निर्माण पर 8600 करोड़ रुपये से अधिकए 112 एकड़ में बने एम्स पर 1011 करोड़ तथा आरएमआरसी के लैब्स पर करीब 36 करोड़ रुपये की लागत आई है। इन विकास परियोजनाओं से एक बहुत बड़ी आबादी को तो सुविधा होगी ही साथ ही रोजगार की दिशा में बड़ी सौगात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 7 दिसंबर की तिथि पूर्वी उत्तर प्रदेश और पूरे प्रदेश के विकास के दृष्टिगत महत्वपूर्ण तिथि साबित होने जा रही है। इस दिन पीएम के ऐतिहासिक स्वागत के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश की जनता और अन्यान्य संगठन बेहद उत्सुक हैं।

# ओमीक्रोन को लेकर योगी सरकार ने तैयार किया मजबूत चक्रव्यूह

- मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय स्वास्थ्य विशेषज्ञ परामर्श समिति के बिन्दुओं पर गंभीरता से काम करने के साथ ही टीकाकरण की रफ्तार को बढ़ाने के निर्देश दिए
- सीएचसी-पीएचसी को अत्याधुनिक संसाधनों से किया जा रहा लैस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना के** नए वैरिएंट ओमीक्रान को लेकर सरकार ने चक्रव्यूह तैयार कर लिया है। राज्यस्तरीय स्वास्थ्य परामर्श समिति ने इस नए वैरिएंट के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। कोरोना के नए वैरिएंट से बचाने के लिए सरकार ने हर जिले की सुरक्षा व सर्तकता के लिए चक्रव्यूह तैयार कर लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महामारी से बचाव और इलाज के संबंध में राज्यस्तरीय स्वास्थ्य विशेषज्ञ परामर्श समिति के बिन्दुओं पर गंभीरता से काम करने के साथ टीकाकरण की रफ्तार को बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

कोरोना संक्रमण के इस नए वैरिएंट और संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए सभी जिलों में पूरी सक्रियता से सरकार ने काम शुरू कर दिए हैं। सरकार ने स्वच्छता, कोविड प्रोटोकॉल, फोकस टेस्टिंग, टीकाकरण, सर्विलांस, सैनिटाइजेशन को इस चक्रव्यूह का हिस्सा बनाया है। सभी मेडिकल कॉलेज में 100 बेड वाले पीकू नीकू और सीएचसी और पीएचसी में 50 नए बेड की व्यवस्था कर दी गई है। सीएम ने आला अधिकारियों को नए वैरिएंट को लेकर अस्पतालों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सरकार ऑक्सीजन, बेडए लैब जैसी व्यवस्थाओं पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। प्रदेश की 3011 पीएचसी और 855 सीएचसी को सभी अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जा रहा है। सरकार ने प्रदेश में 73000 निगरानी समितियों को भी जिम्मेदारी सौंपी हैं।



## तीसरी लहर से निपटने को लेकर 1.50 लाख बेड की तैयारी

**लखनऊ।** प्रदेश में कोरोना के ओमिक्रोन वैरिएंट को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। तीसरी लहर से निपटने के लिए विभाग की तरफ से 1.50 लाख बेड की तैयारी है। वहीं विदेश से लौटने के बाद कोरोना संक्रमित पाए जा रहे लोगों के सैंपल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजे जा रहे हैं। सूबे में में अभी तक कोरोना संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए 50 लोगों की जांच की जा रही थी, अब इसे और बढ़ाया जा रहा है। सर्विलांस पर ज्यादा से ज्यादा जोर दिया जा रहा है ताकि कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ी जा सके। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक डा. वेद ब्रत सिंह ने बताया कि जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए पहले सैंपल राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) व केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआई) की लैब में भेजे जा रहे हैं। कोरोना के ओमीक्रोन वैरिएंट का पता लगाने के लिए केंद्र सरकार ने इंडियन सार्स कोव 2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम की 28 राष्ट्रीय स्तर की लैब में ही किए जाने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल केजीएमयू व संजय गांधी पीजीआइ सहित आठ चिकित्सा संस्थानों में जीनोम सिक्वेंसिंग की व्यवस्था की गई है।

## क्विक न्यूज

### मिड डे मील की गुणवत्ता को परखने के लिए अधिकारियों को जिले आवंटित

**लखनऊ।** परिषदीय विद्यालयों में मिड डे मील की गुणवत्ता को परखने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने निर्णय लिया है। इसके लिए विभाग स्तर पर सभी अधिकारियों को जिलो का आवंटन कर दिया गया है। अधिकारियों की तरफसे यह निरीक्षण 9 से 14 दिसंबर के बीच किये जायेंगे। डीजी स्कूली शिक्षा अनामिका सिंह के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि अधिकारी अलग अलग विकास खण्डों के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों के न्यूनतम पांच प्राइमरी व जूनियर स्कूलों में मिड डे मील वितरण की प्रभावी मॉनिटरिंग करेंगे। मॉनिटरिंग के लिए प्रोफार्मा जारी कर दिया गया है। ये अधिकारी निशुल्क सामग्री के लिए दी जा रही डीबीटी प्रणाली की स्थिति भी जाचेंगे। निरीक्षण के बाद संबंधित निदेशालय व प्राधिकरण को अधिकारी अपने स्तर से सूचित करेंगे और इन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सुधार की कार्रवाई की जाएगी।

### बहुजन समाज पार्टी आठ दिसंबर से 86 सुरक्षित सीटों को लेकर हर मण्डल में करेगी सम्मेलन

**लखनऊ।** प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी सियासी जमीन से दूसरे दलों को अहसास कराने के लिए बहुजन समाज पार्टी की नजर सूबे की 84 सुरक्षित और 2 अनुसूचित जनजाति की सीटों पर है। इन सीटों पर पार्टी के झंडे लहराने के लिए पार्टी ब्राह्मण वोट बैंक को अपने पाले में करने के लिए हर प्रयास कर रही है। इस क्रम में 8 दिसम्बर से बसपा सभी मंडलों में सम्मेलन करेगी। रविवार को बसपा राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र के नेतृत्व में लखनऊ कार्यालय पर सुरक्षित सीटों पर ब्राह्मण समाज की बैठक की गई। जिसमे आगामी 8 दिसम्बर से मिश्र के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी की जनसभाएं प्रदेश के सभी मंडलों में होनी तय की गई है। बैठक में मिश्र ने आज 86 आरक्षित सीटों पर ब्राह्मण समाज की बैठक की और ब्राह्मण समाज से अपील किया कि आप सभी वर्गों से मेल मिलाप करके आरक्षित सीटों के प्रत्याशियों के लिए जीजान से मेहनत करने के लिए कहा कि क्योंकि हम लोगों एक साथ मिलकर बहन जी को पांचवी बार मुख्यमंत्री बनाना है। कार्यक्रम के दौरान एडवोकेट आशीष भारती जिलाध्यक्ष भीम आर्मी संस्थापक सदस्य आजाद समाज पार्टी, रजनी गौतम जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 6 बगैरा झांसी, एडवोकेट दिनेश देशमुख पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा हाथरस और उनके समस्त साथीगण ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही आदर्श संग्राम पार्टी के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम भारती पार्टी के पदाधिकारी एराष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद्मावतीए राष्ट्रीय महामंत्री प्रतीक पांडेय आदि ने बहुजन समाज पार्टी को अपना समर्थन दिया।

### प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों की मांग पर विचार करे सरकार: मायावती

**लखनऊ।** अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से प्रदर्शन कर रहे 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों के पक्ष में बसपा सुप्रीमो मायावती भी उतर आई हैं। रविवार को उन्होंने शनिवार की रात अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा की और सरकार से उनकी मांगों पर विचार करने की अपील की है। अपने ट्विटर एकाउंट पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी में 69 हजार शिक्षक भर्ती के पुराने व लम्बित मामले को लेकर राजधानी लखनऊ में कल रात शान्तिपूर्ण कैंडल मार्च निकालने वाले सैकड़ों युवाओं का पुलिस लाठीचार्ज करके घायल करना अति.दुःखद व निन्दनीय। सरकार इनकी जायज़ माँगों पर तुरन्त सहानुभूतिपूर्वक विचार करे, बीएसपी की यह माँग।

### सपा आज मनाएगी डॉ. भीमराव अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों पर सोमवार 6 दिसम्बर को भारत के संविधान निर्माता एवं दलितों, वंचितों के मसीहा बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस अवसर पर भारत के संविधान निर्माण में उनकी भूमिका एवं उनके आदर्शों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी के समस्त जिला, महानगर अध्यक्षों तथा प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों के विधानसभा अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक 11 दिसम्बर 2021 को पार्टी प्रदेश कार्यालय लखनऊ पर आहूत की गई है। बैठक को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सम्बोधित करेंगे।

# सपा, बसपा के नेताओं समेत कई समाजसेवी भाजपा में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी मुख्यालय** में रविवार को समाजवादी पार्टी तथा बहुजन समाज पार्टी के नेताओं सहित सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ीं, समाजसेवियों के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के प्रभावशाली व्यक्तियों तथा बडी संख्या में उनके समर्थकों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की और मोदी-योगी की राष्ट्रवादी नीतियों और विकास के बहुमुखी आयाम तथा सबका साथ, सबका विकास तथा सबका विश्वास की नीति से प्रभावित होकर भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में काम करने का संकल्प लिया।

उपमुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष डा लक्ष्मीकान्त बाजपेयी तथा प्रदेश उपाध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमेटी के सदस्य दयाशंकर सिंह की उपस्थिति में सपा व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव गोपाल अग्रवाल मेरठ, विश्व त्यागी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय लोकमंच एवं पूर्व प्रत्याशी मुरादनगर विधानसभा दिशान्त त्यागी गाजियाबाद, बसपा के अमरोहा से जिला पंचायत सदस्य, बसपा के जिलाध्यक्ष, सदस्य वामसेफ, बसपा पूर्व मंडल कोआर्डिनेटर हेम सिंह आर्य जाटव, भीम आर्मी के प्रवक्ता, राजीव गांधी फैलोसिप नेशनल अवार्ड प्राप्त डा टीपी सिंह अमरोहा, प्रदेश के पूर्व अपर मुख्यसचिव हरदोई के आईएएस चन्द्रप्रकाश, क्षत्रीय महासेना के राष्ट्रीय महामंत्री गाजियाबाद के सत्येन्द्र सिंह राघव, बसपा के जिला सचिव, नौंगवा सादात के विधानसभा प्रभारी एवं अमरोहा से जिला पंचायत सदस्य डा सोरन सिंह जाट, अनूपशहर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष बृजेश शर्मा, मेरठ सहारनपुर स्नातक सीट से विधान परिषद की प्रत्याशी रही अर्चना शर्मा, जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी के पुत्र एवं दिल्ली पावर लिफ्टिंग एसोशिएशन के अध्यक्ष अम्बरीश त्यागी और तीन बार बाडी विल्डिंग में स्वर्ण पदक विजेता अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडी विपनेश चौधरी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# बेरोजगार अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों समेत कई संगठन के लोग अखिलेश से मिले

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से रविवार को पार्टी मुख्यालय में ओबीसी, एससी संगठित मोर्चा उत्तर प्रदेश, रसोइया जनकल्याण समिति उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों तथा बेरोजगार अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों ने भेंटकर अपने ज्ञापन सौंपे। अखिलेश यादव ने आश्वस्त किया कि समाजवादी सरकार बनने पर इनकी समस्याओं का समुचित समाधान किया जाएगा। उन्हें न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा भाजपा की नीतियां श्रम विरोधी हैं। इस सरकार को बदलने पर ही प्रदेश में लोग खुशहाल हो सकेंगे।

श्री यादव ने कहा शिक्षक भर्ती में पिछड़ों, दलितों का आरक्षण मारने वाले मुख्यमंत्री अब लाठियां बरसा रहे हैं। लखनऊ में शांतिपूर्वक कैंडल मार्च निकाल रहे शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों पर पुलिस लाठीचार्ज शर्मनाक है। युवा बेरोजगार चुप नहीं बैठेंगे। नौजवान बदलाव के लिए तैयार है। ओबीसी, एससी, संगठित मोर्चा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विजय प्रताप तथा प्रवक्ता अमरेन्द्र सिंह पटेल के साथ महासचिव लोहा सिंह पटेल ने अखिलेश यादव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में गतिमान 69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती में आरक्षण नियमों की अनदेखी की गई है। भर्ती की चयन प्रक्रिया दोषपूर्ण है। ज्ञापन में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट लागू करने की भी मांग की है। रसोइया जनकल्याण समिति उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश कुमार, संयुक्त सचिव अनीता देवी तथा महामंत्री राम कुमार ने अखिलेश यादव से मिलकर अपना ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि हर वर्ष रसोईयों की नियुक्ति, नवीनीकरण में रसोइयों के बच्चों को कार्यरत विद्यालयों में ही पढ़ने पढ़ाने की शर्त से रसोईये बेरोजगार हो रह हैं।

# सपा प्रमुख ने रवाना की गोंडवाना जनसंदेश यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर सिंह मरकाम ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रविवार को सपा मुख्यालय से समाजवादी सरकार बनाएं, गोंडवाना जनसंदेश यात्रा को रवाना किया। यह यात्रा पूर्वांचल के 28 जनपदों में जाएगी और 31 दिसम्बर 2021 को इसका लखनऊ में ही समापन होगा। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की भेदभावपूर्ण नीति से समाज में खाई बढ़ी है। प्रदेश को आर्थिक रूप से कमजोर किया है। उसकी राजनीति नफरत की है। भाजपा नेताओं की भाषा अभी और बदलेगी। चुनाव जैसे जैसे नज़दीक आएंगे भाषा और ज्यादा गंदी होती जाएगी। गोंडवाना जनसंदेश यात्रा के माध्यम से समाजवादी सरकार की उपलब्धियों की गांव-गांव, घर-घर जानकारी देते हुए वर्ष 2022 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए जनचेतना जगाना लक्ष्य है। गोंडवाना जनसंदेश यात्रा में लगभग 100 प्रमुख गोंडवाना नेता कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। इनमें प्रमुख हैं उत्तर प्रदेश प्रभारी अरविन्द गोंडवाना, प्रदेश अध्यक्ष राम नाथ गोंड, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ व्यास गोंड, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा मनोज शाह, प्रदेश उपाध्यक्ष लल्लन गोंड, राष्ट्रीय संगठन सचिव अशर्फी सिंह परास्ते, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सक्खू सिंह मराठी, महिला मोर्चा लखनऊ अध्यक्ष डॉ सरोज सिंह भी इस यात्रा के साथ रहेंगे।

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या-253/रीडर-टी0जी0/2021 दिनांक 26 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1-श्री अमित कृष्ण यादव पुत्र स्व0 शम्भू यादव 23 ए, खसरा सं0 810 ज्ञान विहार कालोनी हरिहर नगर कमता इन्दिरानगर, लखनऊ व मकान सं0 4/208, जानकीपुरम विस्तार, जानकीपुरम, लखनऊ।

एतद्‌द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि एलआईसी हा0 फा0 लि0, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है। अतः आप दिनांक 10.12.2021 को समय 12.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम - 2002 की धारा-14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0/
अपर कलेक्टर,लखनऊ

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या-256/रीडर-टी0जी0/2021 दिनांक 26 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1- श्री मेहरुदीन खान पुत्र अलाउदीन खान निवासी 19, कम्पाउण्ड फेजुल्ला खान फरीदी नगर, भण्डप रियाद, मुम्बई, महाराष्ट्र।

एतद्‌द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि एलआईसी हा0 फा0 लि0, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है। अतः आप दिनांक 10.12.2021 को समय 12.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम - 2002 की धारा-14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0/
अपर कलेक्टर,लखनऊ

## पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम तुलाराम पुत्र श्री मथुरा निवासी सल्हनापुर पटना थाना व जिला खीरी से बदलकर तुलसी पुत्र श्री मथुरा निवासी उपरोक्त कर लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना जाये व मेरे समस्त कार्य इसी नाम से सम्पादित होंगे।

**सूचना**

मेरा नाम सभी अभिलेखों में PRATEEK SARAWAGI पुत्र श्री अजय कुमार सरावगी है परंतु पासपोर्ट में त्रुटिवश PRATIK SARAWAGI हो गया है। भविष्य में मुझे PRATEEK SARAWAGI के नाम से जाना जाये। मं.नं. 4/276-ए, रतन रेजीडेंसी, फ्लैट सं. 504, पार्वती बागला रोड, कानपुर-208002

# पूरे प्रदेश में दिख रहा है बदलाव का माहौल: अखिलेश

- समाजवादी व्यापार सभा का व्यापारी महाकुंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की गलत नीतियों के चलते देश में महंगाई बढ़ी है। किसान, नौजवान परेशान है, व्यापार धंधा चौपट हो गया है, देश में सब कुछ बेचा जा रहा है। इतना दुःख और तकलीफ लोगों को किसी सरकार में नहीं मिली। अब पूरे प्रदेश में बदलाव का माहौल दिख रहा है। व्यापारी का कारोबार में व्यापक जनसम्पर्क होता है, उसने मन बना लिया और ठान लिया तो भाजपा सरकार का अता पता नहीं चलेगा। अखिलेश यादव रविवार को गोमतीनगर स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में समाजवादी व्यापार सभा उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित व्यापारी महाकुम्भ को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी द्वारा स्थापित



समाजवादी विचारधारा एवं पार्टी के संविधान के प्रति निष्ठा रखते हुए सन् 2022 के विधानसभा चुनावों में अखिलेश यादव को पुनः उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प भी व्यापारी समाज ने लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय गर्ग तथा संचालन अभिमन्यु गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, रविदास मेहरोत्रा तथा पवन मनोचा शामिल रहे। अखिलेश यादव को व्यापारी समाज ने महाराजा अग्रसेन की व्यवस्था के अंतर्गत एक ईंट, एक सिक्का भी भेंट किया।

अखिलेश यादव ने व्यापारियों के शानदार आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि भाजपा की कुनीतियों की चलते व्यापारियों की जेब खाली हो गई है। भाजपा राज में किसान आंदोलित है, कमाई आधी हो गई है, महंगाई दूनी हो गई है, ऐसे में परिवार कैसे खुशहाल रह सकता है। भाजपा ने नोटबंदी की, कालाधन नहीं आया किन्तु भ्रष्टाचार डबल हो गया है। लॉकडाउन के दौरान कारखाने बंद हो गए हैं। श्री यादव ने कहा भाजपा व्यापारियों की पार्टी नहीं है, वह होती तो व्यापार खत्म नहीं करते। लॉकडाउन में तमाम उद्योग धंधे बंद हो गए। दुनिया भर में व्यापारियों की मदद हुई, इस देश में भाजपा सरकार ने कोई मदद की। व्यापार चौपट होने से व्यापारियों ने आत्महत्याएं कर ली। जिनका कारोबार बंद हो गया, दुबारा नहीं शुरू हो पाया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने ऐसे फैसले लिए हैं जिनसे देश का कारोबार खत्म हो गया है। बड़े बड़े व्यापारियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। डीजल, पेट्रोल के दाम बढ़े हैं, कपड़े, जूते पर जीएसटी लग गया है। ट्रांसपोर्ट का कारोबार पूरी तरह से ठप्प हो गया है। श्री यादव ने कहा कि देश को विश्वगुरु बनाने की बात करते हैं, लेकिन आज गुरु-शिष्य पिट रहे है। यूपी में व्यापारियों की हत्या हो रही है। प्रधानमंत्री के क्षेत्र में पुलिस के सामने सोनार की दुकान लूट ली गई। प्रतापगढ़ में व्यापारी की हत्या कर दी गई। पुलिस को हाईटेक बनाया था 100 नं यूपी डायल का भाजपा सरकार ने कबाड़ा कर दिया। समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष संजय गर्ग ने कहा भाजपा की कुनीतियों से परेशान जनता वर्ष 2020 में 11716 व्यापारियों और 6600 किसानों ने आत्महत्या कर ली है। व्यापारियों की दुकानें अयोध्या में गिरा दी गई। भाजपा संवेदनहीन है। आज के व्यापार महाकुम्भ में प्रदीप जायसवाल, अजय सूद, केशव बाबू शिवहरे, अंशुल गुप्ता, यासर सिद्दीकी, सोनू कनौजिया, अजीत अग्रवाल, संजय विस्वारी, अपर्णा जैन, शुभम गुप्ता, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, रामकिशोर अग्रवाल आदि भी प्रमुखता से उपस्थित रहे।

**Fullerton Grihashakti** — Irada hai toh Raasta hai

**फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**
कार्पोरेट कार्यालय : तल 5 एवं 6, बी-विंग, सुप्रीम आईटी पार्क, सुप्रीम सिटी, पोवाई, मुंबई-400076
पंजी. कार्यालय : मेघ टावर्स, तल 3, पुराना नंबर 307, नया नंबर 165, पूनामल्ली हाई रोड, मदुरावोयल, चेन्नई-600095

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ("नियमावली") के प्रावधानों के तहत

अधोहस्ताक्षरी ने फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड (एफआईएचएफसी) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधिनियम के तहत और अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना(एं) जारी की थी/थीं, जिसमें/जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) से संबंधित सूचना(ओं) में वर्णित राशि उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी। अधोहस्ताक्षरी का तर्कसंगत विश्वास है कि कर्जदार मांग सूचना(ओं) की तामील से बच रहा/रहे हैं, अतएव सूचना की तामील नियमों के अनुसार चस्पा करने और प्रकाशन द्वारा अमल में लाई जा रही है। मांग सूचना(ओं) की विषय-वस्तु का सार नीचे दिया गया है :-

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदारों सम्पत्ति धारकों का नाम, जैसा भी मामला है | धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि और कुल बकाया राशि |
|---|---|---|
| 1. | ऋण खाता सं. : 610507510529735<br>1. अमित मिश्रा पुत्र हनुमान प्रसाद मिश्रा (2) सीता देवी पत्नी हनुमान प्रसाद मिश्रा<br>पता 1 : आर/एच. नंबर 25, संजय गांधी नगर, नौबस्ता, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208021. | तिथि : 23-11-2021 एवं रू. 36,21,404.77 (रू. छत्तीस लाख इक्कीस हजार चार सौ चार तथा पैसे सतहत्तर मात्र) एनपीए तिथि : 31-10-2021 |
| | प्रतिभूत आस्ति/बंधक सम्पत्ति का विवरण :- प्राइवेट प्लॉट नंबर 25, अराजी नंबर 67 का भाग, नौबस्ता, कानपुर नगर, परिमाप : 200 वर्ग गज, चौहद्दी निम्नानुसार :- उत्तर : प्लॉट नंबर 27, दक्षिण : 20 फीट रोड, पूरब : रामनाथ दीक्षित का मकान, पश्चिम : 20 फीट रोड, | |
| 2. | ऋण खाता सं. : 610307210520121<br>1. राजू यादव, पुत्र कैलाश चंद, 2. रीना यादव पत्नी राजू यादव<br>पता 1 : आर/मकान नंबर 864, कालिंदी विहार, 100 फुटा रोड, निकट खुशी हॉस्पिटल, आगरा, उत्तर प्रदेश-282006 | तिथि : 23-11-2021 एवं रू. 20,31,808.26 (रू. बीस लाख इकतीस हजार आठ सौ आठ तथा पैसे छब्बीस मात्र) एनपीए तिथि : 31-10-2021 |
| | प्रतिभूत आस्ति/बंधक सम्पत्ति का विवरण :- प्लॉट नंबर 3 परिमाप 100 वर्ग गज अथवा 83.61 वर्ग मीटर, आकार 20.45 गुणा 44 फीट, खसरा नंबर 1949 च का भाग, नगला रामबल, मौजा नाराइच, तहसील ऐतमादपुर, जिला आगरा, चौहद्दी निम्नानुसार :- पूरब : 20 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिम : अन्य की भूमि, उत्तर : प्लॉट नंबर 2, दक्षिण : प्लॉट नंबर 4 | |

कर्जदार(रों) को एतद्‌द्वारा मांग सूचना(ओं) का अनुपालन करने और उसमें तथा यहां ऊपर वर्णित मांग राशि इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर, भुगतान की तिथि तक लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस प्रभार, लागत और खर्चों सहित चुकाने की सलाह दी जाती है। कर्जदार नोट करें कि एफआईएचएफसी एक प्रतिभूत लेनदार है तथा कर्जदार(रों) द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा कर्जदार(रों) द्वारा बंधक रखी गई प्रतिभूत आस्ति(यों) के रूप में अचल सम्पत्ति/सम्पत्तियों के ऐवज में प्रतिभूत ऋण है। यदि कर्जदार पूरी बकाया राशि निर्धारित समयसीमा के भीतर चुकाने में असफल रहते हैं, तो एफआईएचएफसी अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सभी अधिकारों का प्रयोग करने की हकदार होगी, जिसमें प्रतिभूत आस्ति(यों) का कब्जा लेना, परंतु उसी तक सीमित नहीं, अपितु भुगतान वसूली के लिए उसको बिक्री द्वारा हस्तांतरित करना अथवा अधिनियम और तदधीन विरचित नियमों के तहत उपलब्ध अन्य उपाय करना शामिल है। एफआईएचएफसी को बिक्री अथवा हस्तांतरण के अधिकार प्रयोग से पहले प्रतिभूत आस्ति(यों) को कुर्क तथा/अथवा सील करने का भी अधिकार है। प्रतिभूत आस्ति(यों) की बिक्री करने के बाद, एफआईएचएफसी को बकाया राशि की वसूली के लिए अलग कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है, यदि बंधक सम्पत्तियों के मूल्य से एफआईएचएफसी की पूरी बकाया राशि वसूल नहीं हो पाती है। यह उपाय, एफआईएचएफसी को किसी अन्य कानून के तहत उपलब्ध अन्य सभी उपायों के अतिरिक्त है। कर्जदार(रों) का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 (8) के प्रावधान की ओर तथा अधिनियम की धारा 13 (13) आकृष्ट किया जाता है, जिसके द्वारा कर्जदार एफआईएचएफसी की पूर्व लिखित सहमति के बिना किसी भी प्रतिभूत आस्ति(यों) का हस्तांतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से (व्यवसाय की आम विधि को छोड़कर) करने अथवा निपटान अथवा संव्यवहार करने हेतु प्रतिबंध/पाबंदी लगी है और उपरोक्त का पालन नहीं करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है। मांग सूचना की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है तथा कर्जदार, यदि वे ऐसा चाहते हैं, अधोहस्ताक्षरी से किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय के सामान्य कार्यसमय के दौरान प्राप्त कर सकते हैं।

स्थान : कानपुर/आगरा, उत्तर प्रदेश हस्ता./-
तिथि : 04-12-2021 प्राधिकृत अधिकारी, फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित।
स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# सीएम ने पांच हजार स्वास्थ्य उपकेन्द्रों का लोकार्पण कर रचा इतिहास

- यह स्वास्थ्य उपकेन्द्र, स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों और पिछड़े जनपदों में जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम होंगेः योगी
- मातृ स्वास्थ्य एवं टीकाकरण सेवाओं में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वालीं एएनएम को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि आजादी के बाद 74 वर्षों तक प्रदेश में 20,000 स्वास्थ्य उपकेन्द्र थे, जबकि मौजूदा सरकार ने आज एक दिन में एक साथ 5,000 स्वास्थ्य उपकेन्द्रों का शुभारम्भ कर नया इतिहास रचा है। यह स्वास्थ्य उपकेन्द्र, स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों और पिछड़े जनपदों में जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम होंगे।

सीएम योगी रविवार को अपने सरकारी आवास पर 5000 नये स्वास्थ्य उपकेन्द्रों, 15 बीएसएल.2 प्रयोगशालाओं तथा माँ नवजात ट्रैकिंग ऐप का लोकार्पण करने के बाद सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने मातृ स्वास्थ्य एवं टीकाकरण सेवाओं में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वालीं एएनएम को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के जीवन और स्वास्थ्य की सुरक्षा के प्रति राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। विगत साढ़े चार वर्षों के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उसमें सुधार के अभूतपूर्व और उल्लेखनीय प्रयास किए गए हैं जिनके बेहतर परिणाम अब दिखायी देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना कालखण्ड में देश और प्रदेश में कोविड को नियंत्रित करने में उल्लेखनीय सफलता मिली है। किन्तु कोरोना अभी समाप्त नहीं हुआ है। इसका नया वैरियण्ट विश्व के कई देशों में लोगों को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कोविड नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनन्दन करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम के प्रयासों की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 16 करोड़ से अधिक कोविड वैक्सीन की डोज लोगों को उपलब्ध करायी जा चुकी है। वैक्सीनेशन का कार्य अभियान चलाकर तेजी से किया जा रहा है। वैक्सीन ही सुरक्षा कवच है। केवल वैक्सीनेशन ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश कोविड के सर्वाधिक टेस्ट करने वाला राज्य भी बन चुका है। यहां पर कोविड के सर्वाधिक बेड्स उपलब्ध हैं। उत्तर प्रदेश जैसे बड़ी आबादी वाले राज्य में बेहतर कोविड प्रबन्धन से कोरोना महामारी को नियंत्रित करने में सफलता मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्सेफेलाइटिस सहित वेक्टर जनित रोगों के नियंत्रण में राज्य सरकार ने सफलता प्राप्त की है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों का निर्माण व्यापक पैमाने पर किया गया है। यह मिशन अब एक जन आन्दोलन का रूप ले चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड के प्रथम चरण के दौरान राज्य में कोविड जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं थी किन्तु आज 15 जनपदों में बीएसएल लैब के लोकार्पण के बाद प्रदेश के सभी 75 जनपदों में आरटीपीसीआर जांच सुविधा सम्पन्न लैब क्रियाशील हो जाएंगी जोकि वायरस से होने वाली बीमारियों की जांच सुविधा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। प्रदेश में प्रतिदिन 4 लाख जांच की क्षमता विकसित की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी चिकित्सा इकाइयों में प्रसव उपरान्त सूचना का संकलन किए जाने के आशय से माँ नवजात ट्रैकिंग ऐप (मंत्र)प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में संचार क्रान्ति का महत्वपूर्ण प्रयोग साबित होगा। यह पेपरलेस सुविधा और पारदर्शी व्यवस्था की दिशा में अत्यन्त प्रभावी कदम है। ऐप के माध्यम से राजकीय चिकित्सा स्वास्थ्य इकाइयों पर होने वाले प्रसव से सम्बन्धित सूचनाओं का संकलनए मूल्यांकन और अनुश्रवण हो सकेगा। इससे मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जयप्रताप सिंह ने कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में विगत साढ़े वर्षों के दौरान महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रत्येक क्षेत्र में नई पहल हुई है। यह सुविधाएं सुदूरवर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उपलब्ध हो रही हैं। इनके माध्यम से एक स्वस्थ समाज व प्रदेश का निर्माण हो रहा है। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री अतुल गर्ग, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी सहित अन्य अधिकारी, यूनीसेफ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## शासन से मिली पीजीआई को एयर एम्बुलेंस सेवा की हरी झंडी

**लखनऊ।** पीजीआई की बहुप्रतीक्षित योजना में शामिल एयर एंबुलेंस सेवा को शासन ने हरी झंडी दे दी है। शासन से क्लियरेंस मिलने के बाद पीजीआई प्रशासन ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। पीजीआई निदेशक डॉ राधाकृष्ण धीमन के मुताबिक एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू करने का मकसद ट्रांसप्लांट को गति देना है। ताकि लिवर, गुर्दा, बोन मैरो, हार्ट वाल्व, त्वचा व कार्निया के जरूरतमंद लोगों को अंग प्रत्यारोपित कर नया जीवन दिया जा सके। ब्रेन डेड और जीवित लोगों के अंगों को एक निश्चित समय में प्रत्यारोपित किया जाना होता है। इसके लिए हेलीपैड जरूरी है। डॉ धीमन ने बताया कि पीजीआई को राज्य अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन(सोटो) की जिम्मेदारी दी गई है। इसका प्रभारी डॉ हर्षवर्धन को बनाया गया है। गाइड लाइन तैयार की गई हैं। शासन जल्द ही इसे प्रदेश भर में लागू करेगा। पीजीआई के अधीन प्रदेश भर के मेडिकल कॉलेज और निजी अस्पताल आएंगे।

## घर में घुसकर महिला पर धारदार हथियार से हमला

- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश में की टीम गठित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सआदतगंज इलाके** में स्तिथ अमब्रगंज चौकी के करीब यासीन गुलाब की बगिया में रहने वाली एक अधेड़ महिला कि घर में घुसे अज्ञात हमलावरों ने बीती रात उसके गले पर धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है ।

इस्पेक्टर सहादतगंज बृजेश कुमार यादव ने बताया कि अंबरगंज के यसीनगंज गुलाब की बगिया मोहल्ले में रहने वाली 50 वर्षीय महिला शरीफ जहां के घर में घुस के रात करीब 2.30 बजे किसी व्यक्ति के द्वारा उनके गले पर चाकू से हमला किया गया है उन्होंने बताया कि घायल महिला की एक बेटी है और व गुलाब की बगिया मोहल्ले में रहती उहोने बताया कि महिला शरीफ जहां पर हमला क्यों किया गया इसकी जांच की जा रही है उनका कहना है कि शरीफ जहां के पति नहीं है और वह अपनी बेटी फलक के साथ ही रहती हैं उन्होंने बताया कि महिला शरीफ जहां की हालत खतरे से बाहर है आरोपी की तलाश सरगर्मी से की जा रही है । स्थानीय लोगो को कहना है कि रात करीब ढाई बजे शरीफ जहां के घर से उनकी बेटी फलक की चीख की आवाज़ सुन कर जब लोग आए तो शरीफ जहां के गले से खून निकल रहा था । जानलेवा हमले में घायल शरीफ जहां अपने घर मे ही परचून की दुकान चलाती है। हालांकि पुलिस हमले की वजह साफ साफ तो नहीं बता रही है लेकिन माना यही जा रहा है कि हमला आपसपास के रहने वाले ने ही किया है।

## कॉफी विद द वाइस चांसलरः लेट्स वॉक द टॉक के तहत छात्रों से होगी चर्चा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की विवि से अपेक्षाएं और करियर सहित योगदान के बारे में जानकारी के लिए कॉफी विद द वाइस चांसलरः लेट्स वॉक द टॉक जैसे कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। यह कार्यक्रम कुलपति की पहल पर सप्ताह में दो बार आयोजित किया जाएगा। जिसमे कुलपति की तरफ से 2 से 4 छात्र प्रतिनिधियों से मिलेंगे। पूरी कार्यवाही डीएसडब्ल्यू कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित की जाएगी। विवि के प्रवक्ता प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक यह कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की एक नई और तत्पर पहल है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर द्वारा प्रस्तावित, छात्रों के साथ चर्चा की इंटरैक्टिव श्रृंखला देखभाल, साझा करने और आउटरीच अवधारणा के बारे में है। यह श्रृंखला पूरी तरह से कुलपति के नई छात्र पीढ़ी को समझने के निरंतर प्रयासों के अनुरूप है और इस तरह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से संबंधित नीतिगत निर्णय लेने में छात्रों के धरनाओं और विचारों को एकीकृत करती है। उन्होंने बताया कि प्रो आलोक कुमार राय विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और संस्थानों के साथ सप्ताह में दो बार 4 से 6 छात्र प्रतिनिधिधियों से मिलेंगे। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो पूनम टंडनए डीन स्टूडेंट वेलफेयर ने बताया कि यह इंटरेक्टिव टॉक सत्र छात्रों को कुलपति के साथ एक कप कॉफी पर उनकी अपेक्षाओं, आकांक्षाओं और योगदान के बारे में शीर्ष प्रशासन के साथ स्वतंत्र रूप से चर्चा करने के लिए अवसर प्रदान करेगा।

## सी एण्ड डीएस व जलनिगम के तत्कालीन आला अधिकारियों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

- पैकफेड की धनराशि में करोड़ों की मनी लांड्रिग का मामला

विधि संवाददाता। लखनऊ

**जिला जज** राम मनोहर नारायण मिश्र ने मनी लांड्रिग के एक मामले में उप्र जलनिगम में सी एण्ड डीएस के तत्कालीन डायरेक्टर पीके भुकेश व जनरल मैनेजर पीके जैन की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने जलनिगम के तत्कालीन प्रोजेक्ट मैनेजर बीएन श्रीवास्तव तथा रेजीडेंट इंजीनियर कतार सिंह व बीएन राम यादव की अर्जी भी खारिज करते हुए प्रथम दृष्टया मुल्जिमों के अपराध को गंभीर करार दिया है।

ईडी के विशेष वकील कुलदीप श्रीवास्तव के मुताबिक मनी लांड्रिंग का यह मामला प्रदेश की 134 सरकारी अस्पतालों के अपग्रेडेशन के लिए पैकफेड से जारी धनराशि में करोड़ों के घोटाले से जुड़ा है। वर्ष 2010-11 के इस मामले में पैकफेड को प्रत्येक सरकारी अस्पताल के अपग्रेडेशन के लिए एनआरएचएम फंड से एक एक करोड़ की धनराशि आवंटित की गई थी। लेकिन अस्पतालों के अपग्रेडेशन में सिर्फ 32 प्रतिशत रकम खर्च किए गए। जबकि 68 प्रतिशत रकम का घोटाला किया गया। इसके चलते सरकार को करोड़ों रुपए की आर्थिक क्षति हुई। दो जनवरी 2012 को हाईकोर्ट के आदेश से सीबीआई ने एनआरएचएम घोटाले के मामले में एफआईआर दर्ज कर अपनी जांच शुरु की थी। 14 अप्रैल 2012 को इसी आधार पर ईडी ने भी मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत सूचना दर्ज कर इस मामले की जांच शुरु की। विवेचना के दौरान ईडी ने इस मामले में परिवार कल्याण विभाग के तत्कालीन कैबिनेट मंत्री बाबु सिंह कुशवाहा समेत 22 अभियुक्तों के खिलाफअपना पहला आरोप पत्र दाखिल किया। इसके बाद जलनिगम के इन आला अधिकारियों के खिलाफ भी मनी लांड्रिंग एक्ट की धारा 3/4 में दाखिल किया था। ईडी की विवेचना अभी प्रचलित है। ईडी इस मामले में मुल्जिमों की करीब 90 करोड़ की सम्पति जब्त कर चुकी है।

## लूट करने वाले गिरोह के दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

- पुलिस ने कब्जे से मोबाइल फोन व चोरी का सामान बरामद किया

**लखनऊ।** लूट और चोरी करने के मामले में काफी दिनों से लिप्त चिनहट के कमता स्थित सुरेंद्र नगर निवासी अभिजीत प्रताप मिश्रा व जनपद सिद्धार्थनगर व हाल पता सुरेंद्र नगर कमता चिनहट निवासी अरविंद यादव को इंस्पेक्टर गोमतीनगर केशव कुमार तिवारी की अगुवाई में पुलिस टीम ने रविवार को मिठाई वाला चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास से लूट के मोबाइल के अलावा चोरी के सामान बरामद किए हैं। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इंस्पेक्टर गोमतीनगर केशव कुमार तिवारी की टीम ने रविवार को अभिजीत प्रताप मिश्रा व अरविंद यादव



को गिरफ्तार कर लूट के मोबाइल व चोरी के सामान बरामद किया है। एडीसीपी पूर्वी कासिम आब्दी के मुताबिक पकड़े गए दोनों आरोपी शातिर किस्म के लुटेरे और चोर हैं। उन्होंने बताया कि पकड़े गए दोनों ने पूछताछ में अपना जुर्म इक़बाल करते हुए बताया कि एक रिया सिंह नाम की महिला से मोबाइल छीन कर भाग निकले थे जबकि अंकित कुमार यादव नाम के शख्स का भी मोबाइल जेब से निकालकर भाग निकले थे। पुलिस के मुताबिक इससे पहले पकड़े गए दोनों आरोपियों ने कई घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है, जिसके बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 5046 मरीजों को मिला लाभ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जनपद के** सभी शहरी एवं ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में कुल 5046 मरीज पंजीकृत हुएए जिसमें पुरुष मरीज 1992ए महिला मरीज 2338 व 716 बच्चे थे। इस अवसर पर 105 आयुष्मान कार्ड बने। आरोग्य मेले का आयोजन कोविड से बचाव के सभी प्रोटोकॉल के साथ किया जा रहा है साथ ही 169 लोगों का एंटीजन टेस्ट किया गया जिसमें सभी की रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई। इस मेले के माध्यम से गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन परामर्श और जरूरी सेवाएं, परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों के बारे में जानकारी देने के साथ ही उनके फायदे भी बताये जा रहे हैं। ओपीडी सेवाओं के साथ ही टीबी, मलेरिया, डेंगू, दिमागी बुखार, कालाजार, फाइलेरिया एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और संदर्भन की सुविधाएँ दी जा रही हैं। साथ ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री आरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही गोल्डन कार्ड का वितरण किया जा रहा है। आज जनपद में कोविड.19 को दृष्टिगत रखते हुए फोकस्ड सैम्पलिंग के अन्तर्गत जनपद के समस्त केमिस्ट, नर्सिंगहोम चिकित्सालयों में लगभग 1829 नर्सिंग स्टाफ, हाउसकीपिंग, मेस, कैनटीन, चतुर्थ श्रेणी स्टाफ की सैम्पलिंग करायी गयी।

## भाषा यूनिवर्सिटी का दीक्षान्त समारोह 27 दिसंबर को

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ख्वाजा** मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा यूनिवर्सिटी का छठवां दीक्षान्त समारोह 27 दिसम्बर को होगा। समारोह को लेकर विवि प्रशासन ने टॉपर स्टूडेंट्स की सूची जारी कर दी है।

इस बार विवि की तरफ से चान्सलर मेडल बीएड कोर्स के छात्र विवेक कुमार सिंह को दिया जाएगा। वहीं यूनिवर्सिटी का दूसरा प्रतिष्ठित मेडल वाइस चांसलर गोल्ड मेडल भी बीएड की छात्रा शिवानी कुमार को दिया जाएगा। जबकि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती गोल्ड मेडल जो कि भाषाओं में सर्वोच्च स्कोर करने वाले छात्र को दिया जाता है। वह बीए ऑनर्स के छात्र सैयद मोइनुद्दीन को दिया जाएगा।

## लापरवाहीः आठ माह में तीसरी बार सूख गया ग्राम्य विकास मंत्री का लगाया पौधा





नवनीत तिवारी। मोहनलालगंज

**पौधरोपण को** लेकर बेपरवाह अधिकारी ग्राम्य विकास मंत्री के हाथों रोपे गए पौधे को भी सूखने से नहीं बचा सके हैं। मोहनलालगंज ब्लाक अधिकारियों की चौखट पर मंत्री से लगवाए गए पौधे को 8 माह में दो बार बदला जा चुका है। लेकिन गार्डेन की देखरेख में बरती जा रही लापरवाही से तीसरी बार भी पौधा सूख चुका है। फिर भी जिम्मेदारों को हजारों खर्च कर तैयार कराए गए गार्डेन का पुरसाहाल लेने की फुरसत नहीं है।

मोहनलालगंज ब्लाक परिसर में तैयार कराए गए गार्डेन में 16 मार्च को ग्राम्य विकास मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह ने पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया था। लेकिन लाखों खर्च कर पंचायतों में कराए गए पौधरोपण की कौन कहे अधिकारी ब्लाक परिसर में मंत्री के हाथों रोपे गए पौधे की हरियाली ही बरकरार नहीं रख सके हैं। देखरेख में बरती जा रही लापरवाही से मंत्री से लगवाया गया पौधा मार्च से अब तक दो बार सूखने पर बदलकर नया पौधा लगवाया जा चुका है। लेकिन तीसरी बार भी सूख चुका पौधा पर्दे के पीछे की स्याह तस्वीर की हकीकत का खुलासा कर रहा है। जबकि गार्डेन में उग रहे खर पतवार और दिनभर खुले पड़े रहने वाले दोनों गेट मवेशियों को बचीखुची हरियाली की दावत उड़ाने का न्योता दे रहे हैं।

## तीन चोर गिरफ्तार, चार मोबाइल बरामद

**लखनऊ।** राजधानी की हसनगंज पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए हुए चार मोबाइल फोन बरामद किये हैं। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर हसनगंज अशोक कुमार सोनकर ने बताया कि पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम आदित्य कुमार, बहराइच निवासी महताब व हसनगंज निवासी अनीस बताया है पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के चार मोबाइल बरामद किये हैं पुलिस का कहना है कि यह शातिर किस्म के चोर हैं।

**न्यायालय अपर ज़िला मजिस्ट्रेट(टी०जी०/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या-255/रीडर-टी०जी०/2021 दिनांक 26 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1- श्री मनु गुप्ता पुत्र श्री नरेश कुमार गुप्ता।
2-श्रीमती मोहिनी गुप्ता पत्नी मनु गुप्ता नि0 ई.डी.-79, सेक्टर -क्यू नियर मंगल पाण्डेय पार्क अलीगंज, लखनऊ व मकान नं0 ईएस-1 सेक्टर-ए, जानकीपुरम सीतापुर रोड योजना लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि एलआईसी हा0 फा0 लि0, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है। अतः आप दिनांक 10.12.2021 को समय 12.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम - 2002 की धारा-14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदुनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी०जी०/
अपर कलेक्टर,लखनऊ

## इमामबाड़े में घुसे आतंकियों को एटीएस ने मार गिराया

- एनडीआरएफ व उत्तर प्रदेश राज्य की आपदा प्रबंधन टीमों के साथ किया गया मेगा मॉक अभ्यास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**शहर की** एतिहासिक इमारत बड़े इमामबाड़े में एनडीआरएफ द्वारा राष्ट्रीय स्तर की राहत एजेंसियों के बीच मेगा मॉक का ऑयोजन किया गया। एनडीआरएफ के कमांडेंट के आदेश पर लखनऊ टीम द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और सभी एजेंसियां एक मल्टी मेगा मॉक अभ्यास किया गया। मॉक में कुछ फिदायीन आतंकी हथियारों के साथ घुसे और वहां बम ब्लास्ट किया, जिसे कांउटर करने के लिए एटीएस की टीम ने तेज कार्रवाई करते हुऐ उन्हें मार गिराया। मॉक का मुख्य उद्देश्य आपदा के दौरान घायलों के जीवन का रक्षणकरना है। इसके साथ आने वाली कमियों को दूर करना है।

रविवार को आपदा जोख़िम न्युनीकरण की मुहिम राजधानी में ऐतिहासिक इमारतों एवं राष्ट्र की धरोहरों में शामिल बड़े इमामबाड़े में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर की राहत बचाव एजेंसियों के बीच एक मेगा मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। एनडीआरएफ के कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन में एनडीआरएफ लखनऊ की टीम ने ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और सभी एजेंसियो के साथ मिलकर एक मल्टी सिनेरियो मेगा मॉक अभ्यास किया, जिसका मुख्य उद्देश्य आपदा के दौरान घायल, चोटिल व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना, सभी रेस्पोंस एजेंसियों का रेस्पोंस चेक करना है। साथ ही सभी हितधारकों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। इस मेगा मॉक अभ्यास द्वारा खोज, राहत व बचाव कार्य के संचालन में आने वाली कमियों की समीक्षा कर उन्हें दूर करना भी है। मेगा मॉक अभ्यास के प्रथम चरण में एनडीआरएफ अधिकारियों और सभी एजेंसियों के अधिकारियों के बीच टेबल टॉप अभ्यास से इस मेगा मॉक अभ्यास की संपूर्ण रूप रेखा तैयार की गयी। बड़े इमामबाड़े में कुछ फिदायीन आतंकी हथियारों के साथ घुसे और वहां बम ब्लास्ट किया, जिसे कांउटर करने के लिए एटीएस की टीम ने तेज कार्रवाई करते हुऐ उन्हें मार गिराया। जोरदार धमाके के कारण बड़े इमामबाड़े की एक इमारत ढह गई और कुछ लोग मलवे में दब गए और कुछ लोग हाइड्रोजन सल्फाइड रसायनिक हमले के प्रभाव से अचेत अवस्था में गिर गए। घटना की जानकारी एनडीआरएफ लखनऊ की टीम को दी गई, टीम त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल पर पहुंची और मलबे में फंसे लोगों को विभिन्न बचाव तकनीकों और इक्विपमेंट्स के माध्यम से मेडिकल बेस तक पहुंचाया और केमिकल ब्लास्ट के कारण अचेत पड़े घायलों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसके अतरिक्त कुछ घायल व्यक्ति ऊंचे गेट पर फंसे थे, जिन्हे एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों ने रोप रेस्क्यु की तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए सुरक्षित नीचे उतारा और अग्रिम उपचार के लिए एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल ले जाया गया। इस मेगा मॉक अभ्यास में एनडीआरएफ टीम का नेतृत्व नीरज कुमार (उप कमांडेंट) द्वारा किया गया। नीरज कुमार ने बताया कि आपसी समन्वय से सकारात्मक पहल व सशक्त रिस्पोंस सिस्टम को विकसित करने से सभी तरह की आपदाओ में होने वाली दुर्घटनाओं व जान-माल की हानि से आसानी से निपटा जा सकता है और समय -समय पर इस तरह के मेगा मॉक अभ्यास द्वारा महत्वपूर्ण जीवन की रक्षा की जा सकेगी। इस मेगा मॉक अभ्यास के दौरान राहत आयुक्त उत्तर प्रदेश रणवीर प्रसाद, जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश, अपर जिलाधिकारी विवेक कुमार मिश्रा, कमांडेंट सतीश कुमार, एनडीआरएफ के रेस्कुअर अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## डीएम की सख्ती से हड़कंप, पुलिस ने पकड़े तीन डम्पर और पोकलैण्ड

संवाददाता। मोहनलालगंज

**खनन माफिया** पर कार्रवाई को लेकर डीएम अभिषेक प्रकाश की सख्ती रंग लाई है। डीएम की फटकार के बाद हरकत में आई मोहनलालगंज पुलिस ने शनिवार की रात ही खनन में लगे तीन डम्पर और पोकलैण्ड मशीन पकड़ ली। जिन्हें सीज कर जांच के लिए खनन विभाग को रिपोर्ट भेजी गई है। उधर पुलिस की कार्रवाई से खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

मोहनलालगंज में शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस के दौरान डीएम अभिषेक प्रकाश ने खनन अधिकारी के हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस अफसरों की जमकर क्लास लगाई थी। पुलिस की सुस्ती से खफा डीएम ने अवैध खनन पर सख्ती से प्रतिबंध नहीं लगाने पर बड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। जिसे लेकर अधिकारियों के हांथ पांव फूल गए। शनिवार की आधी रात के बाद पुलिस टीम ने कोड़रा रायपुर गांव में छापा डालकर मिट्टी खनन कर रही पोकलैण्ड मशीन और मिट्टी लदे तीन डम्पर पकड़ लिए। डम्परों के कागजात और खनन की परमीशन नहीं दिखा पाने पर पुलिस ने उन्हें सीज कर दिया। एसीपी दिलीप कुमार सिंह ने बताया पकड़े गए डम्परों के ड्राइवरों ने पूछताछ में खनन करा रहे लोगों का नाम भी बताया है। खनन विभाग की जांच पूरी होने के बाद उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एसीपी ने बताया अवैध खनन के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

**न्यायालय अपर ज़िला मजिस्ट्रेट(टी०जी०/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या-254/रीडर-टी०जी०/2021 दिनांक 26 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1- श्री अनुराग प्रताप मिश्रा पुत्र हनुमान दत्त मिश्रा।
2-श्रीमती उमा मिश्रा पत्नी श्री अनुराग प्रताप मिश्रा नि० ए-46, ड्रीम गार्डेन सिटी, निजामपुर मल्लौर चिनहट, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि एलआईसी हा0 फा0 लि0, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है। अतः आप दिनांक 10.12.2021 को समय 12.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम - 2002 की धारा-14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदुनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी०जी०/
अपर कलेक्टर,लखनऊ

**न्यायालय अपर ज़िला मजिस्ट्रेट(टी०जी०/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या-257/रीडर-टी०जी०/2021 दिनांक 26 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1- मो0 ममून पुत्र स्व० उजेर हुसैन निवासी मकान नं0 22/2, खसरा सं0 134 मि0 का भाग, ग्राम बहादुरपुर, फूलबाग कालोनी, वार्ड शंकरपुरवा, कुर्सी रोड, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि एलआईसी हा0 फा0 लि0, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है। अतः आप दिनांक 10.12.2021 को समय 12.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम - 2002 की धारा-14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदुनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी०जी०/
अपर कलेक्टर,लखनऊ

# व्यापार के लिए सुरक्षा और बेहतर कानून व्यवस्था बहुत जरूरीः योगी

## व्यापारी सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार में माफियाओं ने व्यापारियों को प्रदेश से पलायन के लिए मजबूर किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**व्यापार** के लिए सुरक्षा और बेहतर कानून व्यवस्था बहुत जरूरी है। लेकिन सपा सरकार में 500 दंगे हुए। माफियाओं ने व्यापारियों के प्रतिष्ठान जलाए उन्हे प्रदेश से पलायन करने पर मजबूर किया। न्याय की गुहार लगाने पर व्यापारियों पर ही झूठे मुकदमें लगा दिए गए। यह चेहरा पिछली सरकारों का रहा है। व्यापारी सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लचर कानून व्यवस्था पर सपा, कांग्रेस और बसपा को आड़े हाथों लेते हुए यह बातें कहीं।

लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यापारी सम्मेलन में कहा कि पिछली सरकारों ने व्यापारियों को कारोबार करने के लिए सुरक्षित माहौल नहीं दिया। जब कोई पर्व आता था तो दंगे होते थे जिससे

### ● व्यापारी सुरक्षित होगा तो प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगीः सीएम

कर्फ्यू लग जाता था। पिछली सपा सरकार में 500 दंगे हुए। व्यापारियों के प्रतिष्ठान भी जलाए और लूटे गए। लखनऊ के व्यापारी श्रवण साहू के पुत्र की हत्या कर दी गई और फिर उसके गुहार लगाने पर क्या हुआ यह आप सब जानते हैं।

उन्होंने कहा कि 2017 में हमारी सरकार ने अपराध और अपराधियों के खिलाफजीरो टालरेंस की नीति पर काम शुरू किया तो सबसे ज्यादा परेशानी समाजवादी पार्टी को हुई। सपा को यह परेशानी इसलिए हो रही है क्योंकि सभी दुर्दांत माफियाओं की सरपरस्त यही है। उन्होंने सपा सरकार



में अपराधी किस कदर बेखौफ थे उसकी एक मिसाल लखनऊ में ही मिलती है। प्रतिष्ठित कारोबारी श्रवण साहू के पुत्र की हत्या जिस दुर्दांत अपराधी ने की उसने डीजीपी आवास के पास ही कब्जाई जमीन पर हवेली बना डाली। हमारी सरकार ने शत्रु सम्पत्ति पर बनाई गई इस अपराधी की हवेली पर बुलडोजर चलवा दिया। इन कार्रवाइयों से सबसे ज्यादा परेशानी सपा को होती है। वह हमें बुलडोजर वाली सरकार बताते हैं क्योंकि सबसे ज्यादा माफिया उन्हीं के साथ हैं। लेकिन कोई कुछ भी कहे अगर व्यापारियों की सम्पत्तियों, गरीबों और सरकारी सम्पत्तियों पर अगर माफिया कब्जा करेंगे तो बुलडोजर चलना तय है।

उन्होंने कहा कि कैराना के 70 फीसदी व्यापारियों को पलायन करने पर मजबूर किया गया। हमने जब अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति पर काम शुरू किया तो वहां के व्यापारी वापस आ चुके हैं। वहां अब प्रतिष्ठान बन रहे हैं पेट्रोल पंप लग रहे हैं। अब अगर कोई अपराधी गड़बड़ करेगा तो पुलिस की गोली उसका जवाब दे देती है।

उन्होंने कहा कि हमारा व्यापारी खुश होगा तो प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। 2017 से पहले ईज आफ डुइंग बिजनेस में प्रदेश 14 वें स्थान पर था। प्रदेश में कोई निवेश करने वाला नहीं था क्योंकि पहले पूंजी भी फंसती थी और जान के लाले भी पड़ते थे। हमारे प्रयास से अब प्रदेश ईज डुइंग आफबिजनेस में दूसरे स्थान पर है। अब व्यापारी निवेश करने आ रहे हैं। बीमा योजना में व्यापारियों को दस लाख रुपये की सहायता देने का काम हमारी सरकार ने किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस रही हो सपा रही या बसपा। सबने व्यापारियों का शोषण किया जिससे परम्परागत कारोबार नीचे चला गया। लखनऊ का चिकन कारोबारए मुरादाबाद का पीतल, भदोही के कालीन, हर जनपद में कुछ न कुछ था। हमने इसकी मैपिंग करवाई, ब्रांडिंग करवाई, डिजाइनिंग करवाई। इसके बिजनेस को बढ़ाने के लिए एक जनपद एक उत्पाद शुरू किया। इससे प्रदेश के 60 लाख कारोबारियों को जोड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से प्रदेश आत्मनिर्भर भारत में सहयोगी बनते हुए हर वर्ष एक लाख 31 करोड़ रुपये का निर्यात कर रहा है।

उन्होंने कहा कि आस्था हमारी पूंजी है। लेकिन सपा सरकार ने कांवड़ यात्रा, बसपा ने थाने में जन्माष्टमी और कांग्रेस ने तो रामजन्म भूमि में पूजा करने पर रोक लगा दी।

### वेतनमान बढ़ाने की मांग को लेकर बिजली विभाग के संविदा कर्मियों ने दिया धरना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार से वेतनमान बढ़ाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के सैकड़ों कर्मचारियों ने सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के दुबग्गा स्थित घर पर धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारी संघ का कहना है कि वर्तमान वेतन से ार परिवार का गुज़ारा नहीं हो पा रहा है। मांग पूरी न किये जाने से नाराज़ बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों ने सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के घर के बाहर जम कर नारेबाज़ी की। वहीं सांसद कौशल किशोर ने कर्मचारियों से मिलकर उनको मुख्यमंत्री से बात कराने का आश्वासन दिया लेकिन कर्मचारियों का कहना था जब तक मुख्यमंत्री से बात नहीं होती हम यहीं डटे रहेंगे और जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती तब तक सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के घर पर ही धरना देंगे ।

## सपा और उसके साथियों ने राजभर समाज का कभी सम्मान नहीं कियाः अनिल राजभर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कैबिनेट** मंत्री अनिल राजभर ने महान दल के मुखिया केशव देव मौर्य के विवादित बयान पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि राजभर समाज के सम्मान के साथ समाजवादी पार्टी और उनके साथी नहीं रहे हैं। अखिलेश यादव की शह पर ही केशव देव मौर्य राजभर समाज का अपमान कर रहे हैं और केशव देव राजभर समाज के नेताओं को राजनीतिक जोकर और सर्कस का शेर बता रहे हैं। सुभासपा नेता ओम प्रकाश राजभर को अपने और राजभर समाज के सम्मान की खातिर सपा से गठबंधन तोड़ देना चाहिए। अनिल राजभर का ऐसा मत है। अनिल राजभर ने यह भी कहा है कि अगर अखिलेश यादव महान दल के नेता को अपने गठबंधन से बाहर नहीं करते तो राजभर समाज को यकीन हो जाएगा कि अखिलेश

### ● अखिलेश यादव तत्काल महान दल के मुखिया केशव देव मौर्य को गठबंधन से बाहर करें

यादव के इशारे पर ही केशव देव मौर्य राजभर समाज का अपमान कर रहे हैं। इसलिए अखिलेश यादव केशव देव मौर्य को अपने गठबंधन से बाहर करे और ओम प्रकाश राजभर भी राजभर समाज के सम्मान की चिंता करें, ऐसे लोगों के साथ ना रहें जो समाज का अपमान करते हैं।

महान दल के मुखिया केशव देव मौर्य पहले भी अपने विवादित बयानों को लेकर चर्चा में रहे हैं। बसपा छोड़कर वर्ष 2008 में महान दल का गठन करने वाले केशव देव मौर्य तीन लोकसभा तथा दो विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं पर अभी तक के भी सीट पर जीत हासिल नहीं कर सकें है। अपने को सम्राट अशोक का वंशज बताने वाले केशव देव मौर्य ने कुछ दिनों पहले ही सपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ने का फैसला किया हैं। इसके बाद भी उन्होंने अपने स्वभाव के अनुसार सपा गठबंधन में शामिल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को निशाने पर ले लिया। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए उन्होंने ओम प्रकाश राजभर को राजनीतिक जोकर और अपने को जंगल का शेर बताया। केशव देव मौर्य के इस कथन को कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने राजभर समाज का अपमान बताया हैं। उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश राजभर और केशव देव मौर्य दोनों की सपा गठबंधन में शामिल हैं। फिर क्यों वह राजभर समाज के नेता को अपमानित करने वाला बयान दे रहे हैं।

### शास्त्रार्थ फाउंडेशन ने बेसहारों को बांटे कंबल

**लखनऊ।** उप्र में गरीबों और बेसहारों को भावनात्मक संबल प्रदान करने के अभियान में लगा शास्त्रार्थ फाउंडेशन सर्दी की आहट होते ही गरीबों के बीच कंबल वितरण के कार्य में जुट गया है। रविवार को शास्त्रार्थ फाउंडेशन से जुड़े लोगों ने गोमतीनगर विस्तार में रेलवे के किनारे रहने वाले गरीबों और बेसहारा लोगों को कंबल ओढ़ाकर उन्हें सर्दी से बचाने के साथ ही भावनात्मक संबल भी दिया। फाउंडेशन के ट्रस्टी हर्षवर्धन ने बताया कि संस्था गरीबों और बेसहारा लोगों को भावनात्मक संबल प्रदान करने का अभियान चला रही है। पिछले कुछ दिनों से हल्की बारिश की वजह से उत्तर भारत में ठंड बढ़ गई है जिससे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर बेसहारा और गरीब लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ऐसे में संगठन की तरफसे गरीबों को कंबल वितरित करने का अभियान प्रारम्भ किया गया है। हर्षवर्धन ने बताया कि शास्त्रार्थ फाउंडेशन तमाम सामाजिक कुरीतियों और वैचारिक मुद्दों पर जनजागरण अभियानों का भी संचालन करता है। उन्होंने बताया कि इन अभियानों का सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिल रहे हैं।

## संविधान का पुनरावलोकन होना चाहिए :अच्युतानंद मिश्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**संस्कृति** से ही समाज सुधरेगा। राजनीति समाज को बांटती है जबकि संस्कृति समाज को सहेजती है। वर्तमान पीढ़ी को इतिहास परम्परा, संस्कृति व संस्कारों से परिचित कराना ही स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव का उद्देश्य है। उक्त विचार रविवार को गन्ना शोध संस्थान के सभागार में अमृत महोत्सव समिति द्वारा स्वतंत्रता का अमृत तत्व विषय पर आयोजित गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ पत्रकार व माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति अच्युतानन्द मिश्र ने व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि जिस संविधान के आधार पर हमारे देश की शिक्षा नीति, प्रशासन व न्याय व्यवस्था चल रही है उसका पुनरावलोकन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान वास्तव में हमारा नहीं है। हिन्दी राजभाषा के रूप में स्वीकार की गयी लेकिन आज भी न्यायालयों की भाषा अंग्रेजी बनी हुई है। महात्मा गांधी हिन्द स्वराज में लिखते हैं हम अंग्रेजियत को स्वीकार नहीं करेंगे। अंग्रेजों ने भारत में जो संस्कृति फैलायी उससे हमारे देश की एकता अखण्डता व बहुलता को नष्ट किया। 1857 के संघर्ष को अंग्रेजों ने सिपाहियों का विद्रोह करार दिया। वीर सावरकर ने पहली बार स्वाधीनता संग्राम नाम दिया। मिश्र ने कहा



कि 1947 के बाद जो स्वतंत्रता हमें मिली उसे गांधी जी ने पहले समझ लिया था। इसलिए महात्मा गांधी ने 1934 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। महात्मा गांधी ने कहा था कि हमको ग्राम समाज चाहिए। हमारा विकास का रास्ता गांव से होकर जायेगा और हुआ उसके उल्टा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र पश्चिमी लोकतंत्र है। इसकी निन्दा महात्मा गांधी करते थे। लोकतंत्र से लोक गायब हो गया। उन्होंने कहा कि स्वाधीनता की लड़ाई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लड़ रहा है। स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओर जाने की बात संघ कर रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर्यावर्त बैंक के अध्यक्ष एसबी सिंह ने कहा कि आज भी बहुत सारे कानून 1947 के पहले के बने हैं उनमें संशोधन होना चाहिए। अगर हमारा संविधान हमारे देश के शासन व अनुशासन के अनुकूल नहीं है तो सुधार किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रान्त के सह प्रान्त बौद्धिक प्रमुख मनोजकान्त ने कहा कि भारत का स्वतंत्रता आन्दोलन स्व से प्रेरित था। भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में स्वराजएस्वधर्मएस्वदेशी व स्वभाषा की बात थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा अश्वनी दत्त पाठक ने की। कार्यक्रम का संचालन भाग सम्पर्क प्रमुख कमलेश सिंह ने किया। इस मौके पर लखनऊ दक्षिण भाग के भाग संघचालक सुभाष अग्रवाल, सह विभाग कार्यवाह बृजेश पाण्डेय, सह भाग कार्यवाह अतुल सिंह, बाल आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी, डा शुचिता भाटिया, सुशील जैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### पीडब्लूडी की सी फ्रेंड्स इलेवन व विश्व बैंक की टीमों के बीच खेला गया क्रिकेट मैच

**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग स्पोर्ट्स क्लब के सचिव पंकज दीक्षित ने बताया कि शनिवार को लोक निर्माण विभाग की सी फ्रेंड्स 11 एवं विश्व बैंक की टीमों के मध्य क्रिकेट मैच खेला गया। टॉस जीतकर सी फ्रेंड्स 11 की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 20 ओवर में 8 विकेट केनुकसान पर 147 रन का स्कोर खड़ा किया। सी फ्रेंड्स इलेवन की तरफसे ललित सवाल द्वारा 26 रन व विमलेश द्वारा ताबड़तोड़ 16 बॉल पर 27 रन की पारी खेली गई। लोक निर्माण विभाग की तरफसे सुनील ने तीन विकेट चटकाए। जिसके जवाब में विश्व बैंक के आशीष कुशवाह ने 54 वह जितेंद्र यादव ने 26 बॉल पर 39 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली व तीन विकेट भी प्राप्त किए। जितेंद्र यादव को मैन आफदी मैच चुना गया। प्रेजेन्टेशन सेरेमनी के मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव मुख्य अभियंता मुख्यालय वन द्वारा मैन ऑफद मैच का पुरस्कार प्रदान किया। ज्ञातव्य है कि यूपी पीडब्लूडी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रदेश भर से 12 विभागीय टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बहुआं, फतेहपुर

पत्रांक 2091 / रा0वि0 / 2020—21 दिनांक — 4—12—2021

### अल्पकालीन निविदा सूचना 2021—22

विकास खण्ड बहुआं फतेहपुर के अन्तर्गत वर्ष 2021—22 में पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनसाइड) योजना में स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ठेकेदारों / फर्मो के कराये जाने हेतु निविदाएं विकास खण्ड बहुआं में दिनांक 06.12.2021 से 21.12.2021 को दो बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। उसी दिन तीन बजे अपरान्ह में गठित समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं / उनके प्रतिनिधियों के समक्ष विकास खण्ड कार्यालय में खोली जायेंगी।

निविदा प्रपत्र दिनांक 06.12.2021 से 20.12.2021 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से मु० 590 / — रू0 मात्र नकद जमाकर प्राप्त किये जा सकते हैं।

**प्रस्तावित कार्य का विवरण निम्नवत् है :—**

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम स्थल विवरण | प्राक्कलन की लागत लाख रु0 में | एफ0डी0 आर0 | निविदा मूल्य +18%GST |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पन्द्रहवां वित्त आयोग | बावन गढी सम्पर्क मार्ग से जयनरायन के खेत तक इण्टरलाकिंग का निर्माण | 7.44 | 16000 | 500+90=590 |
| 2 | पन्द्रहवां वित्त आयोग | बवन गढी गुरू के खेत से घनश्यामबाबा तक इण्टरलाकिंग निर्माण | 7.22 | 16000 | 500+90=590 |
| 3 | पन्द्रहवां वित्त आयोग | चक इटौली में मंदिर से छोटेलाल तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य | 9.97 | 20000 | 500+90=590 |
| 4 | पन्द्रहवां वित्त आयोग | चक इटौली में छोटेलाल के खेत से सिद्ध गोपाल तक सी०सी० रोड निर्माण | 9.99 | 20000 | 500+90=590 |
| 5 | पन्द्रहवां वित्त आयोग | महमूदपुर शाह सम्पर्क मार्ग में सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण | 9.91 | 20000 | 500+90=590 |

**नियम एवं शर्तें**

1. शपथपत्र निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपर पर अंकित करना अनिवार्य है।
2. टेण्डरदाता कार्यस्थल का पूर्व में ही भली—भॉति परीक्षण कर लें बाद में कोई तथ्य मान्य नहीं होगा।
3. न्यूनतम दरों वाली फर्म के ही टेण्डर / निविदा स्वीकार की जायेगी, लेकिन गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होगा।
4. सामग्री आपूर्ति मे उल्लिखित दरों से अतिरिक्त कोई व्यय भार देय न होगा।
5. स्वीकृत निविदादाता को निविदा के साथ 100 / — के स्टाम्प पेपर पर 1 रू0 रसीदी टिकट से हस्ताक्षर युक्त अनुबन्ध प्रस्तुत करना होगा।
6. धरोहर धनराशि अनुमानित लागत का दो प्रतिशत एफ०डी0आर / टी0डी0आर / एन०एस0सी0 / पोस्ट आफिस के द्वारा किये जा सकते हैं जो खण्ड विकास अधिकारी बहुआं के नाम अनुबन्धित होगी। टेण्डर स्वीकृति के पश्चात भुगतान मे 8 प्रतिशत धनराशि धरोहर के रूप में बिल के साथ की जायेगी।
7. बिना किसी कारण बताये टेण्डर को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। .
8. शासकीय नियमानुसार सभी करों आयकर एवं 2 प्रतिशत जी0एस0टी0 आदि की कटौती बिलों से की जायेगी।
9. निर्माण कार्य की गुणवत्ता के समय निर्देशों के विचलन पर अधोहस्ताक्षरी को तत्काल निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बहुआं, फतेहपुर**


## बिजली कनेक्शन के लिए अफसरों के चक्कर काट रहा कारोबारी

संवाददाता। मोहनलालगंज

**निवेश** मित्र के जरिए उद्योग लगाने की तैयारी कर रहे कारोबारी को लागत जमा करने के तीन माह बाद भी बिजली विभाग कनेक्शन नहीं दे सका है। एचटी लाइन बिछाने में लोगों का विरोध बताकर महकमे के अधिकारी कारोबारी को अधिकारियों के चक्कर कटवा रहे हैं। जबकि लाइन बिछाने का सर्वे और एस्टीमेट भी इन्ही अधिकारियों ने तैयार किया है। लिहाजा परेशानहाल कारोबारी ने मुख्यमंत्री को ट्वीट कर शिकायत दर्ज कराई है। जिस पर मध्यांचल प्रशासन को मामले की जांच सौंपी गई है।

मोहनलालगंज के पूरनपुर में कारोबारी विनय कुमार अपने प्लॉट पर वाटर प्लाण्ट शुरु करने की तैयारी में हैं। विनय ने उद्योग बन्धु-निवेश मित्र पोर्टल के जरिए पूरनपुर सबस्टेशन के अधिकारियों से 43 किलोवाट का बिजली कनेक्शन लेने

### ● थकहार कर सीएम को ट्वीट कर की शिकायत

के लिए उनके सर्वे और एस्टीमेट तैयार करने के बाद 21 अगस्त को ही 7 लाख 96 हजार से अधिक धनराशि भी जमा कर रखी है। लेकिन विनय का आरोप है कि इसके बावजूद भी बिजली विभाग के अधिकारी उद्योग शुरु करने के लिए उसके प्लॉट पर अब तक बिजली नहीं पहुंचा सके हैं। जिससे उद्योग लगाने की उसकी योजना पिछड़ती जा रही है। बिजली महकमे के अधिकारियों से शिकायत करने पर समाधान नहीं मिल सका है। जिस पर विनय ने एसडीएम से न्याय की गुहार लगाई है लेकिन उन्हें न्याय मिलने का इंतजार है।

#### लाइन बिछाने में लोगों के विरोध का अड़ंगा

पूरनपुर सबस्टेशन के अवर अभियन्ता मनोज जायसवाल के मुताबिक आवेदक विनय कुमार ने वाटर प्लांट के लिए 43 किलोवाट का कनेक्शन मांगा है। जिसके लिए दो बार अलग.अलग रास्ते से एचटी लाइन बिछाने की कोशिश की जा चुकी है। लेकिन लोगों के विरोध की वजह से पोल उखाड़ने पड़े हैं। लाइन बिछाने का सारा सामान सबस्टेशन पर आ चुका है। विरोध की वजह से लाइन नहीं बन पा रही है। आवेदक को राजस्व विभाग की मदद लेकर लाइन बिछाने का मार्ग दिलाने के लिए कहा गया है। लाइन तैयार होते ही फौरन कनेक्शन दे दिया जाएगा।

#### क्या कहते हैं एक्सईएन

अधिशाषी अभियन्ता आरएन वर्मा ने बताया आवेदक विनय कुमार ने एचटी लाइन बिछाकर कनेक्शन देने की प्राक्कलित राशि जमा कर रखी है। एसडीओ को यथाशीघ्र लाइन बनाकर आवेदक को बिजली कनेक्शन देने के लिए कहा गया है।

## बच्चों को बांटी स्टेशनरी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शक्ति** कृपा फाउंडेशन के तत्वधान में रविवार को आदर्श ग्राम थावर माल में प्रदेश अध्यक्ष नीलम मिश्रा की उपस्थिति में प्रिया त्रिपाठी समाज सेविका को आदर्श ग्राम थावर माल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया व स्कूल के बच्चों को मिशन शक्ति के तहत साक्षरता मिशन को लेकर स्टेशनरी वितरण किया गया। जिसमें प्रिया त्रिपाठी ने शनिवार और रविवार को बच्चों को शिक्षा देने का वादा किया। इस अवसर पर विशाल सिंह मृत्युंजय सिंह विशाल कुमार उपस्थित रहे।

## जयकारों के साथ निकली श्याम ध्वजा पद यात्रा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**श्याम** प्रेमी संघ ट्रस्ट की ओर से रविवार को अलीगंज सेक्टर क्यू स्थित बालाजी मंदिर से श्याम ध्वजा पदयात्रा राजस्थान के खाटू धाम के लिए रवाना हुई। यात्रा से पहले सदर के पं. राजेन्द्र प्रसाद पांडेय के सानिध्य मे विधायक डा. नीरज बोरा, अरविंद अग्रवाल, जितेन्द्र गुप्ता, विकास गुप्ता आदि ने श्याम बाबा की पूजा अर्चना की। उसके बाद बैण्ड बाजे की धुन पर राजस्थान के खाटू धाम के लिए पद यात्रा शुरू हुई। श्याम प्रेमी संघ के अरविंद अग्रवाल, जितेन्द्र गुप्ता, विकास गुप्ता ने बताया कि लगभग 780 किलोमीटर की इस यात्रा में सभी श्याम भक्तों नंगे पैर श्याम प्रभु का गुणगान करते हुए चलेंगे। यह यात्रा लखनऊ, उन्नाव, कानपुर, औरैया, इटावा, जयपुर होते हुए 5 जनवरी 2022 को खाटू धाम में पूर्ण होगी। संस्था के जितेंद्र गुप्ता, विकास गुप्ता ने बताया कि श्री श्याम प्रभु की असीम अनुकंपा से लखनऊ नगर से पहली बार पैदल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

## सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर बढ़ाएं अपना व्यवसायः चौधरी

### ● ओडीओपी व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लाभार्थियों को वितरित किये गये प्रशिक्षण प्रमाण पत्र

संवाददाता। सरोजनीनगर



**जिला उद्योग** केन्द्र के सहायक उपायुक्त (उद्योग) वीडी चौधरी ने कहा कि उद्यमथियों को अपना व्यवसाय शुरू करने में आर्थिक रूप से परेशान न हो इसके लिए सरकार द्वारा दर्जनों योजनाएं चलाई जा रही है। इसलिए उद्यमियों को चाहिए कि वह सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपना व्यवसाय बढ़ायें। श्री चौधरी आज उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा सरोजनीनगर के स्कूटर्स इण्डिया चौराहा की देवलोक कालोनी स्थित सहयोग परिवार परिसर में एक जनपद एक उत्पाद एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के प्रतिभागियों के छह दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रमाण पत्र वितरित करने के बाद उन्हें सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उद्यमी वर्ग प्रदेश की योजनाओं को संचालित करने में सरकार को आर्थिक मदद करता है, वहीं वह शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार देकर उन्हें भी बेरोजगारी से बचने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा युवा बेरोजगारों को अपना उद्यम स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऋण दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं में 35 फीसदी तक अनुदान दिये जाने की भी व्यवस्था है। इसके साथ ही एक जनपद एक उत्पाद योजना और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत निःषुल्क प्रषिक्षण, मानदेय एवं टूल किट दिया जाता है। उन्होंने प्रतिभागियों से अपील करते हुए कहा कि सरकार की इन योजनाओ को प्रचार-प्रसार करे ताकि पात्र लोगो योजना का लाभ उठा सके।

# योगी ने परखीं पीएम के आगमन की तैयारियां

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ रविवार की दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर अपने उड़न खटोला से बीएलडब्लू सिनेमा हाल स्थित खेलकूद मैदान पर पहुंचे तो वहां पर मौजूद आला अधिकारियों में शामिल जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर समेत अन्य बड़े अफसरों ने सलामी देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। उसके बाद खेल मैदान से मुख्यमंत्री की फ्लीट निकली जो 12:22 पर बरेका गेस्ट हाउस पहुंची। गेस्ट हाउस के अंदर पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सुनील ओझा, जिला अध्यक्ष समेत कई मंत्री व विधायक ने उनकी अगवानी की प्रशासनिक अधिकारियों संग बैठक करने के बाद उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों संघ बंद कमरे में लगभग 15 मिनट तक प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर मंथन किया।बैठक में भाजपा पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है इसके बाद मुख्यमंत्री गेस्ट हाउस से निकल कर बीएलडब्ल्यू अंडर पास होते हुए प्रशासनिक भवन पहुंचे प्रशासनिक भवन पर निरीक्षण करने के बाद उनकी फ्लीट वापस खेल मैदान पहुंची यहां से उनका हेलीकॉप्टर दोपहर 2:11 बजे रामगढ़ चंदौली के लिए उड़ गया।

**मुख्यमंत्री ने स्वर्वेद को समर्पित मंदिर का किया गहन निरीक्षण:** वाराणसी। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण समेत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 13-14 दिसंबर को बनारस दौरे में होने वाले आयोजनों के दृष्टिगत की जा रही तैयारियां परखने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बनारस पहुंचे। सुबह 11.30 बजे उनका हेलीकाप्टर चौबेपुर के उमरहा में सद्गुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान द्वारा बनवाए जा रहे स्वर्वेद महामंदिर परिसर में उतरा। उन्होंने महर्षि की कृति स्वर्वेद को समर्पित महामंदिर के भूतल व प्रथम तल का निरीक्षण किया।वाराणसी-गाजीपुर रोड पर 78,800 वर्ग फीट में विस्तारित परिसर में 180 फीट ऊंचे और 268 पिलरों पर खड़े महामंदिर के सात मंजिला भवन में परिक्रमा पथ के साथ ही प्रथम तल की दीवारों पर उकेरे गए स्वर्वेद के दोहे के बारे जानकारी ली। पीएम आयोजन स्थल देखा और अफसरों से तैयारियों के बारे में जाना समझा। यहां विहंगम योग संस्थान के 13 से 15 तक चलने वाले वार्षिकोत्सव में दूसरे दिन 14 पीएम का आगमन संभावित है। आश्रम महंत स्वतंत्रदेव महाराज व संत विज्ञान देव ने आयोजन की बिंदुवार जानकारी दी। इसके बाद मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर से बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) पहुंचे। दो दिनी बनारस प्रवास में प्रधानमंत्री यहां ही रात्रि विश्राम करेंगे। मुख्यमंत्री ने यहां सभागार में पुलिस-प्रशासन, भाजपा पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों संग बैठक की। इसमें श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर लोकार्पण समारोह संबंधित तैयारियों की जानकारी ली। लगभग हर बिंदु पर सवाल किए और जरूरी निर्देश भी दिए। योगी कुछ ही देर में चंदौली के लिए रवाना होंगे। वहां अघोराचार्य बाबा कीनाराम जन्म स्थली रामगढ़ में अघोरपीठ आश्रम की ओर से प्रस्तावित पर्यटन विकास परियोजना का शिलान्यास करेंगे। वर्ष 2019 में अघोराचार्य बाबा कीनाराम के जन्मोत्सव के दौरान इसके लिए सीएम ने घोषणा की थी।

## वैश्विक होना चाहिए लोकार्पण समारोह का आयोजन : प्रधान



**वाराणसी।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शनिवार को बनारस पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 13 दिसंबर के बनारस आगमन के दृष्टिगत निरीक्षण किया। गंगा के रास्ते श्रीकाशी विश्वनाथ धाम तक गए और 13 दिसंबर को आयोजित लोकार्पण समारोह के संबंध में जानकारी ली। धर्मेंद्र प्रधान ने बाबतपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचते ही जिला प्रशासन के अफसरों के साथ बैठक कर तैयारियों के बाबत बिंदुवार समीक्षा की। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने साफसंकेत दिया कि श्री काशी विश्वनाथ लोकार्पण समारोह का आयोजन वैश्विक होना चाहिए। ऐसे इंतजाम करें कि उस दिन पूरी दुनिया की नजरें काशी की ओर टिक जाएं। बैठक के बाद धर्मेंद्र प्रधान सीधे काल भैरव बाबा मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से पूजन किया। खिड़किया घाट होते श्रीकाशी विश्वनाध धाम पहुंचे और बाबा का दर्शन-पूजन के साथ ही ललिता घाट से निर्माण कार्य देखा। जलयान से गंगा के रास्ते रविदास घाट पहुंचे। सड़क मार्ग से बरेका परिसर जाकर भी तैयारियां देखी।बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन का रूट मैप यही है। सुबह संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान परिसर में प्रधानमंत्री का हेलीकाप्टर उतरेगा। यहां से पीएम मोदी काल भैरव मंदिर पहुंचेंगे। शास्त्रीय मान्यता अनुसार काशी कोतवाल से श्रीकाशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण की अनुमति लेते हुए खिड़किया घाट जाएंगे। यहां से जलयान पर सवार हो श्रीकाशी विश्वनाथ धाम पहुंचेंग और लोकार्पण करेंगे। इस दौरान समस्त ज्योतिर्लिंगों के प्रतिनिधियों समेत देश भर से आए संत-महंत, धर्माचार्य मौजूद रहेंगे। देश भर के मुख्यमंत्रियों की भी इस अवसर पर उपस्थिति संभावित है।

## सीएम ने चंदौली को भी दी सौगात

- 30 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया

**संवाददाता।** चंदौली



**सीएम ने** आज यहां समेकित पर्यटन विकास योजनांतर्गत बाबा कीनाराम अघोर पीठ मठ में लगभग रु0 18 करोड़ की विभिन्न कार्य की परियोजना का शिलान्यास किया। इसीक्रम में सदर तहसील चंदौली में अनावासीय भवन का निर्माण कार्यए विकास खंड चंदौली के ग्राम सभा सुल्तानपुर व सोनईडीह में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माणए विकास खंड चहनिया के ग्राम सभा खैरूद्दीनपुर में आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण। विकासखंड शहाबगंज के ग्राम सभा मसोई एवं तियरा में आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण की परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा हितग्राहियों को स्वीकृति पत्रध् चेक व चाभी वितरण भी किया गया।प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 2.2 लाभार्थियों को चाभी सौपी गयी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सीसीएलचेक का वितरण किया गया।

# आंदोलन के दौरान 700 किसानों की मौत के लिए टिकैत जिम्मेदार

- भाजपा के पूर्व सांसद हरिनारायण राजभर ने लगाया आरोप

**बलिया।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद हरिनारायण राजभर ने भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत को नए कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के दौरान हुई 700 किसानों की मौत का दोषी करार देते हुए उनके खिलाफ मामला दर्ज कर सम्पत्ति जब्त करने की मांग की है।

उत्तर प्रदेश की कल्याण सिंह और राजनाथ सिंह सरकार में राज्य मंत्री रह चुके राजभर ने रविवार को एक वीडियो जारी कर भाकियू (भारतीय किसान यूनियन) नेता टिकैत पर निशाना साधा। राजभर ने टिकैत व आंदोलनकारी किसान नेताओं को उग्रवादी करार दिया और कहा कि भाकियू नेता टिकैत नए कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के दौरान हुई 700 किसानों की मौत के दोषी हैं। टिकैत के विरुद्ध मामला दर्ज कर इनकी सम्पत्ति को जब्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि टिकैत की जब्त सम्पत्ति से मृतक किसानों के परिवारों को मुआवजा दिया जाना चाहिए। प्रदेश की घोसी सीट से सांसद रह चुके राजभर ने कहा कि तीनों नए कृषि कानून वापस होने से किसानों का बहुत बड़ा नुकसान और चंद खालिस्तानी गुंडों को लाभ हुआ है। किसान नेता सरकार के लचीले रुख का नाजायज फायदा उठा रहे हैं। आंदोलनकारी लोग किसान नहीं हैं।

राजभर ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर पर आरोप लगाया कि सियासत में प्रवेश करने के पहले वह बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के शूटर थे। राजभर अपने अपराधों को छिपाने के लिए राजनेता का चोला धारण कर लिए हैं।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख के काफिले पर हमला, पांच लोग घायल

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में रविवार को पूर्व ब्लॉक प्रमुख हाजी यूनुस के काफिले पर गोलीबारी की गई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस हमले के पीछे यूनुस के भतीजे अनस का हाथ होने का शक जताया गया है, जोकि वर्तमान में जेल में बंद है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व ब्लॉक प्रमुख के काफिले पर उस समय हमला किया गया, जब वह कोतवाली देहात क्षेत्र के भाईपुर गांव में शादी समारोह में शामिल होकर मिर्जापुर गांव लौट रहे थे। उन्होंने कहा कि कार में आए हमलावरों ने रजवाहा पुल के पास काफिले पर गोलीबारी की। उल्लेखनीय है कि यूनुस दो बार के बसपा विधायक रहे हाजी अलीम के भाई हैं। अलीम की वर्ष 2018 में उनके घर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## पुलिस ने 12 वर्षीय लड़के को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ाया, तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस ने रविवार को चापर थाना क्षेत्र से 12 वर्षीय लड़के को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ाया और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कृष्ण कुमार बिश्नोई ने संवाददाताओं को बताया कि यहां चापर गांव निवासी शाहवन 10 दिन पहले लापता हो गया था। उसके परिवार के सदस्यों को एक फोन आया था जिसमें कहा गया था कि उसका अपहरण कर लिया गया है और फोन करने वाले व्यक्ति ने उसकी सुरक्षित वापसी के लिए 60 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी।उन्होंने बताया कि शाहवन का पिता सत्तार सऊदी अरब में काम करता है। सूत्रों ने बताया कि हालांकि लड़का 10 दिन पहले लापता हुआ था लेकिन पुलिस ने शनिवार को अपहरण का मामला दर्ज किया।

# पारिवारिक रिश्तों की दुहाई देने वालों ने अमेठी को छला

- केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पूर्व में सांसद रह चुके कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से बोला हमला

**संवाददाता।** अमेठी




**केंद्रीय** महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने पूर्व में अमेठी से सांसद रह चुके कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए रविवार को कहा कि अमेठी से पारिवारिक रिश्तों की दुहाई देने वालों ने यहां के विकास से जुड़े मुद्दों को संसद में नहीं उठाया। स्मृति ने तिलोई में बस अड्डे सहित पांच परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि अमेठी कई वर्षों तक तमाम समस्याओं से जूझती रही, मगर जिसको उसने चुनकर सदन में भेजा, वह चुपचाप बैठे रहते थेउ जनता यहां सोचती थी कि आखिर हमारी बातें कब सदन में उठेगी। उन्होंने कहा कि अमेठी से रिश्तों की दुहाई दी जाती रही पर यहाँ के लोगों की बात सदन में नहीं उठाई गई। स्मृति ने कहा, उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की काम के प्रति सक्रियता इस बात को प्रदर्शित करती है कि नौ महीने के अंदर तिलोई में एक भव्य बस अड्डा बनकर तैयार हो गया। तिलोई में मेडिकल कॉलेज बन रहा है और एक बड़ा ऑक्सीजन प्लांट भी यहां स्थापित हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तिलोई के बस अड्डे की चर्चा जब हैं संसद में करते थे तो हमारे सांसद साथी बड़े आश्चर्य चकित होकर सुनते थे क्योंकि मै कहती थी कि तिलोई में बस अड्डा क्षेत्र पंचायत बना रहा है।ष्यह उद्गार केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी ने तिलोई में बस अड्डे के लोकार्पण के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। 6मार्च 2021को जब हम लोग यहां भूमि पूजन कर रहे थे तो नहीं लगता था कि यह परियोजना सिर्फ नौ माह में पूरी हो जाएगी लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति यदि कार्य किए जाएं तो यह परिणाम आते हैं।

इससे पूर्व, केन्द्रीय मंत्री ने तिलोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक स्वास्थ्य मेले का भी उद्घाटन किया और मरीजों से मिलकर चिकित्सा सुविधाओं के विषय में भी जानकारी ली।

# सपा की सरकार बनते ही उप्र में होगी जातिवार जनगणना : राजभर

**बलिया।** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) से गठबंधन कर चुकी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि चुनाव बाद सपा की सरकार बनते ही राज्य में सबसे पहले जातिवार जनगणना कराकर आबादी के हिसाब से सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। राजभर ने रविवार को जिले के रसड़ा क्षेत्र में संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। भागीदारी संकल्प मोर्चा की सरकार बनने पर पांच मुख्यमंत्री व 20 उप मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा करने वाले राजभर से जब पूछा गया कि क्या सपा सरकार बनने पर उनकी घोषणा पर अमल होगा, उन्होंने कहा कि सपा की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री सिर्फ सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ही होंगे। अपने पुराने बयान से पलटते हुए प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उनका बयान भागीदारी संकल्प मोर्चा की सरकार बनने के लिए था। उनका लक्ष्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से हटाना व अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। राजभर ने मथुरा में मंदिर बनाने की तैयारी वाले बयान को लेकर चर्चा में आए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को भाजपा का तोता करार दिया और कहा कि मौर्य समाज के लोगों की हत्या पर उप मुख्यमंत्री मौन रहते हैं और पिछड़े समाज के साथ भाजपा किस तरह अन्याय कर रही है, यह मौर्य को नजर नहीं आता। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा को मौर्य को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ को कुर्सी देकर इस पार्टी ने मौर्य के साथ धोखा किया है। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी से गठबंधन पर पूछे जाने पर राजभर ने कहा, ओवैसी पहले सपा से गठबंधन को लेकर मन बनाएं, ओवैसी 100 सीटें मांगेंगे तो उनसे कैसे गठबंधन होगा। गौरतलब है कि ओवैसी की पार्टी राजभर द्वारा गठित भागीदारी संकल्प मोर्चा में शामिल है। मगर इसी बीच राजभर ने सपा के साथ गठबंधन कर लिया।

# सीतापुर के बॉडी बिल्डर ने मुंबई में मचाया धमाल



**संवाददाता।** सीतापुर

**विश्वपटल पर** सीतापुर का नाम एक बार फिर रोशन हुआ है। इस बार सीता की नगरी के लाल ने मुम्बई में धमाल मचाकर जनपदवासियों का सीना गर्व से चौड़ाकर दिया है। शहर के मोहल्ला वलीनगर निवासी अनूप खेतान ने अमेसर ओलम्पिया इण्डिया प्रतियोगिता में भाग लेकर टॉप 16 में जगह बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और सीतापुर को एक नई पहचान दिलाई है। अनूप खेतान सीतापुर के व्यापारी मोनू खेतान के भाई है। जिले में इस सफलता की खबर मिलते ही लोग खुशी से झूम उठे। विश्व स्तरीय बॉडी बिल्डिंग 2021 की इस प्रतियोगिता का फाइनल अभी खेला जाना बाकी है। अनूप खेतान का फाइनल में बेहतर प्रदर्शन रहे और वह सफल हों इसे लेकर जनपदवासी अभी से दुआएं करने लग गए है। बाम्बे में आयोजित विश्व स्तरीय बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में टॉप-14 में अपना स्थान सुनिश्चित कर चुके अनूप खेतान ने पायनियर को बताया कि फाइनल में सफलता के लिए वह पूरी मेहनत व प्रयास करेगें।

# कांग्रेस की सियासी जमीन जमाने आ रहे छत्तीसगढ़ के सीएम बघेल

**संवाददाता।** बस्ती

- रुधौली से 2022 के चुनाव का बिगुल भी बजेगा

**सात** दिसंबर को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रुधौली के बैढ़वा मंदिर के पास किसान सम्मेलन को संबोधित करने आ रहे हैं। इस सम्मेलन के बहाने वह यूपी के मुख्यमंत्री को जबाव देंगे, और बताएगें कि वही सिर्फ किसानों के हितैषी नहीं हैं, बल्कि कांग्रेस भी है। भाजपा के लोग आज किसानों की चिंता करते दिख रहे हैं, मगर कांग्रेस पिछले पांच दशकों से चिंता करती आ रही है, और किसानों के हित में जितना काम कांग्रेस ने किया, उतना अन्य किसी सरकारों ने नहीं किया। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं मंडल प्रभारी जय करन वर्मा ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में किसान कितना खुशहाल है, उतना भाजपा शासित किसी भी प्रदेश में किसान खुशहाल नहीं है। यही बताने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बस्ती आ रहे है, और एक तरह से रुधौली से 2022 के चुनाव बिगुल भी बजेगा। बताया कि आज जिस तरह प्रियंका गांधी की सभाओं एवं रैलियों में भीड़ उमड़ रही है, उससे पता चलता है, प्रदेश की जनता कांग्रेस की ओर देख रही है। बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी को जिम्मेदारी दे दी गई है। इसके लिए गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क कर सभा में भाग लेने की अपील की जा रही है। एक सवाल के जबाव में कहा कि आज भी भारत में कांग्रेस किसानों की सबसे बड़ी हितैषी हैं, और अगर मौका मिला तो देश का किसान खासतौर से यूपी का किसान खुशहाल नजर आएगा। आज जिस तरह किसानों को अपने उत्पादक का वाजिब कीमत नहीं मिल रहा है, किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं हो रहा हैं, सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को धान और गेहूं बेचने के लिए कमीशन देना पड़ता है। हर किसानों का उत्पीड़न और शोषण हो रहा है, और जिसके चलते उसका खेतीबारी से मोह भंग हो रहा है, और यूपी सरकार कहती है, कि उनके प्रदेश में किसान सबसे अधिक खुशहाल है। एक अन्य सवाल के जबाव में कहा कि बस्ती के पांचों विधानसभाओं से 41 संभावित उम्मीदवारों ने आवेदन किया हैं, इनमें सात महिला उम्मीदवार भी है। इन सभी का साक्षात्कार गोरखपुर में हो चुका है। बताया कि सबसे अधिक उम्मीदवार रुधौली से नौ, कप्तानगंज से आठ, सदर से सात, हरैंया से पांच और महादेवा विधानसभा से छह उम्मीदवार है। इस मौके पर कर्मराज यादव, जिलाध्यक्ष अंकुर वर्मा, पूर्व विधायक राम जियावन बृजेश आर्य सहित अन्य मौजूद रहे।

## निजी कार्यक्रम में प्रयागराज पहुंचे राहुल गांधी



**प्रयागराज।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी रविवार को एक निजी कार्यक्रम में यहां अपने पैतृक आवास स्वराज भवन पहुंचे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने बताया कि नेहरू गांधी परिवार के कई ट्रस्ट हैं जो चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में काम करते हैं। इनमें से एक कमला नेहरू ट्रस्ट की सीईओ डाक्टर मधु चंद्रा के बेटे के प्रीतिभोज में शामिल होने के लिए राहुल गांधी आए हैं। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी भी उस ट्रस्ट का हिस्सा हैं और वह अपने ट्रस्टी के कार्यक्रम में शामिल होने आए हैं। यह उनकी नितांत व्यक्तिगत यात्रा है।

# मुख्यमंत्री योगी ही कराएंगे भगवान श्रीकृष्ण के मूल जन्मस्थान के दर्शन



**मथुरा।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने शनिवार को कहा कि उन्हें उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री से उम्मीद है कि वह मथुरा स्थित भगवान श्रीकृष्ण के मूल जन्म स्थान का दर्शन कराएंगे।

कंगना के मुताबिक श्रीकृष्ण का जन्म उस स्थान पर है जहां पर इस समय ईदगाह मौजूद है। बॉलीवुड अभिनेत्री शनिवार को वृंदावन और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि वह पहली बार मथुरा- वृंदावन आई हैं और वह कृष्ण की भक्त हैं। कंगना ने कहा, मुझे मक्खन का प्रसाद मिला है। ठाकुर जी के दर्शन करके बहुत अच्छा लगा। मथुरा के कृष्ण जन्मस्थान मंदिर में दर्शन करने के बाद कंगना ने कहा, भगवान के दर्शन किए। वहां जेल है। बताया जा रहा है कि ऐसी छह जेल और हैं। जो ईदगाह के नीचे हैं। अभी तो वह बंद है। उम्मीद है कि (मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ)योगी जी वहां भी दर्शन कराएंगे। उनकी बातों से लोगों के आहत होने के सवाल पर कंगना ने कहा, मेरी बातें उन्हीं को बुरी लगती हैं जिनके दिल में चोर है।लेकिन जो लोग सच्चे हैं, बहादुर हैं, देशभक्त हैं, राष्ट्र के बारे में बात करते हैं, उन लोगों को मेरी सारी बातें सही लगेंगी। कुछ भी गलत नहीं लगेगा। ागामी विधानसभा में भाजपा के लिए चुनाव प्रचार करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह किसी दल से संबंध नहीं रखती हैं। उन्होंने कहा, जो राष्ट्रवादी हैं, उनके लिए प्रचार करूंगी। चंडीगढ़ में किसानों द्वारा उनकी गाड़ी रोकने पर कथित माफी मांगने के सवाल पर कंगना ने कहा, मैंने कभी माफी नहीं मांगी। उल्टे प्रतिरोध किया।

**समाजवाद का दूसरा नाम है अखिलेश : अपर्णा:** अमेठी समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा ने पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को समाजवाद का दूसरा नाम करार देते हुए केंद्र सरकार द्वारा तीनों कृषि कानून वापस लिए जाने का श्रेय उन्हें दिया। कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करके सुर्खियों में आई यादव परिवार की छोटी बहू अपर्णा ने अमेठी में आयोजित एक कार्यक्रम में धरतीपुत्र मुलायम सिंह और अखिलेश भैय्या जिन्दाबाद का नारा लगाते हुए कहा कि समाजवाद का दूसरा नाम अखिलेश है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार द्वारा तीनों नए कृषि कानूनों को वापस लेने का श्रेय सपा अध्यक्ष अखिलेश को जाता है।

# ओमिक्रान संक्रमण

## भयभीत दुनिया

**कोरोना** के ओमीक्रान स्वरूप ने दुनिया में वैश्विक महामारी का भय वापस ला दिया है, लेकिन ऐसा लगता है कि दुनिया ने पिछली लहरों और लाकडाउनों से कोई सबक नहीं सीखा है। दुनिया ने डेल्टा स्वरूप से पैदा विभीषिका देखी है और ओमीक्रान ने अभी अपना विस्तार शुरू ही किया है। अभी निश्चित रूप से नहीं पता कि इसकी संक्रमित करने तथा इसका संक्रमण फैलने की क्षमता कितनी है। लेकिन इससे लड़ने के वैश्विक दृष्टिकोण का स्पष्ट रूप से अभाव है। दक्षिण अफ्रीका ने बिना कोई समय गंवाये दुनिया को ओमीक्रान से संक्रमित मरीजों की जानकारी दी है। उसने इस बात की पुष्टि करने में भी समय नहीं गंवाया कि नए स्वरूप का वास्तव में जन्म कहां हुआ। इसके फौरन बाद दक्षिण अफ्रीका तथा कई अन्य अफ्रीकी देशों पर अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन व एशिया के बड़े हिस्सों ने यात्रा प्रतिबंध लगा दिए। इस स्वरूप का पता लगभग 30 देशों में लग चुका है और यह सूची बढ़ रही है। कोई नहीं जानता कि मामले कहीं से बढ़ रहे हैं या कहीं से पैदा हो रहे हैं। जीनोम परीक्षण के लिए नमूने भेजने और नतीजे सामने आने में समय लगता है। अमेरिकी नहीं जानते कि इस स्वरूप का कैलीफोर्निया में कैसे पता लगा या ब्रिटेन में 32 मामले कैसे सामने आए। भारत में मिले दो मामलों में एक मरीज की यात्रा का कोई इतिहास नहीं है। यह कैसे संभव है? जब तक दुनिया का सारा वैज्ञानिक समाज समन्वित टेस्टिंग व ट्रेसिंग कार्यक्रमों के लिए अपने संसाधन नहीं लगाता है तब तक डेल्टा के समय वाली अराजकता बनी रहेगी। यात्रा पर स्वत: नियंत्रण लगाने के साथ ही ज्यादा टेस्टिंग व ट्रेसिंग पर ध्यान देने की




आवश्यकता है। दूसरा मुद्दा टीकाकरण व टीकों की सप्लाई पर तत्काल वैश्विक समझदारी विकसित करना जरूरी है। अमीर देश तथा विकासशील देशों में से कुछ में लोगों द्वारा वैक्सीन से इनकार करने की समस्या सामने आ रही है जिसका कारण लापरवाही या निजता के मुद्दे हैं। जहां तक संक्रमण का सवाल है, ऐसे लोग निश्चित रूप से बाकी लोगों के लिए खतरा पैदा करते हैं। समय आ गया है कि टीकाकरण को विधिक रूप से अनिवार्य बनाने पर वैश्विक बहस हो। यदि लापरवाही के कारण विकसित देशों में टीकाकरण में बाधा है तो टीकों की कमी से दुनिया के सबसे गरीब देशों, खासकर अफ्रीकी देशों में यह प्रक्रिया धीमी हो रही है। संयोग से भारत ने कोवैक्स द्वारा अफ्रीकी देशों को भेजे जाने वाली वैक्सीन के सभी आर्डर पूरे कर दिए हैं, पर केवल इतना काफी नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के साथ भारत उस वैश्विक अभियान में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं जिसका उद्देश्य कोविड-19 संबंधी औषधियों से अस्थाई रूप से बौद्धिक संपदा अधिकार हटाने की मांग करना है। अमेरिका ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है, पर दवा कंपनियां तथा यूरोपीय संघ व ब्रिटेन इसके लिए तैयार नहीं हैं। इसके बजाय वे अपनी वैक्सीनें गरीब देशों को सप्लाई करना चाहते हैं जो एक महंगा सौदा है। उन्होंने ऐसे निर्यात नियंत्रण भी लगाए हैं जो वैक्सीन निवेशों तक पहुंच में बाधा डालते हैं, सप्लायरों द्वारा सप्लाई की समयसीमा पर अनिश्चितता पैदा करते हैं, क्लीनिकल ट्रायल में बाधा डालते हैं तथा नमूनों के आवागमन में बाधा डाल कर केंद्रीकृत परीक्षण स्थलों से वैश्विक क्लीनिकल ट्रायल प्रभावित करते हैं। इसके बावजूद दवा कंपनियां अपने कठोर दृष्टिकोण पर कायम हैं। इसके कारण टीकाकृत व टीकों से वंचित लोगों के बीच भेदभाव पैदा हो रहा है। दुनिया को तेजी से यह असंतुलन ठीक करना जरूरी है।

# पीएचडी उपाधि व उच्च शिक्षा में गुणवत्ता

माइकेल फैराडे ने न कोई प्रशिक्षण पाया था न उनके पास कोई डिग्री थी, चार्ल्स डार्विन के पास दर्शनशास्त्र की 'मामूली' डिग्री थी और जेम्स जूल के पास कोई डिग्री नहीं थी।



**बीजू धर्मपालन**
(लेखक विज्ञान प्रसारक हैं)



अक्सर कहा जाता है कि किसी देश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता उस देश में तैयार होने वाले पीएचडी उपाधि धारकों की संख्या पर निर्भर होता है। इस उद्देश्य से उच्च शिक्षा के नीति निर्माता हर साल पीएचडी धारकों की संख्या बढ़ाने पर ज्यादा जोर देते हैं। यूजीसी-नैक मान्यता प्रक्रिया में भी किसी संस्थान में पीएचडी धारकों की संख्या पर ज्यादा जोर दिया जाता है। यूजीसी भी सहायक शिक्षकों को फैकल्टी के माध्यम से सुधार कार्यक्रमों द्वारा पीएचडी प्राप्त करने पर जोर देती है। इस प्रकार जिनकी शोध में कोई दिलचस्पी नहीं होती है, वे भी पदोन्नति के लिए पीएचडी प्राप्त करते हैं। क्या ज्यादा संख्या में पीएचडी धारक किसी देश में अकादमिक या शोध संस्कृति को बढ़ावा देते हैं? क्या ऐसे लोग अकादमिक व्यवस्था में कोई बेहतरी पैदा करते हैं? इस महीने के प्रारंभ में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद हेतु पीएचडी उपाधि का वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में 'समर्थन नहीं' किया जाना चाहिए। इस पर एक बहस शुरू हो गई है। यदि हम एक राज्य विश्वविद्यालय या निजी विश्वविद्यालय से औसत पीएचडी उपाधि धारक की गुणवत्ता का विश्लेषण करें तो कुछ अपवादों को छोड़ कर हमारे सामने उच्च शिक्षा की निराशाजनक तस्वीर सामने आती है। बहुत से लोग ऐसे हैं जो यह भी नहीं जानते हैं कि शोध समस्या को कैसे रखा जाए या संदर्भों का समुचित उपयोग कैसे किया जाए। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता किसी की डिग्री पर नहीं छोड़ी जा सकती है। यदि पीएचडी उपाधि धारकों की संख्या व उनके प्रकाशनों की उच्च गुणवत्त का आंकलन गुणवत्ता मापने के लिए किया जाएगा तो हमारे देश अब तक सैकड़ों नोबेल पुरस्कृत लोग पैदा करता और हमने समाज से जुड़ी बहुत सी समस्याओं का समाधान तलाश लिया होता।

अतीत में हमें ऐसे अनेक प्रख्यात वैज्ञानिक मिलते हैं जिनके पास कोई पीएचडी डिग्री या यहां तक कि अच्छी अकादमिक डिग्री तक नहीं थी। माइकेल फैराडे ने न कोई प्रशिक्षण पाया था न उनके पास कोई डिग्री थी, चार्ल्स डार्विन के पास दर्शनशास्त्र की 'मामूली' डिग्री थी और जेम्स जूल के पास कोई डिग्री नहीं थी। कोप्ले मैडल व नोबेल पुरस्कार से सम्मानित जान वाकर के पास तीसरे दर्जे की एक आनर्स डिग्री थी तथा जहाजों के बीच रेडियो संचार का आविष्कार करने वाले एडमिरल हेनरी जैक्सन के पास भी डिग्री नहीं थी। 'द बायोलोजिस्ट' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार सम्मानित फेलोज़ आफ रायल सोसाइटी-एफआरएस की सूची में शामिल प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों में से 19 प्रतिशत के पास कोई डिग्री नहीं थी। हमारे अपने महान वैज्ञानिक व शिक्षक सर सी.वी. रमन के पास शोध डिग्री नहीं थी। स्पष्ट रूप से डिग्री या ग्रेड शोध या अकादमिक क्षमता या किसी उम्मीदवार की क्षमता का विश्वसनीय संकेतक नहीं हैं। केवल डिग्री स्कोर पर निर्भर रहने के कारण बहुत से विश्व-विख्यात वैज्ञानिकों को वर्तमान समय में सफल कॅरियर बनाने में कठिनाई हो सकती थी। इतिहास के तथ्यों पर गौर करने से स्पष्ट होता है कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री का बयान उन लोगों के लिए स्वागत योग्य कदम है जो प्रमाणपत्रों या डिग्रियों के बजाय ज्ञान व विवेक को महत्व देते हैं।

उच्च शिक्षा में छात्रों को समाज के सामने आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए तैयार करने तथा उनको अच्छे मूल्यों वाले नागरिकों के रूप में बदलने की जरूरत है। दुर्भाग्य से आज की शिक्षा इनको समाहित करने में विफल रही है। अकादमिक परिवर्तन केवल विभिन्न विषयों में नवीनतम परिवर्तनों को समाहित करने से हो सकता है। दु:ख की बात है कि हमारे अधिकांश शिक्षक विषय को अद्यतन बनाने में दिलचस्पी नहीं लेते हैं। छात्रों को सत्तर, अस्सी या नब्बे के दशक की सूचनाओं से भर दिया जाता है जो इन शिक्षकों को अपने कालेज के दिनों में मिली थीं और वे छात्रों से विश्वविद्यालयी परीक्षाओं में उनके लिखने की आशा करते हैं। इस समूह के शिक्षक छात्रों को मानक पुस्तकों से संदर्भ भी नहीं देते हैं। पीएचडी उपाधि प्राप्त अनेक शिक्षकों को लगता है जैसे उन्होंने माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई पार कर ली है और अब उनको ज्यादा सीखने की जरूरत नहीं है। उनमें यह भावना भी है कि वरिष्ठ होने के नाते अब उनको केवल एमएससी या पीएचडी कक्षाओं पर ही ध्यान देना चाहिए। बहुत से लोग स्वयं को बीएससी व एमएससी कक्षाओं से यह कह कर नहीं जोड़ते हैं कि उन पर यूजीसी नियमों के अनुसार काफी भार है क्योंकि वह शोध में लगे शिक्षकों को काफी महत्व देता है। शोध केन्द्रों वाले अनेक संबद्ध कालेजों में बीएससी व एमएससी छात्रों पर इस समूह के शिक्षक कम ध्यान देते हैं। कुछ विश्वविद्यालयी केन्द्रों में स्थिति इतनी दयनीय है कि वे कक्षायें लेने में दिलचस्पी ही नहीं दिखाते हैं और उनका ध्यान केवल शोध पर रहता है। अनेक विश्वविद्यालयी केन्द्रों में परास्नातक छात्रों के थ्यौरी व प्रेक्टिकल सत्र केवल शोध स्कालरों द्वारा संचालित होते हैं। निश्चित रूप से विज्ञान शिक्षण में शोध एवं शिक्षण एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और हम इनमें से किसी को अनदेखा नहीं कर सकते हैं। शिक्षकों का ध्यान स्नातक छात्रों को ढालने पर होना चाहिए क्योंकि वे नए होते हैं तथा उनको शिक्षकों की सहायता की आवश्यकता होती है। एमएससी व पीएचडी के लिए आने वाले छात्र आमतौर से ऐसे लोग होते हैं जिन्होंने अपने लक्ष्य निर्धारित कर लिए होते हैं। मूल्य आधारित शिक्षा तभी दी जा सकती है जब शिक्षका का समाज से संबंध हो। वर्तमान समय में कालेजों के अधिकांश शिक्षक समझते हैं कि वे विशिष्ट वर्ग के हैं। ज्यादा डिग्रियों व सम्मान प्राप्त शिक्षक समाज से पूरी तरह कट जाता है। अतीत में छात्रों को शिक्षकों में अच्छे रोल माडल मिलते थे। लेकिन आज की दुनिया में शिक्षक का जीवन समाज की दयनीय स्थिति के कारण भ्रष्ट हो गया है। आज अधिकांश शिक्षक छात्रों को सही दिशा देने में दिलचस्पी नहीं लेते हैं और केवल एक घंटा लेक्चर देकर या टेस्ट देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। शिक्षक-छात्र संबंध इतने पर ही समाप्त हो जाते हैं।

अच्छा शिक्षक बनने के लिए अच्छा छात्र होना जरूरी है। केवल एक अच्छा छात्र ही बेहतर शिक्षक बन सकता है। अच्छा छात्र बनने के लिए सीखने की प्रक्रिया के प्रति अपनी आंखें और कान खोलना जरूरी है। अच्छे शिक्षक का पीएचडी उपाधि प्राप्त होना जरूरी नहीं है। अधिकांश मामलों में पीएचडी मिलने पर व्यक्ति सीखने की प्रक्रिया पूरी होना मानता है और वह अहंकारी हो जाता है। उनको लगता है कि वे महामानव बन गए हैं और कोई उनसे सवाल नहीं पूछ सकता है। इससे छात्रों की अकादमिक संस्कृति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। विज्ञान शिक्षण में यह दृष्टिकोण छात्रों में सवाल पूछने की प्रकृति नष्ट कर सकता है। अच्छा शिक्षक बनना पीएचडी डिग्री पाने की तुलना में ज्यादा कठिन है। उसे हर छात्र का अकादमिक स्तर समझ कर उसी हिसाब से विषयवस्तु देनी चाहिए। आज उच्च शिक्षा में अच्छे शिक्षकों की कमी है और वही छात्रों में वैज्ञानिक रचनात्मकता पैदा कर सकते हैं। स्कूल शिक्षकों में अनेक शोधकर्ता छिपे होते हैं जिनके पास परास्नातक डिग्री भले ही न हो, पर वे पीएचडी उपाधि धारकों की तुलना में बेहतर शोधकर्ता होते हैं। हमें ऐसे शिक्षकों की संभावनायें खोजनी होंगी। लेकिन पीएचडी उपाधि के अभाव में तथाकथित वैज्ञानिक समुदाय उनको स्वीकार नहीं करेगा। सरकार को ऐसे शिक्षकों को अवसर प्रदान कर उनकी प्रतिभा प्रदर्शित करनी चाहिए। हमें उनके लिए शोधकर्ताओं को दिए जाने वाले शांतिस्वरूप भटनागर पुरस्कार के समकक्ष पुरस्कार तैयार करना चाहिए। समाज को परेशान करने वाली समस्याओं का समाधान तभी हो सकता है जब हम पीएचडी डिग्री से वंचित तथाकथित गैर-वैज्ञानिक लोगों की बौद्धिक क्षमता की पहचान करें। पीएचडी डिग्री को अनावश्यक महत्व देने से विज्ञान की उत्पादकता को नुकसान होता है। विज्ञान का सम्मान किसी के काम से हाना चाहिए, उसकी डिग्री से नहीं। उच्च शिक्षा में हमें अच्छे शिक्षकों की जरूरत है जो नौजवानों को ऊर्जान्वित कर देश में समृद्ध बौद्धिक संपदा पैदा कर सकें।

> आज उच्च शिक्षा में अच्छे शिक्षकों की कमी है और वही छात्रों में वैज्ञानिक रचनात्मकता पैदा कर सकते हैं। स्कूल शिक्षकों में अनेक शोधकर्ता छिपे होते हैं जिनके पास परास्नातक डिग्री भले ही न हो, पर वे पीएचडी उपाधि धारकों की तुलना में बेहतर शोधकर्ता होते हैं। हमें ऐसे शिक्षकों की संभावनायें खोजनी होंगी। लेकिन पीएचडी उपाधि के अभाव में तथाकथित वैज्ञानिक समुदाय उनको स्वीकार नहीं करेगा।

# ओमिक्रान से सबकी सुरक्षा आवश्यक

> पहली वैक्सीन उपलब्ध होने के एक साल बाद भी केवल 6 प्रतिशत अफ्रीकनों का पूर्ण टीकाकरण हुआ है।

**गुइन डायर**
(लेखका वरिष्ठ पत्रकार हैं)



कोविड-19 के नए ओमीक्रान स्वरूप की खोज दक्षिण अफ्रीका और बोट्सवाना के वैज्ञानिकों ने की है। दक्षिण अफ्रीका के इन देशों में ही नए स्वरूप का पता लगाने का कौशल और संसाधन हैं। 23 नवंबर को बोट्सवाना के वैज्ञानिकों ने 99 सार्स कोव-2 जीनोम सीक्वेंस ब्रिटेन के वेलकम सेनगर इंस्टीट्यूट को अपलोड किए थे जो मार्च, 2020 से दर्जनों देशों से ऐसे एक मिलियन से अधिक सीक्वेंसों का क्लियरिंग हाउस संचालित करता है।

उन्होंने देखा कि तीन जीनोम सामान्य डेटा स्वरूपों से अलग थे। उसी दिन दक्षिण अफ्रीका की एक अलग टीम ने सात कोविड नमूनों के जीनोम लोड किए जिनमें मानव कोशिकाओं को संक्रमित करने वाले वायरस के स्पाइक प्रोटीन में वही संदिग्ध परिवर्तन देखे गए। कुछ ही घंटों के भीतर दुनिया में सभी स्थानों के वैज्ञानिकों ने वेब पर इन जीनोमों का अध्ययन किया और 72 घंटे के भीतर डब्लूएचओ ने घोषणा कर दी कि एक पांचवां 'चिन्ताजनक स्वरूप' सामने आ गया है। इसके बाद दुनिया में उत्तर के अमीर देशों ने फौरन अपने दरवाजे दक्षिण अफ्रीका व उसी क्षेत्र के नौ अन्य देशों के लिए बंद कर दिए।

अभी यह भी स्पष्ट नहीं था कि यह स्वरूप पहले कहां सामने आया, पर उनको इसकी चिन्ता नहीं थी। डर्बन के वैज्ञानिक प्रोफेसर टूलियो डी ओलीवियेरा नए स्वरूप के अध्ययन में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका 'वैज्ञानिक सूचना के मामले में अत्यधिक पारदर्शी' है। ऐसे में दुनिया को दक्षिण अफ्रीका तथा अफ्रीका को अलग-थलग या उसके साथ भेदभाव करने के बजाय उनका समर्थन करना चाहिए।' दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने रविवार को यात्रा प्रतिबंध के खिलाफचेतावनी देते हुए कहा कि 'विज्ञान इसके पक्ष में नहीं है, न यह इस स्वरूप का प्रसार रोकने में प्रभावी भूमिका अदा करेगा। यात्रा पर प्रतिबंध से प्रभावित देशों की अर्थव्यवस्थायें और प्रभावित होंगी तथा वैश्विक महामारी से बाहर निकलने की उनकी क्षमता पर असर पड़ेगा।' ऐसे में शुरुआत कहां से होनी चाहिए? हमें इस तथ्य पर ध्यान देना चाहिए कि 'अफ्रीका' कोई एक देश नहीं है। उदाहरण के लिए, दक्षिण अफ्रीका में वैक्सीनों की कोई कमी नहीं है, लेकिन इस अर्ध विकसित देश में वैक्सीनों के प्रति हिचक मुख्य समस्या है। इंटरनेट तक पहुंच काफी है और अधिकारियों के प्रति अविश्वास उससे भी अधिक है। इस कारण दक्षिण अफ्रीका में केवल 27 प्रतिशत लोगों ने ही पूर्ण टीकाकरण करवाया है। इससे नये स्वरूपों के उभरने का खतरा अमीर देशों में भी बढ़ रहा है जहां कोविड वायरस लगातार व्यापक रूप से फैल रहा है।




अधिकांश अफ्रीकन देशों तथा सबसे गरीब एशियाई देशों में भी जोखिम बहुत अधिक है और यह बना रहेगा क्योंकि उनके पास काफी संख्या में वैक्सीनें नहीं हैं। पहली वैक्सीन उपलब्ध होने के एक साल बाद भी केवल 6 प्रतिशत अफ्रीकन ही पूर्ण टीकाकृत हैं। दुनिया में दिसंबर के अंत तक 12 बिलियन वैक्सीन खूराकें तैयार हो चुकी होंगी जो 18 साल से बड़े प्रत्येक वयस्क को टीका देने के लिए काफी हैं। लेकिन मुख्य समस्या इनकी कीमत के कारण है। इस कारण जहां अमीर देशों में स्कूल जाने वाले बच्चों का टीकाकरण हो रहा है तथा वयस्क तीसरी बार टीका लगवा रहे हैं, वहीं दुनिया के दक्षिण में स्थित गरीब देशों में अभी कई बिलियन वयस्कों को एक खूराक भी नहीं मिली है। इस बीच अफ्रीका के पूरे क्षेत्र पर अचानक यात्रा प्रतिबंध लगाने से गरीबों की अर्थव्यवस्था और खराब हो रही है। संदेह है कि वे ओमीक्रान वायरस संक्रमण ला रहे हैं, हालांकि हम जानते हैं कि इसका संक्रमण पहले ही यूरोप और एशिया तक पहुंच गया है तथा अमेरिकी महाद्वीपों में भी यह निश्चित रूप से मौजूद है। ऐसे में इतनी देर में भी सही कदम पूरी दुनिया की ऊर्जा सबसे गरीब देशों को वैक्सीनें देने पर लगनी चाहिए क्योंकि 'कोई भी सुरक्षित नहीं है, जब तक सभी सुरक्षित न हों।'

ऐसा लग रहा है कि ओमीक्रान एक बड़ी समस्या है और यह पहले से भी बड़ी हो सकती है।

## आप की बात

### शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं

**आमजन** वर्तमान में कोरोना महामारी से प्रभावित होकर कहि न कही टूटा ही है। ऊपर से मूलभूत सुविधाओं में जटिलता व महंगाई की काली परछाई ने जीना दूभर कर रखा है। जनता जनार्दन की मूल भूत सुविधाओं में रोटी कपड़ा मकान में तो लोगो को संघर्षरत रहना होता है। परंतु विगत कहि वर्षो से स्वास्थ्य व शिक्षा की व्यवस्थाओं पर भी अधिकतम फीस प्रणाली व अधिक पैसे कमाने की होड़ में सोचने पर विवश कर दिया। अक्सर देखा जाता है कि कई पाठ्यक्रमों की फीस लाखो में होती है। दो जून की कमाई करने वाले लोगो के लिए तो उस मंजिल को पाना लगभग असंभव सा ही है। भले ही बच्चे में टेलेंट क्यो न हो। शिक्षा के मंदिरों में कैरियर की घण्टी उन लोगों को ही सुनाई दिखाई देती है जिनके आय के अतिरिक्त स्त्रोत है। सामान्य लोगों को आजिविका चलाने वाले लोगो को मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चो का करियर महंगी फीस के बोझ के तले ही दब के रह जाता है। इसी प्रकार जन जीवन के अनिवार्य पहलू में स्वास्थ्य सेवाएं है। परंतु वो भी खर्चीली महंगी है। हॉस्पिटलों में जांच , अनुसधान के नाम पर मोटी रकम वसूलने की व बीमारी व मरीज की जान बचाने के एवज में लाखों रुपये के बिल थमने की परम्परा सी निर्मित होती जा रही है।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### इस्लामी जिहाद का बढ़ता आतंक

**पाकिस्तान** में श्री लंकाई नागरिक प्रियंता कुमारा को कथित रुप से कुरान का अपमान करने का आरोप लगा कर तड़पा तड़पा कर कर मार डाला, फिर घसीटते हुए उसके शव के साथ सेल्फीयां लें और उसके बाद उसे जला दिया। बताया जाता है कि वह अपने ऑफिस से निकल रहा था तो कंपनी की दीवार पर उर्दू अरबी में एक अजीब सा पोस्टर दिखा। जिसे उसने कंपनी की दीवार को भद्दा करने के कारण फाड़ दिया। अब यहां उन मुसलमानों का आरोप है कि उस पोस्टर में कुरान की आयतें लिखी थीं। जबकि वास्तविकता यह है किउक्त पोस्टर आतंकी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक का था। जाहिर है श्री लंकाई नागरिक को उर्दू अरबी पढ़नी नहीं आती होगी। इसकी जानकारी उसके मुस्लिम कर्मचारियों को होगी ही। इसके बावजूद उन लोगों ने जिनके भले के लिए वह श्री लंकाई नागरिक काम कर रहा था, उसे तड़पाकर मारने में तनिक भी नहीं हिचकिचाए। अब यह एक ट्रेंड बनता जा रहा है कि किसी भी व्यक्ति, समाज पर पैगंबर या कुरान की बेअदबी का आरोप लगाओ और उसे जिंदा जला डालो या पूरे गांव, शहर को दंगे की आग में झोंक दो। महिलाओं, बच्चियों का बलात्कार करो। बांग्ला देश में यही सब हुए बहुत समय नहीं बीता है।

– **युवराज पल्लव**, हापुड़

### मजबूत परीक्षा प्रणाली

**उप्र** में भर्ती परीक्षाओं में कई वर्षों से पेपर लीक होने की घटनाये हो रही है। 28 नवम्बर शिक्षक पात्रता परीक्षा का पेपर लीक होने और सॉल्वरों के पकड़े जाने से लाखों बच्चो को परीक्षा से वंचित हो जाना पड़ा। सरकार द्वारा पुन: प्रवेश परीक्षा कराने, सभी प्रतिभागियों को मुफ्त परीक्षा केंद्र तक आने की घोषणा के साथ ही पेपर लीक मामले में त्वरित सख्त कार्यवाही का निर्देश दिया। लेकिन पेपर लीक मामले कई बार होने के बावजूद भी कोई प्रभावी कार्यवाही नही हुई। जिसके कारण भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक मामले हुये जो सबसे बड़ी लापरवाही अधिकारियों की ओर इशारा करते है। जिन्होंने स्थाई कदम उठाने की ओर ध्यान नही दिया। प्रदेश में सरकारी प्रेस होने के बावजूद भी भर्ती परीक्षाओं के पेपर निजी प्रेस में छपवाए जा रहे है। गोपनीयता बनाये रखने के लिये सभी सरकारी दस्तावेज सरकारी प्रेस में ही छपवाने की व्यवस्था होनी चाहिये। गोपनीय प्रेस का प्रस्ताव सरकार को वर्ष 2018 में भेजा गया। लेकिन इस पर ध्यान नही दिया गया।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हम** परियोजना के दूसरे चरण में दिल्ली में 1.40 लाख सीसीटीवी कैमरे लगावाने जा रहे हैं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

**अमेरिका** जानता है कि इच्छा होने पर पुतिन यूक्रेन पर आक्रमण करने का क्षमता विकसित कर रहे हैं।

– **एंटोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव





**पीएम** ने कहा कि उनसे गलती हुई और उन्होंने देश से माफी मांगी। गलती के फलस्वरूप 700 लोगों की जान चली गई।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# गहलोत सरकार को नहीं गिराएगी भाजपा

## ● 23 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी : शाह

**भाषा।** जयपुर




**केंद्रीय गृहमंत्री** अमित शाह ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए रविवार को इसे भ्रष्ट, निकम्मी व बैसाखी के सहारे चलने वाली सरकार करार दिया और कहा कि वह केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं में रोड़े अटका रही है। इसके साथ ही भाजपा के केंद्रीय नेताओं पर राज्य की कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने का प्रयास करने के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आरोपों पर पलटवार करते हुए शाह ने कहा, भाजपा आपकी सरकार नहीं गिराएगी बल्कि 2023 में पूर्ण बहुमत से अपनी सरकार बनाएगी।

शाह ने दावा किया कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दो तिहाई बहुमत से सरकार बनेगी। एक दिवसीय दौरे पर जयपुर पहुंचे शाह भाजपा जनप्रतिनिधियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री गहलोत पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा, उनको हमेशा डर रहता है मेरी सरकार गिर जाएगी, मेरी सरकार गिर जाएगी... भईया कौन गिरा रहा है? कोई नहीं गिरा रहा। मगर आप ऐसा क्यों कर रहे हो कि आपके ही लोग भागे जा रहे हैं? वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, भाजपा कभी आपकी सरकार नहीं गिराएगी।

भाजपा 2023 में जनता के सामने जाकर मजबूती के साथ अपना पक्ष रखकर प्रचंड बहुमत के साथ फिर से चुनकर यहां आने वाली है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित कई विधायकों के बागी रुख अपना लेने के कारण अपनी सरकार पर आए राजनीतिक संकट के बाद मुख्यमंत्री गहलोत बार-बार यह आरोप लगाते रहे हैं कि भाजपा के नेताओं ने उनकी सरकार को गिराने का प्रयास किया। अमित शाह ने उपस्थिति जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए आरोप लगाया, इसलिए, मैं आपका आह्वान करने आया हूं कि इसी राजस्थान में निकम्मी व भ्रष्टाचारी अशोक गहलोत सरकार को मूल समेत उखाड़ कर फेंक देना है और यहां पर भाजपा की सरकार बनानी है।

## संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए स्वतंत्र, सशक्त व निष्पक्ष न्यायपालिका जरूरी : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने न्यायपालिका को संविधान की रक्षक बताते हुए रविवार को कहा कि संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए देश की न्यायपालिका का निष्पक्ष, सशक्त और स्वतंत्र होना जरूरी है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जोधपुर में बार काउन्सिल ऑफ राजस्थान के नवनिर्मित अधिवक्ता भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए रविवार को गहलोत ने कहा कि कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका, तीनों ही संवैधानिक जिम्मेदारी से बंधे हुए है और इनमे से एक भी कड़ी कमजोर होती है तो लोकतंत्र कमजोर होता है। अदालतो में लंबित मुकदमों की संख्या और न्यायाधीशों की रिक्तियों पर चिंता जताते हुए गहलोत ने कहा कि न्याय में देरी, न्याय नही मिलने के समान है और इसके समाधान पर राष्ट्रीय स्तर पर चिंतन होना चाहिए। पिछले कुछ साल में न्यायपालिका के समक्ष आई चुनौतियों पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, यह सर्वोच्च सम्मान और गरिमा से जुड़ी सेवा है। इस पर किसी भी तरह की आंच आना उचित नही है। उन्होंने कहा, हमारी न्यायपालिका संविधान की रक्षक है।




पटना में नगर महापालिका के वर्कर कोविड-19 के नए वेरिएंट ओमिक्रान से सुरक्षा के मद्देनजर छिड़काव करते हुए।

## निर्माणाधीन कश्मीर रेलवे में एक और सुरंग को जोड़ने में कामयाबी हासिल

**बनिहाल-जम्मू।** उत्तर रेलवे ने जम्मू कश्मीर के रामबन में बनिहाल के निकट बानकोट में रविवार को कड़ी मशक्कत के बाद एक और सुरंग को जोड़ने में सफलता हासिल की। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। अधिकारियो ने बताया कि इस सुरंग को जोड़ने के साथ ही इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने बनिहाल और खारी सेक्टर के बीच रेलवे सुरंगों की खुदाई का ज्यादातर काम पूरा कर लिया है। कटरा और बनिहाल के बीच 110 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन में कश्मीर रेल परियोजना पर काम चल रहा है और इसके अगले दो वर्षो में पूरा होने की संभावना है। यह परियोजना कश्मीर और देश के बाकी हिस्सो के बीच संपर्क के लिए 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेलवे लाइन का हिस्सा है। एक अधिकारी ने कहा, बानकोट में करीब दो किलोमीटर लंबी सुरंग परियोजना दो हिस्सो में 300 करोड़ रुपए की लागत से बनाई जा रही है।

## मप्र का इंडिया ट्रेवल मार्ट में सहभागिता

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पर्यटन की संभावना को राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटकों से रूबरू कराने हेतु मध्यत प्रदेश टूरिज्मस बोर्ड द्वारा लखनऊ में आयोजित इंडिया ट्रेवल मार्ट में सम्मिलित समस्तत ट्रेवल एजेंटए टूर ऑपरेटरों तथा मीडिया कर्मियों को मध्य प्रदेश में पर्यटन की अपार सम्भावनाओं तथा पर्यटन की दिशा में किये जा रहे नवाचारों से अवगत कराने हेतु सहभागिता दी गई। मध्यहप्रदेश पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों ने इस सन्दहर्भ में बताया कि इस आयोजन में भागीदारी का मुख्ये उद्देश्य राज्यन के पर्यटन आकर्षण एवं संभावनाओ का राष्ट्रींय स्तर पर प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक पर्यटको को राज्यय में पर्यटन हेतु आमंत्रित करना है।मध्या प्रदेश में पर्यटन की अपार सम्भाइवनाये हैए मध्य प्रदेश टूरिज्म? बोर्ड राज्यस में पर्यटन को बढावा देने हेतु सदैव प्रयासरत हैए राज्य की पर्यटन अधोसंरचना व्यैवस्थी को सुदृढ बनाने तथा अधिक से अधिक पर्यटको को राज्य में पर्यटन हेतु आमंत्रित करने के लिए विभिन्नध कार्ययोजनायें बनाई गई है।

## आईआईटी–मद्रास संकाय ने 1400 करोड़ कीमत के स्टार्ट–अप की स्थापना की

**नई दिल्ली।** कचरे से कच्चा तेल बनाने और प्रभावी जल परिवहन समाधान जैसे कुल 94 ऐसे स्टार्ट-अप (कंपनी) है, जिनकी स्थापना आईआईटी (भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान) मद्रास के संकाय सदस्यों ने की है और आज की तारीख में इनका संयुक्त मूल्यांकन।, 400 करोड़ रुपए से अधिक है। अधिकारियों के मुताबिक, आईआईटी संकाय सदस्यों ने पिछले एक दशक में 240 स्टार्ट-अप कंपनियों की स्थापना की या उन्हे स्थापित करने में सलाहकार की अहम भूमिका निभाई और आज इन कंपिनयों का संयुक्त मूल्यांकन 11,500 करोड़ रुपए को पार कर चुका है। आईआईटी मद्रास के संकाय सदस्यों द्वारा इस साल अक्टूबर तक प्रत्यक्ष तौर पर स्थापित की गई कंपनियो की संख्या 94 रही। इनका संयुक्त मूल्यांकन।,400 करोड़ रुपए के पार है जिनमें एंजेल इन्वेस्टर्स और वेंचर कैपिटल फर्म जैसी कंपनियो से कोष जुटाया गया है।

## पत्रकार गिरीश कुबेर पर स्याही फेंकी गई

**नासिक।** महाराष्ट्र में आयोजित किए जा रहे 94वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन में रविवार को एक संगठन के संदिग्ध कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ पत्रकार व लेखक गिरीश कुबेर पर स्याही फेंक दी। सूत्रों ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि इसके पीछे संभाजी ब्रिगेड के कार्यकर्ता थे, क्योंकि वे कुबेर की पुस्तक में छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के बारे में दिए गए कुछ संदर्भों से नाराज थे।

# गोवा चुनाव से पहले, कांग्रेस ने स्थानीय लोगों के भूमि अधिकारों के लिए कानून का वादा किया

**भाषा।** पणजी



**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कहा है कि उनकी पार्टी यदि गोवा में सरकार में आती है तो स्थानीय लोगों के भूमि अधिकारों के संरक्षण के लिए कानून लाएगी। चिदंबरम ने वालपोई विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कानूनी तरीकों से राज्य में लौह अयस्क का खनन पुन: शुरू करेगी। वालपोई से इस समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विश्वजीत राणे विधायक हैं जो गोवा के स्वास्थ्य मंत्री हैं। चिदंबरम अगले साल गोवा में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक हैं। उन्होंने भूमि अधिकारों के लिए स्थानीय लोगों, विशेष रूप से आदिवासियों के प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए कहा, मैं देशभर में भूमि कानूनों को जानता हूं। गोवा में कानून बनाने की गुंजाइश है। चिदंबरम ने कहा कांग्रेस जमीन के संदर्भ में काश्तकारों को संरक्षण प्रदान करने के लिए कानून बनाएगी। उन्होंने कहा, इसे काश्तकारी अधिकार संरक्षण अधिनियम कहा जाता है। काश्तकार जमीन पर पैदावार कर सकता है और उसके बाद, उसका परिवार खेती करता रह सकता है। भारत में ऐसा कानून है। गोवा में इस तरह का कानून लागू किया जाएगा। गोवा में खनन एक समय राजस्व का प्रमुख स्रोत होता था और 2018 में उच्चतम न्यायालय के एक आदेश के बाद से यह रुका हुआ है। चिदंबरम ने इस विषय पर कहा कि खनन बहाल करने का एक कानूनी रास्ता है। उन्होंने विस्तार से जानकारी नहीं दी।

# भ्रष्टाचार ने लोकतंत्र के हृदय को लहूलुहान किया है: नायडू

**भाषा।** नई दिल्ली



उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने रविवार को कहा कि भ्रष्टाचार ने लोकतंत्र के हृदय को लहूलुहान कर रखा है और उन्होंने इसके प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाने की अपील की। उन्होंने भ्रष्टाचार के दोषी असैन्य नौकरशाहों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत कड़ी एवं समयबद्ध कार्वाई की जरूरत पर जोर दिया। नायडू ने नौकरशाहों के भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन पर भी जोर दिया। साथ ही उपराष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि जो अधिकारी उचित कार्वाई करते हैं उन्हें हतोत्साहित नहीं करना चाहिए या उनका उत्पीड़न नहीं किया जाना चाहिए। उपराष्ट्रपति सचिवालय की तरफ से जारी बयान के अनुसार, भ्रष्ट असैन्य नौकरशाहों से कड़ाई से निपटा जाना चाहिए लेकिन हमें जनहित में अधिकारियों को साहसिक फैसले लेने से हतोत्साहित नहीं करना चाहिए। नायडू ने ए बातें पूर्व कैबिनेट सचिव और झारखंड के पूर्व राज्यपाल प्रभात कुमार की पुस्तक के विमोचन के अवसर पर कही।

## आंध्र प्रदेश में कार दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति के निकट इतेपल्ली में रविवार सुबह एक तेज रफ्तार कार के सड़क डिवाइडर से टकरा जाने से उसमें सवार पांच व्यक्तियों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। दुर्घटना उस समय हुई जब वह वाहन डिवाइडर से टकरा गया और सड़क के दूसरी तरफ पलटकर उसमें आग लग गई जिसमें विजयनगरम जिले से 8 लोगों सवार थे। राहगीरों ने आग बुझाई और घायलों को कार से बाहर निकाला गया। हालांकि, पांच व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन अन्य को यहां के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नड्डा ने हिमाचल में एम्स में ओपीडी का उद्घाटन किया

**भषा।** शिमला



**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में एक बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) का उद्घाटन किया।

हिमाचल प्रदेश कोविड-19 टीकों के लिए पात्र शत-प्रतिशत लोगों का पूर्ण टीकाकरण करने वाला देश का पहला राज्य बना है। राज्य की इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए एम्स में आयोजित एक कार्यक्रम से पहले बिलासपुर के रहने वाले नड्डा ने इस ओपीडी का उद्घाटन किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी इस मौके पर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में उन कर्मियों को सम्मानित किया गया और उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया गया, जिन्होंने टीकाकरण मुहिम में अहम भूमिका निभाई है। राज्य के एक अधिकारी ने बताया कि 53,86,393 पात्र वयस्कों को दूसरी खुराक दी जा चुकी है। हिमाचल प्रदेश अगस्त के अंत में अपनी शत-प्रतिशत वयस्क आबादी को टीके की पहली खुराक देने की उपलब्धि हासिल करने वाला भी पहला राज्य बना था। कार्यक्रम के आयोजन से ठीक तीन महीने पहले छह सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य के स्वास्थ्य कर्मियों से डिजिटल माध्यम से संवाद किया था और टीकाकरण में राज्य के प्रयास की सराहना की थी।

## 2014 के लोस चुनाव के बाद इस्तीफा देने की मेरी इच्छा मोदी ने ठुकरा दी थी: देवेगौड़ा

**भाषा।** मांड्या (कर्नाटक)

**पूर्व प्रधानमंत्री** एच. डी. देवेगौड़ा ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए उनका सम्मान तब कई गुना बढ़ गया, जब उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा देने की उनकी इच्छा ठुकरा दी। देवेगौड़ा ने उक्त घटना को याद करते हुए कहा कि उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी को चुनौती दी थी कि यदि भाजपा 276 सीटें जीतकर अपने दम पर सत्ता में आई तो वह लोकसभा से इस्तीफा दे देंगे। देवेगौड़ा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैंने उनसे कहा था कि अगर आप 276 सीटें जीतते हैं तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। आप दूसरों के साथ गठबंधन करके शासन कर सकते हैं, लेकिन अगर आप अपने दम पर 276 सीटें जीतते हैं, तो मैं (लोकसभा से) इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा अपने दम पर सत्ता में आई, जिसके बाद उन्हें अपने किए वादे को पूरा करने की इच्छा हुई। जद(एस) संरक्षक ने याद करते हुए कहा कि जीत के बाद, मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। देवेगौड़ा ने कहा कि समारोह समाप्त होने के बाद, उन्होंने मोदी से मिलने का समय मांगा, जिसके लिए वह सहमत हो गए।

# नक्सलियों ने रोड रोलर में लगाई आग

**भाषा।** भोपाल-बालाघाट

## ● गढ़ चिरौली मुठभेड़ के खिलाफ 10 दिसंबर को किया बंद का ऐलान

**महाराष्ट्र** के गढ़चिरौली में पिछले महीने पुलिस के साथ मुठभेड़ में अपने सहयोगियों के मारे जाने के विरोध में नक्सलियों ने मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में निर्माण कार्य में लगे एक रोड रोलर को आग के हवाले कर दिया और 10 दिसंबर को तीन राज्यों मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में बंद रखने का ऐलान किया है। यह जानकारी पुलिस ने रविवार को दी है। यह घटना बालाघाट जिले के कोरका गांव के पास शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात को हुई। बालाघाट जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि बिरसा थाना अंतर्गत मछुरदा चौकी के कोरका गांव के पास देवरबेली रोड में 18 से 20 नक्सलियों ने शुक्रवार-शनिवार रात करीब 12 बजे सड़क निर्माण में लगे एक रोड रोलर को आग के हवाले कर दिया।

उन्होंने कहा, अपने साथियों की मौत से बौखलाए नक्सलियों ने सड़क निर्माण में लगे वाहन में आग लगाई है। तिवारी ने बताया, मौके से कुछ पर्चे भी मिले हैं, जिसमें 10 दिसंबर को छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश बंद रखने का जिक्र है।

बालाघाट जिले के बैहर इलाके के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) आदित्य प्रताप मिश्रा ने बताया कि घटनास्थल के पास नक्सलियों ने लाल रंग के बैनर के साथ कुछ पर्चे भी छोड़े हैं, जिसमें अपने साथियों की मौत के विरोध में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में बंद रखने के साथ सरकारी कार्य नहीं करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इलाके में तलाश तेज कर दी है और इसके लिए12 पुलिस पार्टियां तैनात की गई हैं। घटनास्थल के पास नक्सलियों ने रस्सी की मदद से लाल रंग का बैनर बांधा है।

# अन्नाद्रमुक में तकरार से जयललिता की पुण्यतिथि के कार्यक्रम में खलल

**भाषा।** चेन्नई



पूर्व सीमए जयललिता को श्रद्धांजलि देते अन्नाद्रमुक के नेता

**अन्नाद्रमुक की** पूर्व प्रमुख जयललिता की पुण्यतिथि पर रविवार को यहां हुए कार्यक्रम में पार्टी नेतृत्व पर दावा केंद्र बिंदु में रहा। तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी पार्टी का नेतृत्व कर रहे ओ. पनीरसेल्वम और के. पलानीस्वामी ने कहा कि यह किला है जिसे कोई भी नहीं हिला सकेगा। वी. के. शशिकला के समर्थकों ने उन्हें जयललिता का राजनीतिक वारिस बताया और उनके भतीजा टीटीवी दिनाकरण नीत अम्मा मक्कल मुनेत्र कझगम (एएमएमके) ने लोकतांत्रिक तरीके से अन्नाद्रमुक को हासिल करने का संकल्प जताया। तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री की पांचवीं पुण्यतिथि पर कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई जब दिनाकरण के समर्थकों ने के. पलानीस्वामी सहित अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेताओं का कथित तौर पर घेराव करने का प्रयास किया। साथ ही दिनाकरण के समर्थकों और अन्नाद्रमुक के कार्यकर्ताओं के बीच संघर्ष भी हुआ जब दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। उस वक्त पुलिसकर्मियों ने उनमें से कुछ को वहां से अलग हटाया। ओ. पनीरसेल्वम और के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में अन्नाद्रमुक के कार्यकर्ता जयललिता के स्मारक पर इकट्ठा हुए और बांटों एवं राज करो के षड्यंत्र के माध्यम से दुश्मनों को नहीं जीतने देने की बात कही। पनीरसेल्वम द्वारा इस मौके पर अन्नाद्रमुक की प्रतिज्ञा को पढ़ा गया जिसे वहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने दोहराया। पार्टी ने प्रतिज्ञा में कहा कि अन्नाद्रमुक एक किले की तरह है जिसे कोई भी नहीं हिला सकता चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों नहीं हो। इसमें पार्टी को एकजुट रखने एवं उसकी रक्षा करने का संकल्प भी व्यक्त किया गया।

## क्विक न्यूज

### परमबीर सिंह व्हिसलब्लोअर नही, तबादले के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई: महाराष्ट्र सरकार

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह को कानून के तहत व्हिसलब्लोअर नही माना जा सकता, क्योंकि उन्होंने अपने तबादले के बाद ही पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलने का फैसला किया। राज्य सरकार ने साथ ही, परमबीर सिंह की याचिका को खारिज करने का भी न्यायालय से अनुरोध किया। न्यायमूर्ति एस के कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने गत 22 नवंबर को सिंह को बड़ी राहत देते हुए महाराष्ट्र पुलिस को उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों में उन्हें गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया था और आश्चर्य जताते हुए कहा था कि जब पुलिस अधिकारियो और जबरन वसूली करने वालो के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए उनका (सिंह का) पीछा किया जा रहा है, तो एक आम आदमी का क्या होगा। महाराष्ट्र सरकार ने पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने और राज्य सरकार द्वारा किसी भी दंडात्मक कार्वाई पर रोक लगाने संबंधी परमबीर सिंह की याचिका खारिज करने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में एक जवाबी हलफनामा दायर किया और कहा कि पूर्व शीर्ष पुलिस अधिकारी के खिलाफ आपराधिक मामलों में चल रही जांच में हस्तक्षेप नही किया जाना चाहिए।

### अंतरधार्मिक प्रार्थना रैली का उद्घाटन, रविशंकर ने सभी धर्मों एवं देशों से एकजुट होने को कहा

**नई दिल्ली।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर समेत दुनियाभर के धार्मिक नेताओं ने कोरियाई प्रायद्वीप के शांतिपूर्ण पुनः एकीकरण के लिए रविवार सुबह आयोजित वैश्विक अंतरधार्मिक प्रार्थना रैली मे भाग लिया। यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, रविशंकर ने वीडियो संदेश के जरिए रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया के सभी धर्मों और देशों को शांति के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। इसमें कहा गया कि मदर ऑफ पीस के नाम से जानी जाने वाली कोरियाई नेता हाक जा हान मून द्वारा रविवार सुबह साढ़े पांच बजे आयोजित 10 लाख लोगों की इस रैली के लिए दुनिया के विभिन्न धर्मों के नेता एकजुट हुए। यूनिवर्सल पीस फेडरेशन की संस्थापक मदर ऑफ पीस और रविशंकर समेत विभिन्न धार्मिक नेताओं ने इस रैली को संबोधित किया। रविशंकर ने कोरिया के पुनः एकीकरण के लिए यूनिवर्सल पीस फेडरेशन और इसकी संस्थापक मदर ऑफ पीस एवं उनके पति सुन म्यून मून के प्रयासो की सराहना की तथा कहा, जब विविधता में सद्भावना होती है, तो शांति स्थापित होती है और यही समय की आवश्यकता है। संस्कृतियो एवं धार्मिक नेताओं को एकजुट होना होगा तथा विविधता का जश्न मनाना होगा।

### हिंसा छोड़ने वाले युवाओं को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए सरकार रोडमैप के साथ तैयार : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि हिसा छोड़कर मुख्यधारा मे लौटने वाले उग्रवादियो को समाज में शामिल किया जाए। एक सरकारी बयान में यहां कहा गया है कि उन्होंने वापस आए युवाओ से एक बार फिर शांति का रास्ता छोड़ने के लिए किसी भी वादे या बहकावे में नही आने का आग्रह किया। तामुलपुर में एनडीएफबी के पूर्व कैडरो के पुनर्वास पैकेज के एक हिस्से के रूप में आर्थिक लाभ वितरण समारोह को संबोधित करते हुए सरमा ने कहा कि राज्य सरकार ने असम के सर्वांगीण विकास के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया है।

### बचपन के विनियमन के लिए दल एक साथ आये

**वाराणसी।** बचपन में मोटापे की जांच के लिए पैकेज्ड उत्पादों पर फ्रंट ऑफ पैकेट लेबलिंग विनियमों पर तत्काल नीतिगत कार्रवाई के लिए अपना अभियान जारी रखा है। पीपुल्स विजिलेंस कमेटी ऑन ह्यूमन राइट्स, पीपुल्स इनिशिएटिव फॉर पार्टिसिपेटरी एक्शन ऑन फूड लेबलिंग और कॉमन मैन ट्रस्ट के समर्थन से सावित्री बाई फूले महिला पंचायत और बुनकर दस्तकार अधिकार मंच और सेंटर फॉर हार्मोनी एंड पीस ने भारत में कुपोषण के दोहरे बोझ के मद्देनज़र पैकेज फूड लेबलिंग के माध्यम से बच्चों के पोषण अधिकारों पर एक सार्वजनिक संवाद का आयोजन वाराणसी के में किया गया। भारत में एक फ्रंट ऑफ पैकेट लेबलिंग विनियमन के आधार पर होना चाहिए इसके लिए हमारी संस्था ने प्रधानमंत्री को उनके जन्मदिन पर पत्र लिखकर एक मजबूत माध्यम से भारत के बच्चों के स्वास्थ्य उपहार दिया जाए इसकी पैरवी किया है । इस सन्दर्भ में प्रधानमंत्री कार्यालय ने स्वास्थ्य मंत्रालय को कार्यवाही के लिए पत्र प्रेषित कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय में भी इस पर कार्यवाही शुरू कर दिया है। सावित्रीबाई फुले महिला की संयोजिका श्रुति नागवंशी और कार्यक्रम निदेशिका शिरीन शबाना खान द्वारा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को शिकायत किया इस याचिका को संज्ञान में लेते हुए माननीय आयोग ने स्वास्थ्य सचिव, भारत सरकार से चार सप्ताह के भीतर जवाब माँगा है।

### राम मंदिर से संवरेगा भारत : महामंत्री भाजपा

**नई दिल्ली।** अयोध्या में एकत्रित रामभक्त कारसेवकों ने गुलामी के प्रतीक बाबरी ढांचे का ध्वंस कर दिया। यह ऐतिहासिक घटना भारत सहित विश्व को आश्चर्यचकित करने वाली थी। पर राम मंदिर बनेगा तो भारत संवरेगा। ये बाते महामंत्री भाजपा शिव प्रकाश ने कही। उन्हांने कहा कि हिंदू समाज के मन में लंबे समय से यह पीड़ा थी कि उनके आराध्य देव के स्थान पर भगवान श्री राम की महिमा के अनुरूप मंदिर नहीं है। इसी पीड़ा के परिमार्जन के लिए सैकड़ों वर्षो से श्री राम जन्म भूमि की मुक्ति का संघर्ष चल रहा था। देश भर के सभी आस्थाओं से जुड़े संत समाज, राजा-महाराजाओं सहित सामान्य राम भक्त जनता की आहुति से यह यज्ञ पूर्ण हुआ द्य विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में चलने वाले आंदोलन की व्यापकता से संपूर्ण देश परिचित ही है । माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद यह मुद्दा अपने निर्णायक पड़ाव पर पहुंचाद्य अब वहां भगवान श्री राम की महिमा के अनुरूप भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। जिसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सरसंघचालक डॉ मोहन राव भागवत, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अनेक संतो एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुआ । भारत के स्वाभिमान एवं आस्थाओं को कुचलने का कार्य किया। देशभर में विखंडित असंख्य आस्था के प्रतीक इन प्रसंगों की याद दिलाते हैं । लगातार संघष, कभी जय, कभी पराजय का दुष्परिणाम हुआ कि समाज अपना स्वाभिमान खोता गया। हिंदू समाज को उसके अतीत के गौरव को भुलाने के लिए बौद्धिक जगत में सुनियोजित षड़यंत्र भी हुए । स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जो स्वाभिमान जागरण का कार्य होना चाहिए था उसके स्थान पर गुलामी की मानसिकता से युक्त इतिहास शिक्षा के माध्यम से नई पीढ़ी को पढ़ाया जाता रहा ।

### ईंधन पर वैट कम करें टीएमसी सरकार: बंगाल भाजपा

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल ईकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार को पेट्रोल और डीजल पर लगाए जाने वाले मूल्य वर्धित कर (वैट) को तुरंत कम कर देना चाहिए जैसा कि कई राज्यों ने किया है। बांकुड़ा जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए मजूमदार ने कहा कि टीएमसी सरकार की दिलचस्पी शराब की कीमतों को कम करके केवल शराबियों को राहत देने में है। उन्होने कहा, कुछ राज्यों में सरकार ने ईंधन की कीमत 12 रुपए तक कम कर दी है। कांग्रेस शासित कई राज्यों ने भी वैट कम कर दिया है लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार इस मामले पर चुप है और आम आदमी को कोई राहत नही दे रही है।

# कांग्रेस के बिना भाजपा के खिलाफ कोई विपक्षी गठबंधन संभव नहीं: सीएम बघेल

**भाषा।** नई दिल्ली



**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि वह अपनी पार्टी को भाजपा से लड़कर मुख्य विपक्षी दल बनाना चाहती हैं या फिर विपक्ष से लड़कर यह करना चाहती हैं। उन्होंने साक्षात्कार में यह भी कहा कि कांग्रेस विपक्ष का मुख्य स्तंभ है और उसके बगैर भाजपा के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर कोई मोर्चा संभव नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बघेल ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) में शामिल दल और इस गठबंधन की प्रमुख सोनिया गांधी मिलकर तय करेंगे कि अगले लोकसभा चुनाव में विपक्ष का चेहरा कौन होगा। उन्होंने यह टिप्पणी उस वक्त की है जब पिछले दिनों ममता बनर्जी और चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कांग्रेस एवं उसके शीर्ष नेतृत्व पर सवाल खड़े किए थे। ममता ने कहा था कि अब संप्रग जैसी कोई चीज नहीं है। किशोर ने कहा था कि कांग्रेस जिस विचारधारा और राजनीति का प्रतिनिधित्व करती है, वह अहम है, लेकिन उसका नेतृत्व किसी व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार नहीं है।

ममता और किशोर की टिप्पणियों पर बघेल ने कहा, कांग्रेस एकमात्र पार्टी है जो सब जगह है और भाजपा के साथ सीधी लड़ाई में है। हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तराखंड और कई ऐसे राज्य हैं जहां भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज की तारीख में यह नहीं लगता कि भाजपा के खिलाफ कांग्रेस के बिना कोई राष्ट्रीय मोर्चा बन सकता है। यह पूछे जाने पर कि क्या आगे कांग्रेस ही विपक्षी गठबंधन का मुख्य स्तंभ होगी, उन्होंने कहा, वह तो है ही। कश्मीर से लेकर केरल तक की बात करें तो हर जगह कांग्रेस का अस्तित्व है। हर जगह दूसरे विपक्षी दलों का अस्तित्व कहां है।

किशोर पर निशाना साधते हुए बघेल ने कहा, प्रशांत किशोर पैसे के लिए काम करते हैं। वह एक पेशेवर आदमी हैं। प्रशांत किशोर अब बताएं कि किसके लिए काम कर रहे हैं? क्या वह किसी राजनीतिक दल के साथ जुड़े हैं कि वह ऐसी टिप्पणी करेंगे? क्या भाजपा के लिए काम कर रहे हैं या ममता बनर्जी के लिए काम कर रहे हैं? उन्हें स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी जी से भी यह कहना चाहता हूं कि आप मुख्य विपक्षी दल बनना चाहती हैं, बहुत अच्छी बात है। आप यदि कोई योजना बनाकर और सपना पालकर आगे बढ़ना चाहती हैं तो सब स्वागत करेंगे। लेकिन सवाल यह है कि आप सत्ता पक्ष से लड़कर मुख्य विपक्षी दल बनना चाहती हैं या फिर जो विपक्ष में है उससे लड़कर मुख्य विपक्षी दल बनना चाहती हैं?

## जेएनवी में 59 छात्रों समेत 69 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए

**चिकमंगलुरू।** कर्नाटक के चिकमंगलुरू में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कोरोना वायरस से के कम से कम 69 लोग संक्रमित पाए गए हैं। संक्रमितों में 59 विद्यार्थी हैं। किसी भी संक्रमित में संक्रमण का कोई लक्षण नहीं है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा एस एन उमेश ने बताया, हमने जवाहर नवोदय विद्यालय में 457 लोगों की जांच की, जिसमें से 59 विद्यार्थी एवं दस कर्मचारी संक्रमित पाए गए हैं। संक्रमित पाए गए किसी भी मरीज में बीमारी का कोई लक्षण नहीं है, फिर भी हमने उन्हें पृथक कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि सभी लोगों की जांच रिपोर्ट यहां प्राप्त हुई और इसमें से 69 संक्रमित पाए गए। उमेश ने यह भी कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का टीकाकरण किया जा चुका है। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि जिला प्रशासन ने स्कूल को अस्थाई तौर पर सील कर दिया गया है तथा चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल कर्मचारियों को वहां तैनात कर दिया गया है।



चेन्नई में बेसंत नगर बीच पर अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी।

# कांग्रेस विप का चुनाव धनबल से जीतने की कोशिश कर रही : बोम्मई

**भाषा।** बेंगलुरु



**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस जनता का समर्थन खो चुकी है, इसलिए 10 दिसंबर को विधान परिषद के लिए होने वाले चुनावों को धनबल की मदद से जीतने का प्रयास कर रही है। भाजपा द्वारा अट्टीबेले में आयोजित विजय संकल्प सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोम्मई ने कहा, कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए किसी भी हद तक जाने के स्तर पर पहुंच चुकी है।

नोटों की थैली देने वालों को उसने प्रत्याशी बनाया है और उन्हें पार्टी के लिए बड़ी राशि देने को कह रही है। कांग्रेस का नैतिक पतन स्पष्ट है। जनता को कांग्रेस को उसका सही स्थान दिखाना चाहिए, क्योंकि वह अनैतिक रूप से रुपयों के बल पर चुनाव जीतने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के इस आरोप पर कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए हमेशा धनबल और बाहुबल का इस्तेमाल करती है, पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री बोम्मई ने कहा कि कांग्रेस रुपए बांटने में संलिप्त है।

उन्होंने कहा, आप किस नैतिकता की बात करना चाहते हैं जब आपने चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का चयन करने के लिए रुपए लिए? आप (सिद्धरमैया) जब सत्ता में थे तो ग्राम पंचायतों की परवाह नहीं की। वर्ष 2017 के चुनाव से पहले एक लाख घर लाभार्थियों के सुपुर्द करने का वादा, खोखला ही रहा।

## कांग्रेस अगले 25 साल तक विपक्ष में बैठेगी : एदियुरप्पा

**कामराजनगर।** देश भर में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जबरदस्त लहर होने का दावा करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता बी एस एदियुरप्पा ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी के पक्ष में जन समर्थन है और कांग्रेस अगले 25 साल तक विपक्ष में ही बैठेगी। एदियुरप्पा ने संवाददताओं से कहा, देश में भाजपा के पक्ष में लहर है। कांग्रेस लोकसभा में अगले 25 साल तक विपक्ष में बैठी रहेगी। कर्नाटक में कांग्रेस किसी तरह सांस ले रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास के मोर्चे पर विफल रहे हैं। संवाददाताओं द्वारा इस बारे में पूछे जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जवाब दे रहे थे। एदियुरप्पा ने कहा कि जब पूरी दुनिया मोदी की तारीफ कर रही है तो कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के तौर पर खड़गे को जिम्मेदारीपूर्वक बोलना चाहिए। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, गुलाम नबी आजाद ने कहा है कि अगली बार कांग्रेस नहीं बल्कि भाजपा सत्ता में आएगी।

# नदी जोड़ो परियोजना को गति देने के लिए बजटीय आवंटन प्राधिकार के गठन का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सरकार देश में पिछले कुछ वर्षों में नदी जोड़ो परियोजनाओं के अटके कार्यों को गति प्रदान करने में जुटी है और इस उद्देश्य से बजटीय आवंटन की व्यवस्था करने के साथ प्रक्रियागत विषयों की देखरेख के लिए राष्ट्रीय नदी जोड़ो प्राधिकार (नीरा) का गठन करने जा रही है। वित्त वर्ष 2021-22 के अनुदान की अनुपूरक मांग के दूसरे बैच (खंड) के दस्तावेज के अनुसार, सामान्य सहायता अनुदान योजना के तहत नदियों को जोड़ने की परियोजनाओं संबंधी व्यय के लिए संसद से 4,300 करोड़ रूपए की मंजूरी मांगी गई है।

सूत्रों ने भाषा को बताया, पिछले महीने जल शक्ति मंत्री की अध्यक्षता में नदी जोड़ो परियोजना पर विशेष समिति की बैठक हुई थी जिसमें , राज्यों के जल संसाधन मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया था। इस बैठक में राष्ट्रीय नदी जोड़ो प्राधिकार (नीरा) के गठन के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। नीरा एक स्वायत्त निकाय होगा जो राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में नदी जोड़ो परियोजना एवं राष्ट्रीय महत्व की अन्य परियोजनाओं के संबंध में कार्ययोजना बनाने, जांच करने, वित्त पोषण और इन्हें लागू करने से जुड़े विषयों की देखरेख करेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय नदी जोड़ो प्राधिकार की अध्यक्षता भारत सरकार में सचिव स्तर के अधिकारी करेंगे और इसका मुख्यालय दिल्ली में होगा। यह नदी जोड़ो परियोजना को लेकर केंद्र एवं राज्यों के बीच सेतु का काम करेगा।

सूत्रों ने बताया, प्रस्तावित निकाय पड़ोसी देशों एवं संबंधित राज्योंाविभागों के साथ समन्वय तथा आमसहमति बनाने का काम करेगा। नीरा सभी नदी जोड़ो परियोजनाओं के लिए एक छतरी का काम करेगी और सभी नदी जोड़ो परियोजना के लिए अपनी-अपनी विशेष उद्देशीय कंपनी (एसपीवी) होगी। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण (एनडब्ल्यूडीए) को 10 राज्यों से अंतर राज्ईय नदियों को जोड़ने के संबंध में 49 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं इनमें से 37 पर साध्यता पूर्व रिपोर्ट पूरी हो चुकी है। इन राज्यों में महाराष्ट्र, गुजरात, झारखंड, ओडिशा, बिहार, राजस्थान, तमिलनाडु, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इनमें से चार नदी जोड़ो परियोजना के संबंध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। इनमें बिहार की बुढ़ी गंडक-नून-बाया-गंगा तथा कोसी-मेछी लिंक परियोजना, तमिलनाडु की पोनियार-पालार लिंक परियोजना तथा महाराष्ट्र की वेनगंगा-नालगंगा लिंक परियोजना शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि इन चार अंतर राज्ईय नदी जोड़ो परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को संबंधित राज्यों को भेज दिया गया है।

## क्विक न्यूज

### भाजपा 2022 में बड़ी विजय के साथ सत्ता में लौट रही है : कौशिक

**देहरादून।** भाजपा की उत्तराखंड इकाई के अध्यक्ष मदन कौशिक ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल की रैली मे उमड़ी भीड़ ने स्पष्ट संदेश दिया है कि 2022 मे एक बड़ी विजय के साथ पार्टी सत्ता मे लौट रही है। प्रदेश मे आसन्न विधानसभा चुनावों से पहले हुई प्रधानमंत्री की रैली को सफल बताते हुए कौशिक ने कहा, रैली में उमड़ी अपार भीड़ ने संदेश दिया है कि 2017 से बड़ी विजय के साथ 2022 मे पुनः डबल इंजन की सरकार इस राज्य मे बन रही है। पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा को 70 सीटों में से 57 सीटें प्राप्त हुई थी। प्रधानमंत्री द्वारा शनिवार को उत्तराखंड के लिए 18,000 करोड़ रुपए से अधिक की विकास योजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य मे भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने विकास कार्यों को और तेज कर प्रदेश की तस्वीर बदलने का काम किया है। डबल इंजन सरकार के काम जमीनी स्तर पर दिख रहे है और इस कारण कांग्रेस के पास सरकार के खिलाफ बोलने को कुछ नही है। रैली की सफलता को देखकर कांग्रेस के लोग घबरा गए है और उनमे भय का वातावरण बना हुआ है।

### सुरक्षित हाथों में है राष्ट्रीय सुरक्षा : गुरमीत सिंह

**कपूरथला (पंजाब)।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सुरक्षित हाथो मे है, जो किसी भी बाहरी खतरे से देश की रक्षा कर सकती है। उन्हें भारतीय राजनीति में इस बदलाव का गवाह बनने पर गर्व है, जहां राष्ट्रीय सुरक्षा व राष्ट्रीय भावनाओ को प्राथमिकता दी जा रही है और देश के लिए सख्त फैसले लिए जा रहे है। राज्यपाल अपने पूर्व विद्यालय सैनिक स्कूल कपूरथला मे पूर्व छात्र सम्मेलन मे शामिल होने के लिए यहां पर थे। उन्होंने सैनिक स्कूल के पूर्व छात्र रहे कमांडिंग अफसर कर्नल संतोष बाबू द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान की सराहना करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। कर्नल बाबू पिछले साल जून मे पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी मे चीन के हमले मे अपने जवानो का नेतृत्व करते हुए शहीद हो गए थे। सिंह ने कहा कि यह विद्यालय के लिए गौरव की बात है कि उसका कैडेट उत्तराखंड का राज्यपाल बना है। केंद्र ने देश भर मे सैनिक स्कूलो की संख्या 33 से बढ़ाकर 100 करने का फैसला लिया है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी मे शामिल होने से पहले सिंह ने 1967 से 1973 तक इसी विद्यालय मे पढ़ाई की थी।

### चक्रवात जवाद के अवशेषों के चलते ओडिशा में भारी बारिश

**भुवनेश्वर।** कमजोर होकर गहरे दबाव मे बदले चक्रवात जवाद के अवशेषो के तटीय इलाकों के पास पहुंचने की वजह से ओडिशा के कुछ हिस्सो मे रविवार को भारी बारिश हुई। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग कार्यालय ने पूर्वाह्न 11 बजकर 30 मिनट पर जारी एक बुलेटिन मे कहा कि तूफान पिछले छह घंटों में 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ा और पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर तथा ओडिशा के गोपालपुर से 90 किमी, पुरी से 120 किमी और पारादीप से 210 किमी दूर है। इसके उत्तर-पूर्वोत्तर की ओर बढ़ने, और अधिक कमजोर होकर दबाव के क्षेत्र मे बदलने तथा पुरी के निकट ओडिशा तट पर पहुंचने की संभावना है। तूफान के उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर ओडिशा तट के साथ पश्चिम बंगाल तट की ओर बढ़ने और मध्यरात्रि के आस-पास निम्न दबाव वाले क्षेत्र मे बदलकर कमजोर होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के अधिकतर जिलो मे इस दौरान बारिश हुई। मौसम विभाग के बुलेटिन के मुताबिक, गंजाम, खुर्दा, पुरी, केंद्रपाड़ा और जगतसिंहपुर मे भारी से बहुत भारी बारिश हुई। गंजाम जिले के खलीकोट मे 158 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद नयागढ़ (107.5 मिमी), छत्रपुर (86.6 मिमी) और भुवनेश्वर मे 42.3 मिमी बारिश हुई। यह बारिश रविवार शाम तक जारी रहेगी और धीरे-धीरे राज्य के उत्तरी क्षेत्र मे स्थानांतरित हो जाएगी क्योंकि चक्रवात का अवशेष पश्चिम बंगाल की ओर बढ़ रहा है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने मछुआरों पर पत्थर, बोतलें फेंकी

**रामेश्वरम (तमिलनाडु)।** श्रीलंकाई नौसैनिको ने कच्चातीवू के निकट मछली पकड़ने के दौरान भारतीय मछुआरो को भगाने के लिए पत्थर और बोतले फेंकी, जिससे 10 से अधिक नावो को कुछ नुकसान हुआ। कथित घटना के बाद यहां लौटे मछुआरो ने रविवार को यह वाकया बताया। रामेश्वर मछुआरा संघ के अध्यक्ष देवदॉस ने बताया कि यहां से लगभग 4,000 मछुआरे चार दिसंबर को 500 से अधिक नावो मे मछली पकड़ने के लिए निकले थे और जब वे कच्चातीवू द्वीप पर मछली पकड़ रहे थे, श्रीलंकाई नौसैनिक चार नावो मे वहां पहुंचे और उन पर पत्थर और बोतले फेंकी।

### पेंढरकर ने सेना की वज्र डिविजन के जीओसी के रूप में पदभार संभाला

**श्रीनगर।** मेजर जनरल अभिजीत एस पेंढरकर ने रविवार को सेना की विशिष्ट वज्र डिविजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) के रूप मे पदभार संभाला। प्रवक्ता के अनुसार वह मेजर जनरल वीएमबी कृष्णन का स्थान लेगे, जिन्हे काउंटर-इंसर्जेंसी जंगल वारफेयर स्कूल , वैरेंगटे के कमांडेंट के रूप मे नियुक्त किया गया है। मेजर जनरल पेंढरकर को नौ जून 1990 को आईएमए, देहरादून से असम रेजिमेंट की छठी बटालियन मे शामिल किया गया था।



कोलकाता में भारतीय नेवी के शिप संधायक के लांच के मौके पर केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट व अन्य अधिकारी

# भारत अब दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम: भट्ट

**भाषा।** कोलकाता

**केंद्रीय** रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने रविवार को कहा कि भारत 1962 से काफी आगे निकल चुका है, जब उसने चीन के साथ युद्ध किया था, आज देश हर क्षेत्र में अपने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। भट्ट ने कहा कि देश का हर कोना जल, थल और वायु में प्रभावी ढंग से सुरक्षित है। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बिना कहा, हम हर क्षेत्र में अपने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं। कभी 62 था और अब हम वर्तमान युग में हैं। 1962 के चीन-भारत युद्ध में असफलता का सामना करने वाली भारतीय सेना ने हाल के वर्षों में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के साथ कई मौकों पर आमना-सामना किया है।

भट्ट कोलकाता में डिफेंस पीएसयू गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड द्वारा निर्मित स्वदेशी हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण पोत के जलावतरण के अवसर पर बोल रहे थे। जीआरएसई सूत्रों ने कहा कि ए सर्वेक्षण पोत बंदरगाहों और हार्बर पहुंच के तटीय तथा गहरे पानी के हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण और नौवहन चैनलों एवं मार्गों के निर्धारण में सक्षम हैं। इसके अलावा, ए पोत समुद्री सीमाओं का सर्वेक्षण कर सकते हैं और रक्षा अनुप्रयोगों के लिए समुद्र संबंधी और भौगोलिक डेटा का संग्रह कर सकते हैं। भट्ट ने कहा कि चाहे थल सेना हो, वायु सेना या नौसेना, सभी चौबीसों घंटे सतर्क रहती हैं और देश की सीमाएं उनके हाथों में सुरक्षित हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार और देश की जनता हमेशा उनके साथ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, सरकार ने देश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने और उत्पादों के अधिक स्थानीयकरण के वास्ते एक समर्पित रक्षा उत्पाद गलियारे की कल्पना की है।

## ओमीक्रोन खतरा : तेलंगाना ने निगरानी प्रणाली मजबूत की

**हैदराबाद।** तेलंगाना कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन को लेकर बढ़ रही चिंताओं के बीच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर निगरानी प्रणाली और मजबूत कर रहा है। जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने रविवार को दी। अब तक तेलंगाना में ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमण के किसी मामले की जानकारी नहीं मिली है। हैदराबाद या तेलंगाना में वायरस के नए स्वरूप के मिलने पर आश्चर्य नहीं होगा। तेलंगाना सरकार संभावित कोविड-19 की तीसरी लहर से निपटने की तैयारी कर रही है और साथ ही टीकाकरण का विस्तार कर रही है। जन स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. श्रीनिवास राव ने संवाददाताओं को बताया, नए ओमीक्रोन स्वरूप के मद्देनजर हमने यहां के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपनी निगरानी प्रणाली मजबूत की है। एक दिसंबर से अब तक खतरे वाले देशों से 979 यात्री हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे जिनमें से शनिवार को 70 अंतरराष्ट्रीय यात्री आए।

## मुंबई एनसीबी ने इंदौर में छापेमारी कर एक किलो चरस जब्त की, कैब चालक गिरफ्तार

**मुंबई।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की मुंबई क्षेत्रीय इकाई ने एक अंतरराज्ईय अभियान के तहत रविवार को मध्य प्रदेश के इंदौर में छापेमारी करके करीब एक किलो चरस जब्त की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कुख्यात मादक पदार्थ डीलर बबलू पटरी द्वारा संचालित एक गिरोह के सदस्यों को मुंबई में मादक पदार्थ पहुंचाने की योजना थी। पटरी फिलहाल जेल में है। एनसीबी ने बाद में इस सिलसिले में मुंबई के कुर्ला से एक कैब चालक को हिरासत में लिया। एनसीबी के एक अधिकारी ने बताया, गुप्त सूचना मिली थी कि इंदौर से मुंबई में उच्च गुणवत्ता वाले चरस की डिलीवरी होने की संभावना है, जिसके आधार पर यह छापेमारी की गई। पटरी के करीबी सहयोगी तौफीक को डिलीवरी लेनी थी, लेकिन ऐसा होने से पहले एनसीबी ने छापेमारी कर मादक पदार्थ जब्त कर लिया।

जांच के दौरान पता चला कि तौफीक इंदौर में मौजूद गिरोह के संपर्क में था, लेकिन उनसे संपर्क करने के लिए एक कैब चालक के मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहा था। यहां उपनगर कुर्ला का रहने वाला तौफीक मध्य प्रदेश शहर में एनसीबी की छापेमारी की जानकारी पाकर फरार हो गया। उन्होंने कहा कि तौफीक जिस कैब चालक शोएब कुरैशी के फोन का इस्तेमाल कर रहा था, उसे कुर्ला में हिरासत में ले लिया गया, लेकिन प्रारंभिक जांच से पता चला है कि वह गिरोह से जुड़ा नहीं था।

अधिकारी ने कहा कि पटरी राष्ट्रीय स्वापक औषधि एवं मन-प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में जेल में है, जबकि तौफीक उसके लिए काम करता था। उन्होंने कहा कि चरस की जब्ती के संबंध में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तौफीक को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

# पाक युद्धक पोत को डुबोने वाले भारतीय नौसेना के किलर्स स्क्वाड्रन को प्रेसिडेंट स्टैंडर्ड सम्मान

**मुंबई।** भारतीय नौसेना के 22वें मिसाइल वेसल स्क्वाड्रन, जिसने 1971 की लड़ाई में कराची बंदरगाह पर बमबारी की थी और पाकिस्तानी नौसेना के युद्धक पोत को डुबोया था, को उसकी विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद बुधवार को एक दुर्लभ सम्मान प्रेसिडेंट स्टैंडर्ड से सम्मानित करेंगे। नौसेना के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि किलर्स नाम से प्रसिद्ध मिसाइल वेसल स्क्वाड्रन के गठन को इस साल 50 वर्ष हो गए और पिछले पांच दशकों में इसने समुद्र में आक्रमण की अपनी क्षमता को बनाए रखा है।

मुंबई में स्थित मिसाइल वेसल स्क्वाड्रन ने ऑपरेशन विजय और ऑपरेशन पराक्रम में हिस्सा लिया था और हाल ही में पुलवामा हमले के बाद सुरक्षा कड़ी किए जाने पर इसकी तैनाती पाकिस्तान के तटवर्ती इलाकों के बहद करीब की गई थी। स्क्वाडन में तैनात एक अधिकारी ने बताया, इस स्क्वाड्रन में शामिल जहाजापोत बहुत तेजी से यात्रा करने की क्षमता रखते हैं और मिसाइल युक्त हैं। इनकी तैनाती भी (सामने मौजूद पक्षादुश्मन को) डराने का काम करती है।

भारतीय नौसेना द्वारा जारी बयान के अनुसार, भारतीय नौसेना को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने प्रेसिडेंट कलर्स से 27 मई, 1951 को सम्मानित किया था। प्रेसिडेंट स्टैंडर्ड भी प्रेसिडेंट कलर्स जैसा ही सम्मान है, बस यह आनुपातिक रूप से छोटे सैन्य समूह या टुकड़ी को दिया जाता है। 22वें मिसाइल वेसल स्क्वाड्रन का औपचारिक गठन अक्टूबर 1991 में मुंबई में हुआ और इसमें वीर क्लास (श्रेणी) के 10 और प्रबल क्लास (श्रेणी) के तीन मिसाइल बोट शामिल थे।

अधिकारी ने बताया, लेकिन किलर्स की शुरुआत 1969 की है जब भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए पूर्ववर्ती यूएसएसआर से लिए गए ओएसए। क्लास मिसाइल बोटों को सेना में शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि इन मिसाइल बोटों को बेहद भारी सामान ढोने में सक्षम व्यावसायिक जहाजों की मदद से भारत लाया गया और 1971 की शुरुआत में कोलकाता में इसे सेना में शामिल किया गया। पहले ही साल भारत-पाकिस्तान युद्ध 1971 में इन्हें महत्वपूर्ण मिशन सौंपा गया और उन्होंने निर्णायक भूमिका निभाई।

नौसेना के सबसे युवा लड़ाकों ने 4-5 दिसंबर की दरमियानी रात पाकिस्तानी नौसेना पर भीषण हमला किया। अधिकारी ने बताया कि भारतीय नौसेना के जहाजों निर्घात, निपट और वीर ने अपने स्टिक्स मिसाइल दागे और पाकिस्तानी नौसेना के जहाजों खैबर तथा मुहाफिज को डूबो दिया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन ट्राइडेंट कोड नाम वाले इस अभियान को आधुनिक नौसैनिक इतिहास का सबसे सफल अभियान माना जाता है जहां भारतीय सेना से कोई हताहत नहीं हुआ था।

# केरल सरकार की जनजातियों के संरक्षण में रुचि नहीं: वेणुगोपाल

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में वाम शासन की आलोचना करते हुए, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव और सांसद के सी वेणुगोपाल ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य सरकार आदिवासियों के हितों की रक्षा करने या उन्हें उचित आवास प्रदान करने के बजाय हत्यारों और अपनी महत्वाकांक्षी सिल्वरलाइन परियोजना की रक्षा करने के बारे में अधिक चिंतित है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि महंगाई के खिलाफ कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी जन जागृति अभियान के दूसरे दिन आदिवासी दलित संगम को संबोधित करते हुए वेणुगोपाल ने राज्य सरकार की आलोचना की।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि राज्य सरकार सिल्वरलाइन परियोजना पर करीब एक लाख करोड़ रुपए खर्च करने को तैयार है, लेकिन आदिवासी परिवारों को उचित आवास मुहैया नहीं करा पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां पिनराई विजयन सरकार केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार की तरह जनविरोधी रुख अपनाती दिख रही है, वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आदिवासी समुदाय को गले लगाने में कोई झिझक नहीं है।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के लोग जिला कांग्रेस कमेटी और पार्टी की कई अन्य समितियों का हिस्सा होंगे, जबकि माकपा कथित रूप से दलितों को पोलित ब्यूरो में शामिल करने के लिए तैयार नहीं है। वेणुगोपाल ने वाम शासन की आलोचना करते हुए स्वीकार किया कि केरल में कांग्रेस भी आदिवासियों, दलितों और अनुसूचित जातियों को मुख्यधारा में लाने में विफल रही है। विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने अपने भाषण में कहा, हालांकि, राष्ट्रीय स्तर पर और अन्य राज्यों में कांग्रेस ऐसे कमजोर समुदायों को मुख्यधारा में लाने में अग्रणी है।

## जम्मू में धोखाधड़ी के आरोप में दो राजस्व अधिकारी आरोपित

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की अपराध शाखा ने सरकारी अधिकारियों सहित छह लोगों के खिलाफ आपराधिक साजिश रचने और यहां दो एकड़ से अधिक जमीन के मालिकाना हक में बदलाव करने में शामिल होने के लिए आरोप पत्र दायर किया है। जम्मू अपराध शाखा के एक प्रवक्ता ने कहा कि दो राजस्व अधिकारियों और एक परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ आरोप-पत्र न्यायिक निर्धारण के लिए भ्रष्टाचार रोधी अदालत के विशेष न्यायाधीश के समक्ष शनिवार को दायर किया गया। उन्होंने कहा कि टिक्कू तेहरा में भूमि के दाखिल खारिज में बदलाव भूमि कानून के उल्लंघन में और 1947 के पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीरी शरणार्थी के बेटे, शिकायतकर्ता गुरदीप सिंह के हित के खिलाफ किया गया था। सिंह ने 2016 में अपनी शिकायत में दावा किया कि सरकारी भूमि उनके पिता जगत सिंह के पक्ष में आवंटित की गई थी।

# शेयर बाजारों की निगाहें ओमीक्रोन पर टिकीं

● इस हफ्ते भी शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहने का अंदेशा

● रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक भी साबित होगी अहम




**भाषा।** नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन को लेकर अनिश्चितता के बीच इस सप्ताह शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव जारी रहने के आसार हैं। इसके अलावा सप्ताह के दौरान रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक भी है, जो मुख्य रूप से शेयर बाजारों को दिशा देगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि यह सप्ताह काफी घटनाक्रमों वाला रहेगा। मौद्रिक समीक्षा के अलावा सप्ताह के दौरान कई वृहद आर्थिक आंकड़े भी आने हैं। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ओमीक्रोन को लेकर अनिश्चितता, रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा तथा वृहद आर्थिक आंकड़ों के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है। ओमीक्रोन को लेकर काफी खबरें आ रही हैं, जो बाजार में अनिश्चितता पैदा कर रही हैं। वहीं घरेलू मोर्चे पर मौद्रिक समीक्षा बैठक महत्वपूर्ण होगी। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के नतीजे आठ दिसंबर को आएंगे। मीणा ने कहा, इस सप्ताह औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) और मुद्रास्फीति के आंकड़े भी आने हैं। हालांकि, ए आंकड़े शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद जारी किए जाएंगे। भारत में ओमीक्रोन का पहला मामला सामने आने के बाद शुक्रवार को शेयर बाजारों में गिरावट आई थी। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष शोध अजित मिश्रा ने कहा, हमारा अनुमान है कि इस सप्ताह बाजार में काफी उतार-चढ़ाव रहेगा। सप्ताह के दौरान कई महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े आने हैं। बाजार भागीदारों की निगाह रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा पर रहेगी। वृहद आर्थिक मोर्चे पर 10 दिसंबर को आईआईपी तथा मुद्रास्फीति के आंकड़े आने हैं। सैमको सिक्योरिटीज में इक्विटी शोध प्रमुख एशा शाह ने कहा कि कई आर्थिक आंकड़ों तथा घटनाक्रमों की वजह से बाजार भागीदारों को इस सप्ताह में उतार-चढ़ाव के लिए तैयार रहना चाहिए। बाजार के खिलाड़ी रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा के नतीजों से चीजों को समझने की कोशिश करेंगे। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 589.31 अंक या 1.03 प्रतिशत के लाभ में रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक इस सप्ताह होने वाली है। आने वाले दिनों में यह बाजार के लिए एक प्रमुख उत्प्रेरक रहेगी। वायरस के नए स्वरूप के बीच निवेशकों को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के नतीजों का इंतजार रहेगा। उन्होंने बताया कि सप्ताह के दौरान नवंबर के मुद्रास्फीति आंकड़े तथा अक्टूबर के लिए औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े आएंगे।

# बैंकर छोटे व्यापारियों को कर्ज के लिए यूपीआई जैसा डिजिटल मंच लेकर आएं: आईटी मंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली




**सूचना** प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को बैंकिंग उद्योग से छोटे व्यापारियों को सुगमता और तेजी से ऋण प्रदान करने के लिए यूपीआई की तरह का एक मजबूत और निर्बाध डिजिटल मंच बनाने का आह्वान किया। वैष्णव ने बैंकिंग उद्योग को तीन महीने में इस बारे में विचार बनाने और समाधान लाने को कहा है। उन्होंने कहा कि आधार, मोबाइल फोन, यूपीआई मंच और डिजिलॉकर के मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र को देखते हुए इस तरह के मंच को बनाने के लिए आवश्यक आधार पहले से ही मौजूद हैं। वैष्णव ने डिजिटल भुगतान उत्सव में शामिल होते हुए बैंकरों के लिए चुनौती रखी। उन्होंने कहा, क्या हम सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई), छोटे उद्योगों, छोटे व्यवसायियों को जल्द एवं आसान ऋण प्रदान करने के लिए यूपीआई मंच की तरह एक शक्तिशाली, अच्छा और डिजिटल मंच बना सकते हैं? केंद्रीय मंत्री ने बैंकरों से कहा, आज आपके पास आधार, मोबाइल फोन, यूपीआई मंच, डिजिलॉकर का एक अच्छा पारिस्थितिकी तंत्र है। व्यावहारिक रूप से ऋण संबंधी पारिस्थितिकी तंत्र को बनाने के लिए आपको जो कुछ भी चाहिए वह आज उपलब्ध है। इस कार्यक्रम में शामिल हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि प्रौद्योगिकी देश के भविष्य को आकार देने में एक बड़ी भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में भारत का प्रदर्शन दुनिया भर के उन देशों से जलन है जो कुछ साल पहले ही सोचते थे कि वे प्रौद्योगिकी और नवाचार में आगे हैं। चंद्रशेखर ने कहा, "हम डिजिटल भुगतान श्रेणी में दुनिया का नेतृत्व कर रहे हैं। हमें इस श्रेणी में दुनिया का नेतृत्व करते रहना चाहिए"। उन्होंने आश्वासन दिया कि आईटी मंत्रालय इस पारिस्थितिकी तंत्र के विकास और फलने-फूलने के लिए एक सक्षम और उत्प्रेरक की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

**वित्त वर्ष 2020-21**

# अब तक तीन करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल: वित्त मंत्रालय

● रोज दाखिल होने वाले आईटीआर की संख्या चार लाख के पार

**भाषा।** नई दिल्ली

**वित्त** मंत्रालय ने रविवार को कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 के लिए अब तक तीन करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल किए जा चुके हैं। मंत्रालय ने अभी तक आईटीआर दाखिल नहीं करने वाले करदाताओं से अपना रिटर्न जल्द से जल्द दाखिल करने को भी कहा है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रतिदिन दाखिल किए जाने वाले आयकर रिटर्न की संख्या चार लाख से अधिक हो गई है और 31 दिसंबर की विस्तारित तारीख नजदीक आने के साथ इसमें और तेजी आ रही है। विभाग ई-मेल एवं एसएमएस भेजने के अलावा मीडिया अभियानों के माध्यम से करदाताओं को अपना आयकर रिटर्न समय पर दाखिल करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। विभाग ने अभी तक आकलन वर्ष 2021-22 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल नहीं करने वाले करदाताओं से अनुरोध किया है कि वे अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए जल्द से जल्द अपना आईटीआर दाखिल करें। वित्त मंत्रालय ने कहा, आयकर विभाग सभी करदाताओं से आग्रह करता है कि वे अपने फॉर्म 26 एएस और वार्षिक सूचना ब्योरे (एआईएस) को ई-रिटर्न दाखिल करने के पोर्टल के जरिए देखें, जिससे उन्हें पता चल सकेगा कि स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) और कर भुगतान सही है या नहीं। बयान के मुताबिक, आकलन वर्ष 2021-22 के लिए दाखिल रिटर्न का आंकड़ा 3.03 करोड़ पर पहुंच गया है। इसमें 58.98 प्रतिशत आईटीआर। (1.78 करोड़), आठ प्रतिशत आईटीआर 2 (24.42 लाख), 8.7 प्रतिशत आईटीआर 3 (26.58 लाख) हैं।) और 23.12 प्रतिशत आईटीआर 4 (70.07 लाख) हैं। इसके अलावा 2.14 लाख आईटीआर 5 , 91 हजार आईटीआर 6 और 15 हजार आईटीआर 7 दाखिल किए गए हैं। बयान में कहा गया है कि आधार ओटीपी और अन्य तरीकों के जरिए ई-सत्यापन की प्रक्रिया आईटीआर की जांच और रिफंड की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

# नई श्रेणियों में विस्तार का इरादा अनअकैडमी का

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन शिक्षा मंच अनअकैडमी ने अगले कुछ वर्षों में नई श्रेणियों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार की योजना बनाई है। कंपनी के सह-संस्थापक रोमन सैनी ने रविवार को यह बात कही। सैनी ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि कंपनी के मंच पर 40 से अधिक परीक्षा श्रेणियां हैं और हाल ही में स्विफलर्न के अधिग्रहण के साथ वह के-12 श्रेणी में तेजी से विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा, हमने एक परीक्षा तैयारी कराने वाली कंपनी के रूप में शुरुआत की और तब हमारे पास दो-तीन श्रेणियां थीं। हमने तीन साल पहले जेईई और अन्य श्रेणियों में विस्तार किया। तीन-चार महीने पहले हमने न्यायिक श्रेणी शुरू की है। सैनी ने कहा, ऐसी बहुत सारी परीक्षाएं हैं जहां हम अभी नहीं हैं। साथ ही हम अभी आठ से नौ राज्यों में हैं। कई राज्य अभी बाकी हैं।

# एलआईसी ने आईपीओ से पहले एनपीए के मोर्चे पर किया सुधार

**भाषा।** नई दिल्ली




**सार्वजनिक** क्षेत्र की कंपनी जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के पहले अपनी परिसंपत्ति की गुणवत्ता में खासा सुधार किया है। एलआईसी की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक 31 मार्च, 2021 तक उसकी गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 35,129.89 करोड़ रुपए थीं, जबकि उसका कुल पोर्टफोलियो 4,51,303.30 करोड़ रुपए का था। एलआईसी ने बताया कि भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के दिशानिर्देशों के अनुरूप उसने एनपीए के लिए 34,934.97 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान भी किए हुए हैं। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी का 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष में सकल एनपीए का अनुपात 7.78 प्रतिशत है जबकि उसका शुद्ध एनपीए 0.05 प्रतिशत रहा। एक साल पहले उसके ऋण पोर्टफोलियो के प्रतिशत के तौर पर सकल एनपीए 8.17 प्रतिशत, जबकि शुद्ध एनपीए 0.79 प्रतिशत रहा था।वास्तविक संदर्भ में एलआईसी का वर्ष 2019-20 में एनपीए 36,694.20 करोड़ रुपए था और उसका कुल कर्ज 4,49,364.87 करोड़ रुपए था। बीमा कंपनियों के लिए ऋण दबाव की सीमा बैंकों से अलग होती है। एलआईसी अमूमन अपने सभी एनपीए के लिए पूरा प्रावधान करती रही है। एलआईसी की वार्षिक रिपोर्ट कहती है, प्रबंधन ने परिसंपत्ति गुणवत्ता और रियल एस्टेट, कर्ज एवं निवेश के मोर्चे पर प्रदर्शन की समीक्षा की है। जहां भी जरूरी लगा है वहां पर वित्तीय प्रावधान भी किए गए हैं। एलआईसी अगले कुछ महीनों में अपना आईपीओ लाने की तैयारी में है। सार्वजनिक बीमा कंपनी को बाजार में सूचीबद्धता के लिए जरूरी कानूनी संशोधन भी सरकार कर चुकी है। इस संशोधन के मुताबिक, सरकार एलआईसी में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी अगले पांच वर्षों तक अपने पास रखेगी और उसके बाद उसे घटाकर न्यूनतम 51 प्रतिशत पर लाएगी। संशोधित कानून के मुताबिक, एलआईसी की अधिकृत शेयर पूंजी 25,000 करोड़ रुपए होगी जिसे 10 रुपए मूल्य के 2,500 करोड़ शेयरों के रूप में बांटा जाएगा। आईपीओ में दस फीसदी शेयर मौजूदा बीमाधारकों के लिए आरक्षित होंगे। आईपीओ आने और बाजार में सूचीबद्ध हो जाने के बाद एलआईसी का बाजार मूल्यांकन करीब 8-10 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।

# सेमीकंडक्टर की कमी से कारों की मांग पर नकारात्मक असर: मारुति

**भाषा।** नई दिल्ली




**देश** की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का मानना है कि सेमीकंडक्टर की कमी की वजह से प्रतीक्षा अवधि (वेटिंग पीरियड) बढ़ने के चलते देश में कारों की मांग पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। हालांकि, इसके साथ ही कंपनी ने कहा है कि पिछले कुछ माह के दौरान चिप की आपूर्ति धीरे-धीरे सुधर रही है। कंपनी के पास वर्तमान में लगभग 2.5 लाख इकाइयों का लंबित ऑर्डर है। वहीं बाजार में मांग भी लगातार मजबूत बनी हुई है। नवंबर में कंपनी का उत्पादन सामान्य का 80 प्रतिशत से अधिक रहा है। मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, बुकिंग से पता चलता है कि मांग काफी मजबूत है। पूछताछ और बुकिंग दोनों में सुधार है। लेकिन अब उपलब्धता एक मुद्दा है और प्रतीक्षा अवधि बढ़ गई है। उन्होंने आगे कहा, इसलिए हमें आशंका है कि लंबी प्रतीक्षा अवधि की वजह से मांग का रुख प्रभावित हो सकता है, इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। वर्तमान में घरेलू यात्री वाहन बाजार में मॉडल और संस्करणों के आधार पर प्रतीक्षा अवधि हफ्तों से लेकर महीनों तक हो सकती है। श्रीवास्तव ने हालांकि कहा कि मारुति की बुकिंग रद्द नहीं हो रही हैं क्योंकि कंपनी अपने ग्राहकों के साथ लगातार संवाद कर रही है। उन्होंने कहा, लगभग प्रत्एक ग्राहक से हर हफ्ते संपर्क किया जा रहा है और उन्हें स्थिति से अवगत कराया जा रहा है। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है, वे प्रतीक्षा अवधि के कारण बुकिंग रद्द नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा कंपनी इस स्थिति से निपटने के लिए उत्पादन को बढ़ाने का हरसंभव प्रयास कर रही है। श्रीवास्तव ने कहा कि सेमीकंडक्टर की कमी के कारण आपूर्ति में आई गिरावट में अब सुधार हुआ है। उन्होंने कहा, यदि आप इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों की उपलब्धता को देखें, तो यह अगस्त और उसके बाद से उत्पादन को प्रभावित कर रहा है। स्थिति थोड़ी बेहतर हो रही है - सितंबर में कंपनी का उत्पादन 40 प्रतिशत था।

# डिस्कॉम पर बिजली उत्पादक कंपनियों का बकाया दिसंबर में 1.13 लाख करोड़ पहुंचा

**भाषा।** नई दिल्ली

**बिजली** वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) पर बिजली उत्पादक कंपनियों (जेनको) का बकाया दिसंबर में एक साल पहले की तुलना में 1.3 प्रतिशत बढ़कर 1,13,227 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। दिसंबर, 2020 तक डिस्कॉम पर बिजली वितरण कंपनियों का बकाया 1,11,762 करोड़ रुपए था।

पेमेंट रैटिफिकेशन एंड एनालिसिस इन पावर प्रोक्यूरमेंट फॉर ब्रिंगिंग ट्रांसपैरेंसी इन इन्वॉयसिंग ऑफ जेनरेशन (प्राप्ति) पोर्टल से यह जानकारी मिली है। दिसंबर, 2021 में डिस्कॉम पर कुल बकाया पिछले महीने की तुलना में भी बढ़ा है। नवंबर में यह 1,13,081 करोड़ रुपए पर था। बिजली उत्पादकों तथा डिस्कॉम के बीच बिजली खरीद लेनदेन में पारदर्शिता लाने के लिए प्राप्ति पोर्टल मई, 2018 में शुरू किया गया था। दिसंबर, 2021 तक 45 दिन की मियाद या ग्रेस की अवधि के बाद भी डिस्कॉम पर कुल बकाया राशि 1,01,436 करोड़ रुपए थी। यह एक साल पहले समान महीने में 98,334 करोड़ रुपए थी। पोर्टल के ताजा आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में डिस्कॉम पर कुल बकाया 1,00,417 करोड़ रुपए था। बिजली उत्पादक कंपनियां डिस्कॉम को बेची गई बिजली के बिल का भुगतान करने के लिए 45 दिन का समय देती हैं। उसके बाद यह राशि पुराने बकाए में आ जाती है। ज्यादातर ऐसे मामलों में बिजली उत्पादक दंडात्मक ब्याज वसूलते हैं।

बिजली उत्पादक कंपनियों को राहत के लिए केंद्र ने एक अगस्त, 2019 से भुगतान सुरक्षा प्रणाली लागू है। इस व्यवस्था के तहत डिस्कॉम को बिजली आपूर्ति पाने के लिए साख पत्र देना होता है। केंद्र सरकार ने बिजली वितरण कंपनियों को भी कोविड-19 महामारी की वजह से कुछ राहत दी है। भुगतान में देरी के लिए डिस्कॉम पर दंडात्मक शुल्क को माफ कर दिया गया है। सरकार ने मई, 2020 में डिस्कॉम के लिए 90,000 करोड़ रुपए की नकदी डालने की योजना पेश की थी।

इसके तहत बिजली वितरण कंपनियां पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) तथा आरईसी लिमिटेड से सस्ता कर्ज ले सकती हैं। बाद में सरकार ने इस पैकेज को बढ़ाकर 1.2 लाख करोड़ रुपए और उसके बाद 1.35 लाख करोड़ रुपए कर दिया। आंकड़ों से पता चलता है कि राजस्थान, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड और तमिलनाडु की बिजली वितरण कंपनियों का उत्पादक कंपनियों के बकाए में सबसे

# झारखंड में तीन ब्लॉकों में कोयला निकालने का काम शुरू

**भाषा।** रांची

**झारखंड** में 29 कोयला ब्लॉकों में से तीन में निकासी का काम शुरू हो गया है। खान मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय खान मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एम नागराजू ने शनिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें बताया कि तीन कोयला ब्लॉकों से कोयला निकालने का काम शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि आगामी महीनों में केरेदारी, चट्टी बरियातू, बादाम, ट्यूबेड, तोकिसूद और लोहारी कोयला ब्लॉकों में भी काम शुरू हो जाएगा। राज्य सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने नागराजू को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि विभिन्न कोयला ब्लॉकों के आवंटी राज्य के कानून का अनुपालन करें।

# पेज एक का शेष

## बुआ-बबुआ...

कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। सपा और बसपा पर निशाना साधते कहा कि जब उन्हें सत्ता मिली तो वो जातिवाद, परिवारवाद और वंशवाद से ऊपर उठकर काम नहीं कर पाए। उनकी सरकार में लूट, माफियागिरी और विकास के पैसो को लूटकर भ्रष्टाचार फैलाते थे। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में वही पैसा लोगों के विकास के काम में लगाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने सत्ता में रहने हुए राम भक्तों पर गोलियां चलाईं थी लेकिन राम जन्म भूमि पर हमला करने वाले आतंकवादियों की पैरवी करके उनके खिलाफ दायर मुकदमों को वापस लिया।

## नगालैंड में...

की जान चली गई। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि जब मजदूर अपने घर नहीं पहुंचे तो स्थानीय युवक और ग्रामीण उनकी तलाश में निकले तथा इन लोगों ने सेना के वाहनों को घेर लिया। इस दौरान हुई धक्का-मुक्की व झड़प में एक सैनिक मारा गया और सेना के वाहनों में आग लगा दी गई। इसके बाद सैनिकों द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई गोलीबारी में सात और लोगों की जान चली गई। इस घटना के खिलाफ उग्र विरोध और दंगों का दौर रविवार को भी जारी रहा और गुस्साई भीड़ ने आज दोपहर को कोन्याक यूनियन और असम राइफल्स कैंप के कार्यालयों में तोड़फोड़ की। नगालैंड सरकार ने एक अधिसूचना के माध्यम से भड़काऊ वीडियो, तस्वीरों या लिखित सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए जिले में मोबाइल इंटरनेट और डेटा सेवाओं के साथ-साथ एक साथ कई एसएमएस करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। पुलिस ने कहा कि इस गोलीबारी में मारे गए 13 लोगों का पोस्टमॉर्टम मोन में कराया जा रहा है और आशंका जताई की मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि घायलों में से दो की हालत गंभीर है और उन्हें बेहतर उपचार के लिए असम भेजा गया है, जबकि शेष का उपचार नगालैंड में ही चल रहा है। सेना ने घटना की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश देते हुए बताया कि इस दौरान एक सैन्यकर्मी की मौत हो गई और कई अन्य सैनिक घायल हो गए। इसने कहा कि यह घटना और उसके बाद जो हुआ, वह अत्यंत खेदजनक है तथा लोगों की मौत होने की इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की उच्चतम स्तर पर जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार ने आईजीपी नगालैंड की अध्यक्षता में पांच सदस्ईय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी (कोहिमा) लेफ्टि. कर्नल सुमित के शर्मा ने कहा, नगालैंड में मोन जिले के तिरु में उग्रवादियों की संभावित गतिविधियों की विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर इलाके में एक विशेष अभियान चलाए जाने की योजना बनाई गई थी। यह घटना और इसके बाद जो हुआ, वह अत्यंत खेदजनक है। मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने का वादा किया और समाज के सभी वर्गों से शांति बनाए रखने का आग्रह किया। मोन म्यांमा की सीमा के पास स्थित है, जहां से एनएससीएन-के का युंग ओंग धड़ा अपनी उग्रवादी गतिविधियां चलाता है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे को घटना की जानकारी दी गई है।

## विपक्ष ने...

के ओटिंग में आम लोगों की मौत की दुर्भाग्यपूर्ण घटना अत्यंत निंदनीय है। मैं शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मामले की एसआईटी से उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी और कानून के अनुसार न्याय किया जाएगा। मैं सभी वर्गों से शांति बनाए रखने का आग्रह करता हूं। ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गेनाइजेशन (ईएनपीओ) ने इस घटना के विरोध में क्षेत्र के छह जनजातीय समुदायों से राज्य के सबसे बड़े पर्यटन कार्यक्रम हॉर्नबिल महोत्सव से भागीदारी वापस लेने का आग्रह किया। संगठन ने एक बयान जारी कर कहा, ईएनपीओ भारतीय सेना की अंधाधुंध गोलीबारी में ओटिंग गांव के 10 से अधिक दिहाड़ी मजदूरों की मौत होने की घटना पर गहरा शोक व्यक्त करता है और घटना की घोर निंदा करता है। ईएनपीओ ने छह जनजातियों से राज्य की राजधानी के पास किसामा में हॉर्नबिल महोत्सव स्थल नगा हेरिटेज विलेज में अपने-अपने मोरुंग में घटना के खिलाफ काले झंडे लगाने को कहा। इसने कहा, सभी संबंधित पक्षों को समझना चाहिए कि यह आदेश कदम राज्य सरकार के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह सुरक्षाबलों के खिलाफ नाराजगी जताने और छह जनजातीय समुदायों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए है। मुख्यमंत्री के सलाहकार अबु मेहता ने कहा कि घटना में मारे गए लोगों के लिए किसामा में दो मिनट का मौन रखा जाएगा और प्रार्थना की जाएगी। उधर, इस घटना के बाद पूर्वोत्तर से सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम,1958 को वापस लेने की मांग रविवार को नए सिरे से जोर पकड़ने लगी है। नागरिक संस्था समूह और अधिकार कार्यकर्ता व क्षेत्र के राज नेता वर्षों से अधिनियम की आड़ में सुरक्षा बलों द्वारा ज्यादती का आरोप लगाते हुए कठोर कानून को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

## भारत में...

गुजरात में 72 वर्षीय एक एनआरआई और महाराष्ट्र के ठाणे में 33 वर्षीय एक व्यक्ति को ओमीक्रोन से संक्रमित पाया गया था। तंजानिया से दिल्ली आया 37 वर्षीय एक पुरुष ओमीक्रोन से संक्रमित पाया गया है और यह राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस के इस नए स्वरूप से जुड़ा पहला मामला है। अधिकारियों ने बताया कि रांची के रहने वाले इस मरीज ने तंजानिया से दोहा की यात्रा की थी और फिर दो दिसंबर को कतर एयरवेज की उड़ान के जरिए वह दोहा से दिल्ली पहुंचा था। उन्होंने बताया कि संक्रमित व्यक्ति दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में करीब एक सप्ताह ठहरा था। अधिकारी ने बताया कि संक्रमित व्यक्ति कोविड-रोधी टीके की दोनों खुराक ले चुका है। लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मरीज का इस समय अस्पताल में उपचार किया जा रहा है और उसमें बीमारी के मामूली लक्षण हैं। अधिकारी ने कहा, उसे रांची जाने के लिए दूसरे विमान में सवार होना था, जहां वह अपने परिवार के साथ रहता है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नमूने की जांच में संक्रमण की पुष्टि होने के बाद हमने उसे नियमानुसार एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया। इस बीच, अधिकारी उन 10 लोगों की पहचान करने के साथ ही उन्हें पृथक-वास में भेजने की तैयारी कर रहे हैं, जिन्होंने विमान में संक्रमित व्यक्ति के आसपास की सीट पर बैठकर यात्रा की थी। उधर, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्एंद्र जैन ने कहा, अभी तक कोविड-19 के 17 मरीजों और उनके संपर्क में आए छह लोगों को लोक नायक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक जीनोम अनुक्रमण के लिए भेजे गए 12 में से एक नमूने में ओमीक्रोन स्वरूप पाया गया है। चिकित्सा निदेशक सुरेश कुमार ने कहा, मरीज भारतीय है और वह तंजानिया से आया है। उसके गले में सजून, बुखार और शरीर में दर्द जैसे संक्रमण के मामूली लक्षण है और उसे दो दिसंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने कहा, मरीज ने पिछले कुछ दिन में किन स्थानों की यात्रा की है, इसका पता लगाया जा रहा है और उसके संपर्क में आए लोगों से संबंधित जानकारी भी एकत्र की जा रही है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ओमीक्रोन स्वरूप को फैलने से रोकने का सबसे प्रभावी तरीका अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को प्रतिबंधित करना है। उन्होंने कहा, ऐसा बताया जा रहा है कि ओमीक्रोन स्वरूप के पूरी तरह असर दिखाने में वायरस के अन्य स्वरूपों की तुलना में अधिक समय लग सकता है। इसका अर्थ है कि हवाई अड्डे पर जांच के दौरान संक्रमित व्यक्ति में संक्रमण का पता नहीं चलने की संभावना है। सभी मामले इससे प्रभावित अन्य देशों से जुड़े हैं। केंद्र सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। जैन ने कहा कि इस बात की 99 प्रतिशत संभावना है कि मास्क कोविड-19 के सभी स्वरूपों से लोगों का बचाव कर सकता है- भले ही वह अल्फा हो, बीटा हो, डेल्टा हो या ओमीक्रोन हो। उन्होंने कहा, विशेषज्ञों का कहना है कि कोविड-19 की तीसरी लहर जनवरी-फरवरी में आ सकती है। यदि हर कोई मास्क पहनता है, तो इसे रोका जा सकता है। केंद्र सरकार के अनुसार जिन देशों को खतरे वाले देशों की सूची में डाला गया है उनमें ब्रिटेन सहित यूरोपीय देश, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, बोत्सवाना, चीन, मॉरिशस, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे, सिंगापुर, हांगकांग, इजराइल शामिल हैं।

## पिता की...

ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक मामले की गहनता से छानबीन की की गई लेकिन यह पता नहीं चल पाया कि अभिषेक ने यह कदम क्यों उठाया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## काशी की...

की पहल होगी। पंचकोसी यात्रा के लिए विरासत प्रबंधन योजना तैयार होगी और पैदल यात्रा अनुकूल मार्ग का विकास किया जाएगा। इस योजना के लिए शासन को डीपीआर भेजा जा चुका है। अनुमति मिलते ही काम शुरू हो जाएगा।

# विशाल लक्ष्य के सामने लड़खड़ाया न्यूजीलैंड

## भारत अभी जीत से पांच विकेट दूर



**भाषा।** मुंबई

**भारत** ने न्यूजीलैंड के सामने 540 रन का विशाल लक्ष्य रखने के बाद तीसरे दिन उसके पांच विकेट चटकाकर दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में रविवार को यहां बड़ी जीत की तरफ कदम बढ़ाए। न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 140 रन बनाए हैं और वह लक्ष्य से अभी 400 रन दूर है। दोनों टीम के बीच कानपुर में खेला गया पहला मैच ड्रा रहा था। अपनी पहली पारी में 325 रन बनाने वाले भारत ने अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 276 रन पर समाप्त घोषित की। न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में केवल 62 रन पर आउट हो गई थी।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज सहजता से बल्लेबाजी नहीं कर पाए। डेरेल मिचेल ने जरूर 92 गेंदों पर 60 रन की पारी खेली। स्टंप उखड़ने के समय हेनरी निकोल्स 36 और रचिन रविंद्र दो रन पर खेल रहे थे। भारत की तरफ से ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 27 रन देकर तीन और बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने 42 रन देकर एक विकेट लिया है। अश्विन ने कार्यवाहक कप्तान और अपने प्रिय शिकार टॉम लैथम (छह) को चाय के विश्राम से पहले पगबाधा आउट किया जिसमें बल्लेबाज ने रिव्यू भी गंवाया। यह आठवां अवसर है जबकि अश्विन ने लैथम को पवेलियन भेजा। अश्विन ने चायकाल के बाद दूसरे सलामी बल्लेबाज विल यंग (20) को शार्ट लेग पर कैच कराया। विराट कोहली का रिव्यू लेने का फैसला तब सही साबित हुआ था। अश्विन का इस वर्ष यह 50वां टेस्ट विकेट था। किसी एक कैलेंडर वर्ष में चौथी बार उन्होंने 50 से अधिक विकेट लिए जो कि भारतीय रिकार्ड है। न्यूजीलैंड के सबसे अनुभवी बल्लेबाज रोस टेलर (छह) ने अपना विकेट इनाम में दिया। वह अश्विन की ऑफ ब्रेक को नहीं समझ पाए और उसे हवा में लहरा बैठे। मिचेल और हेनरी निकोल्स ने इसके बाद चौथे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की। मिचेल ने बीच बीच में आक्रामक तेवर भी अपनाए। फिर चाहे वह अक्षर पटेल पर लांग ऑन पर लगाया गया दर्शनीय छक्का हो या उमेश यादव पर लगातार दो चौके जिनसे उन्होंने अपना अर्धशतक भी पूरा किया। आखिर में अक्षर ने मिचेल की एकाग्रता भंग करके उन्हें सीमा रेखा पर जयंत यादव के हाथों कैच कराया। टॉम ब्लंडेल (शून्य) आते ही रन आउट हो गए।

इससे पहले भारत ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। उसकी तरफ से दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (108 गेंदों पर 62), चेतेश्वर पुजारा (97 गेंदों पर 47), शुभमन गिल (75 गेंदों पर 47), अक्षर पटेल (26 गेंदों पर नाबाद 41) और कप्तान विराट कोहली (84 गेंदों पर 36) ने उपयोगी योगदान दिया। न्यूजीलैंड की तरफ से पहली पारी में 119 रन देकर सभी 10 विकेट लेने वाले स्पिनर ऐजाज पटेल ने दूसरी पारी में 106 रन देकर चार जबकि रचिन रविंद्र ने 56 रन देकर तीन विकेट लिए। पटेल ने इस तरह से मैच में 225 रन देकर 14 विकेट लिए। यह भारत के खिलाफ किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पटेल के 10 विकेट के कारनामे के बावजूद न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ था। भारत की तरफ से 70 ओवर में 25 चौके और 11 छक्के लगे। आलम यह था कि ऋद्धिमान साहा (13) को छोड़कर भारत के प्रत्एक बल्लेबाज ने छक्का जड़ा। अकेले अक्षर पटेल ने अपनी तूफानी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाए। श्रेयस अय्यर ने आठ गेंदों पर 14 रन की अपनी पारी में दो छक्के जड़े। भारत ने न्यूजीलैंड को पहली पारी में केवल 28 ओवर में आउट कर दिया था लेकिन कप्तान कोहली स्वयं को और उन बल्लेबाजों को मौका देना चाहते थे जो फॉर्म में नहीं थे और इसलिए उन्होंने कीवी टीम को फॉलोआन नहीं दिया। पुजारा ने इसका कुछ फायदा उठाया। उन्होंने अग्रवाल के साथ पहले विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी करके टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। पहली पारी में 150 रन बनाने वाले अग्रवाल ने फिर से दर्शनीय अर्धशतकीय पारी खेली। चोटिल होने के कारण शनिवार को पारी का आगाज नहीं करने वाले गिल और कोहली ने तीसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े। भारतीय कप्तान का विल सोमरविले पर लगाए गए छक्के को छोड़ दिया जाए तो वह अपनी पारी के दौरान सहज नहीं दिखे। उन्होंने आखिर में रविंद्र की गेंद अपने विकेटों पर खेली। पुजारा ने हालांकि अपने रक्षात्मक अंदाज के विपरीत दो बार फ्लाइट लेती गेंद पर आगे बढ़कर मिडविकेट क्षेत्र में चौके लगाए। वह हालांकि अर्धशतक पूरा नहीं कर पाए। पटेल की फुललेंथ गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकिर स्लिप में रोस टेलर के सुरक्षित हाथों में चली गई। अग्रवाल ने इससे पहले पटेल पर एक्स्ट्रा कवर पर छक्का जड़कर अर्धशतक पूरा किया। वह मैच में दूसरा शतक पूरा करने की स्थिति में दिख रहे थे लेकिन पटेल पर एक और छक्का जड़ने के प्रयास में उन्होंने लांग ऑफ पर यंग को कैच थमा दिया।

## यह मेरा स्वप्निल वर्ष रहा है लेकिन लक्ष्य और सुधार करना है: अक्षर

**मुंबई।** इतने वर्षों तक घंटों की कड़ी मेहनत के दौरान अक्षर पटेल का सपना हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था और इंग्लैंड के बाद अब न्यूजीलैंड जैसी टीमों के खिलाफ क्रिकेट के बड़े मंच पर ऐसा करके वह काफी खुश हैं। अक्षर 2021 में पदार्पण से पहले वर्षों तक ज्यादातर एक अन्य बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की छाया में बने रहे थे लेकिन उन्होंने अब अपने पांचवें टेस्ट में 36 विकेट चटका लिए हैं। यह पूछने पर कि वह इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट में 27 विकेट से शुरू हुए इस वर्ष को किस तरह देखेंगे तो उन्होंने कहा कि यह निश्चित रूप से एक सपना ही है।

अक्षर ने कहा, वास्तव में यह मेरे लिए स्वप्निल वर्ष रहा है, आप ऐसा कह सकते हैं। इंग्लैंड श्रृंखला में मैंने जिस तरह से गेंदबाजी की और अब न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जिस तरह से जा रही है और इस बीच में आईपीएल भी था तो मैं कह सकता हूं कि यह व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए काफी अच्छा वर्ष रहा है।

# भारतीय प्रदर्शन से प्रेरणा लेगा इंग्लैंड: रूट

**भाषा।** ब्रिसबेन



**इंग्लैंड** के कप्तान जो रूट ने रविवार को कहा कि उनकी टीम गाबा में आठ दिसंबर से शुरू होने वाली एशेज श्रृंखला में भारतीय टीम के प्रदर्शन से प्रेरणा लेगी जिसने इस साल के शुरू में यहां आस्ट्रेलिया के विजय अभियान को थामकर श्रृंखला जीती थी। भारत ने इस साल जनवरी में गाबा में चौथे और अंतिम टेस्ट मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला 2-। से अपने नाम की थी। यह आस्ट्रेलिया की गाबा में 35 साल में पहली हार थी और रूट ने कहा कि उनकी टीम इस श्रृंखला में कैसा रवैया अपनाएगी इसको लेकर उसका रवैया स्पष्ट है।

रूट ने यहां एशेज से जुड़े कार्यक्रम में कहा, भारत जिस तरह से अपने मजबूत पक्षों पर अडिग रहा, इंग्लैंड भी वही रणनीति अपनाएगा। उन्होंने कहा, भारत को श्रेय जाता है। उन्होंने पूरी श्रृंखला में बेजोड़ प्रदर्शन किया था तथा कई तरह से यहां का दौरा करने वाली टीमों के लिए अच्छा उदाहरण पेश किया था। आस्ट्रेलिया ने मैच से दो दिन पहले अपनी अंतिम एकादश घोषित कर दी जिससे इंग्लैंड के लिए रणनीति तैयार करने में कुछ आसानी होगी। इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया में आखिरी बार 2011 में एशेज जीती थी। उस टीम में उसके दोनों मुख्य तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड शामिल थे।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने थाईलैंड को 13-0 से हराया

**भाषा।** डोंगहे (दक्षिण कोरिया)



**ड्रैग** फ्लिकर गुरजीत कौर के पांच गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एशियाई चैंपियन्स ट्राफी के अपने पहले मैच में थाईलैंड को 5-0 से करारी शिकस्त दी। गुरजीत ने मैच के दूसरे मिनट में ही पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला जबकि वंदना कटारिया ने पांच मिनट बाद दूसरा गोल दाग दिया। पहला क्वार्टर समाप्त होने तक लिलिमा मिंज ने 14वें मिनट में भारत के लिए तीसरा गोल कर दिया जबकि गुरजीत और ज्योति ने 14वें और 15वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल करके स्कोर 5-0 कर दिया।

भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी दबदबा बनाए रखा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण कर रही राजविंदर कौर ने 16वें मिनट में मैदानी गोल किया तो गुरजीत ने 24वें मिनट में अपना तीसरा गोल दागा। इसके तुरंत बाद लिलिमा ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला। गुरजीत ने 25वें मिनट में एक और गोल किया जिससे भारत मध्यांतर तक 9-0 से आगे था। भारत ने आगे भी थाइलैंड को कोई मौका नहीं दिया और लगातार हमले किए। ज्योति ने 36वें मिनट में गोल करके भारत के गोल की संख्या में दोहरे अंकों में पहुंचाई जबकि सोनिका ने 43वें मिनट में मैच का अपना पहला गोल किया। चौथे क्वार्टर में भी कहानी नहीं बदली और भारत ने आक्रमण जारी रखा। थाईलैंड ने हालांकि इस बीच कुछ अच्छे बचाव किए। मोनिका ने 55वें मिनट में गोल किया जबकि इसके तीन मिनट बाद गुरजीत ने पेनल्टी कार्नर पर अपना पांचवां और भारत के लिए 13वां गोल किया। टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद भारतीय टीम का यह पहला मैच था। कप्तान रानी को टूर्नामेंट से विश्राम दिया गया है और उनकी अनुपस्थिति में गोलकीपर सविता ने टीम की अगुवाई की।

# डोमेने की हैट्रिक से अर्जेंटीना दूसरी बार बना जूनियर हॉकी विश्व कप का विजेता



**भाषा।** भुवनेश्वर

**लौटारो** डोमेने की हैट्रिक गोल की मदद से अर्जेंटीना ने छह बार की चैंपियन जर्मनी को 4-2 से हराकर रविवार को यहां कलिंग स्टेडियम में अपना दूसरा एफआईएच (विश्व हॉकी महासंघ) जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप खिताब जीता। डोमेने ने 10वें, 25वें और 50वें मिनट में तीन पेनल्टी कार्नर को गोल बदले जबकि फ्रेंको अगोस्टिनि (60वें) ने अंतिम हूटर से कुछ ही सेकेंड पहले मैदानी गोलकर के अर्जेंटीना को इस टूर्नामेंट का दूसरा खिताब दिलाया। जर्मनी के लिए जूलियस हायनर (36वें) और मास पफंड्ट (47वें) ने गोल किए।

अर्जेंटीना ने इससे पहले 2005 में रॉटरडम में ऑस्ट्रेलिया को 2-। से हराकर इस खिताब को जीता था। अर्जेंटीना ने पहले क्वार्टर में जर्मनी की रक्षापंक्ति पर दबाव बनाकर मैच की शुरुआत में ही अपना दबदबा बनाया। जर्मनी की टीम अपनी खेल योजना के तहत पलटवार करने का इंतजार कर रही थी लेकिन मैच के 10वें मिनट में ही उसकी चाल उलट पड़ गई, जब डोमेने ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदल कर अर्जेंटीना को बढ़त दिला दी। डोमेने 25वें मिनट में एक और पेनल्टी कार्नर को गोल में बदल कर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। मध्यांतर के बाद हालांकि जर्मनी के खेल में काफी सुधार दिखा। हायनर के मैदानी गोल से टीम ने 36वें मिनट में अर्जेंटीना की बढ़त को कम किया। मैच का आखिरी क्वार्टर काफी रोमांचक रहा जहां पफंड्ट ने 47वें मिनट में गोलकर स्कोर को 2-2 से बराबर कर दिया। जर्मनी की यह खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं रही क्योंकि इसके तीन मिनट के बाद ही डोमेने के तीसरे गोल ने फिर से अर्जेंटीना को बढ़त दिला दी। रही सही कसर आखिरी क्षणों में अगोस्टिनि के गोल ने पूरी कर दी। इससे पहले तीसरे और चौथे स्थान के मैच में फ्रांस ने गत चैम्पियन भारत को 3-। से हराया।

# मुंबई सिटी ने बेंगलुरु एफसी को 3-1 से हराया

**भाषा।** बामबोलिम

**मुंबई** सिटी एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के शनिवार की रात को खेले गए मैच में यहां बेंगलुरू एफसी को 3-। से शिकस्त दी। इगोर एंगुलो ने नौवें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर मुंबई सिटी का खाता खोला। क्लीटन सिल्वा ने 20वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। मध्यांतर तक दोनों टीम ।-। से बराबरी पर थी।

मोर्तादा फाल ने 54वें मिनट में हेडर से गोल करके मुंबई सिटी को फिर से आगे कर दिया जबकि यगोर कताऊ ने 85वें मिनट में उसकी जीत सुनिश्चित की। मुंबई सिटी की चार मैचों में यह तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं। इससे वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। बेंगलुरू को दूसरी हार का सामना करना पड़ा और उसके चार मैचों में चार अंक हैं।

# चेल्सी की हार से ईपीएल में शीर्ष पर पहुंचा मैनचेस्टर सिटी

**एपी।** लंदन



**मौजूदा** चैंपियन मैनचेस्टर सिटी ने वाटफोर्ड पर 3-। की आसान जीत तथा चेल्सी की वेस्ट हैम के हाथों 3-2 से हार से इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। शनिवार को खेले गए मैचों से पहले चेल्सी शीर्ष पर काबिज था लेकिन अब सिटी 15 मैचों में 35 अंक लेकर पहले स्थान पर पहुंच गया है। चेल्सी के 15 मैचों में 33 अंक हैं और वह लिवरपूल (15 मैचों में 34 अंक) के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गया है। लिवरपूल ने एक अन्य मैच डिवोक ओरिगी के दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम में किए गए गोल की मदद से वॉल्व्स को ।-0 से हराया। सिटी ने वाटफोर्ड के खिलाफ दबदबे वाला प्रदर्शन किया। उसकी तरफ से बर्नांडो सिल्वा ने दो और रहीम स्टर्लिंग ने एक गोल किया। सिटी की यह लीग में लगातार पांचवीं जीत है। एक अन्य मैच में न्यूकास्टल ने कैलम विल्सन के गोल की मदद से बर्नली को ।-0 से पराजित किया।

## रीयाल मैड्रिड का विजय अभियान जारी, बार्सिलोना हारा

**बार्सिलोना।** रीयाल मैड्रिड ने करीम बेंजेमा के चोटिल होने के बावजूद विनिसियस जूनियर और लुका जोविच के गोल की मदद से रीयाल सोसिडाड को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

विनिसियस और जोविच ने दूसरे हाफ के शुरू में गोल करके रीयाल मैड्रिड को सभी प्रतियोगिताओं में लगातार आठवीं जीत दिलाई। इससे वह अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी सेविला से आठ अंक आगे हो गया है। रीयाल मैड्रिड की जीत से पहले एटलेटिको मैड्रिड और बार्सिलोना को अपने घरेलू मैचों में हार का सामना करना पड़ा।

मौजूदा चैंपियन एटलेटिको मैड्रिड को मालोर्का ने 2-। से हराया। इस हार के बाद वह रीयाल मैड्रिड से 10 अंक पीछे चौथे स्थान पर खिसक गया है। बार्सिलोना तो अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रीयाल मैड्रिड से 16 अंक पीछे है। उसे रीयाल बेटिस ने ।-0 से पराजित किया। झावी हर्नाडेज के कोच बनने के बाद बार्सिलोना की यह पहली हार है। बेटिस इस जीत से सेविला के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। सेविला ने एक अन्य मैच में विल्लारीयाल को ।-0 से हराया।

## जर्मनी को हराकर रूस डेविस कप के फाइनल में

**मैड्रिड।** आंद्रे रूबलेव और दानिल मेदवेदेव की एकल मैचों में जीत से रूस ने जर्मनी को 2-। से हराकर डेविस कप टेनिस प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई। रूबलेव ने पहले एकल मैच में डोमिनिक कोफर को 6-4, 6-0 से हराया जिसके बाद मेदवेदेव ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 6-4 से हराकर रूस की जीत सुनिश्चित की। जर्मनी के केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज ने असलान करात्सेव और कारेन खाचनोव को युगल मुकाबले में 4-6, 6-3, 6-4 से हराया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। रूस फाइनल में क्रोएशिया का सामना करेगा जिसने नोवाक जोकोविच की अगुवाई वाले सर्बिया को हराया। रूस और क्रोएशिया अपने तीसरे डेविस कप खिताब के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे।

# बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में सिंधू को रजत से करना पड़ा संतोष

**भाषा।** बाली



**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू को रविवार को यहां खिताबी मुकाबले में दक्षिण कोरिया की आन सियोंग से सीधे गेम में हारने के कारण बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

मौजूदा विश्व चैंपियन सिंधू के पास विश्व में छठे नंबर की कोरियाई खिलाड़ी के खेल का कोई जवाब नहीं था और वह आसानी से 16-21, 12-21 से हार गई। इस कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ सिंधू की तीन मैचों में तीसरी हार है और इन सभी मैचों का नतीजा सीधे गेम में निकला। सियोंग ने नेट पर बेहतरीन खेल दिखाया और बेसलाइन पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने 39 मिनट तक चले मैच में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया। सियोंग ने इससे पहले इंडोनेशिया मास्टर्स और इंडोनेशिया ओपन के खिताब जीते थे। उन्होंने अक्टूबर में डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी सिंधू को हराया था। यह तीसरा अवसर था जबकि सिंधू टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी। वह 2018 में खिताब जीतकर यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय बनी थी। सिंधू में फाइनल में हार के बाद कहा, यह अच्छा मुकाबला था। सियोंग बेहतरीन खिलाड़ी है इसलिए मुझे नहीं लगता कि यह आसान होने वाला था। मैं एक कड़े मुकाबले के लिए तैयार थी। उन्होंने कहा, मुझे शुरू से ही उसे बढ़त बनाने का मौका नहीं देना चाहिए था क्योंकि अंत में मैं अंको के अंतर को कम करने में सफल रही। यह थोड़ा निराशाजनक है लेकिन बहुत कुछ सीखने को मिला। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, बाली में तीन सप्ताह अच्छे रहे। यहां से कई सकारात्मक चीजों के साथ लौटूंगी और तरोताजा होकर विश्व चैम्पियनशिप की तैयारी करूंगी। कोरिया की 19 साल की खिलाड़ी के खिलाफ सिंधू एक बार फिर असहज नजर आई। वह अपने आक्रामक खेल को आगे नहीं बढ़ा सकी और ना ही पूरे कोर्ट का इस्तेमाल कर सकी। सियोंग ने नेट का शानदार इस्तेमाल किया और शटल पर बेहतर प्रहार से उसने सिंधू की योजना को विफल कर दिया। उन्होंने मैच के दौरान कई मौकों पर डाइव लगाकर अंक बचाए। मैच की शुरुआत में ही सिंधू 0-4 से पिछड़ गई थी। सिंधू ने वापसी की कोशिश की लेकिन कोरिया की खिलाड़ी ने उन्हें एक बार में कई अंक बटोरने का मौका नहीं दिया। सियोंग ने अपनी बढ़त को 16-8 किया और सिंधू ने वापसी करते हुए इस अंतर को कम किया लेकिन वह कोरिया की खिलाड़ी को 21-16 से गेम जीतने से नहीं रोक पाई। सिंधू ने दूसरे गेम में अच्छी शुरुआत की वह मैच में पहली बार मैच में 5-4 की बढ़त हासिल करने में सफल रही। लेकिन सियोंग ने शानदार वापसी की 10-6 की बढ़त हासिल कर ली। वह लंबी रैलियों के सहारे सिंधू को कठिन चुनौती दे रही थी। ब्रेक के समय उसके पास 11-8 की बढ़त थी। उसने ब्रेक के बाद लगातार चार अंक जुटाकर अपनी बढ़त को 15-8 कर ली।

## भारतीय महिला टीम ब्राजील से लौटी, केरल में लगा शिविर

**नई दिल्ली।** चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के बाद ब्राजील से लौटी भारतीय महिला फुटबॉल टीम अब कोच्चि में आगामी एएफसी एशियाई कप के लिए अभ्यास करने में जुट गई है। एशियाई कप भारत में (पुणे और मुंबई में) 20 जनवरी से छह फरवरी तक खेला जाएगा। भारत ने मनाऊस में चार देशों के टूर्नामेंट में ब्राजील, चिली और वेनेजुएला टीम का सामना किया। मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी का कहना है कि इस टूर्नामेंट से लड़कियों को अपार अनुभव हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने यह बात रविवार को कोच्चि में टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए शुरू हुए शिविर में कही। डेनेरबी ने कहा, हमने ब्राजील में तीन मैचों के दौरान काफी कुछ सीखा। सबसे बड़ी सीख यही थी कि अब खिलाड़ी जानती हैं कि हम किस स्तर तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, तकनीकी और रणनीतिक रूप से। हमने एक अन्य अहम पहलू पर ध्यान लगाया है जो मैदान में फैसला लेने के बारे में है।

# हेड और स्टार्क पहले एशेज टेस्ट के लिए आस्ट्रेलियाई टीम में

**भाषा।** ब्रिसबेन

**आस्ट्रेलिया** ने मध्यक्रम के बल्लेबाज ट्रैविस हेड और तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को इंग्लैंड के खिलाफ आठ दिसंबर से गाबा में शुरू होने वाले पहले एशेज टेस्ट मैच के लिए रविवार को टीम में शामिल किया। मध्यक्रम में एक स्थान के लिए हेड को उस्मान ख्वाजा पर प्राथमिकता दी गई। ए दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और इन दोनों ने हाल में शैफील्ड शील्ड में अच्छा प्रदर्शन किया था।

हेड ने शैफील्ड शील्ड के इस सत्र में पांच मैचों में 49.25 की औसत से 394 जबकि ख्वाजा ने 65.71 की औसत से 460 रन बनाए। इन दोनों के नाम पर दो दो शतक दर्ज हैं लेकिन हेड को हाल में क्वीन्सलैंड के खिलाफ 101 रन बनाने का फायदा मिला। कप्तान पैट कमिन्स ने कहा, दोनों में एक स्थान के लिए कड़ा मुकाबला था। चयनकर्ताओं को किसी एक का चयन करना था। दोनों वास्तव में अच्छे विकल्प थे और वे शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने कहा, उज्जी (ख्वाजा) का बेहद अनुभवी है और हम भाग्यशाली हैं कि वह हमारे साथ है लेकिन ट्रेव (हेड) ने पिछले दो वर्षों में हमारे साथ काफी मैच खेले हैं और उसने अच्छे रन बनाए हैं। हेड ने अब तक 19 टेस्ट मैचों में 39.75 की औसत से 1153 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक शामिल हैं। कमिन्स की अगुवाई वाली टीम में तेज गेंदबाज स्टार्क की जगह सुनिश्चित नहीं मानी जा रही थी क्योंकि झाय रिचर्डसन ने हाल में घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करके अपना मजबूत दावा पेश किया था। चयनकर्ताओं ने हालांकि अनुभवी तेज गेंदबाज स्टार्क पर ही भरोसा दिखाया।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 6 दिसंबर, 2021



# श्रीलंकाई नागरिक की लगभग सभी हड्डियां टूट चुकी थीं: रिपोर्ट

**पाकिस्तान लिंचिंग**

## ●99 प्रतिशत तक जला था शव

**भाषा**। लाहौर

**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत में श्रीलंकाई नागरिक प्रियंता कुमारा दियावदना की पीट-पीटकर हत्या किए जाने की भयावह घटना के बाद, मृतक की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के हवाले से जियो न्यूज की खबर में कहा गया है कि दियावदना के शरीर की लगभग सभी हड्डियां टूट गई थीं और शव 99 फीसदी जल गया था। कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के समर्थकों ने शुक्रवार को एक कपड़ा कारखाने पर हमला किया था और इसके महाप्रबंधक दियावदना (40) को ईशनिंदा के आरोप में पीट-पीटकर मार डाला था। भीड़ ने इसके बाद उनके शव को आग लगा दी थी।

जियो न्यूज की खबर के मुताबिक दियावदना की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खोपड़ी और जबड़े की हड्डी टूटना मौत का कारण बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक उनके महत्वपूर्ण अंग, यकृत, पेट तथा एक किडनी पर असर पड़ा, वहीं प्रताड़ना के निशान पूरे शरीर पर थे। रीढ़ की हड्डी तीन जगह से टूट चुकी थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चला कि दियावदना का 99 फीसदी शरीर जल चुका था और पैर के एक पंजे की हड्डी को छोड़कर पूरे शरीर की हड्डियां टूट गई थीं।

पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद दियावदना का शव लाहौर भेजा जाएगा जहां यह श्रीलंका के वाणिज्य दूतावास को सौंप दिया जाएगा। रिपोर्ट में एक अधिकारी के हवाले से बताया गया कि सभी कानूनी औपचारिकताओं के बाद शव विशेष विमान के जरिए श्रीलंका भेजा जाएगा। इस बीच एक वीडियो सामने आया है जिसमें एक व्यक्ति दियावदना को बचाने का प्रयास करता दिखता है। दियावदना की मौत के बाद एक अन्य व्यक्ति शव को आग के हवाले नहीं करने की याचना करता दिखता है लेकिन गुस्साई भीड़ ने उसे भी एक तरफ कर दिया।

पाकिस्तान सरकार पर दबाव बढ़ने के बाद इस घटना में 800 से अधिक लोगों के खिलाफ आतंकवाद के आरोपों में मामला दर्ज किया गया है।

## इमरान ने हत्या के मामले में न्याय सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया

**भाषा**। कोलंबो

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री इमरान खान ने श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे से फोन पर बातचीत की और कहा कि उस भीड़ के प्रति कोई दया नहीं दिखाई जाएगी जिसने ईशनिंदा के आरोप में श्रीलंकाई नागरिक प्रियंता दियावदना की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। राष्ट्रपति कार्यालय ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। खान ने राजपक्षे से टेलीफोन पर बात की और कहा कि अब तक इस मामले में 113 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

राष्ट्रपति कार्यालय से जारी एक बयान में यहां कहा गया, पाकिस्तानी बलों ने घटना से संबंधित सभी वीडियो एवं जानकारी जुटा ली है। प्रधानमंत्री इमरान खान ने राष्ट्रपति राजपक्षे को सूचित किया कि पाकिस्तान में लंबे समय तक कार्यरत रहे दियावदना ने एक प्रबंधक के तौर पर उच्च स्तर का पेशेवर व्यवहार प्रदर्शित किया। शुक्रवार को दिल दहला देने वाली एक घटना में चरमपंथी इस्लामिक पार्टी तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान के समर्थकों ने एक कपड़ा फैक्टरी पर हमला कर दिया और ईशनिंदा के आरोप में इसके महाप्रबंधक दियावदना की पीट-पीटकर हत्या कर दी तथा शव को आग लगा दी। पाकिस्तान सरकार पर दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने के दबाव के बाद 800 से अधिक लोगों के खिलाफ आतंकवाद के आरोप में मामला दर्ज किया गया है और 113 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में 13 मुख्य आरोपी भी शामिल हैं। पेराडेनिया विश्वविद्यालय से स्नातक दियावदना के परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं। वह नौकरी के सिलसिले में 2010 में पाकिस्तान पहुंचे थे और 2012 से सियालकोट स्थित फैक्टरी में महाप्रबंधक के तौर पर काम रहे थे। श्रीलंका की संसद और प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने पाकिस्तान में श्रीलंकाई नागरिक की पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटना की शनिवार को निंदा की थी और उम्मीद जताई थी कि वहां के प्रधानमंत्री इमरान खान पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने का वादा पूरा करेंगे तथा शेष श्रीलंकाई प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। ईशनिंदा के आरोप में भीड़ द्वारा हत्या करना पाकिस्तान में बहुत आम है, जहां संबंधित अपराध में मौत की सजा हो सकती है।

### श्रीलंकाई नागरिक की पत्नी ने लगाई इंसाफ की गुहार

**कोलंबो**। पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में पीट-पीटकर मार दिए गए श्रीलंकाई नागरिक प्रियंता कुमारा दियावदाना की पत्नी ने पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों सरकारों से न्याय की गुहार लगाई और कहा कि उनका पति निर्दोष व्यक्ति था। शुक्रवार को कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के नाराज समर्थकों ने एक कपड़ा कारखाने पर हमला किया और ईशनिंदा के आरोपों पर उसके महाप्रबंधक दियावदाना की पीट-पीट कर हत्या कर दी और शव को आग लगा दी थी। दोषियों के खिलाफ कार्वाई के लिए पाकिस्तानी सरकार पर दबाव बढ़ने के बीच, 800 से अधिक लोगों पर आतंकवाद के आरोप में मामला दर्ज किया गया है, जबकि पंजाब प्रांत में अब तक गिरफ्तार किए गए 118 लोगों में से 13 प्रमुख संदिग्ध हैं। बीबीसी सिन्हाला ने मृतक की पत्नी के हवाले से कहा कि मुझे अपने पति की निर्मम हत्या के बारे में खबरों से पता चला, बाद में मैंने इसे इंटरनेट पर भी देखा।

## प्रिंस विलियम ने नए पॉडकास्ट में मानसिक स्वास्थ्य पर की बात

**एपी**। लंदन

**ब्रिटिश** गद्दी के दूसरे दावेदार प्रिंस विलियम ने अपने नए पॉडकास्ट में संवेदशील माने जाने वाले विषय मानसिक स्वास्थ्य पर बात की है और बताया है कि एयर एंबुलेंस पायलट के तौर पर कार्य करने के दौरान और दिवंगत मां प्रिंसेज डायना को याद करने से पड़ने वाले मानसिक दबाव का कैसे सामना करते हैं। एप्पल के टाइम टू टॉक पॉडकास्ट पर 39 वर्षीय ड्यूक ऑफ कैम्ब्रिज ने शाही परिवार में लंबे समय से मिल रहे प्रेम और गत इन सालों में जीवन से सीखे सबक पर भी बात की।

उल्लेखनीय है कि प्रिंस विलियम ने वर्ष 2015 से 2017 तक ईस्ट एंजेलियन एयर एंबुलेंस में बचाव पायलट के तौर पर कार्य किया था और पॉडकास्ट में उन्होंने उस दौर के अपने अनुभवों को साझा किया।

# चीन की बढ़ती क्षमताओं के परिणाम गहरे हैं : जयशंकर

**भाषा**। अबू धाबी



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि चीन के उदय और उसकी बढ़ती क्षमताओं के परिणाम विशेष तौर पर गहरे हैं। अबू धाबी में पांचवें हिंद महासागर शिखर सम्मेलन (आईओसी) 2021 में बोलते हुए जयशंकर ने यह भी कहा कि वैश्विकृत दुनिया में यह महत्वपूर्ण है कि नौवहन और वायु क्षेत्र में उड़ान भरने की आजादी तथा बिना बाधा व्यापार का सम्मान किया जाए।

उन्होंने कहा कि कई घटनाएं ऐसी हुई हैं जिनका हिंद महासागर क्षेत्र पर सीधा असर हो रहा है। दो घटनाक्रम - अमेरिका की बदलती रणनीति और चीन के उदय- ने हाल के वर्षों में हिंद महासागर के विकास को प्रभावित किया है। विदेश मंत्री ने कहा कि 2008 से हमने अमेरिका के शक्ति प्रदर्शन में बड़ी सावधानी और इसके अति विस्तार में सुधार करने की कोशिश देखी है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर अमेरिका अपने और दुनिया दोनों के बारे में वृहद वास्तविकता की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि दूसरी बड़ी प्रवृत्ति चीन का उदय है। चीन की बढ़ती क्षमताओं के परिणाम खासतौर से गहरे हैं। इसके परिणामस्वरूप चाहे कनेक्टिविटी हो, प्रौद्योगिकी या व्यापार अब सत्ता तथा प्रभाव की बदली प्रकृति पर बहस चल रही है। इसके अलावा हम एशिया में क्षेत्रीय मुद्दो पर तनाव बढ़ते हुए देख रहे हैं। पूर्व में किए गए समझौतों और समझ पर अब कुछ सवालिया निशान खड़े होते दिखते हैं। समय के साथ इसके जवाब मिलेंगे।

उन्होंने प्रत्यक्ष तौर पर पिछले साल मई से पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच चल रहे गतिरोध का हवाला दिया।

जयशंकर ने कहा कि मुश्किल वक्त में मजबूत अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया का समूह क्वाड हिंद महासागर के एक छोर पर इसका अच्छा उदाहरण है।

## पाक मानवाधिकार कार्यकर्ता को 14 साल की सश्रम सजा

**जासूसी का आरोप**

**भाषा**। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के एक मानवाधिकार और राजनीतिक कार्यकर्ता को जासूसी के आरोप में 14 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। रविवार को प्रकाशित एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मानवाधिकार कार्यकर्ता इदरीस खट्टक पर यह फैसला इस सप्ताह झेलम में मुकदमे की समाप्ति के बाद सुनाया गया था।

डॉन अखबार ने एक सुरक्षा सूत्र के हवाले से कहा कि खट्टक को फील्ड जनरल कोर्ट मार्शल (एफजीसीएम) द्वारा जासूसी और संवेदनशील जानकारी लीक करने का दोषी पाया गया था। उसे 14 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। सूत्र ने बताया कि उस पर पाकिस्तान सेना अधिनियम और सरकारी गोपनीयता अधिनियम, 1923 के तहत मुकदमा चलाया गया था। उस पर एक विदेशी खुफिया एजेंसी को संवेदनशील जानकारी प्रदान करने का आरोप लगाया गया था।

कोर्ट-मार्शल के फैसले का बचाव करते हुए सूत्र ने कहा कि जासूसी के आरोपी किसी भी व्यक्ति को, चाहे वह सैनिक हो या असैनिक, एफजीसीएम द्वारा मुकदमा चलाया जा सकता है। एमनेस्टी इंटरनेशनल से जुड़े खट्टक को सजा काटने के लिए झेलम जिला जेल में स्थानांतरित करने की खबर है।

सूत्र ने कहा कि वह अपीलीय न्यायाधिकरण और बाद में सेना प्रमुख के समक्ष अपील कर सकते हैं। वह 13 नवंबर, 2019 को इस्लामाबाद से पेशावर की यात्रा कर रहा था, जब उसे स्वाबी इंटरचेंज के पास खुफिया एजेंसी ने उठाया था।



बैंकॉक में थाईलैंड के राजा महा वजीरालोंगकोर्न रविवार को अपने दिवंगत पिता राजा भूमिबोल अदुल्यादेज के सम्मान में एक स्मारक के शिलान्यास समारोह में शामिल हुए।

## पोप फ्रांसिस ने शरणार्थी समस्या को लेकर यूरोपीय देशों क सरकारों की आलोचना की

लेसबोस (**यूनान**)। पोप फ्रांसिस ने प्रवासियों और शरणार्थियों की समस्या से निपटने में यूरोपीय देशों की सरकारों की कथित नाकामी को लेकर उनकी आलोचना की है। पोप फ्रांसिस (84) रविवार को यूनान के लेसबोस द्वीप पहुंचे जहां वह करीब दो घंटे तक रुकेंगे। इस दौरान पोप प्रवासियों और शरणार्थियों के एक केंद्र का दौरा करेंगे। लेसबोस द्वीप प्रवासियों और शरणार्थियों का गढ़ माना जाता है, यहां से लोग विभिन्न यूरोपीय देशों में दाखिल होने की कोशिश करते हैं। वर्ष 2016 में अपनी यात्रा के दौरान पोप 12 सीरियाई मुस्लिम शरणार्थियों को अपने साथ लाए थे। पोप इस समय साइप्रस और यूनान की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। इन दोनों ही देशों में शरणार्थी संकट काफी गहरा गया है। गौरतलब है कि इराक और सीरिया में गृह युद्ध जैसे हालात के कारण 2015 तथा 2016 के दौरान 10 लाख से अधिक लोगों ने तुर्की से होते हुए यूनान में प्रवेश किया था।

## सीएनएन ने क्रिस को अपने भाई एंड्रयू कुओमो की मदद करने की वजह से बर्खास्त किया

**न्यूयॉर्क**। सीएनएन टेलीविजन चैनल ने न्यूयॉर्क के पूर्व गवर्नर और यौन उत्पीड़न के आरोपी एंड्रयू कुओमो की मदद करने वाली सूचना सामने आने के बाद अपने प्राइम टाइम प्रस्तोता क्रिस कुओमो को शनिवार को बर्खास्त कर दिया। न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल ने यह जानकारी उपलब्ध कराई थी कि क्रिस ने अपने भाई एंड्रयू कुओमो को पद पर बने रहने में मदद करने के लिए रणनीतियां बनाने और अन्य पत्रकारों तक पहुंचने में किस प्रकार मदद की थी। इसके बाद सीएनएन ने क्रिस के आचरण की जांच के क्रम में मंगलवार को उन्हें निलंबित कर दिया था। सीएनएन ने इससे संबंधित समीक्षा का काम एक कानूनी कंपनी को सौंपा था। वकीलों ने क्रिस कुओमो को बर्खास्त करने की सिफारिश की और सीएनएन प्रमुख जेफ जकर ने प्रस्तोता को शनिवार को इस फैसले की जानकारी दी क्रिस कुओमो ने इस फैसले पर ट्विटर के माध्यम से निराशा व्यक्त की। एंड्रयू कुओमो पर कई महिलाओं ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

## इजराइल ने परमाणु वार्ता में ईरान के खिलाफ कड़ा रूख अपनाने की अपील की

**तेल अवीव**। इजराइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने रविवार को विश्व शक्तियों से अपील की कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर लगाम कसने के लिए उसके खिलाफ कड़ा रूख अपनाए जाएं। परमाणु समझौते को फिर से शुरू करने के लिए विश्व शक्तियों की ईरान के साथ वार्ता को लेकर इजराइल चिंतित है। ईरान ने पिछले हफ्ते वियना में वार्ता बहाल होने पर अपने कड़े रूख से पीछे हटने के संकेत दिए और कहा कि पिछले दौर की वार्ता में जो चर्चाएं हुईं थी उन पर फिर से बातचीत हो सकती है। साथ ही ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम की गति धीमी नहीं कर रहा है, जिसका असर वार्ता पर पड़ सकता है।

## ज्वालामुखी फटने की घटना में मरने वालों की संख्या 14 हुई

**एपी**। लूमागंज (इंडोनेशिया)

**इंडोनेशिया** की घनी आबादी वाले द्वीप जावा में ज्वालामुखी फटने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है, वहीं नौ लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुलगते मलबे के कारण तलाश अभियान में बाधा आ रही है। जावा द्वीप पर सबसे ऊंचे ज्वालामुखी के फटने के एक दिन बाद बचावकर्मी सुलगते मलबे और गीली मिट्टी में जीवित बचे लोगों को तलाशने में लगे हैं। पूर्व जावा प्रांत के लूमागंज जिले में सेमेरू पर्वत में ज्वालामुखी फटने पर आकाश में 40,000 फुट की ऊंचाई पर राख की चादर बिछ गई साथ ही गैस और लावा बहता हुआ नीचे के स्थानों पर आ गया।

भूगर्भीय सर्वेक्षण केन्द्र के प्रमुख इको बुड़ी लेलोनो ने बताया कि तूफान और कई दिनों तक बारिश होने के कारण 3,676 मीटर की ऊंचाई पर सेमेरू पर्वत पर ज्वालामुखी फटा। जिला प्रमुख टी हक ने कहा, घनी राख के कारण कई गांवों में अंधेरे का आलम है। सैकड़ों लोगों को अस्थाई आश्रय स्थलों में पहुंचाया गया है और कुछ लोग खुद ही सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। इंडोनेशिया के ज्वालामुखी और भूवैज्ञानिक जोखिम शमन एजेंसी के अनुसार, गर्म गैस और लावा का प्रवाह शनिवार को कम से कम दो बार और रविवार को तीन बार, दो किलोमीटर की दूरी से लेकर पास की नदी में 11 किलोमीटर तक गई। अधिकारियों ने ज्वालामुखी के प्रकोप के कारण अपने-अपने निवास स्थान छोड़कर गए हजारों लोगों को रविवार को वापस नहीं लौटने की चेतावनी दी। पूर्वी जावा की खोज और बचाव एजेंसी के हरयादी पूर्णोमो ने कहा, वहां जीवन नहीं बचा है पेड़, खेत, घर सब तबाह हो गए हैं। पूरा इलाका राख से भरा हुआ है। राष्ट्रीय आपदा राहत एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा कि कम से कम 14 ग्रामीणों की गंभीर रूप से जलने से मौत हो गई और 57 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## म्यांमा में प्रदर्शनकारियों के मार्च में घुसा सेना का ट्रक, तीन की मौत

**बैंकॉक**। म्यांमा के सबसे बड़े शहर यांगून में रविवार को सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के शांतिपूर्ण मार्च में सेना का एक ट्रक घुस गया, जिससे कम से कम तीन लोगों की मौत की खबर है। प्रत्यक्षदर्शियों और प्रदर्शन के आयोजकों ने यह जानकारी दी।

गौरतलब है कि सेना ने पिछले साल एक फरवरी को म्यांमा की नेता आंग सान सू ची का तख्तापलट कर दिया था, जिसके बाद उनके खिलाफ लगभग एक दर्जन आपराधिक मामलों में सुनवाई चल रही है। सोमवार को इस संबंध में पहला निर्णय सुनाए जाने की संभावना है, जिसके चलते यांगून और देश के अन्य भागों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में सेना के एक छोटे तेज रफ्तार ट्रक को मार्च के पीछे आते देखा जा सकता है।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि जब ट्रक ने प्रदर्शनकारियों को टक्कर मारी तब वे सड़कों पर थे। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, लगभग पांच सशस्त्र सैनिक वाहन से बाहर निकले और प्रदर्शनकारियों का पीछा किया। उन्होंने गोलियां चलाईं और कार की चपेट में आए युवकों को भी गिरफ्तार कर लिया।



पेरिस में रविवार को फ्रांस के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार एरिक जेमोर के खिलाफ मार्च निकालते प्रदर्शनकारी

## हम और पाबंदियां लगाए बिना चौथी लहर से निपट सक्ते हैं: द. अफ्रीकी मंत्री

**जोहानिसबर्ग**। दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जोए फाहला ने कहा कि देश कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप से आई महामारी की चौथी लहर से बिना सख्त पाबंदियां लगाए निपट सकता है।

साथ ही उन्होंने नागरिकों से प्रोटोकॉल का पालन करने और टीके की पूरी खुराक लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि हम इस चौथी लहर से निपट सकते हैं, हम मौलिक उपकरणों के साथ ओमीक्रोन से निपट सकते हैं। उन्होंने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अगर हम सुरक्षा उपाय करने का अपना मौलिक कर्तव्य निभाते हैं और अगर 12 साल से अधिक आयु के हम सभी पात्र लोग टीके की खुराक लेने के लिए अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र जाते हैं तो हम इससे इस तरीके से निपट सकते हैं जिसमें सरकार को अगले कुछ दिनों में गंभीर पाबंदियां लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि टीके की खुराक ले चुके केवल कुछ ही लोग बीमार पड़े हैं और ज्यादातर में हल्के लक्षण हैं जबकि अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों में से बड़ी संख्या उन लोगों की है जिन्होंने टीके की खुराक नहीं ली है।

## सहयोगियों के साथ मिलकर चीन का मुकाबला करेगा अमेरिका: लॉयड ऑस्टिन

**एपी**। वाशिंगटन

**अमेरिका** के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शनिवार को कहा कि पेंटागन उच्च प्रौद्योगिकी प्रणालियों को विकसित करने के लिए निजी उद्योग के साथ मिलकर बेहतर तरीके से काम करने का इरादा रखता है और चीन पर प्रतिस्पर्धी बढ़त बनाए रखने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोगियों के साथ संबंध मजबूत करना चाहता है।

रक्षा मंत्री ने कैलिफोर्निया में रीगन नेशनल डिफेंस फोरम में कहा कि क्षेत्र में और खासकर स्वशासी ताइवान के निकट चीन की सैन्य गतिविधियां और उसके आक्रामक कदम परेशान करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका लंबे समय से चली आ रही एक चीन नीति को लेकर अब भी प्रतिबद्ध है तथा इसके साथ ही वह ताइवान को अपनी रक्षा करने में और सक्षम बनाना चाहता है। ऑस्टिन ने कहा कि चीन की ओर से पेश चुनौती को हम साफ-साफ देख पा रहे हैं, लेकिन चीन का कद बड़ा नहीं है, कद अमेरिका का बड़ा है। अमेरिका ऐसा देश नहीं है जो प्रतिस्पर्धा से घबराता हो। हम इसे आत्मविश्वास और संकल्प के साथ पछाड़ेंगे। हम निराश नहीं होंगे और न ही घबराएंगे। ऑस्टिन ने यह बात ऐसे समय में कही, जब चीन की बढ़ती सैन्य और आर्थिक शक्ति से निपटने के लिए अमेरिका संघर्ष कर रहा है। चीन अंतरिक्ष, साइबर और परमाणु क्षमताओं के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है और अमेरिका उससे सीधा आमना-सामना होने से बच रहा है।

# यूक्रेन को लेकर बढ़े तनाव के बीच बाइडन से बात करेंगे रूसी राष्ट्रपति पुतिन

**एपी**। मॉस्को

**यूक्रेन** की सीमा पर रूसी बलों की मौजूदगी बढ़ने के कारण अमेरिका और रूस के बीच बढ़े तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत करेंगे। व्हाइट हाउस और क्रेमलिन ने इस बात की पुष्टि की है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि बाइडन सीमा पर रूसी सैन्य गतिविधियों को लेकर अमेरिका की चिंता व्यक्त करेंगे और यूक्रेन की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के लिए अमेरिकी सहयोग की पुन: पुष्टि करेंगे। वहीं पुतिन इस बातचीत के दौरान अपनी चिंताएं व्यक्त करेंगे और उनका नाटो सैन्य गठबंधन में यूक्रेन को शामिल करने के हर प्रकार के कदम को लेकर विरोध प्रकट करने का इरादा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने कहा कि दोनों देशों के राष्ट्रपति स्वयं फैसला करेंगे कि वार्ता कितनी लंबी चलेगी। इससे पहले दोनों नेताओं के बीच वार्ता जुलाई में हुई थी।

उस समय बाइडन ने अमेरिका के खिलाफ रैनसमवेयर हमले करने वाले रूसी आपराधिक हैकिंग गिरोहों पर लगाम लगाने के लिए पुतिन पर दबाव डाला था। रूस इस बात का दबाव बना रहा है कि अमेरिका यूक्रेन को नाटो में शामिल नहीं किए जाने की गारंटी दे, लेकिन नाटो के महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग ने पिछले सप्ताह कहा था कि यदि अन्य देश या गठबंधन विस्तार करना चाहते हैं, तो रूस का इससे कोई लेना-देना नहीं होना चाहिए।

बाइडन प्रशासन के अनुसार अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने पता लगाया है कि रूस ने यूक्रेन के साथ लगती सीमा पर करीब 70 हजार सैनिकों की तैनाती की है और अगले वर्ष की शुरुआत में उसने संभावित आक्रमण की योजना बनाई है। अमेरिका के अधिकारियों और पूर्व अमेरिकी राजनयिकों का कहना है कि रूस के राष्ट्रपति जहां संभावित आक्रमण की तैयारियां कर रहे हैं, वहीं यूक्रेन की सेना पहले की तुलना में ज्यादा हथियारबंद एवं तैयार है और पश्चिमी देशों द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने से रूस की अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। यूक्रेन के अधिकारियों का कहना है कि रूस अगले महीने आक्रमण कर सकता है। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव ने कहा कि यूक्रेन और क्रीमिया के पास रूस के सैनिकों की अनुमानित संख्या 94,300 है। क्रेमलिन ने कहा कि बाइडन के साथ फोन पर बातचीत में पुतिन इस बात की गारंटी चाहेंगे कि यूक्रेन को नाटो के विस्तार में शामिल नहीं किया जाए। यदि रूस यूक्रेन पर हमला करता है, तो बाइडन प्रशासन के पास रूस को वित्तीय नुकसान पहुंचाने के अपने संकल्प को पूरा करने के कई विकल्प हैं, जिनमें पुतिन के सहयोगियों को लक्ष्य बनाने वाले प्रतिबंध लागू करने से लेकर दुनियाभर में धन प्रवाहित करने वाली वित्तीय प्रणाली से रूस को काटना शामिल है।

## नेपाल ने हिमालय और हिंद महासागर के बीच निर्बाध संपर्क का आह्वान किया

**भाषा**। काठमांडू

**नेपाल** के विदेश सचिव भरत राज पौडयाल ने भारतीय उपमहाद्वीप में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए अधिक आर्थिक और क्षेत्रीय सहयोग की जरूरत को रेखांकित करते हुए रविवार को कहा कि सरकार की प्राथमिकता नेपाल के उच्च हिमालई क्षेत्रों को हिंद महासागर से जोड़ने की है। अबू धाबी में पांचवें हिंद महासागर सम्मेलन, (आईओसी) 2021 को सम्बोधित करते हुए पौडयाल ने कहा कि नेपाल जैसे बंदरगाह विहीन देश (लैंडलॉक्ड कंट्री) का हिंद महासागर के लिए बहुत महत्व है और इसे एक आर्थिक जीवन रेखा माना जाता है।

उन्होंने कहा, लैंडलॉक्ड विकासशील देशों की क्षमता विकसित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय समर्थन की आवश्यकता है, ताकि नेपाल के उच्च पर्वतीय इलाकों को हिंद महासागर के साथ निर्बाध हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर कनेक्टिविटी के माध्यम से जोड़कर लाभ प्राप्त करने की क्षमता बढ़ाई जा सके। विदेश सचिव ने कहा कि कोविड-19 से उत्पन्न चुनौतियों के मद्देनजर, वैक्सीन के मामले में अधिक मजबूत सहयोग और तकनीकी जानकारी तथा क्षमता वृद्धि को साझा करने की दिशा में मजबूत कदम इस क्षेत्र में प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। इंडिया फाउंडेशन और संयुक्त अरब अमीरात की सरकार ने संयुक्त रूप से सम्मेलन का आयोजन किया है, जिसमें 30 देशों के 200 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।



**डॉ मुकेश क्वात्रा का कहना है, यदि आप जानवरों के प्रति भावुक हैं और उनकी रक्षा करना और उनके बारे में अधिक जानना चाहते हैं, तो वन्यजीव संरक्षण में कई अवसर हैं**

# अपना भविष्य करें सुरक्षित

जिस प्रकार अधिक से अधिक प्रजातियां विलुप्त होती जा रही हैं, यह पर्यावरण पर भारी प्रभाव डालती है। 99 फीसदी से अधिक प्रजातियां अब विलुप्त हो चुकी हैं। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) के अनुसार 2020 में ही 15 प्रजातियों को विलुप्त घोषित कर दिया गया था। वन्यजीव प्रजातियों के संरक्षण के लिए, समय समाप्त होने से पहले तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता है। कम से कम 100-1,000 गुना की वर्तमान दर के साथ, प्रजातियों के विलुप्त होने की दर और प्रजातियों के आकार में गिरावट ऐसी है जो प्रकृति की अपेक्षा से अधिक है।

वन्य जीवन में करियर के लिए बहुत अधिक ध्यान और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है और इसका पालन केवल उन लोगों द्वारा किया जाना चाहिए जो जानवरों को लेकर बहुत भावुक हैं और जो उनकी रक्षा करना और उनके बारे में अधिक जानना चाहते हैं।

सरकारी एजेंसियां, वन्यजीव गैर सरकारी संगठन, और क्षेत्र से संबंधित कुछ अन्य, वन्यजीव संरक्षण में करियर बनाने के अवसर प्रदान करते हैं।

## वन्यजीव संरक्षण

वन्यजीव संरक्षणवादी पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण व जैव विविधता को बनाए रखने के लिए काम करते हैं। वे न केवल लुप्तप्राय प्रजातियों को रोकथाम करते हैं बल्कि घने जंगल की आग को रोकने और मिट्टी व पानी जैसे प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने में भी मदद करते हैं।

## भारतीय वन सेवाएं

भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी एक वन्यजीव संरक्षणवादी की तरह है जो मुख्य रूप से राष्ट्रीय वन नीति के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करता है और सरकार द्वारा नियोजित होता है।

## वन्यजीव जीवविज्ञानी

चूंकि मानव गतिविधियों के कारण दुनिया पर प्रभाव लगातार बढ़ रहा है, वन्यजीव जीवविज्ञानी के रूप में कैरियर के लिए जानवरों व उनके आवासों का डेटा एकत्र करने, विश्लेषण करने और व्याख्या करने जैसे काम की आवश्यकता होती है, जिसमें रोग, आनुवंशिकी, व्यवहार और प्रदूषण प्रभाव शामिल हैं, ताकि वन्य जीवन संरक्षण के लिए निवास स्थान की स्थिति में सुधार हो सके। इस क्षेत्र के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति को न केवल वैज्ञानिक अध्ययनों में उल्लिखित जानकारी को समझने में सक्षम होना चाहिए बल्कि जंगली जानवरों को संभालने, एसिड और संक्रमित रक्त के साथ काम करने में भी सक्षम होना चाहिए।

## वन्यजीव प्रबंधक

इस करियर को आगे बढ़ाने के इच्छुक छात्रों की जैव विविधता में रुचि होनी चाहिए और उन्हें प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने का प्रयास करना चाहिए। वन्यजीव प्रबंधक के काम में, न केवल आम जनता के लिए, बल्कि जानवरों के लिए भी लाभ पैदा करने के लिए मनुष्यों या वन्यजीवों के आवासों को बनाए रखना और उनमें हेरफेर करना शामिल होता है। एक वन्यजीव प्रबंधक को वन्यजीव आवास प्रबंधन से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन करना चाहिए और समाधान तैयार करना चाहिए।

> वन्य जीवन में करियर के लिए बहुत अधिक ध्यान और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है और इसका पालन केवल उन लोगों द्वारा किया जाना चाहिए जो जानवरों को लेकर बहुत भावुक हैं और जो उनकी रक्षा करना और उनके बारे में अधिक जानना चाहते हैं।

## वन्यजीव शिक्षक

वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि वे युवाओं को वन्य जीवन के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। एक वन्यजीव शिक्षक के हिस्से में पर्यावरण से संबंधित पहलुओं के बारे में स्कूलों और विश्वविद्यालयों में शिक्षण का करियर होता है, जिसमें वन्यजीवों के स्थान, उनके आवास की भौगोलिक स्थिति आदि शामिल होती है। इस करियर के लिए आवेदन करने के इच्छुक छात्रों के पास अच्छा संचार कौशल और बच्चों के साथ काम करने की क्षमता होनी चाहिए।

## आउटरीच विशेषज्ञ

इस क्षेत्र के पेशेवर वन्यजीवन को बहाल करने और उसे बनाए रखने में मदद करने हेतु आर्थिक व संरक्षण सिद्धांतों का उपयोग करते हैं। ये पेशेवर ज्यादातर उद्योगों, नागरिकों, निजी और कॉर्पोरेट जमींदारों से वन्यजीव प्रबंधन में सहायता करने के लिए बातचीत करते हैं। इस क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम होने के लिए व्यक्तियों में महत्वपूर्ण चिंतन क्षमता होनी चाहिए।

## जनसंपर्क

इस क्षेत्र के विशेषज्ञ वन्यजीव अनुसंधान और संरक्षण कार्यक्रमों की व्याख्या करते हैं ताकि उन्हें दूसरों के सामने प्रदर्शित किया जा सके। इनकी नौकरी में ब्रोशर और वेबसाइट बनाना, लेख और समाचार विज्ञप्ति लिखना, सार्वजनिक समारोहों में बोलना या मीडिया के माध्यम से बातचीत करना शामिल है।

## वन्यजीव सलाहकार

वन्यजीव सलाहकार के रूप में करियर एक पूर्णकालिक नौकरी है। इस क्षेत्र के पेशेवरों को खेतों, आवासों में सहायता करने, सर्वेक्षण करने, वन्य जीवन का निरीक्षण करने और कई अन्य कार्य करने की आवश्यकता होती है। सलाहकारों को राष्ट्रीय पर्यावरण नीति में निर्धारित नियमों का पालन करने और गुणवत्तापूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता होती है।

एक वन्यजीव सलाहकार के कार्यों में से एक कार्य है, वो है पर्यावरण पर प्रस्तावित विभिन्न कार्यों के कारण होने वाले प्रभावों का निपटारा करना।

## जीआईएस विशेषज्ञ

इस क्षेत्र के विशेषज्ञ भौगोलिक सूचना प्रणाली के साथ काम करते हैं। जीआईएस विशेषज्ञ का कार्य डेटा की व्याख्या करना और वन्य जीवन व उसके आवास के संबंध में नीति व प्रबंधन की सिफारिशों को प्रस्तुत करना है।

जीआईएस पेशेवर बनने के लिए आवेदन करने के इच्छुक व्यक्तियों की कंप्यूटर विज्ञान की पृष्ठभूमि होनी चाहिए और उन्हें प्रोग्रामिंग के बारे में ज्ञान होना चाहिए क्योंकि उनका उपयोग उपकरण बनाने के लिए किया जाता है।

इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले और जुनूनी छात्रों को अपनी रुचि और योग्यता के आधार पर इसे आगे बढ़ाना चाहिए। उन्हें इस क्षेत्र से संबंधित विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त करने की आवश्यकता है जैसे कि वन्यजीव जीवविज्ञान, समुद्री जीव विज्ञान और प्राणी विज्ञान, इसके बाद वन्यजीव जीवविज्ञान और संरक्षण में मास्टर डिग्री और वन्यजीव जीवविज्ञानी के रूप में प्रमाणित होना चाहिए।

आईएफएस अधिकारी बनने के लिए, आपको कम से कम निम्न एक विषय के साथ स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होती है – किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पशुपालन और पशु चिकित्सा विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूविज्ञान, गणित, भौतिकी, सांख्यिकी और प्राणीशास्त्र, कृषि, वानिकी या इंजीनियरिंग की डिग्री और फिर आपको यूपीएससी द्वारा आयोजित सालाना आईएफएस परीक्षा को पास करना होगा।

**–लेखक स्माइलिंग ट्री के संस्थापक हैं।**

# शिक्षा के साथ कौशल विकास का हो मेल

**रोहन पारिख** का कहना है कि शिक्षक छात्रों को ऐसे कौशल हासिल करने में मदद कर रहे हैं जो नौकरियों व प्रौद्योगिकी से परे हैं और जीवन भर काम आते हैं।

वे कहते हैं कि बच्चे अपने प्रारंभिक वर्षों में बहुत कुछ सीखते हैं जब उनकी स्मृति, ध्यान अवधि और भाषा कौशल विकसित होते हैं। हालांकि, उनके विकासशील वर्षों के दौरान, बच्चों को सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है जो उन्हें इन जन्मजात कौशलों को पहचानने और पोषित करने में मदद करेगा। लेकिन इन कौशलों को समझने और उन्हें सम्मानित करने की दिशा में काम करने के लिए बहुत कुछ बच्चे के स्वभाव और व्यक्तित्व पर भी निर्भर करता है। इन प्रभावकारी वर्षों के दौरान, स्कूल और शिक्षक उनमें अपनी रुचियों की खोज करने और उनके कौशल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

एक ऐसी दुनिया में, जो लगातार बदल रही है, यह युवा पीढ़ी है जो परिवर्तन के एक नए युग की शुरुआत करने जा रही है और इसे बनाए रखने जा रही है। इसके लिए कौशल विकास जरूरी है। तो, आइए स्कूल स्तर पर कौशल विकास करने के विभिन्न तरीकों और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल हेतु कम उम्र से कौशल विकसित करने के महत्व का पता लगाएं।

वे दिन गए जब शिक्षा किताब के पन्नों तक सीमित होती थी और छात्र केवल परीक्षा पास करने के लिए जानकारी को याद करते थे। शिक्षक दायरे को आगे बढ़ा रहे हैं और छात्रों को ऐसे कौशल रखने में मदद कर रहे हैं जो नौकरियों व प्रौद्योगिकी से परे हैं – और जो जीवन भर उनके साथ चलेंगे। यहां कुछ ऐसे कारण दिए गए हैं जिनकी वजह से स्कूलों में कौशल आधारित शिक्षा अनिवार्य हो गई है।

**बच्चों में भविष्य के लिए तैयार कौशलों की पहचान करें :** शिक्षा को विकसित करने की आवश्यकता है यदि इसे छात्रों को एक उन्नत योग्यताओं के साथ समायोजित करना है। छात्रों को कुछ ऐसे कौशल सीखने चाहिए जो उन्हें भविष्य के कार्यबल में आसानी से समायोजित और सम्मिश्रित करने में मदद करें। इस मामले में, शिक्षक यह पहचान सकते हैं कि बच्चे को क्या चाहिए और तदनुसार छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं को तैयार करें।

छात्रों को अधिक रचनात्मक बनने के लिए प्रोत्साहित करें : छात्रों को उनके आराम क्षेत्र से बाहर निकलने और लीक से हटकर सोचने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। यह रचनात्मकता के माहौल को बढ़ावा देगा और उन्हें नई चीजों को आजमाने और अपने रचनात्मक विचारों को दूसरों के साथ साझा करने के लिए प्रेरित करेगा। इस तरह, बच्चे भी अपने विचारों, ज्ञान, रुचियों आदि पर चर्चा करने और उन्हें साझा करने के लिए एक साथ आते हैं।



**रोहन पारिख**
एमडी, द ग्रीन एक्रेस एकेडमी, स्कूल्स बाई द एक्रेस फाउंडेशन

**संप्रेषण को उनकी यात्रा का अनिवार्य हिस्सा बनाएं :** सीखने के नए युग में नई अवधारणाओं को सामने लाना और उनकी खोज करना शामिल है। हालांकि, बच्चों को संप्रेषण की कला सिखाने की जरूरत है, जो उनके बड़े होने के वर्षों में उपयोगी साबित हो सकती है। शिक्षकों को चाहिए कि वे छात्रों को अपने विचारों और सोच को अधिक स्पष्ट रूप से और बिना किसी झिझक के संप्रेषित करने के लिए प्रोत्साहित करें।

**छात्र-नीत शिक्षण दृष्टिकोण प्रस्तुत करें :** एक प्रभावी छात्र-नीत शिक्षण दृष्टिकोण को अपनाने के लिए, स्कूलों को यह समझने की जरूरत है कि छात्र-आधारित शिक्षा में, छात्र प्रमुख होते हैं, शिक्षक नहीं। छात्रों के पास भविष्य की कक्षाओं के निर्माण से संबंधित एक सोच होनी चाहिए साथ ही साथ प्रौद्योगिकी परिनियोजन निर्णयों में उनकी अधिक से अधिक भागीदारी हो।

**छात्रों को अपने पैरों पर खड़ा करें :** आज के दौर में, जहां चीजें तेज गति से आगे बढ़ रही हैं, त्वरित सोच और स्थिति के अनुकूल होना समय की आवश्यकता बन गया है। इस प्रकार, इन कौशलों को छात्रों में शामिल करने की आवश्यकता है, ताकि वे अपनी त्वरित सोच और अनुकूलन क्षमता कौशल के साथ किसी भी आपात स्थिति से निपटना सीख सकें।

**छात्रों को नपातुला जोखिम लेने के लिए प्रेरित करें :** हर नई या रचनात्मक चीज अपने साथ कुछ निश्चित जोखिम लेकर आती है। लेकिन छात्रों को नए विचारों और विभिन्न विचार प्रक्रियाओं के साथ प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। असफलता या गलतियां करने से डरने के बजाय, छात्र अपने विचारों में गहराई से उतरते हैं और आगे बढ़ने के लिए इन अवसरों का अधिकतम लाभ उठाते हैं।

# कैट विश्लेषण 2021

**विश्लेषण आ गया है और सुमित सिंह गांधी का कहना है कि समग्र परीक्षा 2020 की तुलना में बहुत कठिन नहीं थी। हालांकि, डीआईएलआर थोड़ा समय लेने वाला और लंबा था**



कैट 2021 फर्स्ट कट एनालिसिस सामने आ गया है। प्रश्नों की संख्या में आश्चर्य था जो हमारे द्वारा देखे गए। कुल 66 प्रश्न, जो कैट 2020 की तुलना में 10 प्रश्न कम है और जिसने छात्रों को बेहतर प्रदर्शन देने के लिए एक अच्छा समय प्रदान किया।

कुल मिलाकर परीक्षा बहुत कठिन नहीं थी जबकि डीआईएलआर 2020 की तुलना में थोड़ा समय लेने वाला और लंबा था। वीएआरसी ज्यादा अनुमान आधारित था। कुल मिलाकर इसमें 66 प्रश्न थे और मुझे गर्व है कि मैंने यही भविष्यवाणी की थी और हमारे छात्रों ने पिछले दो महीनों में कुल 66 प्रश्नों के 6 मॉक अभ्यास प्रस्तुत किए।

कैट 2021 ने गति, तर्क और विश्लेषणात्मक कौशल पर छात्रों का परीक्षण किया, अवधारणाओं की अच्छी तरह से तैयारी करने वाला और मॉक का एक अच्छा अभ्यास करने वाला गंभीर छात्र आईआईएम के लिए अपना रास्ता बना लेगा। कैट ने केवल अनुमान लगाने के बजाय छात्रों को उनके वास्तविक ज्ञान पर परखा। कैट 2020 से प्रश्नों में कमी होने से छात्रों को बेहतर समय आवंटन में मदद मिली और उन्हें कोई संकट नहीं हुआ।

यह एक ऐसी परीक्षा थी जिसमें कोई मोड़ नहीं था, यह पूरी तरह योजनाबद्ध रूप से अच्छी तरह से तैयार थी जिसमे छात्रों को बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए, डेटा व्याख्या और तार्किक तर्क अनुभाग थोड़ा कठिन और समय लेने वाला था, हमने अनुमान आधारित प्रश्नों की प्रचुरता वाले व्याख्यात्मक अंशों को पढ़ने में बदलाव देखा। लेकिन यह आईआईएम में छात्र चयन के लिए समग्र मानदंड को प्रभावित नहीं करेगा।

बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए नकारात्मक अंकन मौजूद था यानी एक तिहाई नकारात्मक अंक। उत्तर प्रश्नों में टाइप करें, वाली श्रेणी में कैट 2020 की तरह ही कोई नकारात्मक अंकन नहीं था।

परीक्षा बहुत कठिन नहीं थी, यह प्रबंधनीय थी बशर्ते आपकी अवधारणाएं स्पष्ट हों। कैट हमेशा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तुलना में गणना, गति और समय की तुलना में अवधारणाओं और तर्क का उत्साही प्रेमी रहा है।

**कैट 2020 के बाद कुछ छात्रों की प्रतिक्रिया :**

''पेपर कुल मिलाकर आसान था, कैट 2020 के समान। शुक्र है कि मौखिक खंड ने अच्छी तरह से परीक्षा को एक अच्छे नोट पर शुरुआत करने का अवसर दिया। आश्चर्य की बात यह थी कि टेबल, ग्राफ और पाई चार्ट जैसे पारंपरिक डेटा व्याख्या प्रश्नों को परीक्षा में नहीं देखना पड़ा था। परीक्षा उम्मीदों के मुताबिक रही है इसलिए अच्छे परिणाम मिलने और सभी को गौरवान्वित करने की उम्मीद है। आईआईएम-ए की प्रतीक्षा में ''

**– निखिल**

''पेपर बहुत सधा हुआ था लेकिन लंबा और समय की कमी वाला था। वीएआरसी समूचे रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन में अनुमान आधारित प्रश्नों के साथ कई तथ्यात्मक प्रश्नों के साथ समय लेने वाला था। एलआर/डीआई ट्रिक सेक्शन था, सेट सिलेक्शन प्रमुख था, इसलिए अब सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद है। ''

**– श्रेया**

'' बहुत कठिन पेपर नहीं था, आरसी के केवल 3 क्षेत्रों से आने वाले मौखिक के साथ समग्रता में मध्यम, पैराजंबल और अनुमान आधारित प्रश्न। डीआई अनुभाग समय लेने वाला लेकिन प्रबंधनीय था। कुल मिलाकर मध्यम कठिनाई स्तर था इसलिए कुछ अच्छे परिणाम की उम्मीद है। ''

**– सुमीत**

**अनुभागीय विश्लेषण:**

**समग्र कठिनाई : मध्यम से कठिन**

वीएआरसी 24 प्रश्न : वर्बल सेक्शन में रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन का बोलबाला था। इसमें 4 पैसेज थे जिनमें से प्रत्येक में 4 प्रश्न थे। अधिक अनुमान आधारित प्रश्न, तथ्यात्मक नहीं, करीबी विकल्प भी थे इसलिए इसे हल करते समय थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता थी।

टीटा मौखिक क्षमता कुल मिलाकर आसान थी।

पैराजम्बल पर 3 प्रश्न, पैरासमरी पर 3 प्रश्न, विषम पर 2 प्रश्न। ऑड आउट हमेशा की तुलना में कठिन था।

कुल मिलाकर उन छात्रों के लिए एक खुशी का दिन है जो अपनी मूल बातें जानते हैं और अपने अध्ययन को वैचारिक स्पष्टता के साथ प्रस्तुत करते हैं और जैसे राहुल सर हमेशा कहते हैं, ''सफलता उन्हें मिलती है जो इसके लिए काम करते हैं। कड़ी मेहनत करते रहोगे तो तुम परिणाम देखोगे!'' कठिनाई स्तर की परीक्षा हमारी वास्तविक कैट परीक्षा के बहुत करीब थी और आरसी 19 के सबसे करीब थी।

प्रत्येक अनुभाग पर गहन विश्लेषण के लिए, समग्र कट-ऑफ किन कॉलेजों में आवेदन करना है और कैसे आगे बढ़ना है, इसके लिए कैटकिंग यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े रहें।

जो लोग स्लॉट 2 और 3 के लिए जा रहे हैं, वे आश्वस्त रहें और बस उस पर सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। सभी छात्रों को आराम करने, शांत होने और ब्रेक लेने की सलाह देंगे। आपने परीक्षा के लिए बहुत मेहनत की है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। अब कर्म को अपनी भूमिका निभाने दें और आगे आने वाली परीक्षाओं की श्रृंखला के लिए धमाकेदार वापसी करें, एक दिन एक परीक्षा कभी भी किसी की योग्यता के बारे में कोई विचार नहीं दे सकती है और न ही आपके करियर का रास्ता तय कर सकती है।

**स्लॉट 2**

पिछले साल के मुकाबल कुल मिलाकर आसान। पेपर ने 66 प्रश्नों के साथ समय प्रबंधन और प्रयास के साथ अच्छा न्याय किया है। कैट 2021 की तरह ही प्रश्नों का चयन महत्वपूर्ण होगा।

सेक्शनल ब्रेक अप: वर्बल (24 प्रश्न), डीआईएलआर (20), क्वांट्स (22) प्रश्न।

अनुशंसित पाठों से संबंधित विषयों को पढ़ने के आधार पर वीएआरसी अधिक अनुमान आधारित था।

डीआईएलआर 2020 की तुलना में आसान था, पिछले साल हमने इसे हर अगले स्लॉट के साथ बढ़ते हुए देखा, लेकिन इस साल ऐसा कोई आश्चर्य नहीं हुआ। चयन ने इस खंड, खेल और टूर्नामेंट को क्रैक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और ग्राफ आधारित प्रश्नों को हल करना बहुत आसान था, और तीसरा ऑनलाइन खाद्य वितरण रेटिंग के आधार पर मध्यम था।

अंकगणित, ज्यामिति और बीजगणित पर ध्यान केंद्रित किया गया था, आधुनिक गणित गायब सा महसूस हुआ। कुल मिलाकर इसमें 66 प्रश्न थे और यह रियल कैट मॉक की तर्ज पर था और छात्रों ने पिछले 2 महीनों में कुल 66 प्रश्नों के 6 अभ्यास मॉक दिए, आरसी 31, वीएआरसी, डीआईएलआर के लिए 28 प्रश्न छात्रों को अच्छी तरह से समझ में आने वाले थे।

**स्लॉट 3**

कुल मिलाकर परीक्षा 2020 की तुलना में करने योग्य थी और बहुत कठिन नहीं थी। वीएआरसी अधिक अनुमान आधारित था, लेकिन सभी व्याख्यात्मक अंश अनुमानित विषयों से संबंधित थे। कठिनाई के मामले में डीआईएलआर मध्यम था लेकिन थोड़ा समय लेने वाला और लंबा लगा। क्वांट्स स्लॉट 1 और 2 की तुलना में कठिन था।

बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए नकारात्मक अंकन मौजूद था, यानी एक तिहाई नकारात्मक अंक। उत्तर में टाइप करें प्रश्नों में पिछले वर्ष की तरह कोई नकारात्मक अंकन नहीं था।

**–लेखक कैटकिंग के डायरेक्टर, सीईओ हैं**

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 49
लखनऊ, सोमवार, 6 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सिंधू को रजत से ही करना पड़ा संतोष
स्पोर्ट्स-11

# बुआ-बबुआ, भाई-बहन ने नहीं किया कोई काम, सिर्फ परिवार के विकास में जुटेः योगी

- चंदौली की जनसभा में मुख्यमंत्री ने बसपा, सपा और कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना
- कीनाराम धाम के सुंदरीकरण के लिए कार्य योजनाओं का किया शुभारंभ



चंदौली में रविवार को एक विशाल रैली में बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**राजेन्द्र प्रकाश।** चंदौली

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ रविवार दोपहर चंदौली के रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम धाम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ इंटर कॉलेज के पास विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षियों पर जमकर निशाना साधा। मायावती, अखिलेश यादव तथा राहुल-प्रियंका पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहाकि बुआ-बबुआ ने सत्ता में रहते हुए बिल्कुल भी विकास का कार्य नहीं किया और न ही भाई-बहन की जोड़ी ने। योगी ने कहा कि इन लोगों ने सिर्फ अपने परिवार का विकास किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को चंदौली जिले में सकलडीहा विधानसभा क्षेत्र में 30 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम आश्रम के जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण का काम भी शामिल है। वहां जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों ने चंदौली जिले का नाम देश-दुनिया में रोशन किया है। तीन साल पहले जिले में काला चावल पैदा नहीं होता था। लेकिन आज 2400 किसान 2100 हेक्टेयर भूमि पर ब्लैक राइस (काला चावल) की खेती कर रहे हैं। दो महीने पहले बाबा कीनाराम के नाम से स्थापित मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया था। आज बाबा के धाम के सुंदरीकरण के कार्य योजना का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जीवन में संतों और ऋषि-मुनियों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इनके आशीर्वाद से आज देश दुनिया को मानवता का संदेश दे रहा है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज शुरू होने से चंदौली और पूर्वांचल सहित बिहार के लोगों के लिए उत्तम शिक्षा और चिकित्सा का केंद्र बनेगा। विपक्षी पार्टियों पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि अगर सकलडीहा से भाजपा का विधायक चुनाव हुआ होता तो बाबा की धरती को विकास के लिए इतना समय नहीं लगता। साथ ही कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। सपा और बसपा पर निशाना साधते कहा कि जब उन्हें सत्ता मिली तो वो जातिवाद, परिवारवाद और वंशवाद से ऊपर उठकर काम नहीं कर पाए। उनकी सरकार में लूट, माफियागिरी और विकास के पैसो को लूटकर भ्रष्टाचार फैलाते थे। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में वही पैसा लोगों के विकास के काम में लगाया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री के हाथों कल पूर्वी उप्र को मिलेगी 100 अरब की सौगातः सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर/लखनऊ

**मंगलवार** का दिन पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास की दृष्टि से इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होने जा रहा है। इस दिन गोरखपुर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वी उत्तर प्रदेश को करीब 100 अरब दस हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री 8603 करोड़ रुपये के गोरखपुर खाद कारखाना, 1011 करोड़ से गोरखपुर में ही बने पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले एम्स और 36 करोड़ की लागत वाले आरएमआरसी के हाईटेक लैब्स का उद्घाटन करेंगे।

(विस्तृत पेज 2)

# नगालैंड में सुरक्षाबलों की गोलीबारी में 14 की मौत

- दंगों में एक जवान की भी जान गयी, सेना ने कोर्ट ऑफ इन्क्वारी का आदेश दिया

**भाषा।** कोहिमा, गुवाहाटी, नई दिल्ली



गोलीबारी की घटना के विरोध में किसामा में हॉर्नबिल महोत्सव स्थल नगा हेरिटेज विलेज में काला झंडा लगाकर आक्रोश व्यक्त किया गया

**नगालैंड** के मोन जिले में एक के बाद एक गोलीबारी की दो घटनाओं में सुरक्षाबलों की गोलियों से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि गोलीबारी की पहली घटना संभवत: गलत पहचान का मामला हो सकती है। इसके बाद हुए दंगों में एक सैनिक की भी मौत हो गई। उधर सेना ने एक बयान में कहा कि लोगों की मौत की इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कारणों की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के जरिए उच्चतम स्तर पर जांच की जा रही है और कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। गोलीबारी की पहली घटना तब हुई जब शनिवार शाम कुछ दिहाड़ी मजदूर एक कोयला खदान से पिकअप वैन में सवार होकर गाना गाते हुए घर लौट रहे थे। सेना के जवानों को प्रतिबंधित संगठन नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड-के (एनएससीएन-के) के युंग ओंग धड़े के उग्रवादियों की गतिविधि की सूचना मिली थी और इसी गलतफहमी में इलाके में अभियान चला रहे सैन्यकर्मियों ने वाहन पर कथित रूप से गोलीबारी की, जिसमें छह मजदूरों की जान चली गई। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि जब मजदूर अपने घर नहीं पहुंचे तो स्थानीय युवक और ग्रामीण उनकी तलाश में निकले तथा इन लोगों ने सेना के वाहनों को घेर लिया। इस दौरान हुई धक्का-मुक्की व झड़प में एक सैनिक मारा गया और सेना के वाहनों में आग लगा दी गई। इसके बाद सैनिकों द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई गोलीबारी में सात और लोगों की जान चली गई। इस घटना के खिलाफ उग्र विरोध और दंगों का दौर रविवार को भी जारी रहा और गुस्साई भीड़ ने आज दोपहर को कोन्याक यूनियन और असम राइफल्स कैंप के कार्यालयों में तोड़फोड़ की। नगालैंड सरकार ने एक अधिसूचना के माध्यम से भड़काऊ वीडियो, तस्वीरें या लिखित सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए जिले में मोबाइल इंटरनेट और डेटा सेवाओं के साथ-साथ एक साथ कई एसएमएस करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। पुलिस ने कहा कि इस गोलीबारी में मारे गए 13 लोगों का पोस्टमॉर्टम मोन में कराया जा रहा है और आशंका जताई की मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि घायलों में से दो की हालत गंभीर है और उन्हें बेहतर उपचार के लिए असम भेजा गया है, जबकि शेष का उपचार नगालैंड में ही चल रहा है।

# भारत में ओमीक्रोन के 17 और मामलों का पता चला

- दिल्ली, राजस्थान में पहली बार मामले आए

**भाषा।** जयपुर, मुंबई, नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल के नादिया में कोरोना का टीका लगवाने के लिए प्रतीक्षारत लोग

**भारत** में रविवार को कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप के 17 और मामले सामने आए जिनमें नौ मामले राजस्थान की राजधानी जयपुर में, सात महाराष्ट्र के पुणे जिले में और एक मामला दिल्ली का है। इसके साथ ही देश में ओमीक्रोन के मामलों की कुल संख्या 21 हो गई है। जो लोग संक्रमित पाए गए हैं उनमें से अधिकतर हाल में अफ्रीकी देशों से आए हैं या इस तरह के लोगों के संपर्क में थे। इसके साथ ही चार राज्यों और राष्ट्रीय राजधानी में ज्यादा संक्रामक स्वरूप के मामले सामने आए हैं। जयपुर में जो नौ लोग संक्रमित पाए गए हैं उनमें एक ही परिवार के चार सदस्य शामिल हैं जो हाल में दक्षिण अफ्रीका से लौटे हैं।

राजस्थान के चिकित्सा सचिव वैभव गालरिया ने बताया, संक्रमित लोगों की जीनोम सीक्रेंसिंग से नौ लोगों के कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। महाराष्ट्र के पुणे जिले में सात लोगों के कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संक्रमितों में नाइजीरिया से आई महिला और उसकी दो बेटियां शामिल हैं। वह नजदीकी पिंपरी-चिंचवड इलाके में अपने भाई से मिलने आई है। अधिकारी ने बताया कि महिला का भाई और उसकी दो बेटियां भी ओमीक्रोन से संक्रमित पाई गई हैं। वहीं, पिछले महीने के आखिरी सप्ताह फिनलैंड से पुणे लौटे एक अन्य व्यक्ति के भी ओमीक्रोन से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। महाराष्ट्र में ओमीक्रोन से संक्रमित लोगों की कुल संख्या आठ हो गई है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने एक बयान में कहा, भारतीय मूल की 44 वर्षीय नाईजीरियाई महिला, उसकी 18 और 12 वर्ष की दो बेटियां 24 नवंबर को नाईजीरिया से यहां पिंपरी चिंचवड़ में अपने भाई से मिलने पहुंचीं। इसमें बताया गया, महिला, उसकी दोनों बेटियों, उसके 45 वर्षीय भाई और उसकी दो सात एवं डेढ़ वर्ष की बेटियां पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु संस्थान (एनआईवी) से दिए गए रिपोर्ट के मुताबिक ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमित हैं। इसमें बताया गया कि उनके संपर्क में आए 13 लोगों का पता लगाया गया है और उनकी जांच कराई गई है। देश में कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप के दो मामले बृहस्पतिवार को कर्नाटक और बेंगलुरू में सामने आए थे। दोनों व्यक्तियों का पूरी तरह टीकाकरण हो चुका है।

## योगी सरकार ने तैयार किया चक्रव्यूह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ


**कोरोना** के नए वैरिएंट ओमीक्रोन को लेकर सरकार ने चक्रव्यूह तैयार कर लिया है। राज्यस्तरीय स्वास्थ्य परामर्श समिति ने इस नए वैरिएंट के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। कोरोना के नए वैरिएंट से बचाने के लिए सरकार ने हर जिले की सुरक्षा व सर्तकता के लिए चक्रव्यूह तैयार कर लिया है।

(विस्तृत पेज 2)

# स्वदेशी ड्रोन रोधी प्रौद्योगिकी विकसित कर रहा भारत

- सुरक्षाबलों को जल्द होगी उपलब्धः शाह

**भाषा।** जैसलमेर



**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि देश की सीमाओं पर ड्रोन उपकरणों से बढ़ते खतरे को विफल करने के लिए भारत स्वदेशी ड्रोन रोधी तकनीक विकसित कर रहा है जो जल्द ही सुरक्षा बलों को उपलब्ध कराई जाएगी। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 57वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर शाह ने यहां कहा कि मोदी सरकार के लिए, सीमा सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा है और वह बल को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ सीमा सुरक्षा तकनीक प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि 1965 में जब बीएसएफ का गठन हुआ है, तब से यह पहली बार है जब सीमा पर इसका स्थापना दिवस समारोह मनाया जा रहा है। शाह ने बीएसएफ कर्मियों से कहा, एक देश सुरक्षित होने पर ही दुनिया में आगे बढ़ सकता है और समृद्ध हो सकता है। आप देश की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं... हमेशा याद रखें कि सीमाओं की रक्षा करके आप देश की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं और इसे विश्व स्तर पर एक मंच प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि बीएसएफ को दुनिया की बेहतरीन तकनीकें उपलब्ध कराई जाएं। शाह ने कहा, यह सरकार का संकल्प है। ड्रोन से बढ़ते खतरे का जिक्र हुआ था।

बीएसएफ, डीआरडीओ और एनएसजी ड्रोन रोधी तकनीक विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे अपने वैज्ञानिकों पर पूरा भरोसा है कि हम जल्द ही स्वदेशी ड्रोन रोधी तकनीक विकसित करने में सक्षम होंगे। शाह ने कहा कि 2014 से मोदी सरकार ने सीमा सुरक्षा पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने कहा, "जहां भी सीमाओं पर घुसपैठ की कोशिश हुई, सुरक्षा बलों और सीएपीएफ पर हमले हुए, हमने तत्काल जवाबी कार्रवाई सुनिश्चित की है। गृह मंत्री ने कहा, भारत ने सुनिश्चित किया है कि कोई भी हमारी सीमाओं या सैनिकों को हल्के में न ले। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने उरी और पुलवामा हमलों के बाद क्रमश: सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमलों के रूप में एक मजबूत जवाबी कार्रवाई सुनिश्चित की।

पूरी दुनिया ने इस कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि बीएसएफ में रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार ने 50,000 जवानों की भर्ती की है और उनका प्रशिक्षण शुरू हो गया है। शाह ने कहा, 2008-14 के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए सड़क निर्माण का बजट 23,000 करोड़ रुपए था। 2014 से 2020 के बीच मोदी सरकार ने बजट को 23,700 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 44,600 करोड़ रुपए कर दिया। यह सीमावर्ती क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## न्याय प्रणाली को सरल करने के लिए काम कर रहा केंद्रः रिजिजू

**भाषा।** पिथौरागढ़

**केंद्रीय** कानून एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को कहा कि देश में न्याय प्रणाली को सरल बनाने के लिए केंद्र तमाम उपाय कर रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा यहां आयोजित एक दिवसीय विधिक एवं चिकित्सकीय शिविर को संबोधित करते हुए रिजिजू ने कहा कि जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए उनके मंत्रालय द्वारा बहुत सारे पैरा विधिक स्वयं सेवक (पीएलवी) नियुक्त किए गए हैं जिससे लोग जल्द न्याय पाने के लिए नि:शुल्क विधिक शिविरों की सहायता ले सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत सरकार ऐसे कैदियों की रिहाई के लिए भी कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाने पर काम कर रही है जो अपने मुकदमों पर सुनवाई न होने के कारण लंबे समय से जेल में बंद हैं। रिजिजू ने कहा कि ग्रामीणों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के अलावा हमारे पीएलवी उन्हें सरकार की निशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के बारे में भी जागरूक कर रहे हैं।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,696 | |
| निफ्टी | 17,196 | |
| सोना | 46,581 | /10g |
| चांदी | 59,878 | /kg |

## क्विक न्यूज

### नदी जोड़ो परियोजना आगे बढ़ाने को मिलेगी गति

**नई दिल्ली।** सरकार देश में पिछले कुछ वर्षों में नदी जोड़ो परियोजनाओं के अटके कार्यों को गति प्रदान करने में जुटी है और इस उद्देश्य से बजटीय आवंटन की व्यवस्था करने के साथ प्रक्रियागत विषयो की देखरेख के लिए राष्ट्रीय नदी जोड़ो प्राधिकार (नीरा) का गठन करने जा रही है। वित्त वर्ष 2021-22 के अनुदान की अनुपूरक मांग के दूसरे बैच (खंड) के दस्तावेज के अनुसार, सामान्य सहायता अनुदान योजना के तहत नदियों को जोड़ने की परियोजनाओं संबंधी व्यय के लिए संसद से 4,300 करोड़ रुपए की मंजूरी मांगी गई है। पिछले महीने जल शक्ति मंत्री की अध्यक्षता में नदी जोड़ो परियोजना पर विशेष समिति की बैठक हुई थी जिसमें, राज्यों के जल संसाधन मंत्रियो, वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञो ने हिस्सा लिया था।

# भारत की 50 प्रतिशत से अधिक पात्र आबादी का पूर्ण टीकाकरण

**भाषा।** नई दिल्ली



**केन्द्रीय** स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने देश में कोरोना वायरस संक्रमण रोधी टीके की 127.61 करोड़ से अधिक खुराक दिए जाने के बीच रविवार को कहा कि देश में 50 प्रतिशत से अधिक पात्र वयस्क आबादी का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि देश में 84.8 प्रतिशत से अधिक वयस्क आबादी को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। मांडविया ने ट्वीट किया बधाई हो भारत। यह बेहद गर्व का क्षण है क्योंकि 50 प्रतिशत से अधिक पात्र आबादी का पूर्ण टीकाकरण हो गया है। हम साथ मिलकर कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई जीतेंगे। सुबह सात बजे तक की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे की अवधि में टीके की 1,04,18,707 खुराक दिए जाने के साथ ही देश में अब तक दी जा चुकी खुराकों की संख्या 127.61 करोड़ के पार हो गई है। मंत्रालय के अनुसार यह उपलब्धि 1,32,44,514 सत्रों में हासिल की गई। गौरतलब है कि देशव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरुआत 16 जनवरी से की गई थी और पहले चरण में स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों का टीकाकरण किया गया था। इसके बाद अग्रिम मार्चे के कर्मियों का टीकाकरण दो फरवरी से शुरू हुआ था।

# काशी की पंचकोसी परिक्रमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान देगी सरकार

- 108 मुख्य मंदिरों, 44 धर्मशालाओं और कुंडों का किया जाएगा जीर्णोद्धार
- धार्मिक यात्रा मार्ग के विकास से मिलेंगे रोजगार और व्यवसाय के अवसर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



पंचकोसी परिक्रमा का महत्वपूर्ण पड़ाव रामेश्वर मंदिर — फाइल फोटो

**सनातन** धर्म में पंचकोसी यात्रा का बहुत बड़ा महत्व है। काशी के ज्योतिर्लिंगाकार परिक्रमा पथ की यात्रा की तो विशेष मान्यता है। योगी सरकार बनारस की इस पंचकोसी परिक्रमा को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देने के लिए मंदिरों, कुंडों और यात्री निवास का सुंदरीकरण कराने जा रही है। सरकार वर्ष भर कई आयोजनों की भी योजना बना रही है। लगभग 70 किलोमीटर के इस धार्मिक मार्ग के विकास से रोजगार और व्यवसाय के नए अवसर उपलब्ध होंगे। सरकार पंचकोसी मार्ग पर कई तरह के आयोजनों के करने की योजना बनाई है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार और नए व्यवसाय के अवसर मिलेंगे। इससे वेलनेस सेंटर, रिसार्ट, होटल के अलावा पर्यटन सम्बंधित व्यवसाय को गति मिलेगी। वाराणसी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष ईशा दुहन ने बताया कि इस प्रदिक्षणा यात्रा के दौरान 108 मुख्य मंदिरों, 44 धर्मशाला और कुंड पड़ते हैं। कुओं और चौपाल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। पड़ावों में ऐतिहासिक महत्व के सभी कुंडों को सजाया संवारा जाएगा। खुले स्थान या कथा स्थल में उद्यानों को लैंडस्केपिंग के माध्यम से खूबसूरत बनाया जाएगा। पड़ावों या मंदिरों के आसपास अस्थायी आश्रयों या बैठने की सुविधाओं का विकास होगा, जिससे श्रद्धालुओ को आरामदायक जगह मिलेगी। इसके अलावा पंचकोसी तीर्थ श्रद्धालुओं को मार्ग पर साइनेज मिलेगा, जो उनको रास्ता दिखाएगा। पंचकोशी मार्ग के सभी धार्मिक स्थलों पर और पड़ाव पर उससे सम्बंधित पूरी जानकारी लिखी होगी। इसके अलावा बाहर से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को वाराणसी में आते ही पंचकोसी मार्ग की जानकारी रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप समेत कई जगह मिलेगी। राज्य पुरातत्व विभाग के माध्यम से उच्च स्थापत्य और पुरातात्विक मूल्य वाले सभी मंदिरों के संरक्षण की पहल होगी।

## तीन चरणों में पूरी होगी परियोजना

**ये** योजना तीन चरणों में पूरी होगी। योगी सरकार इसके लिए 55.93 करोड़ खर्च कर रही है। पहला चरण 9.92 करोड़ में, दूसरे चरण में 23.86 करोड़ और तीसरे चरण में 22.15 करोड़ से धार्मिक स्थलों व रिवर फ्रंट का जीर्णोद्धार और विकास का काम होगा। काशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने बताया कि क़रीब 70 किलोमीटर की पंचकोसी यात्रा को श्रद्धालु नंगे पांव करते हैं। इसके पांच पड़ाव हैं कंदवा, भीमचंडी, रामेश्वर, पांचों पांडव व कपिलधारा। पांच दिन की यात्रा में एक-एक रात्रि विश्राम का विधान है। इसके अलावा इस धार्मिक मार्ग पर मंदिर, कुंड, तालाब और यात्री निवास स्थल हैं। पंचकोसी परिक्रमा की ख़ास बात यह है कि इस यात्रा में सभी धार्मिक स्थल दाहिने तरफ स्थित हैं। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पंचकोशी यात्रा को आसान करने के लिए इस धार्मिक मार्ग के सम्पूर्ण विकास की योजना बनाई है। इससे लोग साल भर इस धार्मिक यात्रा को कर सकेंगे।

# पीएम के हाथों कल पूर्वी यूपी को मिलेगी 100 अरब की सौगातः योगी

● राष्ट्र को समर्पित करेंगे 8603 करोड़ रुपये की लागत से बना गोरखपुर खाद कारखाना

● 1011 करोड़ से निर्मित एम्स और 36 करोड़ से बने आरएमआरसी के लैब्स का करेंगे उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर/लखनऊ

**मंगलवार का** दिन पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास की दृष्टि से इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होने जा रहा है। इस दिन गोरखपुर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वी उत्तर प्रदेश को करीब 100 अरब दस हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री 8603 करोड़ रुपये केगोरखपुर खाद कारखानाए 1011 करोड़ से गोरखपुर में ही बने पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले एम्स और 36 करोड़ की लागत वाले आरएमआरसी के हाईटेक लैब्स का उद्घाटन करेंगे। 7 दिसंबर को पीएम मोदी के गोरखपुर आगमन और इस दौरान उनके हाथों लोकार्पित होने वाली विकास परियोजनाओं की जानकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मीडिया को खुद दी। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में पत्रकार वार्ता में सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री पूर्वी उत्तर प्रदेश के उन सपनों को साकार करने आ रहे हैं जिन्हें पिछली सरकारों की नाकामियों ने नकारा सा बना दिया था पीएम के हाथों तीन बड़े प्रोजेक्ट का उद्घाटन पूर्वी उत्तर प्रदेश की दृष्टि से अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लिए जो नामुमकिन था उसे पीएम मोदी ने मुमकिन कर दिखाया है। असंभव को संभव बना दिया है। पीएम ने व्यापक जनहित में किसानों, महिलाओं, नौजवानों, बच्चों की खुशहाली व क्षेत्र के उन्नयन के लिए ये परियोजनाएं उपलब्ध कराई हैं जबकि विपक्ष इसे अबतक वोट बैंक ही समझता था।

सीएम योगी ने कहा कि 1990 में फर्टिलाइजर कारपोरेशन ऑफ इंडिया एफसीआई का खाद कारखाना बंद हो गया था। अनेक सरकारें आईं आश्वासन पर आश्वासन दिए गए लेकिन 26 वर्ष तक सिर्फ हाथ खड़े कर दिए गए। इससे अन्नदाता



किसान तो प्रभावित हुए ही सामान्य नागरिकों के जीवन और विकास पर विपरीत असर पड़ा। रोजगार पर विराम लग गया। खाद कारखाना दोबारा चलेगा, यह सपना ही लगता था। पर अब यह सपना साकार हो चुका है। प्रधानमंत्री ने 2016 में गोरखपुर में नए खाद कारखाने का शिलान्यास किया था और समय सीमा में यह बनकर तैयार है। पीएम मोदी हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड का खाद कारखाने 7 दिसंबर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे मुख्यमंत्री ने बताया कि इस खाद कारखाने से प्रतिवर्ष 12 लाख मीट्रिक टन से अधिक यूरिया का उत्पादन होगा। इससे किसानों को समय से उर्वरक व रसायन की आपूर्ति तो होगी ही रोजगार की ढेर सारी संभावनाएं भी बढ़ेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ व बीमारी ही कभी पूर्वी उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी थी। इंसेफलाइटिस के चलते मासूम और समय दम तोड़ देते थे। सरकारों की संवेदना इन गरीबों व और असहायों के प्रति नहीं थी। 40 वर्षों में 50 हजार से अधिक बच्चे इंसेफलाइटिस के चलते और समय काल कवलित हो गए। पूर्वी उत्तर प्रदेश को बीमारियों से मजबूती से लड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2016 में एक एम्स भी दिया और यह एम्स गोरखपुर में बनकर तैयार है। यहां लोगों को विश्व स्तरीय विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। 7 दिसंबर को पीएम मोदी एम्स का भी उद्घाटन करेंगे। सीएम ने बताया कि 1977 में बीआरडी मेडिकल कॉलेज में इंसेफलाइटिस के वायरस को पहचाना गया था। बीमारी ना जाने कब से रही होगी। वायरस की पहचान भी यहां नहीं बल्कि नेशनल इंस्टीट्यूट आफ वायरोलॉजी एन आईवी पुणे में की गई थी। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक यहां पर इंसेफलाइटिस, डेंगू जैसे वेक्टर बोर्न डिजीज की पहचान की पुख्ता व्यवस्था नहीं थी। सैंपल पुणे भेजे जाते थे। पर अब इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के बीआरडी मेडिकल कॉलेज स्थित रीजनल सेंटर आरएमआरसी में हाईटेक लैब्स की व्यवस्था कर दी गई है। इंसेफेलाइटिस, कालाजार, चिकनगुनिया, डेंगू और कोरोना तक के वायरस की जांच और उपचार के लिए इस पर अग्रिम अनुसंधान अब यहीं होने लगेगा। 2018 में इसका शिलान्यास तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने किया था और 7 दिसंबर को पीएम मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के हाथों लोकार्पित होने जा रही तीनों परियोजनाओं से पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ ही बिहार व नेपाल की बड़ी आबादी भी बहुत लाभान्वित होगी। उन्होंने बताया कि करीब 600 एकड़ में फैले खाद कारखाना के निर्माण पर 8600 करोड़ रुपये से अधिकए 112 एकड़ में बने एम्स पर 1011 करोड़ तथा आरएमआरसी के लैब्स पर करीब 36 करोड़ रुपये की लागत आई है। इन विकास परियोजनाओं से एक बहुत बड़ी आबादी को तो सुविधा होगी ही साथ ही रोजगार की दिशा में बड़ी सौगात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 7 दिसंबर की तिथि पूर्वी उत्तर प्रदेश और पूरे प्रदेश के विकास के दृष्टिगत महत्वपूर्ण तिथि साबित होने जा रही है। इस दिन पीएम के ऐतिहासिक स्वागत के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश की जनता और अन्यान्य संगठन बेहद उत्सुक हैं।

# ओमीक्रोन को लेकर योगी सरकार ने तैयार किया मजबूत चक्रव्यूह

● मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय स्वास्थ्य विशेषज्ञ परामर्श समिति के बिन्दुओं पर गंभीरता से काम करने के साथ ही टीकाकरण की रफ्तार को बढ़ाने के निर्देश दिए

● सीएचसी-पीएचसी को अत्याधुनिक संसाधनों से किया जा रहा लैस



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना के** नए वैरिएंट ओमीक्रान को लेकर सरकार ने चक्रव्यूह तैयार कर लिया है। राज्यस्तरीय स्वास्थ्य परामर्श समिति ने इस नए वैरिएंट के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। कोरोना के नए वैरिएंट से बचाने के लिए सरकार ने हर जिले की सुरक्षा व सर्तकता के लिए चक्रव्यूह तैयार कर लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महामारी से बचाव और इलाज के संबंध में राज्यस्तरीय स्वास्थ्य विशेषज्ञ परामर्श समिति के बिन्दुओं पर गंभीरता से काम करने के साथ टीकाकरण की रफ्तार को बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

कोरोना संक्रमण के इस नए वैरिएंट और संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए सभी जिलों में पूरी सक्रियता से सरकार ने काम शुरू कर दिए हैं। सरकार ने स्वच्छता, कोविड प्रोटोकॉल, फोकस टेस्टिंग, टीकाकरण, सर्विलांस, सैनिटाइजेशन को इस चक्रव्यूह का हिस्सा बनाया है। सभी मेडिकल कॉलेज में 100 बेड वाले पीकू नीकू और सीएचसी और पीएचसी में 50 नए बेड की व्यवस्था कर दी गई है। सीएम ने आला अधिकारियों को नए वैरिएंट को लेकर अस्पतालों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सरकार ऑक्सीजन, बेडए लैब जैसी व्यवस्थाओं पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। प्रदेश की 3011 पीएचसी और 855 सीएचसी को सभी अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जा रहा है। सरकार ने प्रदेश में 73000 निगरानी समितियों को भी जिम्मेदारी सौंपी हैं। कोरोना प्रबंधन में अव्वल रहने वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में कोरोना की पहली लहर में कम समय में जांच की रफ्तार को बढ़ाया था जिसके बाद यूपी प्रतिदिन ढाई लाख से अधिक आरटीपीआर जांच करने में सक्षम है।

### तीसरी लहर से निपटने को लेकर 1.50 लाख बेड की तैयारी

**लखनऊ।** प्रदेश में कोरोना के ओमिक्रोन वैरिएंट को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। तीसरी लहर से निपटने के लिए विभाग की तरफसे 1.50 लाख बेड की तैयारी है। वहीं विदेश से लौटने के बाद कोरोना संक्रमित पाए जा रहे लोगों के सैंपल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजे जा रहे हैं। सूबे में में अभी तक कोरोना संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए 50 लोगों की जांच की जा रही थी, अब इसे और बढ़ाया जा रहा है। सर्विलांस पर ज्यादा से ज्यादा जोर दिया जा रहा है ताकि कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ी जा सके। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक डा. वेद ब्रत सिंह ने बताया कि जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए पहले सैंपल राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) व केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआई) की लैब में भेजे जा रहे हैं। कोरोना के ओमीक्रोन वैरिएंट का पता लगाने के लिए केंद्र सरकार ने इंडियन सार्स कोव 2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम की 28 राष्ट्रीय स्तर की लैब में ही किए जाने के निर्देश दिए हैं।

## क्विक न्यूज

### मिड डे मील की गुणवत्ता को परखने के लिए अधिकारियों को जिले आवंटित

**लखनऊ।** परिषदीय विद्यालयों में मिड डे मील की गुणवत्ता को परखने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने निर्णय लिया है। इसके लिए विभाग स्तर पर सभी अधिकारियों को जिलों का आवंटन कर दिया गया है। अधिकारियों की तरफसे यह निरीक्षण 9 से 14 दिसंबर के बीच किये जायेंगे। डीजी स्कूली शिक्षा अनामिका सिंह के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि अधिकारी अलग अलग विकास खण्डों के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों के न्यूनतम पांच प्राइमरी व जूनियर स्कूलों में मिड डे मील वितरण की प्रभावी मॉनिटरिंग करेंगे। मॉनिटरिंग के लिए प्रोफार्मा जारी कर दिया गया है। ये अधिकारी निशुल्क सामग्री के लिए दी जा रही डीबीटी प्रणाली की स्थिति भी जांचेंगे। निरीक्षण के बाद संबंधित निदेशालय व प्राधिकरण को अधिकारी अपने स्तर से सूचित करेंगे और इन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सुधार की कार्रवाई की जाएगी।

### बहुजन समाज पार्टी आठ दिसंबर से 86 सुरक्षित सीटों को लेकर हर मण्डल में करेगी सम्मेलन

**लखनऊ।** प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी सियासी जमीन से दूसरे दलों को अहसास कराने के लिए बहुजन समाज पार्टी की नजर सूबे की 84 सुरक्षित और 2 अनुसूचित जनजाति की सीटों पर है। इन सीटों पर पार्टी के झंडे लहराने के लिए पार्टी ब्राह्मण वोट बैंक को अपने पाले में करने के लिए हर प्रयास कर रही है। इस क्रम में 8 दिसम्बर से बसपा सभी मंडलों में सम्मेलन करेगी। रविवार को बसपा राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र के नेतृत्व में लखनऊ कार्यालय पर सुरक्षित सीटों पर ब्राह्मण समाज की बैठक की गई। जिसमें आगामी 8 दिसम्बर से मिश्र के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी की जनसभाएं प्रदेश के सभी मंडलों में होनी तय की गई है। बैठक में मिश्र ने आज 86 आरक्षित सीटों पर ब्राह्मण समाज की बैठक की और ब्राह्मण समाज से अपील किया कि आप सभी वर्गों से मेल मिलाप करके आरक्षित सीटों के प्रत्याशियों के लिए जीजान से मेहनत करने के लिए कहा कि क्योंकि हम लोगों एक साथ मिलकर बहन जी को पांचवी बार मुख्यमंत्री बनाना है। कार्यक्रम के दौरान एडवोकेट आशीष भारती जिलाध्यक्ष भीम आर्मी संस्थापक सदस्य आजाद समाज पार्टी, रजनी गौतम जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 6 बबीना झांसी, एडवोकेट दिनेश देशमुख पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा हाथरस और उनके समस्त साथीगण ने बसपा की सदस्यता ग्रहण किया। साथ ही आदर्श संग्राम पार्टी के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम भारती पार्टी के पदाधिकारी एसोसिएशन प्रदेश उपाध्यक्ष पचवर्ती राष्ट्रीय महामंत्री प्रतीक पांडेय आदि ने बहुजन समाज पार्टी को अपना समर्थन दिया।

### प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों की मांग पर विचार करे सरकारः मायावती



**लखनऊ।** अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से प्रदर्शन कर रहे 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों के पक्ष में बसपा सुप्रीमो मायावती भी उतर आई हैं। रविवार को उन्होंने शनिवार की रात अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा की और सरकार से उनकी मांगों पर विचार करने की अपील की है। अपने ट्विटर एकाउंट पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी में 69 हजार शिक्षक भर्ती के पुराने व लम्बित मामले को लेकर राजधानी लखनऊ में कल रात शान्तिपूर्ण कैंडल मार्च निकालने वाले सैकड़ों युवाओं का पुलिस लाठीचार्ज करके घायल करना अति-दुःखद व निन्दनीय। सरकार इनकी जायज़ माँगों पर तुरन्त सहानुभूतिपूर्वक विचार करे, बीएसपी की यह माँग।

### सपा आज मनाएगी डॉ. भीमराव अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों पर सोमवार 6 दिसम्बर को भारत के संविधान निर्माता एवं दलितों, वंचितों के मसीहा बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस अवसर पर भारत के संविधान निर्माण में उनकी भूमिका एवं उनके आदर्शों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी के समस्त जिला, महानगर अध्यक्षों तथा प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों के विधानसभा अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक 11 दिसम्बर 2021 को पार्टी प्रदेश कार्यालय लखनऊ पर आहूत की गई है। बैठक को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सम्बोधित करेंगे।

# सपा, बसपा के नेताओं समेत कई समाजसेवी भाजपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी मुख्यालय** में रविवार को समाजवादी पार्टी तथा बहुजन समाज पार्टी के नेताओं सहित सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ीं, समाजसेवियों के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के प्रभावशाली व्यक्तियों तथा बडी संख्या में उनके समर्थकों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की और मोदी-योगी की राष्ट्रवादी नीतियों और विकास के बहुमुखी आयाम तथा सबका साथ, सबका विकास तथा सबका विश्वास की नीति से प्रभावित होकर भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में काम करने का संकल्प लिया।

उपमुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष डा लक्ष्मीकान्त बाजपेयी तथा प्रदेश उपाध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमेटी के सदस्य दयाशंकर सिंह की उपस्थिति में सपा व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव गोपाल अग्रवाल मेरठ, विश्व त्यागी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय लोकमंच एवं पूर्व प्रत्याशी मुरादनगर विधानसभा दिशान्त त्यागी गाजियाबाद, बसपा के अमरोहा से जिला पंचायत सदस्य, बसपा के जिलाध्यक्ष, सदस्य वामसेफ, बसपा पूर्व मंडल कोआर्डिनेटर हेम सिंह आर्य जाटव, भीम आर्मी के प्रवक्ता, राजीव गांधी फैलोसिप नेशनल अवार्ड प्राप्त डा टीपी सिंह अमरोहा, प्रदेश के पूर्व अपर मुख्यसचिव हरदोई के आईएएस चन्द्रप्रकाश, क्षत्रीय महासेना के राष्ट्रीय महामंत्री गाजियाबाद के सत्येन्द्र सिंह राघव, बसपा के जिला सचिव, नौंगवा सादात के विधानसभा प्रभारी एवं अमरोहा से जिला पंचायत सदस्य डा सोरन सिंह जाट, अनूपशहर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष बृजेश शर्मा, मेरठ सहारनपुर स्नातक सीट से विधान परिषद की प्रत्याशी रही अर्चना शर्मा, जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी के पुत्र एवं दिल्ली पावर लिफ्टिंग एसोशिएशन के अध्यक्ष अम्बरीश त्यागी और तीन बार बाडी विल्डिंग में स्वर्ण पदक विजेता अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडी विपनेश चौधरी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# बेरोजगार अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों समेत कई संगठन के लोग अखिलेश से मिले

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से रविवार को पार्टी मुख्यालय में ओबीसी, एससी संगठित मोर्चा उत्तर प्रदेश, रसोइया जनकल्याण समिति उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों तथा बेरोजगार अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों ने भेंटकर अपने ज्ञापन सौंपे। अखिलेश यादव ने आश्वस्त किया कि समाजवादी सरकार बनने पर इनकी समस्याओं का समुचित समाधान किया जाएगा। उन्हें न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा भाजपा की नीतियां श्रम विरोधी हैं। इस सरकार को बदलने पर ही प्रदेश में लोग खुशहाल हो सकेंगे।

श्री यादव ने कहा शिक्षक भर्ती में पिछड़ों, दलितों का आरक्षण मारने वाले मुख्यमंत्री अब लाठियां बरसा रहे हैं। लखनऊ में शांतिपूर्वक कैंडल मार्च निकाल रहे शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों पर पुलिस लाठीचार्ज शर्मनाक है। युवा बेरोजगार चुप नहीं बैठेंगे। नौजवान बदलाव के लिए तैयार है। ओबीसी, एससी, संगठित मोर्चा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विजय प्रताप तथा प्रवक्ता अमरेन्द्र सिंह पटेल के साथ महासचिव लोहा सिंह पटेल ने अखिलेश यादव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में गतिमान 69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती में आरक्षण नियमों की अनदेखी की गई है। भर्ती की चयन प्रक्रिया दोषपूर्ण है। ज्ञापन में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट लागू करने की भी मांग की है। रसोइया जनकल्याण समिति उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश कुमारए संयुक्त सचिव अनीता देवी तथा महामंत्री राम कुमार ने अखिलेश यादव से मिलकर अपना ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि हर वर्ष रसोईयों की नियुक्ति, नवीनीकरण में रसोइयों के बच्चों को कार्यरत विद्यालयों में ही पढ़ने पढ़ाने की शर्त से रसोईये बेरोजगार हो रह हैं। मिड डे मील में लगे कर्मचारियों को 11 माह सकी जगह 10 माह का वेतन दिया जाता है उन्होंने रसोइयों की मांगों को समाजवादी पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र में शामिल किए जाने का आग्रह किया है।

# सपा प्रमुख ने रवाना की गोंडवाना जनसंदेश यात्रा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर सिंह मरकाम ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रविवार को सपा मुख्यालय से समाजवादी सरकार बनाएं, गोंडवाना जनसंदेश यात्रा को रवाना किया। यह यात्रा पूर्वांचल के 28 जनपदों में जाएगी और 31 दिसम्बर 2021 को इसका लखनऊ में ही समापन होगा। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की भेदभावपूर्ण नीति से समाज में खाई बढ़ी है। प्रदेश को आर्थिक रूप से कमजोर किया है। उसकी राजनीति नफरत की है। भाजपा नेताओं की भाषा अभी और बदलेगी। चुनाव जैसे जैसे नज़दीक आएंगे भाषा और ज्यादा गंदी होती जाएगी। गोंडवाना जनसंदेश यात्रा के माध्यम से समाजवादी सरकार की उपलब्धियों की गांव-गांव, घर-घर जानकारी देते हुए वर्ष 2022 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए जनचेतना जगाना लक्ष्य है। गोंडवाना जनसंदेश यात्रा में लगभग 100 प्रमुख गोंडवाना नेता कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। इनमें प्रमुख हैं उत्तर प्रदेश प्रभारी अरविन्द गोंडवाना, प्रदेश अध्यक्ष राम नाथ गोंड, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ व्यास गोंड, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा मनोज शाह, प्रदेश उपाध्यक्ष लल्लन गोंड, राष्ट्रीय संगठन सचिव अशर्फी सिंह परास्ते, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सक्खू सिंह मराठी, महिला मोर्चा लखनऊ अध्यक्ष डॉ सरोज सिंह भी इस यात्रा के साथ रहेंगे।

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या-253/रीडर-टी0जी0/2021 दिनांक 26 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1—श्री अमित कृष्ण यादव पुत्र स्व0 शम्भू यादव 23 ए, खसरा सं0 810 ज्ञान विहार कालोनी हरिहर नगर कमता इन्दिरानगर, लखनऊ व मकान सं0 4/208, जानकीपुरम विस्तार, जानकीपुरम, लखनऊ।

एतदद्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि एलआईसी हा0 फा0 लि0, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है। अतः आप दिनांक 10.12.2021 को समय 12.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम – 2002 की धारा–14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदुनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0/
अपर कलेक्टर,लखनऊ

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या-258/रीडर-टी0जी0/2021 दिनांक 26 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1— श्री महेन्द्रीन खान पुत्र अलाउदीन खान निवासी 19, कम्पाउण्ड फेकुल्ला खान फरीदी नगर, भण्डप रिवाड़, मुम्बई, महाराष्ट्र।

एतदद्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि एलआईसी हा0 फा0 लि0, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है। अतः आप दिनांक 10.12.2021 को समय 12.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम – 2002 की धारा–14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदुनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0/
अपर कलेक्टर,लखनऊ

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम तुलाराम पुत्र श्री मथुरा निवासी सल्हनापुर पटना थाना व जिला खीरी से बदलकर तुलसी पुत्र श्री मथुरा निवासी उपरोक्त कर लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना जाये व मेरे समस्त कार्य इसी नाम से सम्पादित होंगे।

**सूचना**

मेरा नाम सभी अभिलेखों में PRATEEK SARAWAGI पुत्र श्री अजय कुमार सरावगी है परंतु पासपोर्ट में त्रुटिवश PRATIK SARAWAGI हो गया है। भविष्य में मुझे PRATEEK SARAWAGI के नाम से जाना जाये। मं.नं. 4/276-ए, रतन रेजीडेंसी, फ्लैट सं. 504, पार्वती बागला रोड, कानपुर-208002

# पूरे प्रदेश में दिख रहा है बदलाव का माहौलः अखिलेश

● समाजवादी व्यापार सभा का व्यापारी महाकुंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की गलत नीतियों के चलते देश में महंगाई बढ़ी है। किसान, नौजवान परेशान है, व्यापार धंधा चौपट हो गया है, देश में सब कुछ बेचा जा रहा है। इतना दुःख और तकलीफ लोगों को किसी सरकार में नहीं मिली। अब पूरे प्रदेश में बदलाव का माहौल दिख रहा है। व्यापारी का कारोबार में व्यापक जनसम्पर्क होता है, उसने मन बना लिया और ठान लिया तो भाजपा सरकार का अता पता नहीं चलेगा। अखिलेश यादव रविवार को गोमतीनगर स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में समाजवादी व्यापार सभा उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित व्यापारी महाकुम्भ को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी द्वारा स्थापित



समाजवादी विचारधारा एवं पार्टी के संविधान के प्रति निष्ठा रखते हुए सन् 2022 के विधानसभा चुनावों में अखिलेश यादव को पुनः उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प भी व्यापारी समाज ने लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय गर्ग तथा संचालन अभिमन्यु गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, रविदास मेहरोत्रा तथा पवन मनोचा शामिल रहे। अखिलेश यादव को व्यापारी समाज ने महाराजा अग्रसेन की व्यवस्था के अंतर्गत एक ईंट, एक सिक्का भी भेंट किया।

अखिलेश यादव ने व्यापारियों के शानदार आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि भाजपा की कुनीतियों की चलते व्यापारियों की जेब खाली हो गई है। भाजपा राज में किसान आंदोलित है, कमाई आधी हो गई है, महंगाई दूनी हो गई है, ऐसे में परिवार कैसे खुशहाल रह सकता है। भाजपा ने नोटबंदी की, कालाधन नहीं आया किन्तु भ्रष्टाचार डबल हो गया है। लॉकडाउन के दौरान कारखाने बंद हो गए हैं। श्री यादव ने कहा भाजपा व्यापारियों की पार्टी नहीं है, वह होती तो व्यापार खत्म नहीं करते। लॉकडाउन में तमाम उद्योग धंधे बंद हो गए। दुनिया भर में व्यापारियों की मदद हुई, इस देश में भाजपा सरकार ने कोई मदद की। व्यापार चौपट होने से व्यापारियों ने आत्महत्याएं कर ली। जिनका कारोबार बंद हो गया, दुबारा नहीं शुरू हो पाया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने ऐसे फैसले लिए हैं जिनसे देश का कारोबार खत्म हो गया है। बड़े बड़े व्यापारियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। डीजल, पेट्रोल के दाम बढ़े हैं, कपड़े, जूते पर जीएसटी लग गया है। ट्रांसपोर्ट का कारोबार पूरी तरह से ठप्प हो गया है। श्री यादव ने कहा कि देश को विश्वगुरु बनाने की बात करते हैं, लेकिन आज गुरु-शिष्य पिट रहे है। यूपी में व्यापारियों की हत्या हो रही है। प्रधानमंत्री के क्षेत्र में पुलिस के सामने सोनार की दुकान लूट ली गई। प्रतापगढ़ में व्यापारी की हत्या कर दी गई। पुलिस को हाईटेक बनाया था 100 नं यूपी डायल का भाजपा सरकार ने कबाड़ा कर दिया। समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष संजय गर्ग ने कहा भाजपा की कुनीतियों से परेशान जनता वर्ष 2020 में 11716 व्यापारियों और 6600 किसानों ने आत्महत्या कर ली है। व्यापारियों की दुकानें अयोध्या में गिरा दी गईं। भाजपा संवेदनहीन है। आज के व्यापार महाकुम्भ में प्रदीप जायसवाल, अजय सूद, केशव बाबू शिवहरे, अंशुल गुप्ता, यासर सिद्दीकी, सोनू कनौजिया, अजीत अग्रवाल, संजय विस्वारी, अपर्णा जैन, शुभम गुप्ता, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, रामकिशोर अग्रवाल आदि भी प्रमुखता से उपस्थित रहे।

Fullerton Grihashakti
Iraada hai toh Raasta hai

**फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**

कार्पोरेट कार्यालय : तल 5 एवं 6, बी-विंग, सुप्रीम आईटी पार्क, सुप्रीम सिटी, पोवाई, मुंबई-400076
पंजी. कार्यालय : मेघ टावर्स, तल 3, पुराना नंबर 307, नया नंबर 165, पूनामल्ली हाई रोड, मदुरावोयाल, चेन्नई-600095

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ("नियमावली") के प्रावधानों के तहत

अधोहस्ताक्षरी ने फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड (एफआईएचएफसी) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधिनियम के तहत और अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना(एं) जारी की थी/थीं, जिसमें/जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) से संबंधित सूचना(ओं) में वर्णित राशि उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी। अधोहस्ताक्षरी का तर्कसंगत विश्वास है कि कर्जदार मांग सूचना(ओं) की तामील से बच रहा/रहे हैं, अतएव सूचना की तामील नियमों के अनुसार चस्पा करने और प्रकाशन द्वारा अमल में लाई जा रही है। मांग सूचना(ओं) की विषय-वस्तु का सार नीचे दिया गया है :-

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदारों सम्पत्ति धारकों का नाम, जैसा भी मामला है | धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि और कुल बकाया राशि |
|---|---|---|
| 1. | ऋण खाता सं. : 610507510529735<br>1. अमित मिश्रा पुत्र हनुमान प्रसाद मिश्रा (2) सीता देवी पत्नी हनुमान प्रसाद मिश्रा<br>पता 1 : आर/एच. नंबर 25, संजय गांधी नगर, नौबस्ता, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208021. | तिथि : 23-11-2021 एवं रू. 36,21,404.77 (रू. छत्तीस लाख इक्कीस हजार चार सौ चार तथा पैसे सतहत्तर मात्र) एनपीए तिथि : 31-10-2021 |
| | प्रतिभूत आस्ति/बंधक सम्पत्ति का विवरण :- प्राइवेट प्लॉट नंबर 25, अराजी नंबर 67 का भाग, नौबस्ता, कानपुर नगर, परिमाप : 200 वर्ग गज, चौहद्दी निम्नानुसार :- उत्तर : प्लॉट नंबर 27, दक्षिण : 20 फीट रोड, पूरब : रामनाथ दीक्षित का मकान, पश्चिम : 20 फीट रोड, | |
| 2. | ऋण खाता सं. : 610307210520121<br>1. राजू यादव, पुत्र कैलाश चंद, 2. रीना यादव पत्नी राजू यादव<br>पता 1 : आर/मकान नंबर 864, कालिंदी विहार, 100 फुटा रोड, निकट खुशी हॉस्पिटल, आगरा, उत्तर प्रदेश-282006 | तिथि : 23-11-2021 एवं रू. 20,31,808.26 (रू. बीस लाख इकतीस हजार आठ सौ आठ तथा पैसे छब्बीस मात्र) एनपीए तिथि : 31-10-2021 |
| | प्रतिभूत आस्ति/बंधक सम्पत्ति का विवरण :- प्लॉट नंबर 3 परिमाप 100 वर्ग गज अथवा 83.61 वर्ग मीटर, आकार 20.45 गुणा 44 फीट, खसरा नंबर 1949 च का भाग, नगला रामबल, मौजा नाराइच, तहसील ऐतमादपुर, जिला आगरा, चौहद्दी निम्नानुसार :- पूरब : 20 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिम : अन्य की भूमि, उत्तर : प्लॉट नंबर 2, दक्षिण : प्लॉट नंबर 4 | |

कर्जदार(रों) को एतद्द्वारा मांग सूचना(ओं) का अनुपालन करने और उसमें तथा यहां ऊपर वर्णित मांग राशि इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर, भुगतान की तिथि तक लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस प्रभार, लागत और खर्चों सहित चुकाने की सलाह दी जाती है। कर्जदार नोट करें कि एफआईएचएफसी एक प्रतिभूत लेनदार है तथा कर्जदार(रों) द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा कर्जदार(रों) द्वारा बंधक रखी गई प्रतिभूत आस्ति(यों) के रूप में अचल सम्पत्ति/सम्पत्तियों के ऐवज में प्रतिभूत ऋण है। यदि कर्जदार पूरी बकाया राशि निर्धारित समयसीमा के भीतर चुकाने में असफल रहते हैं, तो एफआईएचएफसी अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सभी अधिकारों का प्रयोग करने की हकदार होगी, जिसमें प्रतिभूत आस्ति(यों) का कब्जा लेना, परंतु उसी तक सीमित नहीं, अपितु भुगतान वसूली के लिए उसको बिक्री द्वारा हस्तांतरित करना अथवा अधिनियम और तदधीन विरचित नियमों के तहत उपलब्ध अन्य उपाय करना शामिल है। एफआईएचएफसी को बिक्री अथवा हस्तांतरण के अधिकार प्रयोग से पहले प्रतिभूत आस्ति(यों) को कुर्क तथा/अथवा सील करने का भी अधिकार है। प्रतिभूत आस्ति(यों) की बिक्री करने के बाद, एफआईएचएफसी को बकाया राशि की वसूली के लिए अलग कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है। [illegible]

स्थान : कानपुर/आगरा, उत्तर प्रदेश
तिथि : 04-12-2021
हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी, फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

पायनियर
लखनऊ , सोमवार, 6 दिसंबर , 2021



# योगी ने परखीं पीएम के आगमन की तैयारियां



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ रविवार की दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर अपने उड़न खटोला से बीएलडब्लू सिनेमा हाल स्थित खेलकूद मैदान पर पहुंचे तो वहां पर मौजूद आला अधिकारियों में शामिल जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर समेत अन्य बड़े अफसरों ने सलामी देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। उसके बाद खेल मैदान से मुख्यमंत्री की फ्लीट निकली जो 12:22 पर बरेका गेस्ट हाउस पहुंची।

गेस्ट हाउस के अंदर पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सुनील ओझा, जिला अध्यक्ष समेत कई मंत्री व विधायक ने उनकी अगवानी की प्रशासनिक अधिकारियों संग बैठक करने के बाद उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों संघ बंद कमरे में लगभग 15 मिनट तक प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर मंथन किया।बैठक में भाजपा पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है इसके बाद मुख्यमंत्री गेस्ट हाउस से निकल कर बीएलडब्ल्यू अंडर पास होते हुए प्रशासनिक भवन पहुंचे प्रशासनिक भवन पर निरीक्षण करने के बाद उनकी फ्लीट वापस खेल मैदान पहुंची यहां से उनका हेलीकॉप्टर दोपहर 2:11 बजे रामगढ़ चंदौली के लिए उड़ गया।

## मुख्यमंत्री ने स्वर्वेद को समर्पित मंदिर का किया गहन निरीक्षण

**वाराणसी।** श्रीकाशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण समेत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 13-14 दिसंबर को बनारस दौरे में होने वाले आयोजनों के दृष्टिगत की जा रही तैयारियां परखने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बनारस पहुंचे। सुबह 11.30 बजे उनका हेलीकाप्टर चौबेपुर के उमरहा में सद्गुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान द्वारा बनवाए जा रहे स्वर्वेद महामंदिर परिसर में उतरा। उन्होंने महर्षि की कृति स्वर्वेद को समर्पित महामंदिर के भूतल व प्रथम तल का निरीक्षण किया।वाराणसी-गाजीपुर रोड पर 78,800 वर्ग फीट में विस्तारित परिसर में 180 फीट ऊंचे और 268 पिलरों पर खड़े महामंदिर के सात मंजिला भवन में परिक्रमा पथ के साथ ही प्रथम तल की दीवारों पर उकेरे गए स्वर्वेद के दोहे के बारे जानकारी ली। पीएम आयोजन स्थल देखा और अफसरों से तैयारियों के बारे में जाना समझा। यहां विहंगम योग संस्थान के 13 से 15 तक चलने वाले वार्षिकोत्सव में दूसरे दिन 14 पीएम का आगमन संभावित है। आश्रम महंत स्वतंत्रदेव महाराज व संत विज्ञान देव ने आयोजन की बिंदुवार जानकारी दी। इसके बाद मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर से बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) पहुंचे। दो दिनी बनारस प्रवास में प्रधानमंत्री यहां ही रात्रि विश्राम करेंगे। मुख्यमंत्री ने यहां सभागार में पुलिस-प्रशासन, भाजपा पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों संग बैठक की। इसमें श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर लोकार्पण समारोह संबंधित तैयारियों की जानकारी ली। लगभग हर बिंदु पर सवाल किए और जरूरी निर्देश भी दिए। योगी कुछ ही देर में चंदौली के लिए रवाना होंगे। वहां अघोराचार्य बाबा कीनाराम जन्म स्थली रामगढ़ में अघोरपीठ आश्रम की ओर से प्रस्तावित पर्यटन विकास परियोजना का शिलान्यास करेंगे। वर्ष 2019 में अघोराचार्य बाबा कीनाराम के जन्मोत्सव के दौरान इसके लिए सीएम ने घोषणा की थी।



## श्रीकाशी विश्वनाथ लोकार्पण समारोह का आयोजन वैश्विक होना चाहिए : प्रधान

**वाराणसी।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शनिवार को बनारस पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 13 दिसंबर के बनारस आगमन के दृष्टिगत निरीक्षण किया। गंगा के रास्ते श्रीकाशी विश्वनाथ धाम तक गए और 13 दिसंबर को आयोजित लोकार्पण समारोह के संबंध में जानकारी ली। धर्मेंद्र प्रधान ने बाबतपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचते ही जिला प्रशासन के अफसरों के साथ बैठक कर तैयारियों के बाबत बिंदुवार समीक्षा की। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने साफ संकेत दिया कि श्री काशी विश्वनाथ लोकार्पण समारोह का आयोजन वैश्विक होना चाहिए। ऐसे इंतजाम करें कि उस दिन पूरी दुनिया की नजरें काशी की ओर टिक जाएं। बैठक के बाद धर्मेंद्र प्रधान सीधे काल भैरव बाबा मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से पूजन किया। खिड़किया घाट होते श्रीकाशी विश्वनाध धाम पहुंचे और बाबा का दर्शन-पूजन के साथ ही ललिता घाट से निर्माण कार्य देखा। जलयान से गंगा के रास्ते रविदास घाट पहुंचे। सड़क मार्ग से बरेका परिसर जाकर भी तैयारियां देखी।बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन का रूट मैप यही है। सुबह संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान परिसर में प्रधानमंत्री का हेलीकाप्टर उतरेगा। यहां से पीएम मोदी काल भैरव मंदिर पहुंचेंगे। शास्त्रीय मान्यता अनुसार काशी कोतवाल से श्रीकाशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण की अनुमति लेते हुए खिड़किया घाट जाएंगे। यहां से जलयान पर सवार हो श्रीकाशी विश्वनाथ धाम पहुंचेंग और लोकार्पण करेंगे। इस दौरान समस्त ज्योतिर्लिंगों के प्रतिनिधियों समेत देश भर से आए संत-महंत, धर्माचार्य मौजूद रहेंगे। देश भर के मुख्यमंत्रियों की भी इस अवसर पर उपस्थिति संभावित है। पद्म पुरस्कृत काशी के विद्वतजन व अन्य विधाओं में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्राप्त विशिष्टजन, विद्वान, शिक्षक समेत 700 से अधिक लोग होंगे।आयोजन के पश्चात प्रधानमंत्री गंगा के रास्ते जलयान से संत रविदास घाट पहुंचेंगे। सड़क मार्ग से बरेका गेस्ट हाउस जाना होगा। पीएम लंच व विश्राम कर शाम को लोकार्पण समारोह की भव्यता निहारने फिर से गंगा घाट पहुंचेंगे। रविदास घाट से जलयान में सवार होकर बाबा धाम तक सफर करेंगे। इस दौरान देश भर से आए मुख्यमंत्री भी साथ होंगे। देव दीपावली जैसे माहौल में गंगा के घाट व बाबा दरबार का अद्भुत नजारा देखने के बाद पीएम फिर से रविदास घाट पहुंचेंगे।



## क्विक न्यूज

### कोरोना से बचाव के लिए टीके की दोनों डोज जरूरी

**गाजीपुर।** कोरोना के नए वैरिएंट से सतर्कता बरतने की बेहद आवश्यकता है। वरिष्ठ चिकित्सकों व विशेषज्ञों का कहना है कि खतरा उतना नहीं है जितना लोग समझ रहे हैं, फिर भी सतर्क रहने में ही सभी की भलाई है। मौजूदा समय में जनपद में कोविड-19 के चार नए केस सामने आए हैं। यह सभी लोग अमेरिका से वापस आए हैं। स्वास्थ्य विभाग लगातार इनकी जांच कराते हुए इन पर नजर रख रहा है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ उमेश कुमार ने बताया कि इसी साल 16 जनवरी से शुरू कोविड टीकाकरण के तहत जनपद में अब तक करीब 18.81 लाख लोगों को वैक्सीन की पहली डोज व करीब आठ लाख लोगों को दोनों डोज लग चुकी हैं। जनपद की आबादी करीब 42.30 लाख है। वैक्सीन लगाने का लक्ष्य करीब 26.82 लाख लोगों का है। नवंबर में टीकाकरण की गति धीमी रही लेकिन अब रफ्तार फिर से बढ़ रही है। उमेश कुमार ने कहा कि घबराने की कोई बात नहीं है। अच्छा होगा कि लोग समय रहते वैक्सीन की दोनों डोज जल्द से जल्द लगवा लें।

### रिहंद में आयोजित की गई चित्रकला प्रतियोगिता

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्टेशन के आवासीय परिसर स्थित केंद्रीय विद्यालय डी ए वी पब्लिक स्कूल व सेंट जोसेफके विद्यार्थियों हेतु किया गया। जिसमें कोविड-19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए कुल लगभग 200 विद्यर्थियों ने भाग लेकर अपने-अपने कला प्रतिभा को कागजों पर प्रदर्शित किया। यह आयोजन विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के ऊर्जा संरक्षण राष्ट्रीय अभियान 2021 के अंतर्गत बच्चों में ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए एनटीपीसी लिमिटेड को नोडल एजेंसी के रूप में यह कार्य सौंपा है। प्रतियोगिता में आजादी का अमृत महोत्सव ऊर्जा कुशल भारत एवं स्वच्छ पृथ्वी विषय पर विद्यार्थियो को चित्रकला बनाना था। मानव संसाधन विभाग की ओर से यह प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार विजेताओं को क्रमशः पचास हजार, तीश हजार व बीस हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही साथ दस सांत्वना पुरस्कार विजेता भी पुरस्कार के लिए चयनित किए जाएंगे। प्रत्येक विजेता को साढ़े सात हजार पुरस्कार दिया जाएगा।

### 31 दिसंबर तक बनेगा आयुष्मान कार्ड

**मिर्जापुर।** अंत्योदय कार्ड धारकों को सालाना पाँच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज का लाभ पहुंचाने के लिये ग्राम पंचायत स्तर पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के तहत 31 दिसम्बर तक आयुष्मान कार्ड बनाये जाएंगे। यह जानकारी शनिवार को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के नोडल अधिकारी वी0के0 भारती ने एक बैठक में दी। योजना के जिला कार्यक्रम प्रबन्धक संजीव पाठक ने बताया कि अंत्योदय लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड ग्राम स्तर पर कोटेदारों व कॉमन सर्विस सेंटर के सहयोग से कैम्प लगाकर बनाया जायेगा। आयुष्मान कार्ड बन जाने से अंत्योदय कार्ड धारक भी आसानी से इस योजना का लाभ ले सकेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर प्रभु दयाल गुप्ता ने बताया कि जिले में 69700 लोगों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है । जिले में अब तक 23686 अंत्योदय कार्ड धारकों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है और वितरण भी हो चुका है।

### जल निकासी नाले के निर्माण कार्य का सर्वेक्षण शुरु

**सोनभद्र।** बहुप्रतिष्ठित नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज के जलनिकासी की समस्या के समाधान हेतु सदर विधायक भूपेश चौबे के अथक प्रयास से जल निकासी हेतु शिविर नाले के निर्माण कार्य का सर्वेक्षण संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों द्वारा रविवार को प्रारंम्भ किया गया। ज्ञात हो कि लंबे समय से जलनिकासी की परियोजना शासन में लंबित थी जिसे अपना संकल्प मानकर सदर विधायक भूपेश चौबे ने मुख्यमंत्री से मिलकर समस्याओ से अवगत कराया था जिसके फलस्वरुप जलनिकासी के लिए शासन द्वारा 3383.95 लाख धन की स्वीकृति किया गया और कार्य प्रारंम्भ करने हेतु 945.5 लाख रुपये परियोजना प्रबंधक यूनिट 38 सी एण्ड डी एस उत्तर प्रदेश जलनिगम सोनभद्र को अवमुक्त कर दिया गया। कार्य प्रारंम्भ कराने हेतु सदर विधायक भूपेश चौबे की मौजूदगी में विभागीय अधिकारियों द्वारा नगर मे सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना के पूर्ण होने से नगर मे जलनिकासी की समस्या का समाधान होगा और नगर को जल जमाव से मुक्ति मिलेगी।

### राज्यमंत्री ने किया पुष्प आशा के पुस्तक का विमोचन

**मिर्जापुर।** शुक्लहा स्थित एक लान में औद्योगिक विकास राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश डॉ धरमवीर प्रजापति ने ष्पुष्प आशा केष् पुस्तक का विमोचन किया। मुख्य अतिथि डॉ धर्मवीर प्रजापति का स्वागत कार्यक्रम संयोजक मिलन कुमार ने अंगवस्त्र व माँ विन्ध्यवासिनी की चित्र भेंट करके किया। कार्यक्रम का संचालन आनंद अमित ने किया। साँझा काव्य संग्रह ष्पुष्प आशा केष् में 10 रचनाकारों की रचनाएं सम्मिलित हैं। पुस्तक की संपादिका आशा दिनकर हैं व भूमिका आनंद अमित ने लिखी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि कवि कविता के माध्यम से समाज को सही रास्ता दिखाते हैं। पुस्तक में सम्मिलित सभी रचनाकारों को उन्होंने शुभकामनाएं प्रेषित की। कोविद के नए वैरिएंट को ध्यान में रखते हुए पुस्तक में सम्मिलित रचनाकार ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से मुख्य कार्यक्रम से जुड़े रहे। अध्यक्षता कर रहे मिर्ज़ापुर के वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा ने कहा की साहित्यकार समय के साथ लड़ते हुए समाज को नए विचार देता है। विशिष्ट अतिथि दिल्ली के मशहूर कवि व लेखक पं . अनित्य नारायण मिश्र रहे। संचालन हिंदी श्री की संस्थापिका कुमारी सृष्टि राज व राष्ट्रीय कवि संगम गुजरात प्रान्त के कोषाध्यक्ष महेश चंद्र मिश्र मिसिर ने संयुक्त रूप से किया।

### अलाव व कम्बल वितरण की नहीं हुई व्यवस्था

**बीजपुर/सोनभद्र।** दिसम्बर माह के पांच दिन गुजर जाने के बाद व ठंड का पारा दिन प्रतिदिन बढ़ते हुए देखकर भी बीजपुर थानाक्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं में अभी तक संबंधितों के कान पर जूं नहीं रेंग रहा है। जिम्मेवार लोगों व अधिकारियों द्वारा आम जनमानस को न तो ठंड से निजात दिलाने हेतु अभी तक चट्टी-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई न हीं निर्धन आदिवासियों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। यदि गौर किया जाय तो विगत वर्षों में पुलिस राजस्व आदि समाजसेवियों के सौजन्य से निर्धन आदिवासियों के जरूरतमंद लोगों को ठंड से निजात दिलाने हेतु कम्बल का वितरण किया जाता था।

### विश्व मानवाधिकार दिवस के कार्यक्रम पर बनी रणनीति

**मिर्जापुर।** अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण मिर्जापुर की मैराथन बैठक संरक्षण के कैंप कार्यालय न्यू कॉलोनी महुवरिया पर संपन्न हुआध् बैठक की अध्यक्षता संरक्षण मिर्ज़ापुर के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश सेठ ने किया। बैठक में आगामी 10 दिसंबर 2021 को विश्व मानवाधिकार दिवस के कार्यक्रम पर वृहद चर्चा किया गया। बैठक में संरक्षण के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे एड के मौजूदगी में निर्णय लिया गया कि मिर्जापुर जनपद में 10 दिसंबर विश्व मानवाधिकार दिवस का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से सिविल लाइन स्थित मंगलम वाटिका में सुबह 10:00 बजे से आयोजित होगा।

### कार्यशाला का आयोजन

**वाराणसी।** माधव सेवा प्रकल्प मे काशी प्रान्त की प्रान्तीय कार्यशाला एव संगोष्ठी की बैठक करते हुए गो आधारित उत्पाद को बनाने एव इसकी उपयोगिता कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम मे प्रान्तीय टोली के समस्त सदस्यो ने भाग लिया । कार्यक्रम के संयोजक अरविंद जी ने मंच का संचालन करते हुए गो आधारित कृषि प्रशिक्षण को लोगो को समझाया और देशी गाय तथा जर्सी गाय के उत्पाद बहुत ज्यादा अंतर बताया । प्रान्त सह कार्यवाह एव गो पालक राकेश जी द्वारा विषय सुनने के पश्चात किसी भी समस्या निस्तारण हेतु आश्वासन दिया । विश्व मे गो उत्पाद के उपयोग से रोगो से मुक्त किया जा सकता है । वैद्य सुशील कुमार दुबे सहायक आचार्य क्रियाशारीर विभागए आयुर्वेद संकाय बी एच यू द्वारा गो उत्पाद के चिकित्सकीय महत्व पर प्रकाश डाला ।

### केन्द्रीय मंत्री ने मलदहिया चौराहे पर चलाया स्वच्छता अभियान

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी, महानगर वाराणसी द्वारा मलदहिया स्थित पटेल चौराहे पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान रहे। स्वच्छता अभियान चलाने से पूर्व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने मलदहिया चौराहे पर स्थित भारतरत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर इस स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि पीएम के आगमन पर काशी इस तरह की स्वच्छता अभियान चलायें जिससे काशी चमकने लगे। स्वच्छता अभियान में महानगर अध्यक्ष विद्याशंकर राय, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, डॉ. राकेश त्रिवेदी, मनोज यादव सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर विकास मंत्री आशुतोष एवं भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# सीएम योगी ने चंदौली को भी दी सौगात

- 30 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

संवाददाता। चंदौली



**सीएम ने** आज यहां समेकित पर्यटन विकास योजनांतर्गत बाबा कीनाराम अघोर पीठ मठ में लगभग रु0 18 करोड़ की विभिन्न कार्य की परियोजना का शिलान्यास किया। इसीक्रम में सदर तहसील चंदौली में अनावासीय भवन का निर्माण कार्यए विकास खंड चंदौली के ग्राम सभा सुल्तानपुर व सोनईडीह में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माणए विकास खंड चहनिया के ग्राम सभा खैरूद्दीनपुर में आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण। विकासखंड शहाबगंज के ग्राम सभा मसोई एवं तियरा में आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण की परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा हितग्राहियों को स्वीकृति पत्रध् चेक व चाभी वितरण भी किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 2.2 लाभार्थियों को चाभी सौपी गयी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सीसीएलचेक का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पीएमइजीपी व मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजनान्तर्गत दोना पत्तलए मिनरल वाटर, काष्ठ कलाएकालीन. दरी निर्माण स्थापना हेतुए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनाए एक जनपद एक उत्पाद योजना के लाभार्थियों को चेकए राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना स्वीकृति पत्रए वृद्धा पेंशन, छात्रवृत्ति योजनाए दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्रए उज्जवला योजना में निःशुल्कगैस कनेक्शनए फोर्टीफाइड चावल के राशन बैग का वितरणए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के पात्र चिन्हित लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री भारी उद्योग डॉ महेंद्र नाथ पांडेयए पर्यटनए संस्कृति, धर्मार्थ कार्य डॉ0नीलकंठ तिवारी, जनपद के प्रभारी मंत्री ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत विभाग रमाशंकर सिंह पटेल, जिलाधिकारी संजीव सिंहए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवालए मुख्य विकास अधिकारी अजितेंद्र नारायणए जिला पंचायत अध्यक्ष दीनानाथ शर्माए सैयदराजा विधायक सुशील सिंह, पीडीडीयू नगर विधायिका श्रीमति साधना सिंहए चकिया विधायक शारदा प्रसादए भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह सहित अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## निः शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन शुरू

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टि क्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर अलग.अलग दिन मोतियाबिंद के निरूशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। इसके लिए शासन द्वारा जनपद को 18,624 लोगों के निरूशुल्क ऑपरेशन का लक्ष्य दिया गया है। एसीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ डीपी सिन्हा ने कहा कि हर कोई अपनी खुली आंखों से दुनिया को देखना चाहता है। कुछ ऐसे भी लोग होते हैं जिनके एक सीमित उम्र पार करने के बाद आँखों में समस्या होने लगती है। आंखों में मोतियाबिंद की समस्या सामान्य देखी गयी है। प्रत्येक वर्ष गरीब व असहाय लोगों के मोतियाबिंद रोग के निःशुल्क ऑपरेशन का कार्यक्रम चलाया जाता है। शासन की ओर से इस बार 18624 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन करने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए माइक्रो प्लान बना लिया गया है। प्रत्येक दिन अलग–अलग स्वास्थ्य केंद्रों पर मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जा रहा है। डॉ सिन्हा ने बताया कि प्रत्येक सोमवार जिला चिकित्सालय गोरा बाजार पर डॉ स्नेहा सिंह के द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा। प्रत्येक मंगलवार को जिला चिकित्सालय में डॉ धर्मेंद्र कुमार, प्रत्येक बुधवार को जिला चिकित्सालय गोरा बाजार में डॉ डीपी सिन्हा, प्रत्येक गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर में डॉ स्नेहा सिंह व प्रत्येक बृहस्पतिवार को जिला चिकित्सालय गोरा बाजार में डॉ बृजेश कुमार जिला चिकित्सालय गाजीपुर, शुक्रवार जिला चिकित्सालय गोरा बाजार धर्मेंद्र कुमार, प्रत्येक शनिवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमानिया और जिला चिकित्सालय गाजीपुर पर डॉ धर्मेंद्र कुमार और डीपी सिन्हा के द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन का कैंप किया जाएगा।

# मऊ में सीएम ने 37 उप स्वास्थ्य केन्द्रों का किया वर्चुअल शुभारंभ

संवाददाता। मऊ



**प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मऊ जिले के 37 नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्रों का वर्चुअल उद्घाटन किया। प्रत्येक नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र में एक–एक एएनएम की भी तैनाती कर दिया गया है। वर्चुअल उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रभारी सीएमओ डॉ. बीके यादव से नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्रों के बारे में विस्तार से पूरी जानकारी हासिल किया।

साथ ही साथ जिले के प्रत्येक व्यक्ति को सरकार द्वारा प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को हर हाल में प्रदान करने का सख्त निर्देश दिया।

चेताया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली गर्भवती महिलाओंए बच्चों के साथ अन्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के उद्देश्य से जिले में 37 नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र खोले गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार की अपरान्ह जिले के नवीन 37 उप स्वास्थ्य केन्द्रों का वर्चुअल उद्घाटन किया। वर्चुअल उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रभारी सीएमओ व डीआईओ डॉ. वीके यादव से नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्रों के बारे में विस्तार से पूरी जानकारी हासिल किया।

# सपा महिला सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब



- मंहगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से आम जनता परेशानः लीलावती

संवाददाता। मिर्जापुर

**समाजवादी** पार्टी की महिला जागरूकता कार्यकर्ता सम्मेलन पार्टी कार्यालय लोहियाट्रस्ट में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छानबे, मड़िहान, चुनार, नगर व मझवां विधान सभा क्षेत्रों से भारी संख्या महिलाओ ने भाग लिया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती लीलावती कुशवाहा ने कहां कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी है जनता के हित के लिए खजाना कभी कम नहीं हुआ। प्रदेश की भाजपा सरकार सभी हदें पार कर दी है धरातल पर प्रदेश का युवा महिलाएं हताश और निराश है लाखों.करोड़ों बेरोजगारों युवाओं के आंसू जो भाजपा सरकार का सफाया करेगा यही महिलाएं और युवा जब अपने अधिकार के लिए आंदोलन करते हैं तो सत्ता की कुर्सी पर बैठकर मुख्यमंत्री धमकी देते हैं कि ठोक दो। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनीं है। महंगाईए बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से महिलाएं एवं आम जनता परेशान हैं। श्रीमती कुशवाहा ने जोर देकर कहा कि महिलाओं याद रखना भाजपा सरकार कभी भी आप की हितैषी नहीं हो सकती है यह पूंजीपतियों के हितैषी हैए जो परिवार वाले नहीं हैं वह क्या जाने परिवार का दुःख दर्द ,श्रीमती कुशवाहा ने महिलाओं को याद दिलाया कि जब सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे तो बेटियों को कन्या विद्याधन, महिलाओं को समाजवादी पेंशन, पढ़ें बेटी बढ़े बेटी योजना चलाई गई थी एवं उनकी सुरक्षा के लिए 1090 जिससे महिलाओं को इज्जत सम्मान मिलता था। आज महंगाई से तंग आकर आत्म हत्या कर रही है। यह जालिम सरकार को उखाड़ फेंकना है। सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि मिर्जापुर पांचो विधान सभा की सीट जीता कर भेजने का काम करूंगा।

## समरसता सहभोज से समाज के साथ देश भी होगा मजबूतः भूपेश



**सोनभद्र।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के निर्वाण दिवस की पूर्व संध्या पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने पुष्पांजलि व समरसता सहभोज का आयोजन जनपद मुख्यालय स्थित नगर पालिका परिषद के विवेकानन्द प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्वप्रथम डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर सदर विधायक भूपेश चौबे जिला संघचालक हर्ष अग्रवाल पूर्व जिला संचालक शिवशंकर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। सदर विधायक भूपेश चौबे ने समरसता सहभोज मे आये समाज के अंतिम पंक्ति के लोगो को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया व अपने हाथों से भोजन परोसकर खिलाया। इस अवसर पर श्री चौबे ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ समरसता सहभोज एक पवित्र कार्यक्रम है जो समाज को संगठित करता है। विधायक ने कहा कि सहभोज सामाजिक समरसता कायम करता है। इसका प्रचलन भारतीय संस्कृति मे आदि काल से रहा है। सामाजिक सौहार्द कायम करने मे इसका महत्वपूर्ण योगदान है। समरसता सहभोज कार्यक्रम से हम समाज के हर वर्ग के लोगों के बीच समरसता का आदान प्रदान कर सबका साथ सबका विकास अभियान को मजबूत बना रहे है। जिससे समाज के साथ देश मजबूत होगा।

### इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष का स्वागत

**मऊ।** इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा जिले के युवा पत्रकार मोहम्मद अशरफको मऊ जिले का जिलाध्यक्ष मनोनित किया गया है। जिलाध्यक्ष बनने के बाद जिले के पत्रकारों ने फू ल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। उधर इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष घोषित होते ही विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष भानु प्रकाश पांडेय भी अशरफ के आवास पहुचें और उनको जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देकर उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया।

ऐसे में मोहम्मद अशरफ को इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन का जिलाध्यक्ष बनाए जाना पत्रकारों के लिए काफ ी सम्मान जनक हैए जिससे पत्रकार काफी गदगद हैं। जिलाध्यक्ष मोहम्मद अशरफ को माल्यार्पण करने वालों में पत्रकार अभिषेक सिंह, हिमांशु शर्मा, अभिषेक राय, रामसूरत राजभर,नागेंद्र कुमार, अभिषेक मिश्रा, संजय राय, एहतेशाम अहमद, प्रवीण श्रीवास्तव, लोकेश राज सिंह, इमरान, जुबैर रईस, अरशद, सरफराज आदि पत्रकार प्रमुख रहे।

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या-255/रीडर-टी0जी0/2021 दिनांक 26 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1– श्री मनु गुप्ता पुत्र श्री नरेश कुमार गुप्ता।
2–श्रीमती मोहिनी गुप्ता पत्नी मनु गुप्ता नि0 ई.डी.–79, सेक्टर –क्यू नियर मंगल पाण्डेय पार्क अलीगंज, लखनऊ व मकान नं0 ईएस–1 सेक्टर–ए, जानकीपुरम सीतापुर रोड योजना लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि एलआईसी हा0 फा0 लि0, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है। अतः आप दिनांक 10.12.2021 को समय 12.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम – 2002 की धारा–14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदुनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0/
अपर कलेक्टर,लखनऊ

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या-254/रीडर-टी0जी0/2021 दिनांक 26 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1– श्री अनुराग प्रताप मिश्रा पुत्र हनुमान दत्त मिश्रा।
2–श्रीमती उमा मिश्रा पत्नी श्री अनुराग प्रताप मिश्रा नि० ए–46, ड्रीम गार्डेन सिटी, निजामपुर मल्लौर चिनहट, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि एलआईसी हा0 फा0 लि0, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है। अतः आप दिनांक 10.12.2021 को समय 12.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम – 2002 की धारा–14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदुनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0/
अपर कलेक्टर,लखनऊ

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या-257/रीडर-टी0जी0/2021 दिनांक 26 नवम्बर, 2021

**नोटिस**

1– मो0 ममून पुत्र स्व० उजेर हुसैन निवासी मकान नं0 22/2, खसरा सं0 134 मि0 का भाग, ग्राम बहादुरपुर, फूलबाग कालोनी, वार्ड शंकरपुरवा, कुर्सी रोड, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि एलआईसी हा0 फा0 लि0, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है। अतः आप दिनांक 10.12.2021 को समय 12.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम – 2002 की धारा–14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदुनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(हिमांशु कुमार गुप्ता)
अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0/
अपर कलेक्टर,लखनऊ

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 6 दिसंबर 2021



# कमरे में मिला युवक का शव

● पुत्र के साथ मायके में थी पत्नी, मौके पर मिली शराब की बोतल व खाली गिलास



**संवाददाता।** गुरसहायगंज (कन्नौज)

**युवक** का शवघर के कमरे में मिलने से नगर में सनसनी फैल गई। तो वही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर स्थानीय लोगों की भीड एकत्र हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जबकि फारेंसिक टीम ने नमूने लेकर जांच शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी 28 वर्षीय रामकिशोर पुत्र स्वर्गीय संतोष कुमार सेजवार का शव घर के कमरे में बेड पर मिलने से हडकम्प मच गया। घटना की जानकारी होने पर स्वजनों में कोहराम मच गया और मौके पर स्थानीय लोगों का जमावाड़ा लग गया। सूचना पर पहुंचे कस्बा प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस को रामकिशोर का शव बेड पर पड़ा हुआ था। कमरे में रखी मेज पर देशी शराब का आधा भरा क्वाटर, पानी की बोतल व गिलास मिला। पुलिस ने मृतक के भाई जुगुल किशोर की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मृतक के भाई जुगुल किशोर ने बताया कि चार माह पूर्व उसके भाई का पत्नी रजनी निवासी निधौली कला फर्रूखाबाद से विवाद हो गया था। जिससे वह पुत्र रेहान के साथ मायके में थी। उसका भाई घर पर अकेला था।

## ट्रक पलटने से बाइक सवार की दबकर मौत

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर मोड़ पर चौडगरा-भोगनीपुर राज मार्ग में ट्रक पलटने से एक मोटर साइकिल सवार की मौत हो गई। मृतक हिम्मतपुर निवासी जगदीश वर्मा उम्र 66 वर्ष अपनी मोटर साइकिल से बकेवर आ रहा था। जैसे ही हाइवे के समीप आकर रोड में चढ़ने लगा। रोड के किनारे उगी झाड़ियों के वजह से ट्रक को नहीं देख पाया। उसी समय जहानाबाद की ओर से आ रहे ट्रक चालक ने बाइक सवार को बचाने का प्रयास किया। इसी चक्कर में ट्रक पलट गया। जिससे मोटर साइकिल सवार चपेट में आ जाने से मौके पर ही दबकर दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर तत्काल बकेवर थाना के उपनिरीक्षक नाहर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर आकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुचे परिजनो का रो- रोकर बुरा हाल रहा।

## चोरों ने धावा बोल दो घरों से लाखों का माल किया पार

**संवाददाता।** बांगरमऊए उन्नाव

**थाना** क्षेत्रों में बेखौफ चोरों ने धावा बोलकर दो घरों से करीब पाँच लाख का माल पार कर दिया। जानकारी होने पर पीड़ितों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम कांटा गुलजारपुर निवासी नौशाद पुत्र करमशेर बीती रात परिवार के सदस्यो के साथ कमरे में सो रहा था । मध्य रात करीब डेढ़ बजे अज्ञात चोर किसी तरह घर में दाखिल हो गए । चोर दूसरे कमरे में रखें बक्से उठा ले गए। बक्सों में सोने चांदी के जेवर रखे थे । चोरो ने बक्से में रखे करीब चार लाख रुपये के सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए और एक बक्सा गांव के किनारे स्थित शफीक के खेत मेंए जबकि दूसरा बक्सा जुबेर के घर के पीछे खेत में फेंक दिया । सुबह उठने पर गृह स्वामी को घर में समान बिखरा मिला। तब उसने बगल के कमरे में जाकर देखा तो कमरे में रखे बक्से गायब मिले । बक्से गायब देख घर में हड़कम्प मच गया । उधर ग्रामीणों ने गाँव के बाहर खेतों में पड़े बक्सों की जानकारी नौशाद को दी । मौके पर पहुंचे नौशाद को बक्सों में रखे जेवर गायब मिले । गांव के ही नदी यार के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो संदिग्ध युवकों की तस्वीरें कैद हो गई है । पीड़ित ने घटना की तहरीर बेहटा मुजावर थाने में दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों का पता लगाने में जुट गई है। वही कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिरधरपुर निवासी रिजवान पुत्र छेदू ने कोतवाली में तहरीर के अनुसार आज सुबह पड़ोस के बच्चे उसके घर के अंदर खेल रहे थे । इसी बीच बच्चे कमरे में रखा बैग उठा कर भाग गए। बैग में करीब एक लाख रुपये के सोने चांदी के जेवर रखे थे। पुलिस घटना की जांच करने गांव गई हुई है।

# 'चुनौतियों का सामना करने में उत्तर प्रदेश पूरी तरह है सक्षम'

**संवाददाता।** कन्नौज

'**अल्प** समय में अद्भुत प्रयास, उत्तर प्रदेश ने रचा इतिहास' 'जनपद के 41 स्वास्थ्य केंद्रों का आज हुआ लोकार्पण' चुनौतियों का सामना करने में उत्तर प्रदेश सक्षम'

रविवार को जिला अस्पताल परिसर में सजीव प्रसारण के माध्यम से विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की उपस्थिति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद के 41 स्वास्थ्य केंद्रों का 05 कालिदास मार्ग, लखनऊ से लोकार्पण किया गया। जनपद में वर्तमान में 188 उपकेन्द्र संचालित हैं एंव आज 41 नये जिसमें कन्नौज के 10, उमर्दा के 15, सौरिख के 02, गुगरापुर के 02, जलालाबाद के 02, छिबरामऊ के 04 एंव तालग्राम के 06 उपकेन्द्रों का लोकार्पण किया गया। उन्होनें बताया कि पूर्व में उपकेन्द्रों को 10000-20000 की आबादी पर संचालित होती थीं और अब इन नये उपकेन्द्रों के लोकार्पण के पश्चात प्रत्येक उपकेन्द्र 5000-10000 की आबादी पर काम कर सुचारू रूप से स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने में सक्षम होगें। उन्होनें नये स्वास्थ्य उपकेन्द्रों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उपकेंद्रों में योग्य दम्पत्ति 15-49 वर्ष को परिवार नियोजन से सम्बन्धित सेवायें, गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व एंव प्रसव पश्चात स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करना, धात्री माताओं को आवश्यक औषधियां एंव प्रसव पश्चात जटिलता होने पर संदर्भन की सेवायें प्रदान करना, 0-5 वर्ष के बच्चों का जन्म पंजीकरण, टीकाकरण, डायरिया व निमोनिया से बचाव के लिये ओ0आर0एस0-जिंक के वितरण संबंधित सेवायें प्रदान की करना एवं 10-19 वर्ष के किशोर-किशोरी को शारीरिक परिवर्तनों, मेन्स्ट्रुअल हाइजीन पोषण तथा एस0टी0आई-आर0टी0आई0 के बारे में जानकारी देना एंव आई0एफ0ए0 एंव एलबेन्डाजॉल गोलियों का वितरण आदि की सेवायें प्रदान की जायेगी। इसी क्रम में आज एमएएनटीआरए (मां नवजात ट्रेकिंग एप) का भी शुभारम्भ मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया। इस एप की मदद से डिलीवरी प्वाइंट्स पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा गर्भवती महिलाओं का डिलीवरी स्टेटस आनलाइन पंजीकृत किया जाएगा जिससे उनकी सेवाओं को सुदृढ़ करने में अत्यधिक मदद मिलेगी, जिसको उसी समय राज्य एंव जनपद स्तर पर भी देखा जा सकेगा।

## पदाधिकारियों नें दिया गैरकानूनी कार्यों के रोकथाम में सहयोग का भरोसा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** गुगरापुर के ग्राम बड़ौरा में ओम साईं जनकल्याण ग्रामोद्योग सेवा समिति द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रभारी कोतवाल राजकुमार सिंह एवं चौकी प्रभारी बृजमोहन पाल सिंह का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। रविवार को ओम साईं जनकल्याण ग्रामोद्योग सेवा समिति द्वारा आयोजित बैठक में प्रभारी कोतवाल का स्वागत करने के उपरांत समिति के सचिव विजय कुमार मिश्रा ने बताया हमारी ओम साईं जनकल्याण ग्रामोद्योग सेवा समिति अपराध, एवं भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का कार्य करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी ग्राम पंचायत भंवर गाढ़ा के अंतर्गत लगने वाले मजरे में शराब माफिया, जुआ माफिया फल फूल रहे हैं। इन पर अंकुश लगाने का काम समिति एवं पुलिस के सहयोग से किया जाएगा। जिससे ग्राम समाज में अमन चैन बना रहे। इस दौरान समिति के पदाधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह ठाकुर, सुरेश दुबे, रामानंद यादव, मूलचंद दुबे, गंगाराम जाटव, ओम प्रकाश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# चचेरे ससुर ने दामाद को किया घायल

**संवाददाता।** बांगरमऊ उन्नाव

**चचेरे** ससुर ने ससुराल आए दामाद पर चाकू से हमला कर दिया। पति को बचाने दौड़ी उसकी पत्नी को भी उसके चाचा ने चाकू मारकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पति पत्नी को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पति को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

थाना बेहटा मुजावर अंतर्गत ग्राम रानीपुर ग्रंट के मजरा पसियन खेड़ा निवासी मयाराम के दो पुत्रो प्रेम शंकर और सुरेश के बीच अरसे से मकान के रास्ते को लेकर झगड़ा चला रहा है। बीते शनिवार को प्रेम शंकर का दामाद रोहित और पुत्री रीता निवासी ग्राम अरसेनीए थाना कछौनाए जिला हरदोई उसके घर आए थे। रात में दामाद रोहित लघुशंका करने घर के बाहर निकला। आरोप है कि रास्ते की रंजिश के चलते ही चचेरे ससुर सुरेश और गांव के ही अयोध्याए शिवप्यारे व दिरपाल ने चाकू से रोहित 22 वर्ष पर हमला कर दिया। रोहित के गुहार मचाने पर उसकी पत्नी रीता 20 वर्ष दौड़ी। तब सुरेश आदि ने रीता को भी चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। प्रेम शंकर ने अपने दामाद और पुत्री के घायल होने की सूचना थाना बेहटा मुजावर पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर हमलावर शिव प्यारे को हिरासत में ले लिया और घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने रोहित को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस अन्य हमलावरों को भी गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी करने में जुटी हुई है।

### पति से नाराज हुई विवाहिता आत्महत्या के लिए पहुंची गंगा पुल

**बांगरमऊ उन्नाव।** पति से नाराज होकर एक 20 वर्षीय विवाहिता आज क्षेत्र के नानामऊ गंगा पुल पर जा पहुंची और आत्महत्या के इरादे से गंगा नदी में कूदने लगी। तभी पुल से गुजर रहे राहगीरों ने उसे पकड़ लिया और मामले की सूचना पुलिस को दी।। पुलिस ने युवती को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

नगर के मोहल्ला नसीम गंज निवासी मुजीब ने करीब डेढ़ वर्ष पूर्व अपनी पुत्री चांदनी की शादी पड़ोसी जिला हरदोई के थाना मल्लावां अंतर्गत ग्राम अटवारा चककोला निवासी चांद मोहम्मद के साथ की थी। लेकिन बाद में चांदनी और चांद मोहम्मद दोनों पति.पत्नी के बीच अनबन हो गई। करीब एक पखवारा पूर्व पति चांद मोहम्मद अपनी पत्नी चांदनी को उसके मायके मोहल्ला नसीम गंज भेज गया। आज चांदनी क्षुब्ध होकर आत्महत्या करने के इरादे से कोतवाली क्षेत्र के नानामऊ गंगा पुल पर जा पहुंची। चांदनी गंगा नदी में छलांग लगाने ही जा रही थी कि गंगापुल से गुजर रहे राहगीरों ने उसे पकड़ लिया।

# बावन इमली शहीद स्मारक में जलाए गए 151000 दीप

**संवाददाता।** बिंदकी (फतेहपुर)

**बावन** इमली शहीद स्मारक में आजादी के 75 वर्ष के मौके पर अमृत महोत्सव मनाया गया। जिसके चलते देर शाम को 151000 दीपक जलाए गए। दीपक जलाते ही पूरा 52 इमली शहीद स्मारक रोशनी से जगमगा गया। जनपद के बिंदकी खजुहा मार्ग स्थित बावन इमली शहीदी स्मारक में आजादी के 75 वर्ष के मौके पर अमृत महोत्सव मनाया गया। जिस पर देर शाम को कारागार राज्य मंत्री जय कुमार सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर कुल 151000 दीपक जलाए गए। दीपक जलते ही पूरा बावन इमली शहीद स्मारक जगमगाने लगा। कारागार राज्य मंत्री ने कहा कि देश को आजाद कराने में अमर शहीदों ने जो बलिदान किया है। उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जब तक सूरज चांद रहेगा। आजादी दिलाने वाले लोगों को हमेशा देश याद रखेगा। इस मौके पर चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक संजय श्रीवास्तव, महिला मोर्चा व्यापार मंडल की बिंदकी नगर अध्यक्ष स्वाति ओमर, अरविंद पाल, राजेंद्र प्रसाद उर्फ रज्जू, कुलदीप भदौरिया, धीरेंद्र सिंह, अजय त्रिपाठी त्रिपाठी, भाजयुमों के जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश बाजपेई, राजेंद्र कुमार, योगेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, राम प्रताप सिंह, रोहित कश्यप, वीरेंद्र दुबे आदि मौजूद रहे।

### डाली गयी आहूतियां

**फतेहपुर।** जहानाबाद कस्बे के श्रीराम जानकी धाम रामतलाई मंदिर मे विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक गायत्री मंत्र के सस्वर पाठ से फिजाऐं गूंज उठी। वातावरण मे सकारात्मक उर्जा प्रवाहित होने लगी।

## विधवा की जमीन पर अवैध कब्जे की रिपोर्ट दर्ज

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के सुजगवां में कुछ दबंगों ने विधवा के प्लाट पर जबरन कब्जा कर लिया है। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक के यहां फरियाद लगाई है। जिस पर भोगनीपुर थाने में दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

भोगनीपुर थाना क्षेत्र के सुजगवां निवासी स्व. सुरजन सिंह की पत्नी सुनीता ने बताया कि मुगल रोड के किनारे उसका खेत पड़ा है। वहां पर उनका पुत्र लकड़ी की पेटी रखकर पान, पुड़िया की दुकान चलाकर गुजार कर रहा था। जिसमें गांव के ही कुछ दबंग जबरिया कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं जानवर बांधने लगे हैं। उपनिरीक्षक राजावत ने बताया कि 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## दबंगों ने पिता व उसकी बेटी को पीटा

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के चांदापुर गांव में गाली गलौज कर रहे युवकों को मना करने पर चार लोगों ने मिलकर बाप और बेटी की पिटाई कर दी। मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया गया है। चांदापुर निवासी आशीष की पुत्री गुलफ्शा ने बताया कि गांव के ही निवासी छोटे, कल्लू, अतीक व समीर घर के सामने गाली गलौज कर रहे थे। चांदापुर निवासी आशीष की पुत्री गुलफ्शा ने बताया कि गांव के ही निवासी छोटे, कल्लू, अतीक व समीर घर के सामने गाली गलौज कर रहे थे। मना करने पर चारों ने मिलकर गुलफ्शा व उसके पिता को मारपीट कर घायल कर दिया। भोगनीपुर थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिल यादव ने बताया कि गुलफ्शा की तहरीर पर चारों लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है ।

# 101 महिलाओं को दिए गए मुफ्त गैस कनेक्शन

**संवाददाता।** खागा (फतेहपुर)

**जिले** के खागा नगर में माहेश्वरी मार्केट जीटी रोड स्थित खागा इंडेन गैस सर्विस के तत्वाधान में 101 पात्रों को नि:शुल्क गैस कनेक्शन वितरित किया गया। उज्जवला योजना द्वितीय का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र योजना से वंचित नहीं रहेगा। सरकार की मंशा के अनुरूप शेष बचे सभी पात्रों को इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष दुर्गाशंकर गुप्ता ने आए हुए लाभार्थियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह महत्वकांक्षी उज्ज्वला योजना अपने अंतिम पड़ाव की ओर चल रही है इसलिए सभी पात्र लाभ उठाएं। कहा कि इस योजना में जो भी सामान मिल रहा है। वह पूरी तरह नि: शुल्क है। इसका कोई भी शुल्क नहीं देना है और न ही बाद में इसका लोन चुकता करना होगा। बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा तमाम तरह की योजनाएं चल रही हैं। जैसे कि अभी तक माताओं/बहनों को राशन कार्ड में 05 किलो अनाज मुफ्त मिलता था परंतु अब इसे बढ़ाकर 10 किलो कर दिया गया है। साथ ही किसान सम्मान निधि की राशि भी दोगुना कर दी गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश हित सर्वोपरि देखते हुए किसान से संबंधित तीनों कानून वापस कर लिया है। उन्होंने अपने प्रथम कर्तव्य को देखते हुए देश की अखंडता और एकता के खिलाफ सभी षड्यंत्र को प्रथम वरीयता में खत्म करना है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राजेश माहेश्वरी ने आए हुए लाभार्थियों से सावधानी पूर्वक गैस इस्तेमाल का आह्वान किया। कहा कि डिलीवरी मैन और गैस एजेंसी कर्मचारियों द्वारा बताए गए सुरक्षा नियमों का पालन के साथ ग्राहक गैस का इस्तेमाल करें।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बहुआं, फतेहपुर

पत्रांक 2091/रा0वि0/2020-21 दिनांक – 4-12-2021

### अल्पकालीन निविदा सूचना 2021-22

विकास खण्ड बहुआं फतेहपुर के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनसाइड) योजना में स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ठेकेदारों/फर्मो के कराये जाने हेतु निविदाएं विकास खण्ड बहुआं में दिनांक 06.12.2021 से 21.12.2021 को दो बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। उसी दिन तीन बजे अपरान्ह में गठित समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष विकास खण्ड कार्यालय में खोली जायेंगी।

निविदा प्रपत्र दिनांक 06.12.2021 से 20.12.2021 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से मु० 590/– रू0 मात्र नकद जमाकर प्राप्त किये जा सकते हैं।

प्रस्तावित कार्य का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम स्थल विवरण | प्राक्कलन की लागत लाख रु0 में | एफ0डी0 आर0 | निविदा मूल्य +18%GST |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पन्द्रहवां वित्त आयोग | बावन गढी सम्पर्क मार्ग से जयनरायन के खेत तक इण्टरलाकिंग का निर्माण | 7.44 | 16000 | 500+90=590 |
| 2 | पन्द्रहवां वित्त आयोग | बवन गढी गुरू के खेत से घनश्यामबाबा तक इण्टरलाकिंग निर्माण | 7.22 | 16000 | 500+90=590 |
| 3 | पन्द्रहवां वित्त आयोग | चक इटौली में मंदिर से छोटेलाल तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य | 9.97 | 20000 | 500+90=590 |
| 4 | पन्द्रहवां वित्त आयोग | चक इटौली में छोटेलाल के खेत से सिद्ध गोपाल तक सी०सी० रोड निर्माण | 9.99 | 20000 | 500+90=590 |
| 5 | पन्द्रहवां वित्त आयोग | महमूदपुर शाह सम्पर्क मार्ग में सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण | 9.91 | 20000 | 500+90=590 |

**नियम एवं शर्ते**

1. शपथपत्र निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपर पर अंकित करना अनिवार्य है।
2. टेण्डरदाता कार्यस्थल का पूर्व में ही भली-भॉति परीक्षण कर लें बाद में कोई तथ्य मान्य नहीं होगा।
3. न्यूनतम दरों वाली फर्म के ही टेण्डर/निविदा स्वीकार की जायेगी, लेकिन गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होगा।
4. सामग्री आपूर्ति मे उल्लिखित दरों से अतिरिक्त कोई व्यय भार देय न होगा।
5. स्वीकृत निविदादाता को निविदा के साथ 100/– के स्टाम्प पेपर पर 1 रू0 रसीदी टिकट से हस्ताक्षर युक्त अनुबन्ध प्रस्तुत करना होगा।
6. धरोहर धनराशि अनुमानित लागत का दो प्रतिशत एफ०डी0आर/टी0डी0आर/एन०एस0सी0/पोस्ट आफिस के द्वारा किये जा सकते हैं जो खण्ड विकास अधिकारी बहुआं के नाम अनुबन्धित होगी। टेण्डर स्वीकृति के पश्चात भुगतान मे 8 प्रतिशत धनराशि धरोहर के रूप में बिल के साथ की जायेगी।
7. बिना किसी कारण बताये टेण्डर को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। .
8. शासकीय नियमानुसार सभी करों आयकर एवं 2 प्रतिशत जी0एस0टी0 आदि की कटौती बिलों से की जायेगी।
9. निर्माण कार्य की गुणवत्ता के समय निर्देशों के विचलन पर अधोहस्ताक्षरी को तत्काल निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
बहुआं, फतेहपुर


## क्विक न्यूज

### दुकान के बाहर खड़ी ट्राली चोरी

**कंपिल फर्रुखाबाद।** मोहल्ला मांझगांव पूर्व निवासी कृपाल सिंह यादव की कबाड़ी की दुकान कायमगंज मार्ग पर पुरानी पेट्रोल पंप के सामने है। उन्होंने कबाड़े में खरीदी ट्रैक्टर की ट्राली को दुकान के बाहर खड़ा कर दिया। शुक्रवार रात चोर ट्राली को चुरा ले गए। काफी खोजबीन के बाद भी ट्राली नहीं मिली। रविवार सुबह पीड़ित ने थाने पहुंच घटना की तहरीर पुलिस को दी। थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

### गुंडा एक्ट में छह पर मुकदमा

**फर्रुखाबाद।** मेरापुर थाना प्रभारी जगदीश वर्मा ने वताया कि गांव रमापुरदवीर निवासी गौरव यादव उर्फ मौलानाए राजेंद्र सिंहए राजू उर्फ राजेशए सुभाष चंद्र व गांव खलवारा निवासी रत्नेश और शंकर कठेरिया के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पयार रखने के विवाद में दो घायल

**फर्रुखाबाद।** शमसाबाद थाना के गांव सरपालपुर निवासी प्रेमसिंह का महेंद्र से रास्ते में पयार रखने को लेकर शनिवार शाम विवाद हो गया। लाठी डंडे चलने से एक पक्ष से रंजीत तथा दूसरे पक्ष से प्रेम सिंह घायल हो गए। थाना प्रभारी मनोज कुमार भाटी ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक दसरे के खिलाफ शिकायत की है। जिसमें प्रेम सिंह, विकास व दूसरे पक्ष से महेंद्र तथा रंजीत को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया।

### निहास उखाड़ने को लेकर विवाद

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** गांव धूरीहार निवासी अनीता देवी पत्नी स्वण् हरिभान सिंह की जमीन में उनकी निहास लगी हुई थी। रविवार गांव के युवक ने निहास की ईंटों को उखाड़ कर फेंक दिया। अनीता देवी व स्वजन ने विरोध किया तो दबंग गाली गलौज कर मारपीट करने पर आमादा हो गए। अनीता देवी ने तीन नामजद युवकों के खिलाफ तहरीर दी।

### सरसों उखाड़ने का विरोध करने पर पीटा

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** गांव सितवनपुर पिथू निवासी रामौतार राठौर के खेत में खड़ी सरसों की फसल गांव का युवक अक्सर उखाड़कर ले जाता है। रविवार को रामौतार के पुत्र अरविद ने युवक को सरसों उखाड़ते पकड़ लिया। अरविद ने सरसों उखाड़ने का विरोध कियाए तो युवक मारपीट करने लगा। अरविद को बचाने आए छोटे भाई सुरेंद्र व भतीजे बोलू को भी पीटा। रामौतार ने नामजद युवक के खिलाफ तहरीर दी।

### पुलिस ने एक माह बाद दर्ज किया चोरी का मुकदमा

**फर्रुखाबाद।** थोक आतिशबाजी विक्रेता की दुकान से दीपावली की रात ही दो लाख रुपये नकद व करीब तीन लाख रुपये की आतिशबाजी चोरी कर ली गई थी। थोक विक्रेता उसी दिन से कोतवाली के चक्कर काट रहे थे। घटना के एक माह बाद शनिवार रात चोरी का मुकदमा दर्ज हो सका।

शहर कोतवाली के मोहल्ला खतराना निवासी सचिन मिश्रा की गांव खानपुर में पांचालघाट मार्ग पर सचिन इंटर प्राइजेज के नाम से थोक आतिशबाजी की दुकान है। चार नवंबर की रात चोरों ने छत पर चढ़कर जीने में लगा जंगला तोड़ कर गोलक से करीब दो लाख रुपये नकद व करीब तीन लाख रुपये की आतिशबाजी चोरी कर ली थी। पांच नवंबर की सुबह पुलिस ने घटनास्थल पर निरीक्षण किया। सचिन ने उसी दिन पुलिस को तहरीर दी थीए लेकिन मुकदमा शनिवार रात लिखा गया। सचिन के पिता सोमप्रकाश मिश्रा ने बताया कि घटना के बाद से ही वह मुकदमा दर्ज कराने के लिए पुलिस के चक्कर काट रहे थे। चार बार तहरीर लिखकर दी। चौथी बार तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज हुआ।

### पुलिस ने कच्ची शराब सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** अवैध कच्ची शराब का कारोबार करने वाले लोगों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर एक युवक को अवैध कच्ची शराब सहित विरासत में लिया गया। बीती देर शाम हमराह सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे नौरंगपुर चौकी प्रभारी ब्रजमोहन पाल ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ग्राम गुटैयाखेड़ा में घेराबंदी कर एक युवक को पांच लीटर अवैध कच्ची शराब सहित हिरासत में लिया गया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम सुशील पुत्र शिवनाथ सिंह निवासी ग्राम कटकैया बताया कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

### पुलिस नें दस लोगों पर की गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** कोतवाली पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु गुंडा अधिनियम के तहत 10 लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। रविवार को प्रभारी कोतवाल राजकुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराध नियंत्रण हेतु कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तहसीपुर ठठिया निवासीगण मोहित पुत्र मदन पाल, बृजेश पाल पुत्र रामाधीन, दीपू लाल पुत्र मानसिंह, मदनपाल पुत्र मथुरा प्रसाद, ग्राम जलालाबाद निवासी अंशु पुत्र राजेश, ग्राम मिश्रापुर निवासी पुष्पेंद्र सिंह पुत्र बृजपाल, कस्बा समधन के मोहल्ला गर्दाबाद निवासी कासिम पुत्र फन्नू, ग्राम पठकनपुरवा निवासीगणढ़ फैजान पुत्र दिलशाद, दानिश पुत्र वकील, मोनिस पुत्र वकील के विरुद्ध गुंडा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### 2 बीएसएल लैब व 16 नवीन स्वास्थ केंद्रों का लोकार्पण

**कानपुर देहात।** प्रदेश में 5000 नवीन उप स्वास्थ्य केंद्रों, 15 जनपदों में स्थापित बी.एस.एल 02 लैब प्रयोगशालाओं व मंत्र -मां नवजात ट्रैकिंग एप का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल मीट के माध्यम से शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला अस्पताल में जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी, जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने संयुक्त जिला चिकित्सालय मे बी.एस.एल 02 लैब का फीता काटकर शुभारंभ किया। वहीं जनपद कानपुर देहात में 16 नवीन स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एके सिंह, महिला सीएमएस वंदना सिंह आदि चिकित्सक, अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### 26 हेक्टेयर भूमि पर बनेगी बबना झील, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** रविवार को मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मोली नें बबना झील का जीर्णोद्धार का शुभारम्भ फावड़ा चलाकर किया। झील बनने से अब क्षेत्र के लोगों को पर्यटन को देखते हुए बढ़ावा मिलेगा। दरअसल बबना गाँव में कुल 26 हेक्टेयर क्षेत्रफल में झील का जीर्णोद्धार शुरू हो गया। जिसमे न्याय पंचायत के लगभग 284 श्रमिक लगाये गयें है। सीडीओ नें जीर्णोद्धार का शुभारम्भ करनें के बाद कहा कि बबना झील की खुदाई इस उद्देश्य के साथ की जा रही है कि बबना झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। जिससे ग्राम पंचायत को राजस्व की बढ़ोत्तरी होगी और प्रवासी पक्षियों के लिए पर्याप्त मात्रा में पीने के लिए जल उपलब्ध होगा। परियोजना निदेशक राजमणि वर्मा, जिला विकास अधिकारी योगेन्द्र पाठक, मयंक गौण सहायक विकास अधिकारी, कौशल कुमार गुप्ता खंड विकास अधिकारी नवाबगंज आदि रहे।

### सातनपुर मंडी में 571 रूपये पैकेट तक बिका आलू

**फर्रुखाबाद।** रविवार को भी सातनपुर आलू मंडी में 1500 सौ पैकेट आलू की आवक हुई। लेकिन बिक्री सुस्त रही। आलू 571 रूपये पैकेट तक बिक्री किया गया। बीते दिन शहर की सातनपुर में 2500 पैकेट आलू की आवक हुई थी। भाव 421 रूपये से 571 रूपये पैकेट तक रहा था। रविवार को आलू की कुल आवक 1500 रूपये पैकेट हुई और भाव भी 471 रूपये से लेकर 571 रूपये प्रति पैकेट रहा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 6 दिसम्बर, 2021



# रक्तदान के लिए जागरूकता जरूरी

● रक्तदान कर कारसेवकों को अर्पित की श्रद्धांजलि,शंख ध्वनि संस्था के शिविर में 151 लोगों ने किया रक्तदान

**संवादाता।** अयोध्या



**कारसेवकों की स्मृति** में बाबरी विध्वंस की पूर्व संध्या पर संस्था शंख ध्वनि द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मेडिकल कालेज दर्शन नगर के ट्रामा सेण्टर में सभाराज वर्मा के संयोजन में आयोजित शिविर में 151 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह थे।

इस दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है। ब्लड डोनेशन से आप किसी ज़रूरतमंद की जान बचाते हैं, और साथ ही आपकी सेहत को भी कई फायदे होते हैं। आमतौर पर लोग रक्त दान से इसलिए डरते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे शरीर में कमज़ोरी हो जाएगी। जबकि ऐसा नहीं है ब्लड डोनेट करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। रक्तदान से दिल की सेहत में सुधार होता है, वज़न कंट्रोल में रहता है, कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम कम होता है।

यही वजह है कि लोगों को इसके बारे में जागरुक करना बेहद ज़रूरी है। इससे पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कोरोना काल में योगदान तथा वर्तमान में मेडिकल कालेज की सफाई व्यवस्था देख कर वहां कार्यरत सफाईकर्मीयों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। तथा सफाई के लिए लोगों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम के संयोजक सभाराज वर्मा ने बताया कि रक्तदान के लिए 151 लोगों का लक्ष्य रखा था। जो पूर्ण हो गया। संस्था के द्वारा भविष्य में भी लोगों को जागरूक कर इस प्रकार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीएमएस डा. अरविन्द सिंह, डा. वीके सिंह, अनिल यादव, रामकृष्ण, सुनील सिंह, कुवंर विक्की सिंह, सुरेन्द्र रावत, अरविन्द, दिनेश यादव, अवधेश वर्मा, डा. माता प्रसाद वर्मा, राजितराम व मेडिकल कालेज के कर्मचारी मौजूद रहे।

## मेला प्रशासन करे जमीन का आवंटनः स्वामी ब्रह्मश्रम

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय दण्डी संन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महराज ने माघमेला प्रशासन से रविवार को मांग की है कि इस बार के माघमेले में संत महात्मा और संस्थाओं को शिविर लगाने के लिए जमीन आवंटन मेला प्रशासन करे। किसी भी प्रकार का विवाद नही होगा। वहीं मेला प्रशासन भी मेला शांतिपूर्वक मेला संपन्न करा सकेगा। इस बार बहुत ही अच्छे सुलझे और शांत स्वभाव ईमानदार छवि व्यवहारिक और लोकप्रिय मेलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय की नियुक्ति करके प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुत अच्छा और उल्लेखनीय काम किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी ब्रह्मश्रम महराज ने कहा कि पहली बार माघमेला मेला प्राधिकरण प्रयागराज के तहत संपन्न होने जा रहा है। शासन और प्रशासन से मांग कर रहा हूँ कि दण्डी बाड़ा ही नही माघमेला में शिविर लगाने वाली सभी संस्थाओं का जमीन आवंटन भी मेला प्रशासन करे।

# एक समान हो पानी शिक्षा और संस्कार की व्यवस्थाः आलोक

●सामाजिक समरसता के लिए जनजागरण अभियान छेड़ेगी विहिप



प्रेस वार्ता करते विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार व अन्य

**अयोध्या।** कारसेवक पुरम अयोध्या में विश्व हिंदू परिषद की सामाजिक समरसता विभाग की दो दिवसीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में समरसता युक्त भारत निर्माण करने के लिए आगामी समय में देश को एकजुट करने का निर्णय लिया।

प्रेस से मुखातिब होते हुए विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि अस्पृश्यता सामाजिक और मानसिक बीमारी है जो कानून मात्र से समाप्त नहीं हो सकती इसके लिए समूचे हिंदू समाज को हिंदू धर्म से मानवतावादी क्षमता वादियों में एक आतंकवादी समरसता तत्व दर्शन को समाज जीवन के व्यावहारिक धरातल पर उतारना होगा। हिंदू समाज के प्रत्येक लोगों की मानसिकता बदल कर हिंदू समाज निर्दोष दोषमुक्त बने समरस बने ऐसा प्रयास आगामी समग्र देश में जन जागरण एवं सेवा कार्यों के माध्यम से चलाया जाएगा।

विश्व हिंदू परिषद सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति पहुंचने के लिए शिक्षा कौशल स्वास्थ्य एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए उनके द्वार तक जाएगा। धर्मांतरण और लव जिहाद जैसे कुरीतियों पर कानून बनाए केंद्र सरकार यूपी सरकार द्वारा बनाए गए कानून का दिख रहा है असर। सामाजिक समरसता विभाग 14 जनवरी मकर संक्रांति को देशभर में समरसता दिवस के रुप में मनाएगा रविदास जयंती 16 फरवरी को भी यह कार्यक्रम होंगे।

# दिव्यांग महिला ने लगाई फंासी

**जाना बाजार।** मायके जाने की जिद पर अड़ी 38 वर्षीय दिव्यांग महिला ने घर के अंदर दुपट्टे के सहारे पंखे से फांसी लगाकर जान दे दिया। जानकारी होने पर बाजार से घर पहुंचे पति ने दुपट्टा काट कर शव को नीचे उतार बेड पर लिटा दिया । सूचना पर पहुंची हैदरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । 2 महीने में दो बार पति के साथ महिला अपने मायके जा चुकी थी

जिस पर पति और पत्नी में विवाद हुआ था। मामला हैदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा जाना के मजरे चौबेपुर का है । अमरनाथ कोरी की पत्नी राजकुमारी उम्र लगभग 38 वर्ष ने रविवार की देर शाम 7 बजे के आसपास कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर दुपट्टे के सहारे पंखे से फांसी लगा लिया । इसकी जानकारी जाना बाजार गए पति अमरनाथ को बच्चों द्वारा फोन पर दी गई । अमरनाथ ने आसपास के लोगों की मदद से पत्नी के जिंदा होने की थोड़ी आस को लेकर दुपट्टे को काटकर उसे बेड पर लिटा दिया। परंतु बहुत देर हो चुकी थी तब तक पत्नी की मौत हो चुकी थी मृत होने की सूचना अमरनाथ ने अंबेडकर नगर के भीटी थाना क्षेत्र अंतर्गत किछूटी गांव स्थित अपनी ससुराल में दे दिया। रात में ही जानकारी होने पर मृतका के मायके वाले चौबेपुर पहुंच गए और अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गए।

वही सोमवार की सुबह गांव सहित आसपास के इलाके में महिला के फांसी लगा लेने की जानकारी होते ही लोगों का जमावड़ा चौबेपुर में लग गया। सूचना हैदरगंज थाने के उपनिरीक्षक थीरेंद्र आजाद कांस्टेबल केके यादव कांस्टेबल मनोज मौर्या कांस्टेबल पवन कुमार पाल मौके पर पहुंच गए।

फांसी लगाए जाने की पुष्टि होने पर तत्काल दुपट्टा सहित अन्य सामान को कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुट गए । थानाध्यक्ष हैदरगंज राजेश कुमार मिश्रा अपने हमराहियों और महिला कांस्टेबलों के साथ मौके पर पहुंच गए बीकापुर सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी को प्रेषित कर दिया।

## ज्वाला देवी में तीन सत्रों में हुई काशी प्रांत की बैठक

**प्रयागराज।** रज्जू भैया शिक्षा प्रसार समिति द्वारा समिति द्वारा संचालित ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सिविल लाइंस के विशाल सभागार में रविवार को काशी प्रांत की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उप्र के मंत्री डा रघुराज प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई। प्रथम सत्र काशी प्रांत संगठन मंत्री डा राम मनोहर और द्वितीय सत्र प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह द्वारा लिया गया। डा. रघुराज प्रताप सिंह द्वारा लिया गया। विद्या भारती काशी प्रांत में आगामी विद्यालय योजना विद्यालय संचालन व्यवस्था विद्यालयों में आयोजित होने वाले सामाजिक उन्नयन हेतु किए जाने वाले कार्यक्रमों का संख्यात्मक वृत्त विवरण आगामी सत्र की योजना रचना के साथ साथ अन्य तात्कालिक विषयों पर भी चर्चा हुई। केंद्र प्रमुख संकुल प्रमुख संभाग निरीक्षक एवं काशी प्रांत के वरिष्ठ अधिकारी भारतीय शिक्षा समिति जन शिक्षा समिति एवं दोनों समितियों के संभाग निरीक्षक उपस्थित रहे। स्कूल के मीडिया प्रभारी सरोज कुमार द्विवेदी ने दी।

# जन्मभूमि आंदोलन के पुरोधा थे महंत कन्हैया दास

● संतो महंतों राजनीतिक सामाजिक सरोकार रखने वाले लोग अंतिम यात्रा में हुए शामिल

**संवादाता।** अयोध्या



संत समिति के अध्यक्ष महंत कन्हैया दास

**राम जन्मभूमि आंदोलन** के अग्रदूत माने जाने वाले संत समिति के अध्यक्ष महंत कन्हैया दास जी महाराज अब नहीं रहे संतों की मणि माला से एक माला और प्रभु राम के परम धाम साकेत पुरी सिधार गए महाराज जी सनकादिक आश्रम के महंत थे और हमेशा प्रभु श्रीराम के चरित्र का गुणगान किया करते थे।

महाराज जी की अंतिम यात्रा में संत महंत व भक्तगणों ने अश्रुपूरित विदाई दी। शनिवार को महंत कन्हैया दास का पार्थिव शरीर उनके रामकोट स्थित आश्रम पर जैसे ही पहुंचा। इसकी सूचना मिलते ही वहां पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों तांता लग गया। संत महंत नेतागण से लेकर भक्तगण उनका अंतिम दर्शन कर रहे थे। महंत के निधन से सभी गमगीन रहे। पूरा माहौल शोक में डूबा रहा। राममंदिर आंदोलन में उनके द्वारा किए गए योगदान की लोग चर्चा करते दिखे।

महंत कन्हैया दास का शुक्रवार को पटना के महावीर कैंसर इंस्टीट्यूट में निधन हो गया था। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। महाराज जी का पार्थिव शरीर अयोध्या स्थित आश्रम पर पहुंचा। जहां से उनकी अंतिम शोभायात्रा निकाली गई। जो रामकोट की परिक्रमा करने के बाद रामनगरी के मुख्य मार्गों से होते संत तुलसीदास घाट सरयू तट पहुंची। वहां उनके प्रधान शिष्य महंत संतोष दास की देखरेख में उन्हें जलसमाधि दी गई।

महंत के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में विहिप कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दिगंबर अखाड़ा महंत सुरेश दास, मणि रामदास, छावनी उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपत राय विंदुगाद्याचार्य, महंत देवेंद्र प्रसादाचार्य रंगमहल महंत रामशरण दास, सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, महापौर रिषिकेश उपाध्याय, ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास व अनिल मिश्रा, रामवल्लभाकुंज अधिकारी राजकुमार दास, नाका हनुमानगढ़ी महंत रामदास, महंत जयराम दास, महंत अर्जुन दास, महंत रामकुमार दास, महंत उत्तम दास, विहिप प्रवक्ता शरद शर्मा आदि रहे।

## क्विक न्यूज

### खादी ग्रामोद्योग का जागरूकता अभियान

**अम्बेडकरनगर।** शासन के निर्देशन के क्रम में व जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राकेश कुमार दुबे की अगुवाई में जिला खादी ग्रामोद्योग द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राकेश कुमार दुबे ने महिलाओं, पुरुषों व बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार देने हेतु कई प्रकार के उद्योग के बारे में विस्तृत जानकारी दिया, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है की हर गरीब से गरीब व्यक्तियों को खादी ग्रामोद्योग द्वारा रोजगार दिया जाए। शिक्षित एवं अशिक्षित सभी लोगों के लिए खादी ग्रामोद्योग रोजगार देने के लिए सदैव तत्पर है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने यह भी बताया कि 25 लाख रुपए तक का लोन कोई भी रोजगार हेतु ले सकता है जिसमें 35 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जायेगा। एवं 3 साल तक उस लाभार्थी को ब्याज भी नही देना है। संस्था बनाकर एक साथ ढाई सौ से 500 बेरोजगारों को उनके हुनर के अनुसार कार्य दिया जाएगा। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मे जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने सभी महिलाओं व पुरुषों से अनुरोध किया कि जल्द से जल्द योजनाओं का लाभ लें व घर बैठकर बेरोजगारी को दूर करें।

### वाहन की चपेट से महिला की मौत

**अम्बेडकरनगर।** बसखारी थाना क्षेत्र अंतर्गत तेन्दुआ निवासी महिला की अज्ञात वाहन के चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। ज्ञात हो कि मुजाहिदपुर मोतिगरपुर के बीच में राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तेन्दुआ निवासी प्रर्मिला(45) बुरी तरह घायल हो गई, स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से बसखारी सीएससी पहुचाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने घायल प्रर्मिला देवी को मृत घोषित कर दिया, उक्त महिला के मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर चौकी प्रभारी शत्रुघ्न यादव मय हमराही अनिल यादव, दीपक के साथ शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

### अनिश्चितता को समाप्त करने में बनाता है सक्षमः अमित

**प्रयागराज।** बहुमुखी बचत योजना लोगों को उनके वित्तीय लक्ष्यों जैसे कि बच्चे की उच्च शिक्षा सेवानिवृत्ति योजना आदि को पूरा करने के लिहाज से सहायता करने के लिए स्थिर आय का एक वैकल्पिक स्रोत बनाने में मदद करती है।आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफइंश्योरेंस ने आज नया नॉन पार्टिसिपेटिंग बचत उत्पाद आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड इनकम फॉर टुमॉरो लांग टर्म लांच किया है। दोनों प्लान विकल्प तीस साल तक की आय प्रदान करते हैं। इसके तहत दिया जाने वाला जीवन बीमा आय अवधि सहित पॉलिसी की पूरी अवधि के लिए जारी रहता है। जिससे लोगों को वित्तीय सुरक्षा मिलती है। लोगों को भविष्य में आमदनी को लेकर होने वाले उतार चढ़ाव और अनिश्चितता को एक बड़ी हद तक समाप्त करने में भी सक्षम बनाता है। चीफडिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पालटा ने कहा कि महामारी के बाद की दुनिया में वित्तीय नियोजन की अहमियत पहले से अधिक हो गई है।

### भाजपा उपाध्यक्ष ने दिया त्याग पत्र

**अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर नगर पालिका परिषद के दो बार अध्यक्ष और वर्ष 2017 में भाजपा प्रत्याशी रहे तथा वर्तमान में जिला उपाध्यक्ष चन्द्र वर्मा ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। जिलाध्यक्ष को भेजे गये इस्तीफे में व्यक्तिगत कारणों का हवाला तो दिया गया है लेकिन इनके इस्तीफे से राजनैतिक गलियारे में हलचल मच गयी है। आने वाले चुनाव को लेकर बसपा उम्मीदवार के रूप में आने की चर्चाएं बहुत तेजी से फैल रही है। बहरहाल चुनावी गलियारे में हो रही चर्चाएं जो भी हो यह तो अलग बात है लेकिन आज उन्होंने अपना त्याग पत्र जिलाध्यक्ष को सौंप कर भाजपा से किनारा कस लिया है।

### स्कूल में चलाया गया विशाल जागरूकता अभियान

**प्रयागराज।** सर्दी के मौसम में बहुत ही संभलकर रहने की जरूरत होती है। लेकिन इस मौसम के साथ ही सर्दी जुकाम और सांस की बीमारियों के मामले भी बढ़ जाते हैं। यह सभी समस्याएं सर्दियों के मौसम में आमतौर पर देखी जाती हैं और इनका मुख्य कारण है इम्यूनिटी का कम होना है। च्यवनप्राश तकरीबन तीन हजार साल पुराना और जाना माना आयुर्वेदिक फॉर्मूला है। जो शरीर की इम्यूनिटी बीमारियों से लड़ने की ताकत को बढ़ाता है। सर्दी जुकाम आदि से भी सुरक्षित रखता है। डाबर च्यवनप्राश में रसायन हर्ब्स मौजूद होते हैं। जो अपने इम्युनोमोड्युलेटरी इफेक्ट्स के कारण कई तरह के इन्फेक्शन से बचाते हैं। स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के प्रयास में डाबर च्यवनप्राश ने आज विशाल जागरुकता अभियान की शुरूआत की है।

## आधिकारिक तौर पर हुई टूर्नामेंट की शुरुआत

**प्रयागराज।** पुरातन काल में खाड़ी क्षेत्र में खानाबदोश लोगों द्वारा उपयोग में लिए जाने वाले तंबू से मिलते जुलते साठ हजार सीटों वाले स्टेडियम अल बेयत ने बहरीन के खिलाफकतर की एक जीरो से जीत की मेजबानी की। कतर ने फीफा अरब कप दो हजार इक्कीस के उद्घाटन के दिन दो फीफा विश्व कप दो हजार बाइस स्टेडियम अल बेयत और नौ सौ चौहत्तर का उद्घाटन किया। स्टेडियम एक साल के अंदर होने वाले कतर दो हजार बाइस विश्व कप के उद्घाटन मैच की भी मेजबानी करेगा। अल बेयत के उद्घाटन में कतर के हिज हाइनेस अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने भाग लिया। जिन्होंने आधिकारिक तौर पर टूर्नामेंट की शुरुआत की घोषणा की। शिपिंग कंटेनरों की संख्या और कतर के अंतर्राष्ट्रीय डायलिंग कोड के आधार पर रखा गया है। मील का पत्थर बताते हुए डिलीवरी एंड लिगेसी के लिए सुप्रीम कमेटी के महासचिव एचई हसन अल थवाडी ने कहा फीफा अरब कप चार रोमांचक मैचों और दो स्टेडियमों के उद्घाटन के साथ शुरू हो गया है।

# माघमेला प्रशासन बांटे दंडी सन्यासी नगर की भूमिः स्वामी विमलदेव

● कथित कर्मचारी की कार्यशैली सदैव रही है संदिग्ध योगेंद्र स्वरूप

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**प्रयागराज के** माघमेला में अब तक सदैव दंडी संन्यासी नगर की भूमि अखिल भारतीय दंडी संन्यासी प्रबंधन समिति बांटती रही है। सन 2020 में कुछ लोगों ने अति महात्वाकांक्षा के वशीभूत हो कर अखिल भारतीय दंडी सन्यासी परिषद की स्थापना की स्थापना की। गठन के समय बताया गया कि धर्म के प्रचार प्रसार के लिए दंडी सन्यासी परिषद की स्थापना की गयी है।

वास्तविक लक्ष्य कुछ और था और अब अखिल भारतीय दंडी सन्यासी परिषद जबरदस्ती दंडी सन्यासी नगर की भूमि पर कब्जा करना चाहती है। प्रशासन का एक कर्मचारी जिसकी कार्यशैली सदैव संदिग्ध रही है।



स्वामी विमलदेव आश्रम जी महाराज।

बाबू पहले भी माघ मेला में रहा है लेकिन अपने भ्रष्टाचार के कारण हटाया गया था। यह कर्मचारी माघमेला में वापस आ गया है और अब यह कर्मचारी दंडी सन्यासी परिषद को माघ मेला में दंडी सन्यासी नगर की प्रबंध समिति बनाने का प्रयास कर रहा है। कर्मचारी दंडी सन्यासी परिषद के कार्यों से नही बल्कि किसी और कारण से दंडी सन्यासी परिषद की मदद कर रहा है।यह कर्मचारी बिल्कुल घड़ियाल है। जैसे घड़ियाल गंगा नदी के जल में रह कर भी गंगा जल का प्रभाव अपने ऊपर पड़ने नहीं देता। वैसे ही माघ मेला का यह कर्मचारी हैं। माघ मेला सलाहकार समिति की बैठक में अखिल भारतीय दंडी सन्यासी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और मछली बंदर मठ के महंत सवामी विमलदेव आश्रम जी महाराज को बुलाया जाता था। लेकिन इस बार उन्हें नहीं बुलाया गया। कर्मचारी ने अखिल भारतीय दंडी सन्यासी प्रबंधन समिति से जुड़े संन्यासियों का अपमान किया है। योगेंद्र स्वरूप ब्रम्हचारी ने कहा कि इस कृत्य से अखिल भारतीय दंडी सन्यासी प्रबंधन समिति क्षुब्ध है। प्रबंधन समिति ने निर्णय लिया है।

# समाज को संगठित होने की जरूरत

**अयोध्या।** विश्वकर्मा एक्शन ग्रुप की मासिक बैठक लिम्का फैक्ट्री के बगल की गई जिसकी अध्यक्षता राम अछैबर विश्वकर्मा ने की और संचालन चेतन शर्मा ने किया ।माधव विश्वकर्मा ने सुझाव दिया कि आज हमारा समाज काफी पिछड़ा हुआ है इस को आगे बढ़ाने के लिए तमाम साथियों को आगे आना होगा समाज में जो चौधरी प्रथा है वह चौधरी प्रथा का चुनाव के माध्यम से चौधरियों का चुनाव होना चाहिए । अपनी बात रखते हुए उमाकांत विश्वकर्मा ने कहा कि आज समाज मैं अशिक्षा है समाज को शिक्षित होने की जरूरत है और संगठित होने की जरूरत है तभी हमारा समाज विकास करेगा और तभी किसी भी समाज का विकास संभव है जब उस समाज में शिक्षित लोग हो संगठित लोग हो और राजनीतिक हिस्सेदारी करें तभी समाज का विकास होगा । डॉक्टर बालक राम विश्वकर्मा, सत्यपाल विश्वकर्मा, विश्वकर्मा एक्शन रुप के संस्थापक विश्वकर्मा प्रसाद विश्वकर्मा, बीडी शर्मा, शालिकराम शर्मा, सुनील कुमार विश्वकर्मा, राम



शरद विश्वकर्मा, राजेश विश्वकमा, राम प्रकाश आदि लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किया और कहा कि इस समाज का उत्थान राजनीतिक भागीदारी और आपसी सहयोग से ही संभव है सब लोगों को आगे आकर समाज में दबे कुचले लोगों को सहयोग करके आगे बढ़ाने की जरूरत है तभी यह समाज आगे बढ़ेगा इस समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी की जरूरत है बिना राजनीतिक हिस्सेदारी के किसी भी समाज का उत्थान नहीं हुआ है इसलिए समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी दिलाने के लिए संगठित होना पड़ेगा गोष्ठी में चौधरी दृगपाल विश्वकर्मा चौधरी, इंद्रजीत विश्वकर्मा, घनश्याम विश्वकर्मा, बाबूराम विश्वकर्मा, रामराज विश्वकर्मा, ओमकारनाथ विश्वकर्मा, महाराजा विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# अछती गांव में हमले में घायल राम शकल की ट्रामा सेंटर में मौत, भारी पुलिस बल तैनात

**इन्दईपुर, अम्बेडकरनगर।** आलापुर थाना क्षेत्र के अछती गांव में एक दर्जन लोगों के हमले में गंभीर रूप से घायल रामशकल मौर्य की शनिवार देर शाम को इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर लखनऊ में मौत हो गयी। जबकि शेष घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायल महिला के प्रार्थना पत्र पर नौ नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ बलवा, घर में घुसकर मारपीट, जानलेवा हमला, गाली-गलौज व धमकी के आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।



मौत की खबर मिलते ही पुलिस प्रशासन घटना स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है। मामला दो संप्रदाय का होने के चलते मौके पर तनातनी का माहौल है ।आलापुर थाना क्षेत्र के अछती निवासी रामशकल मौर्य पुत्र मेढ़ू अपनी पत्नी प्रवीनलता के साथ बीते शुक्रवार देर शाम को अपने घर पर मौजूद था। आरोप है कि पुरानी रंजिश में इसरार खां पुत्र यासीन, यूसुफ खान व इसराइल खां पुत्रगण जब्बार खां, इरशाद खां व दिलशाद पुत्रगण यूसुफ खान, अलीम व नदीम पुत्रगण हयात खां निवासीगण अछती व शादिक उर्फ कल्लू पुत्र तौफीक निवासी संदहा मजगवां एक राय होकर लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी से लैस होकर अचानक गाली गलौज देते हुए दंपति पर हमला बोल दिया था।

दंपति के पुत्र रणविजय व दिग्विजय बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उनकी भी बेरहमी से पिटाई कर दी थी। आरोपियों ने गैराज में मौजूद पीड़ित के चालक विनय की पिटाई कर दी। मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया तो आरोपी पीड़ित के वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये थे। पिटाई से रामशकल समेत सभी लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। परिजनों ने घायलों को अस्पताल भेजा जहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रामशकल के गंभीर अवस्था को देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया था।

## ऐतिहासिक क्षण से बड़े व्यवसाय की शुरुआत महत्वपूर्ण

**प्रयागराज।** पहले से दोनों ब्रांड डिक्सी और एनामोर का विलय हमारे लिए किसी ऐतिहासिक क्षण से कम नहीं है। यह किसी बड़े व्यवसाय की शुरुआत करने से भी अधिक महत्वपूर्ण है। आरामदायक और फैशनेबल एसेंशियल क्लोथिंग के लिए पसंदीदा कंपनी बनने के हमारे विज़न के पूरे होने जैसा है। विलय होने से सभी उम्र आय वर्गों और लिंगों के लिए सही मूल्य पर आरामदायक और फैशनेबल एसेंशियल क्लोथिंग का एक व्यापक और कॉम्प्लिमेंटरी प्रोडक्ट पोर्ट फोलियो बना है और यह विकास के विस्तार के लिए नए द्वार खोलेगा।मोडेनिक लाइफ स्टाइल प्राइवेट लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव चेयरमेन सुनील सेठी और शेखर तिवारी का। इंटरनेशनल ने भारत की अग्रणी परिधान और इनरवियर निर्माता कंपनी बनाने के उद्देश्य से अपनी पोर्ट फोलियो कंपनियों डिक्सी टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड और गोकलदास इंटिमेट वियर प्राइवेट लिमिटेड ब्रांड एनामोर की मूल कंपनी का विलय पूरा होने की घोषणा की।

# मुलायम सिंह के लिए हुआ सुन्दरकाण्ड का आयोजन

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**आज 277 कटेहरी** विधानसभा में समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व रक्षा मंत्री पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव जी के 82 दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम के 14 वें दिन कटेहरी बाजार स्थित हनुमान जी के मंदिर पर नेता जी के उत्तम स्वास्थ्य,दीर्घायु और यशस्वी होने की कामना हेतु सुंदर कांड का पाठ किया गया और यज्ञ, हवन,पूजन का आयोजन हुआ।

यज्ञ, हवन पूजन में समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जय शंकर पाण्डेय ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 82 दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम के आयोजक डॉ आशीष पाण्डेय दीपू ने बताया कि 277 कटेहरी विधानसभा में नेता जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम सेवा और समर्पण के रूप में मनाया जा रहा है जो लागातार 12 फरवरी तक चलेगा।डॉ आशीष पाण्डेय दीपू मुलायम सिंह यादव का जन्मोत्सव उनके उम्र के बराबर दिनों तक सेवा और समर्पण के रूप में मनाते आ रहे है।जिसमें प्रमुख मंदिरों में हवन, पूजन और भंडारा, गरीबों, असहायों को भोजन, रक्त के अभाव से जूझ रहे जरूरतमंदो के लिए रक्तदान,वस्त्र वितरण, कंबल वितरण आदि प्रमुख कार्यक्रम है। आज आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में हवन, पूजन के बाद लगातार रक्तदान कर रहे युवाओं को नेता जी मा.मुलायम सिंह यादव जी सम्मान से सम्मानित किया गया और स्नेह भोज का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगो ने भोजन ग्रहण किया। आज कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष जय शंकर पाण्डेय, 82 दिवसीय कार्यक्रम के आयोजक डॉ आशीष पाण्डेय दीपू, पूर्व प्रधान दया राम यादव, विधानसभा अध्यक्ष अनिल निषाद, महासचिव पवन यादव, कटेहरी ब्लॉक महासचिव साधु यादव, कटेहरी ब्लॉक प्रमुख पद के पूर्व प्रत्याशी रघुविन्दर सिंह यादव टोनु, उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, उपाध्यक्ष जगदमबा यादव, उपाध्यक्ष राम अर्ज यादव, उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, सचिव लक्ष्मी यादव, सचिव वजहुल बेग, डॉ इरशाद, वीरेश पाण्डेय, अशोक यादव, जितेंद्र यादव राजकुमार सिंह, अब्दुल रब, बाबा रियाज, सिया राम राजभर, शिव पूजन यादव, राम धीरज शुक्ला, आजाद सिंह, बद्री यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि आत्रेय सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनधि अविनाश चौधरी, रामु कनौजिया, बाबु राम यादव, अशोक राणा, विजय प्रताप सिंह, सौरभ तिवारी, ज्ञान प्रकाश निषाद, कृष्ण मुरारी सिंह अमरजीत वर्मा लालता प्रसाद यादव दिनेश प्रसाद वर्मा जय कुमार वर्मा शेष कुमार वर्मा दिनेश सिंह रणविजय सिंह मालती वर्मा राम तीरथ वर्मा नरसिंह वर्मा संतोष यादव रामसकल यादव संतोष सिंह राम गोपाल सिंह राम तीरथ यादव सुनील यादव दरबार केसरी यादव त्रिभुवन यादव प्रमोद तिवारी इंदौर भारती डॉ हजारी प्रसाद वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



## ओमिक्रान संक्रमण
### भयभीत दुनिया

**कोरोना** के ओमीक्रान स्वरूप ने दुनिया में वैश्विक महामारी का भय वापस ला दिया है, लेकिन ऐसा लगता है कि दुनिया ने पिछली लहरों और लाकडाउनों से कोई सबक नहीं सीखा है। दुनिया ने डेल्टा स्वरूप से पैदा विभीषिका देखी है और ओमीक्रान ने अभी अपना विस्तार शुरू ही किया है। अभी निश्चित रूप से नहीं पता कि इसकी संक्रमित करने तथा इसका संक्रमण फैलने की क्षमता कितनी है। लेकिन इससे लड़ने के वैश्विक दृष्टिकोण का स्पष्ट रूप से अभाव है। दक्षिण अफ्रीका ने बिना कोई समय गंवाये दुनिया को ओमीक्रान से संक्रमित मरीजों की जानकारी दी है। उसने इस बात की पुष्टि करने में भी समय नहीं गंवाया कि नए स्वरूप का वास्तव में जन्म कहां हुआ। इसके फौरन बाद दक्षिण अफ्रीका तथा कई अन्य अफ्रीकी देशों पर अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन व एशिया के बड़े हिस्सों ने यात्रा प्रतिबंध लगा दिए। इस स्वरूप का पता लगभग 30 देशों में लग चुका है और यह सूची बढ़ रही है। कोई नहीं जानता कि मामले कहीं से बढ़ रहे हैं या कहीं से पैदा हो रहे हैं। जीनोम परीक्षण के लिए नमूने भेजने और नतीजे सामने आने में समय लगता है। अमेरिकी नहीं जानते कि इस स्वरूप का कैलीफोर्निया में कैसे पता लगा या ब्रिटेन में 32 मामले कैसे सामने आए। भारत में मिले दो मामलों में एक मरीज की यात्रा का कोई इतिहास नहीं है। यह कैसे संभव है? जब तक दुनिया का सारा वैज्ञानिक समाज समन्वित टेस्टिंग व ट्रेसिंग कार्यक्रमों के लिए अपने संसाधन नहीं लगाता है तब तक डेल्टा के समय वाली अराजकता बनी रहेगी। यात्रा पर स्वत: नियंत्रण लगाने के साथ ही ज्यादा टेस्टिंग व ट्रेसिंग पर ध्यान देने की




आवश्यकता है। दूसरा मुद्दा टीकाकरण व टीकों की सप्लाई पर तत्काल वैश्विक समझदारी विकसित करना जरूरी है। अमीर देश तथा विकासशील देशों में से कुछ में लोगों द्वारा वैक्सीन से इनकार करने की समस्या सामने आ रही है जिसका कारण लापरवाही या निजता के मुद्दे हैं। जहां तक संक्रमण का सवाल है, ऐसे लोग निश्चित रूप से बाकी लोगों के लिए खतरा पैदा करते हैं। समय आ गया है कि टीकाकरण को विधिक रूप से अनिवार्य बनाने पर वैश्विक बहस हो। यदि लापरवाही के कारण विकसित देशों में टीकाकरण में बाधा है तो टीकों की कमी से दुनिया के सबसे गरीब देशों, खासकर अफ्रीकी देशों में यह प्रक्रिया धीमी हो रही है। संयोग से भारत ने कोवैक्स द्वारा अफ्रीकी देशों को भेजे जाने वाली वैक्सीन के सभी आर्डर पूरे कर दिए हैं, पर केवल इतना काफी नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के साथ भारत उस वैश्विक अभियान में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं जिसका उद्देश्य कोविड-19 संबंधी औषधियों से अस्थाई रूप से बौद्धिक संपदा अधिकार हटाने की मांग करना है। अमेरिका ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है, पर दवा कंपनियां तथा यूरोपीय संघ व ब्रिटेन इसके लिए तैयार नहीं हैं। इसके बजाय वे अपनी वैक्सीनें गरीब देशों को सप्लाई करना चाहते हैं जो एक महंगा सौदा है। उन्होंने ऐसे निर्यात नियंत्रण भी लगाए हैं जो वैक्सीन निवेशों तक पहुंच में बाधा डालते हैं, सप्लायरों द्वारा सप्लाई की समयसीमा पर अनिश्चितता पैदा करते हैं, क्लीनिकल ट्रायल में बाधा डालते हैं तथा नमूनों के आवागमन में बाधा डाल कर केंद्रीकृत परीक्षण स्थलों से वैश्विक क्लीनिकल ट्रायल प्रभावित करते हैं। इसके बावजूद दवा कंपनियां अपने कठोर दृष्टिकोण पर कायम हैं। इसके कारण टीकाकृत व टीकों से वंचित लोगों के बीच भेदभाव पैदा हो रहा है। दुनिया को तेजी से यह असंतुलन ठीक करना जरूरी है।

# पीएचडी उपाधि व उच्च शिक्षा में गुणवत्ता

माइकेल फैराडे ने न कोई प्रशिक्षण पाया था न उनके पास कोई डिग्री थी, चार्ल्स डार्विन के पास दर्शनशास्त्र की 'मामूली' डिग्री थी और जेम्स जूल के पास कोई डिग्री नहीं थी।



**बीजू धर्मपालन**
(लेखक विज्ञान प्रसारक हैं)



अक्सर कहा जाता है कि किसी देश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता उस देश में तैयार होने वाले पीएचडी उपाधि धारकों की संख्या पर निर्भर होता है। इस उद्देश्य से उच्च शिक्षा के नीति निर्माता हर साल पीएचडी धारकों की संख्या बढ़ाने पर ज्यादा जोर देते हैं। यूजीसी-नैक मान्यता प्रक्रिया में भी किसी संस्थान में पीएचडी धारकों की संख्या पर ज्यादा जोर दिया जाता है। यूजीसी भी सहायक शिक्षकों को फैकल्टी के माध्यम से सुधार कार्यक्रमों द्वारा पीएचडी प्राप्त करने पर जोर देती है। इस प्रकार जिनकी शोध में कोई दिलचस्पी नहीं होती है, वे भी पदोन्नति के लिए पीएचडी प्राप्त करते हैं। क्या ज्यादा संख्या में पीएचडी धारक किसी देश में अकादमिक या शोध संस्कृति को बढ़ावा देते हैं? क्या ऐसे लोग अकादमिक व्यवस्था में कोई बेहतरी पैदा करते हैं? इस महीने के प्रारंभ में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद हेतु पीएचडी उपाधि का वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में 'समर्थन नहीं' किया जाना चाहिए। इस पर एक बहस शुरू हो गई है। यदि हम एक राज्य विश्वविद्यालय या निजी विश्वविद्यालय से औसत पीएचडी उपाधि धारक की गुणवत्ता का विश्लेषण करें तो कुछ अपवादों को छोड़ कर हमारे सामने उच्च शिक्षा की निराशाजनक तस्वीर सामने आती है। बहुत से लोग ऐसे हैं जो यह भी नहीं जानते हैं कि शोध समस्या को कैसे रखा जाए या संदर्भों का समुचित उपयोग कैसे किया जाए। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता किसी की डिग्री पर नहीं छोड़ी जा सकती है। यदि पीएचडी उपाधि धारकों की संख्या व उनके प्रकाशनों की उच्च गुणवत्त का आंकलन गुणवत्ता मापने के लिए किया जाएगा तो हमारे देश अब तक सैकड़ों नोबेल पुरस्कृत लोग पैदा करता और हमने समाज से जुड़ी बहुत सी समस्याओं का समाधान तलाश लिया होता।

अतीत में हमें ऐसे अनेक प्रख्यात वैज्ञानिक मिलते हैं जिनके पास कोई पीएचडी डिग्री या यहां तक कि अच्छी अकादमिक डिग्री तक नहीं थी। माइकेल फैराडे ने न कोई प्रशिक्षण पाया था न उनके पास कोई डिग्री थी, चार्ल्स डार्विन के पास दर्शनशास्त्र की 'मामूली' डिग्री थी और जेम्स जूल के पास कोई डिग्री नहीं थी। कोप्ले मैडल व नोबेल पुरस्कार से सम्मानित जान वाकर के पास तीसरे दर्जे की एक आनर्स डिग्री थी तथा जहाजों के बीच रेडियो संचार का आविष्कार करने वाले एडमिरल हेनरी जैक्सन के पास भी डिग्री नहीं थी। 'द बायोलोजिस्ट' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार सम्मानित फेलोज़ आफ रायल सोसाइटी-एफआरएस की सूची में शामिल प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों में से 19 प्रतिशत के पास कोई डिग्री नहीं थी। हमारे अपने महान वैज्ञानिक व शिक्षक सर सी.वी. रमन के पास शोध डिग्री नहीं थी। स्पष्ट रूप से डिग्री या ग्रेड शोध या अकादमिक क्षमता या किसी उम्मीदवार की क्षमता का विश्वसनीय संकेतक नहीं हैं। केवल डिग्री स्कोर पर निर्भर रहने के कारण बहुत से विश्व-विख्यात वैज्ञानिकों को वर्तमान समय में सफल कॅरियर बनाने में कठिनाई हो सकती थी। इतिहास के तथ्यों पर गौर करने से स्पष्ट होता है कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री का बयान उन लोगों के लिए स्वागत योग्य कदम है जो प्रमाणपत्रों या डिग्रियों के बजाय ज्ञान व विवेक को महत्व देते हैं।

उच्च शिक्षा में छात्रों को समाज के सामने आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए तैयार करने तथा उनको अच्छे मूल्यों वाले नागरिकों के रूप में बदलने की जरूरत है। दुर्भाग्य से आज की शिक्षा इनको समाहित करने में विफल रही है। अकादमिक परिवर्तन केवल विभिन्न विषयों में नवीनतम परिवर्तनों को समाहित करने से हो सकता है। दु:ख की बात है कि हमारे अधिकांश शिक्षक विषय

**आज उच्च शिक्षा में अच्छे शिक्षकों की कमी है और वही छात्रों में वैज्ञानिक रचनात्मकता पैदा कर सकते हैं। स्कूल शिक्षकों में अनेक शोधकर्ता छिपे होते हैं जिनके पास परास्नातक डिग्री भले ही न हो, पर वे पीएचडी उपाधि धारकों की तुलना में बेहतर शोधकर्ता होते हैं। हमें ऐसे शिक्षकों की संभावनायें खोजनी होंगी। लेकिन पीएचडी उपाधि के अभाव में तथाकथित वैज्ञानिक समुदाय उनको स्वीकार नहीं करेगा।**

को अद्यतन बनाने में दिलचस्पी नहीं लेते हैं। छात्रों को सत्तर, अस्सी या नब्बे के दशक की सूचनाओं से भर दिया जाता है जो इन शिक्षकों को अपने कालेज के दिनों में मिली थीं और वे छात्रों से विश्वविद्यालयी परीक्षाओं में उनके लिखने की आशा करते हैं। इस समूह के शिक्षक छात्रों को मानक पुस्तकों से संदर्भ भी नहीं देते हैं। पीएचडी उपाधि प्राप्त अनेक शिक्षकों को लगता है जैसे उन्होंने माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई पार कर ली है और अब उनको ज्यादा सीखने की जरूरत नहीं है। उनमें यह भावना भी है कि वरिष्ठ होने के नाते अब उनको केवल एमएससी या पीएचडी कक्षाओं पर ही ध्यान देना चाहिए। बहुत से लोग स्वयं को बीएससी व एमएससी कक्षाओं से यह कह कर नहीं जोड़ते हैं कि उन पर यूजीसी नियमों के अनुसार काफी भार है क्योंकि वह शोध में लगे शिक्षकों को काफी महत्व देता है। शोध केन्द्रों वाले अनेक संबंद्ध कालेजों में बीएससी व एमएससी छात्रों पर इस समूह के शिक्षक कम ध्यान देते हैं। कुछ विश्वविद्यालयी केन्द्रों में स्थिति इतनी दयनीय है कि वे कक्षायें लेने में दिलचस्पी ही नहीं दिखाते हैं और उनका ध्यान केवल शोध पर रहता है। अनेक विश्वविद्यालयी केन्द्रों में परास्नातक छात्रों के थ्यौरी व प्रेक्टिकल सत्र केवल शोध स्कालरों द्वारा संचालित होते हैं। निश्चित रूप से विज्ञान शिक्षण में शोध एवं शिक्षण एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और हम इनमें से किसी को अनदेखा नहीं कर सकते हैं। शिक्षकों का ध्यान स्नातक छात्रों को ढालने पर होना चाहिए क्योंकि वे नए होते हैं तथा उनको शिक्षकों की सहायता की आवश्यकता होती है। एमएससी व पीएचडी के लिए आने वाले छात्र आमतौर से ऐसे लोग होते हैं जिन्होंने अपने लक्ष्य निर्धारित कर लिए होते हैं। मूल्य आधारित शिक्षा तभी दी जा सकती है जब शिक्षका का समाज से संबंध हो। वर्तमान समय में कालेजों के अधिकांश शिक्षक समझते हैं कि वे विशिष्ट वर्ग के हैं। ज्यादा डिग्रियों व सम्मान प्राप्त शिक्षक समाज से पूरी तरह कट जाता है। अतीत में छात्रों को शिक्षकों में अच्छे रोल माडल मिलते थे। लेकिन आज की दुनिया में शिक्षक का जीवन समाज की दयनीय स्थिति के कारण भ्रष्ट हो गया है। आज अधिकांश शिक्षक छात्रों को सही दिशा देने में दिलचस्पी नहीं लेते हैं और केवल एक घंटा लेक्चर देकर या टेस्ट देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। शिक्षक-छात्र संबंध इतने पर ही समाप्त हो जाते हैं।

अच्छा शिक्षक बनने के लिए अच्छा छात्र होना जरूरी है। केवल एक अच्छा छात्र ही बेहतर शिक्षक बन सकता है। अच्छा छात्र बनने के लिए सीखने की प्रक्रिया के प्रति अपनी आंखें और कान खोलना जरूरी है। अच्छे शिक्षक का पीएचडी उपाधि प्राप्त होना जरूरी नहीं है। अधिकांश मामलों में पीएचडी मिलने पर व्यक्ति सीखने की प्रक्रिया पूरी होना मानता है और वह अहंकारी हो जाता है। उनको लगता है कि वे महामानव बन गए हैं और कोई उनसे सवाल नहीं पूछ सकता है। इससे छात्रों की अकादमिक संस्कृति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। विज्ञान शिक्षण में यह दृष्टिकोण छात्रों में सवाल पूछने की प्रकृति नष्ट कर सकता है। अच्छा शिक्षक बनना पीएचडी डिग्री पाने की तुलना में ज्यादा कठिन है। उसे हर छात्र का अकादमिक स्तर समझ कर उसी हिसाब से विषयवस्तु देनी चाहिए। आज उच्च शिक्षा में अच्छे शिक्षकों की कमी है और वही छात्रों में वैज्ञानिक रचनात्मकता पैदा कर सकते हैं। स्कूल शिक्षकों में अनेक शोधकर्ता छिपे होते हैं जिनके पास परास्नातक डिग्री भले ही न हो, पर वे पीएचडी उपाधि धारकों की तुलना में बेहतर शोधकर्ता होते हैं। हमें ऐसे शिक्षकों की संभावनायें खोजनी होंगी। लेकिन पीएचडी उपाधि के अभाव में तथाकथित वैज्ञानिक समुदाय उनको स्वीकार नहीं करेगा। सरकार को ऐसे शिक्षकों को अवसर प्रदान कर उनकी प्रतिभा प्रदर्शित करनी चाहिए। हमें उनके लिए शोधकर्ताओं को दिए जाने वाले शांतिस्वरूप भटनागर पुरस्कार के समकक्ष पुरस्कार तैयार करना चाहिए। समाज को परेशान करने वाली समस्याओं का समाधान तभी हो सकता है जब हम पीएचडी डिग्री से वंचित तथाकथित गैर-वैज्ञानिक लोगों की बौद्धिक क्षमता की पहचान करें। पीएचडी डिग्री को अनावश्यक महत्व देने से विज्ञान की उत्पादकता को नुकसान होता है। विज्ञान का सम्मान किसी के काम से होना चाहिए, उसकी डिग्री से नहीं। उच्च शिक्षा में हमें अच्छे शिक्षकों की जरूरत है जो नौजवानों को ऊर्जान्वित कर देश में समृद्ध बौद्धिक संपदा पैदा कर सकें।

# ओमिक्रान से सबकी सुरक्षा आवश्यक

**"पहली वैक्सीन उपलब्ध होने के एक साल बाद भी केवल 6 प्रतिशत अफ्रीकनों का पूर्ण टीकाकरण हुआ है।"**

**गुइन डायर**
(लेखका वरिष्ठ पत्रकार हैं)



कोविड-19 के नए ओमीक्रान स्वरूप की खोज दक्षिण अफ्रीका और बोट्सवाना के वैज्ञानिकों ने की है। दक्षिण अफ्रीका के इन देशों में ही नए स्वरूप का पता लगाने का कौशल और संसाधन हैं। 23 नवंबर को बोट्सवाना के वैज्ञानिकों ने 99 सार्स कोव-2 जीनोम सीक्वेंस ब्रिटेन के वेलकम सेनगर इंस्टीट्यूट को अपलोड किए थे जो मार्च, 2020 से दर्जनों देशों से ऐसे एक मिलियन से अधिक सीक्वेंसों का क्लियरिंग हाउस संचालित करता है।

उन्होंने देखा कि तीन जीनोम सामान्य डेटा स्वरूपों से अलग थे। उसी दिन दक्षिण अफ्रीका की एक अलग टीम ने सात कोविड नमूनों के जीनोम लोड किए जिनमें मानव कोशिकाओं को संक्रमित करने वाले वायरस के स्पाइक प्रोटीन में वही संदिग्ध परिवर्तन देखे गए। कुछ ही घंटों के भीतर दुनिया में सभी स्थानों के वैज्ञानिकों ने वेब पर इन जीनोमों का अध्ययन किया और 72 घंटे के भीतर डब्लूएचओ ने घोषणा कर दी कि एक पांचवां 'चिन्ताजनक स्वरूप' सामने आ गया है। इसके बाद दुनिया में उत्तर के अमीर देशों ने फौरन अपने दरवाजे दक्षिण अफ्रीका व उसी क्षेत्र के नौ अन्य देशों के लिए बंद कर दिए।

अभी यह भी स्पष्ट नहीं था कि यह स्वरूप पहले कहां सामने आया, पर उनको इसकी चिन्ता नहीं थी। डर्बन के वैज्ञानिक प्रोफेसर टूलियो डी ओलीवियेरा नए स्वरूप के अध्ययन में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका 'वैज्ञानिक सूचना के मामले में अत्यधिक पारदर्शी' है। ऐसे में दुनिया को दक्षिण अफ्रीका तथा अफ्रीका को अलग-थलग या उसके साथ भेदभाव




करने के बजाय उनका समर्थन करना चाहिए।' दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने रविवार को यात्रा प्रतिबंध के खिलाफचेतावनी देते हुए कहा कि 'विज्ञान इसके पक्ष में नहीं है, न यह इस स्वरूप का प्रसार रोकने में प्रभावी भूमिका अदा करेगा। यात्रा पर प्रतिबंध से प्रभावित देशों की अर्थव्यवस्थायें और प्रभावित होंगी तथा वैश्विक महामारी से बाहर निकलने की उनकी क्षमता पर असर पड़ेगा।' ऐसे में शुरुआत कहां से होनी चाहिए? हमें इस तथ्य पर ध्यान देना चाहिए कि 'अफ्रीका' कोई एक देश नहीं है। उदाहरण के लिए, दक्षिण अफ्रीका में वैक्सीनों की कोई कमी नहीं है, लेकिन इस अर्ध विकसित देश में वैक्सीनों के प्रति हिचक मुख्य समस्या है। इंटरनेट तक पहुंच काफी है और अधिकारियों के प्रति अविश्वास उससे भी अधिक है। इस कारण दक्षिण अफ्रीका में केवल 27 प्रतिशत लोगों ने ही पूर्ण टीकाकरण करवाया है। इससे नये स्वरूपों के उभरने का खतरा अमीर देशों में भी बढ़ रहा है जहां कोविड वायरस लगातार व्यापक रूप से फैल रहा है।

अधिकांश अफ्रीकन देशों तथा सबसे गरीब एशियाई देशों में भी जोखिम बहुत अधिक है और यह बना रहेगा क्योंकि उनके पास काफी संख्या में वैक्सीनें नहीं हैं। पहली वैक्सीन उपलब्ध होने के एक साल बाद भी केवल 6 प्रतिशत अफ्रीकन ही पूर्ण टीकाकृत हैं। दुनिया में दिसंबर के अंत तक 12 बिलियन वैक्सीन खूराकें तैयार हो चुकी होंगी जो 18 साल से बड़े प्रत्येक वयस्क को टीका देने के लिए काफी हैं। लेकिन मुख्य समस्या इनकी कीमत के कारण है। इस कारण जहां अमीर देशों में स्कूल जाने वाले बच्चों का टीकाकरण हो रहा है तथा वयस्क तीसरी बार टीका लगवा रहे हैं, वहीं दुनिया के दक्षिण में स्थित गरीब देशों में अभी कई बिलियन वयस्कों को एक खूराक भी नहीं मिली है। इस बीच अफ्रीका के पूरे क्षेत्र पर अचानक यात्रा प्रतिबंध लगाने से गरीबों की अर्थव्यवस्था और खराब हो रही है। संदेह है कि वे ओमीक्रान वायरस संक्रमण ला रहे हैं, हालांकि हम जानते हैं कि इसका संक्रमण पहले ही यूरोप और एशिया तक पहुंच गया है तथा अमेरिकी महाद्वीपों में भी यह निश्चित रूप से मौजूद है। ऐसे में इतनी देर में भी सही कदम पूरी दुनिया की ऊर्जा सबसे गरीब देशों को वैक्सीनें देने पर लगनी चाहिए क्योंकि 'कोई भी सुरक्षित नहीं है, जब तक सभी सुरक्षित न हों।'

ऐसा लग रहा है कि ओमीक्रान एक बड़ी समस्या है और यह पहले से भी बड़ी हो सकती है।

## आप की बात

### शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं

**आमजन** वर्तमान में कोरोना महामारी से प्रभावित होकर कहि न कही टूटा ही है। ऊपर से मूलभूत सुविधाओं में जटिलता व महंगाई की काली परछाई ने जीना दूभर कर रखा है। जनता जनार्दन की मूल भूत सुविधाओं में रोटी कपड़ा मकान में तो लोगो को संघर्षरत रहना होता है। परंतु विगत कहि वर्षो से स्वास्थ्य व शिक्षा की व्यवस्थाओं पर भी अधिकतम फीस प्रणाली व अधिक पैसे कमाने की होड़ में सोचने पर विवश कर दिया। अक्सर देखा जाता है कि कई पाठ्यक्रमों की फीस लाखो में होती है। दो जून की कमाई करने वाले लोगो के लिए तो उस मंजिल को पाना लगभग असंभव सा ही है। भले ही बच्चे में टेलेंट क्यो न हो। शिक्षा के मंदिरों में कैरियर की घण्टी उन लोगों को ही सुनाई दिखाई देती है जिनके आय के अतिरिक्त स्त्रोत है। सामान्य लोगों को आजिविका चलाने वाले लोगो को मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चो का करियर महंगी फीस के बोझ के तले ही दब के रह जाता है। इसी प्रकार जन जीवन के अनिवार्य पहलू में स्वास्थ्य सेवाएं है। परंतु वो भी खर्चीली महंगी है। हॉस्पिटलों में जांच , अनुसधान के नाम पर मोटी रकम वसूलने की व बीमारी व मरीज की जान बचाने के एवज में लाखों रुपये के बिल थमने की परम्परा सी निर्मित होती जा रही है।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### इस्लामी जिहाद का बढ़ता आतंक

**पाकिस्तान** में श्री लंकाई नागरिक प्रियंता कुमारा को कथित रुप से कुरान का अपमान करने का आरोप लगा कर तड़पा तड़पा कर कर मार डाला, फिर घसीटते हुए उसके शव के साथ सेल्फीयां लें और उसके बाद उसे जला दिया। बताया जाता है कि वह अपने ऑफिस से निकल रहा था तो कंपनी की दीवार पर उर्दू अरबी में एक अजीब सा पोस्टर दिखा। जिसे उसने कंपनी की दीवार को भद्दा करने के कारण फाड़ दिया। अब यहां उन मुसलमानों का आरोप है कि उस पोस्टर में कुरान की आयतें लिखी थीं। जबकि वास्तविकता यह है किउक्त पोस्टर आतंकी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक का था। जाहिर है श्री लंकाई नागरिक को उर्दू अरबी पढ़नी नहीं आती होगी। इसकी जानकारी उसके मुस्लिम कर्मचारियों को होगी ही। इसके बावजूद उन लोगों ने जिनके भले के लिए वह श्री लंकाई नागरिक काम कर रहा था, उसे तड़पाकर मारने में तनिक भी नहीं हिचकिचाए। अब यह एक ट्रेंड बनता जा रहा है कि किसी भी व्यक्ति, समाज पर पैगंबर या कुरान की बेअदबी का आरोप लगाओ और उसे जिंदा जला डालो या पूरे गांव, शहर को दंगे की आग में झोंक दो। महिलाओं, बच्चियों का बलात्कार करो। बांग्ला देश में यही सब हुए बहुत समय नहीं बीता है।

– **युवराज पल्लव**, हापुड़

### मजबूत परीक्षा प्रणाली

**उप्र** में भर्ती परीक्षाओं में कई वर्षों से पेपर लीक होने की घटनाये हो रही है। 28 नवम्बर शिक्षक पात्रता परीक्षा का पेपर लीक होने और सॉल्वरों के पकड़े जाने से लाखों बच्चो को परीक्षा से वंचित हो जाना पड़ा। सरकार द्वारा पुन: प्रवेश परीक्षा कराने, सभी प्रतिभागियों को मुफ्त परीक्षा केंद्र तक आने की घोषणा के साथ ही पेपर लीक मामले में त्वरित सख्त कार्यवाही का निर्देश दिया। लेकिन पेपर लीक मामले कई बार होने के बावजूद भी कोई प्रभावी कार्यवाही नही हुई। जिसके कारण भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक मामले हुये जो सबसे बड़ी लापरवाही अधिकारियों की ओर इशारा करते है। जिन्होंने स्थाई कदम उठाने की ओर ध्यान नही दिया। प्रदेश में सरकारी प्रेस होने के बावजूद भी भर्ती परीक्षाओं के पेपर निजी प्रेस में छपवाए जा रहे है। गोपनीयता बनाये रखने के लिये सभी सरकारी दस्तावेज सरकारी प्रेस में ही छपवाने की व्यवस्था होनी चाहिये। गोपनीय प्रेस का प्रस्ताव सरकार को वर्ष 2018 में भेजा गया। लेकिन इस पर ध्यान नही दिया गया।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हम** परियोजना के दूसरे चरण में दिल्ली में 1.40 लाख सीसीटीवी कैमरे लगावाने जा रहे हैं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**अमेरिका** जानता है कि इच्छा होने पर पुतिन यूक्रेन पर आक्रमण करने का क्षमता विकसित कर रहे हैं।

– **एंटोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव



**पीएम** ने कहा कि उनसे गलती हुई और उन्होंने देश से माफी मांगी। गलती के फलस्वरूप 700 लोगों की जान चली गई।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

सेउता विधानसभा का हाल

# ज्ञान तिवारी मात्र मूल भाजपाई फिर भी टिकट की लाइन में हैं पार्टी के कई नेता




संवाददाता ।सीतापुर

**कहीं दिल** जल रहा है तो कहीं उम्मीदों का दीया जल रहा है। बात है सेउता विधानसभा क्षेत्र की, यहां भी काफी अर्से बाद ज्ञान तिवारी ने 2017 विधानसभा चुनाव में कमल खिलाने का काम किया। वैसे तो सीतापुर की 9 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के सात विधायक चुने गए थे, लेकिन ज्ञान तिवारी इकलौते ऐसे विधायक है जो मूल भाजपाई है। बावजूद इसके उनकी ही पार्टी से टिकट के तीन दावेदार मुकाबले में आ गए है। चुनाव से पहले इनसे ज्ञान तिवारी से मुकाबला जीतने की चुनौती है, ऐसे में ज्ञान तिवारी का दिल जल रहा है। लेकिन उम्मीदों का दीया भी जल रहा है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि भाजपा उन्हें ही टिकट देगी। भाजपा से टिकट मांगने वालों में चंद कुमार मिश्रा बापू का भी नाम सामने आया है। बापू को हाल ही में जूट संघ का अध्यक्ष बनाया है। बापू भी टिकट पाने की उम्मीदों का दीया जलाए हुए है। हालांकि बापू पूर्व में बसपा से चुनाव लड़ भी चुके है। इसके अलावा 2017 में सेउता से विधानसभा का चुनाव सपा से लड़ने वाले शिवकुमार गुप्ता ने इस बार फिर सेउता से भाजपा से टिकट मिलने की उम्मीदों का दीया जला लिया है। जिला पंचायत प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता सेउता के अलावा सदर से भी टिकट पाने की चाह रखे हुए है। इनके अलावा सेउता से एक मात्र महिला टिकट मांगने वालों में ममता पांडेय का भी नाम सामने आया है। ममता पांडेय ने भाजपा से टिकट पाने की उम्मीदों का दीया जला दिया है। सेउता से चार बार सपा से विधायक रहे महेन्द्र कुमार सिंह झीन बाबू एक मात्र पार्टी से टिकट के दावेदार है वह अपराजेय विधायक है, 2017 में सपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया था, इस बार बड़े उद्योग पति हंटर चाय के मालिक नवल टंडन भाजपा छोड़ सपा से टिकट पाने की उम्मीद में सेउता में उतरे ही थे कि विरोध के चलते शुरूआती दौर में ही सपा से वह अलग हो गए। अब यहां पर महेन्द्र कुमार सिंह झीन बाबू का साइकिल पर सवार होना करीब-करीब तय माना जा रहा है। महेन्द्र कुमार सिंह झीन बाबू ने उम्मीदों का दीया जला रखा है कि सपा उन्हें इस बार टिकट जरूर देगी। बसपा के हाथी पर सवार होने वाले को फिलहाल यहां ढूंढा जा रहा है। कांग्रेस से अभी तक दो नाम सामने आए है टिकट पाने की चाहत रखने वालों की। खास बात यह है कि दोनो पिता पुत्र है और कांग्रेस जिलाध्यक्ष भी है। सेउता से कांग्रेस से टिकट मिलने की उम्मीदों का दीया विजयनाथ अवस्थी और उनके पुत्र कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने जला रखा हुआ है।

**● चन्द्र कुमार मिश्रा बापू, शिवकुमार गुप्ता और ममता पांडेय भी हैं दावेदार**

# स्वैच्छिक शिविर में 40 ने किया रक्तदान

**सीतापुर।** हर साल की तरह इस साल भी दया फाउंडेशन के द्वारा आयोजित स्वेच्छिक रक्तदान केम्प का अयोजन किया गया जिसका उद्धघाटन मुख्य-अतिथि भजपा ज़िला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने किया गया। इस रक्तदान कैम्प में 40 लोगो ने अपना रक्तदान करके इस कैम्प को सफल बनाने में सहयोग दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से संजीवन के संस्थापक आकाश अग्रवाल, राजन गुप्ता अरिंदम दास स्वप्निल यादव चंदन गुप्ता विहान सक्सेना शरद शुक्ल विजय मिश्र मो अज़ीम नईम खा अजय साहू रानू सिंह दिनेश कुमार शोएब अहमद अंकित कुमार शौरभ कुमार मो अज़्ज़ाज जितेंद कुमार मो अनवर दीवान सिंह देवेंद्र वर्मा अजय मिश्र कुलदीप बघेल अमन विक्रम सिंह आदि लोगो ने रक्तदान करके कैम्प को सफल बनाने में अपना अहम योगदान किया। आयोजक अजय मिश्रा दया ने कहा कि रक्तदाता का एक दान कई जिन्दगिया बचाता है।

**● भाजपा जिलाध्यक्ष ने फीता काटकर किया कैंप का शुभारम्भ**




## क्विक न्यूज

### नीलगाय से टकराई बाइक, ग्रामीण की मौत

**बरेली।** काम पर जा रहे एक ग्रामीण की मोटरसाइकिल सड़क पर एक नीलगाय से टकराकर जमीन पर गिर पड़ी स जिससे ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई स सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्ट के लिए भेजा सिरौली थाने के गांव अजमेर निवासी 50 वर्षीय गुलाम हुसैन पुत्र इमाम बख्श की कल शाम गांव से कुछ ही दूरी पर हुई दुर्घटना में मौत हो गई स पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक की पत्नी नसरीन ने बताया कि उसके पति मजदूरी पर लकड़ी काटने का काम करते थे और कल शाम को मोटरसाइकिल से काम पर जाने के लिए घर से निकले थे स उन्हें काम करने के लिए रामपुर जाना था लेकिन जब वह सिरौली के गांव नवरंग पुरा पहुंचे तभी अचानक सड़क पर आई एक नीलगाय से उनकी बाइक टकरा गई और वह जमीन पर गिर कर घायल हो गए वह काफी देर तक मौके पर ही घायल अवस्था में पड़े रहे स लोगों ने उन्हें देखा और पुलिस को सूचना दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची उनकी मौत हो चुकी थी स उनके पास मिले मोबाइल फोन से घटना की जानकारी उनके घर वालों को दी गई स जो मौके पर पहुंचे और लाश की शिनाख्त कर ली मृतक चार बेटियों का पिता था स पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

### कोरोना के प्रति छात्र-छात्राएं हुईं जागरूक

**सीतापुर।** जागरूकता कैंप के जरिए छात्र-छात्राओं को कोरोना जांच कर एहतियात बरतने के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। गया सिंह सुमित्रा सिंह चौहान महाविद्यालय कल्यानपुर हरगांव सीतापुर में सीएचसी हरगांव के डाक्टरों की टीम ने कैंप कर 53 छात्रों की आरटीपीसीआर जांच की। सीएचसी अधीक्षक डाक्टर नितेश शर्मा ने कहा कि बचाव के लिए जरूरी है कि बिना मास्क लगाए हुए घर से बाहर न निकले। भीड़ वाली जगह पर जाने से बचें और आवश्यक दूरी बनाए रखे। उन्होंने हाथों को साबुन से धुलने के साथ बुखार आदि लक्षण दिखने पर तत्काल जांच कराने की सलाह दी। जांच टीम में बीएचडब्लू हिमांशू अवस्थी, लैब असिस्टेंट शिवराज, नेत्र परीक्षक सुधीर भार्गव, लैब टैक्नीशियन रजनीश कुमार आदि शामिल रहे। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक ओमप्रकाश सिंह, इन्द्रपाल सिंह व विनय चौहान आदि मौजूद रहे।

### वोटर बढ़ाकर बनाएंगे फिर भाजपा सरकारः अवनीश रावत



**सीतापुर।** हर बूथ को मजबूत करने के बाद फिर से योगी आदित्यराज की सरकार बनाएंगे। यह तभी संभव होगा जब हम सभी ज्यादा से ज्यादा लोगो को वोटर और बनाएंगे। यह बात मतदाताओं व ग्रामीणों से भाजपा नेता अवनीश रावत ने जनसम्पर्क करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान हितैषी, युवा को रोजगार देने वाली सरकार है, जिसने सभी वर्गो का भला किया है। श्री रावत ने कहा कि भाजपा ने हमेशा से भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा कानून बनाया है इसीलिए आज प्रदेश से भ्रष्टाचार गायब है और योगी के नेतृत्व में प्रदेश सुरक्षित आगे बढ़ रहा है। इस दौरान कौशल, राजू, सुशील, प्रेमदीप, रामकुमार, रोहित कुमार, अनिल, देवी प्रसाद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में पिता की मौत, पुत्र घायल

**बरेली ।** दवा लेकर घर वापस लौट रहे पिता पुत्र को एक इको कार ने टक्कर मार दी पिता की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई पुत्र की हालत नाजुक बनी हुई है स पुलिस ने मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा स हाफिज गंज थाने के गांव सुंडविया निवासी बाबू कि आज दोपहर गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि उसका बेटा अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गया पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि बाबू कुछ दिनों से बीमार चल रहा था वह आज अपने बेटे अर्जुन के साथ मोटरसाइकिल से दवा लेने के लिए हाफिजगंज गया था जहां से वापस लौटते समय दोनों मोटरसाइकिल रोककर गांव के पास सड़क किनारे खड़े हो गए और आपस में बातचीत करने लगे स इसी दौरान तेजी से आ रही एक इको कार ने दोनों को टक्कर मार दी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए स मौके पर मौजूद लोगों ने भागने की कोशिश कर रही कार और उसके चालक को पकड़कर दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घर वाले बाबू के इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी ।

# भाजपा ने नगर में चलाया स्वच्छता अभियान

**महापुरुषों की मूर्तियों की साफ-सफाई कर किया भावपूर्ण नमन**

संवाददाता। सीतापुर



**संविधान निर्माता** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के निर्वाण दिवस की पूर्व संध्या पर आज पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया। महापुरुषों की मूर्तियों की साफ-सफाई व माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

नगर के विभिन् स्थानों अंबेडकर पार्क, अग्रसेन पार्क, गांधी प्रतिमा, वैदेही वाटिका में महापुरुषों की मूर्तियों की साफसफाई कर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता कार्यक्रम भी चलाया। विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य साकेत मिश्रा, क्षेत्रीय पदाधिकारी दिनेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, जिला कार्यसमिति सदस्य राहुल मिश्रा व पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सतीश जायसवाल रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर मण्डल 1 अध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने किया ।इस अवसर पर लोहार बाग स्थित अंबेडकर प्रतिमा की साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा महापुरुषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया ।इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य साकेत मिश्रा, देवेंद्र मिश्रा, भोला, दीपक शुक्ला ,सुरेश कनोजिया, शिवांशु मिश्रा, अमित बाघवानी, विवेक श्रीवास्तव, कुसुम सिंह ,बूथ अध्यक्ष ऋचा श्रीवास्तव,जितेंद्र राज संजय श्रीवास्तव, मोनिका आनंद, बराती लाल आदि पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शाबास अनूप खेतान

# सीतापुर के बॉडी बिल्डर ने मुंबई में मचाया धमाल

संवाददाता। सीतापुर



**विश्वपटल पर** सीतापुर का नाम एक बार फिर रोशन हुआ है। इस बार सीता की नगरी के लाल ने मुम्बई में धमाल मचाकर जनपदवासियों का सीना गर्व से चौड़ाकर दिया है। शहर के मोहल्ला वलीनगर निवासी अनूप खेतान ने अमेसर ओलम्पिया इण्डिया प्रतियोगिता में भाग लेकर टॉप 16 में जगह बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और सीतापुर को एक नई पहचान दिलाई है। अनूप खेतान सीतापुर के व्यापारी मोनू खेतान के भाई है। जिले में इस सफलता की खबर मिलते ही लोग खुशी से झूम उठे। विश्व स्तरीय बॉडी बिल्डिंग 2021 की इस प्रतियोगिता का फाइनल अभी खेला जाना बाकी है। अनूप खेतान का फाइनल में बेहतर प्रदर्शन रहे और वह सफल हों इसे लेकर जनपदवासी अभी से दुआएं करने लग गए है। बाम्बे में आयोजित विश्व स्तरीय बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में टॉप-14 में अपना स्थान सुनिश्चित कर चुके अनूप खेतान ने पायनियर को बताया कि फाइनल में सफलता के लिए वह पूरी मेहनत व प्रयास करेगें।

# प्राथमिक स्वास्थ्य ओयल का किया औचक निरीक्षण



**ओयल-खीरी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओएल पर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले के दौरान चिकित्सा अधिकारी ज्वाइंट डायरेक्टर ने आज अचानक दौरे पर पहुंच गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओएल पहुंचने पर लगभग 12:30 बजे सबसे पहले साफ-सफाई का जायजा लिया। नृत्य के दौरान यह भी देखा गया कि कई आशा नदारद मिली वहीं वार्ड बाय व स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाते हुए वार्ड बॉय का वेतन रोकने को कहा। वहीं मौके पर डा. रवि अवस्थी अपना काम देखते हुए दिखाई पड़े। वहीं डॉक्टर खान आज छुट्टी पर थे।

# सीएम ने किया मातृ व शिशु चिकित्सालय का वर्चुअल उद्घाटन

संवाददाता ओयल-खीरी



**कोरोना की** तीसरी लहर और ओमीक्रोन के खतरे के बीच जनता को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा तोहफा दिया है। क्षेत्र के ग्राम मोतीपुर में निर्माणाधीन 200 बेड मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में रविवार को सूबे के मुखिया योगी आदित्य नाथ शाम करीब चार बजे बहुप्रतीक्षित बीएसएल 2 लैब का वर्चुवल उद्घाटन किया। मालूम हो कि वैश्वविक महामारी कोरोना के लक्षणों की पुष्टि के लिए आरटीपीसीआर के मध्यम से लोगों के लिए गए नमूनों को जांच हेतु लखनऊ के लिया भेजना पड़ता था। जहां से जांच रिपोर्ट आने में काफी समय लग जाता था और लोगों को समय से इलाज नहीं मिल पाता था। उक्त समस्या को देखते हुए व वर्तमान समय में देश में कोरोना के नए वर्जन ओमीक्रोन के पांव पसारने के पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने जनपद की पहली आरटीपीसीसी लैब बीएसएल 2 का वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा शुभारंभ कर जनपद वासियों को तोहफा दिया है। इस लैब के शुरू हो जाने से जनपद में कोरोना की आरटीपीसीआर जांच कराने वालों को बेहद सहूलियत मिलेगी। वहीं जांच सिर्फ कुछ ही घंटों में मिल पाएगी।

वहीं इलाज भी समय पर शुरू हो सकेगा। इससे कोरना की तीसरी संभावित लहर से निपटने में स्वास्थ्य विभाग को काफी मदद मिलेगी। लैब के शुरू हो जाने से आने वाले समय में तमाम अन्य सुविधाएं भी लखीमपुर की जनता को मिल सकेंगी। लैब के उद्घाटन के समय प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार साहनी सीएमएस डॉ एसी श्रीवास्तवए एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता पैथोलॉजिस्ट डॉ केपी सिंह फार्मासिस्ट नीरज कुमार शुक्ला फार्मासिस्ट अमरेंद्र सिंहए रुचि शुक्ला एनएम अनु मिश्रा लैब टेक्नीशियन करण भारती, विकास वर्मा, भवानी प्रताप, डाटा एंट्री ऑपरेटर धीरेंद्र कुमार और शिवेंद्र श्रीवास्तव सहित मीडिया प्रभारी देवनंदन श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# मुकदमा दर्ज करने की मांग

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** बजाज चीनी मिल के अधिकारियों के द्वारा झूठे आश्वासन देने से आक्रोशित विधायक अरविंद गिरी में अपने साथियों के साथ गोला कोतवाली पहुंचकर चीनी मिल के तीन अधिकारियों तथा कुशाग्र बजाज के विरुद्ध तहरीर देकर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांगकी। जिस पर पुलिस प्रशासन ने उच्चाधिकारियों से वार्ता कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में विधायक अरविंद गिरि ने कहा है की चीनी मिल के अधिकारी किसानों को बार.बार झूठा आश्वासन देते हैं यही नहीं 3 नवंबर को मेरे आवास पर चीनी मिल के यूनिट हेड ओमपाल सिंह कारखाना प्रबंधक आरके मिश्रा विधि सलाहकार अवनी कुमार पांडे तथा कुशाग्र बजाज से वार्ता हुई थी। 30 नवंबर तक किसानों का बकाया भुगतान देने का आश्वासन दिया गया था पर 5 दिसंबर हो गया है अभी तक मिल अधिकारियों ने किसानों को उनका बकाया गन्ना भुगतान नहीं किया है।

# गलत सत्यापन करने वालों के विरुद्ध दर्ज होगी एफआईआर

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**धान क्रय** में गलत सत्यापन करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने के लिए तहसीलदार को आदेशित किया है। उपजिलाधिकारी पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शिवा भारद्वाज निवासी ग्राम भोगियापुर ने धान क्रय के लिए 6.0750 हेक्टेयर भूमि पर आवेदन बटाईदार के रूप में किया। इस आशय का शपथपत्र प्रस्तुत किया कि आवेदक कमलेश कुमारी पत्नी अरुण कुमार सिंह के बटाईदार हैं। उक्त शपथपत्र को नोटरी द्वारा प्रमाणित भी करा दिया गया। उपजिलाधिकारी द्वारा उक्त आवेदन की जांच की गई तो पता चला कि कमलेश कुमारी की मृत्यु वर्ष 2018 में चुकी है और उनके स्थान पर उनकी पुत्रियों के नाम खतौनी में आ चुके हैं। उक्त आवेदन की जांच की गई। जांच के समय कमलेश कुमारी की लडकी स्मृति सिंह ने बताया कि कमलेश कुमारी की मृत्यु हो गई हैए और बटाई पर किसी को दी भी नहीं है। जिन्होंने आवेदन किया हैए उनको वह जानती भी नही हैं।

इस आवेदन को निरस्त कर दिया गया। फर्जी सत्यापन कराने का प्रयास करने, फर्जी शपथपत्र दाखिल करने के लिये शिवा भारद्वाज निवासी ग्राम भोगियापुर और गलत नोटरी करने पर नोटरीकर्ता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए तहसीलदार मोहम्मदी सुशील प्रताप सिंह को आदेशित किया गया है।

# रछेला बाजिदपुर हत्याकांड में दो गिरफ्तार



संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी

**3 दिन पूर्व** हथेला वाजिदपुर में हुई हत्या ने पुलिस ने बाप और बेटे को मय आला कत्ल गिरफ्तार किया। पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार ने प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया कि 3 दिसंबर को दिनदहाड़े हथेला वाजिदपुर में आदेश कुमार की हत्या की गई थी। इसमें पिता कमलेश ने तीन लोगों को नामजद किया था। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार गुप्ता द्वारा विवेचना की गई जिसमें हत्या प्रेम प्रसंग से जुड़ी गुत्थी सामने आयी। जिसमें यह प्रकाश में आया कि सुशील कुमार की बहन का प्रेम प्रसंग मृतक आदेश कुमार से था। दूसरे दिन आदेश कुमार अपनी शादी के लिए कहीं जा रहा था। उसी को लेकर सुशील कुमार और मलखान ने मिलकर आदेश कुमार की हत्या की है जिसमें हत्या करने वाले हथियार भी बरामद हुए हैं। जो नामजद हत्या का अभियोग पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के दौरान उनकी संलिप्तता नहीं पाई गई है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया सुशील कुमार और मलखान ग्राम रछेला बाजिदपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा किस सही घटना का खुलासा करने पर प्रभारी निरीक्षक सहित इस टीम के सभी लोगों के लिए पुलिस अधीक्षक से नगद पुरस्कार दिलाने का प्रयास किया जाएगा। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राकेश को गुप्ता कांस्टेबल राजीव कुमार, कांस्टेबल कपिल कुमार, कांस्टेबल मुनेंद्र पाल व कांस्टेबल राजेंद्र प्रसाद प्रमुख रूप से रहे।

# गुरुनानक क्रिकेट एंड फिजिकल एकेडमी की दौड़ प्रतियोगिता सम्पन्न

**मैगलगंज-खीरी।** मैगलगंज के इटारा ग्राम स्थित गुरुनानक डिग्री कालेज के ग्राउंड में गुरुनानक क्रिकेट एंड फिजिकल एकेडमी द्वारा आयोजित दौड़ प्रतियोगिता सम्पन्न हो गयी। जिसमें कई जिलों से आये प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

आपको बता दें अकेडमी द्वारा 5 किमी, 1600 मीटर, 800 मीटर व 400 मीटर की दौड़ की प्रतियोगिता आयोजित की गई थी ।जिसमे 5 किमी की प्रतियोगिता में सनीपाल निवासी बहराइच, 1600 मीटर में अमन रजा सीतापुर, 800 मीटर में महेश व 400 मीटर में सुशील यादव ने बाजी मारी। विजयी प्रतिभागियों को गुरुनानक डिग्री कालेज के डक् ऋषिपाल सिंह व आयोजक विनीत कुमार शुक्ला के द्वारा नगद पुरस्कारएशील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया ।जिसमें अमन रजा को 2100 रु नगद पुरस्कार, शील्ड व मेडल, सनीपाल को 1200 रुपए नगद पुरस्कार, शील्ड, महेश को 800 रुपए नगद पुरस्कार, शील्ड व सुशील यादव को 600 रुपए नगद पुरस्कार, शील्ड प्रदान किये गए।

# खेल मैदान के अभाव में भीड़ दिख रही कम

**मवेशी बांधने व जलावन रखने में इस्तेमाल हो रहा मैदान**

सवाददाता। सिंगाही-खीरी



खेल मैदान के अभाव में कस्बे में फुटबाल खिलाड़ियों की भीड़ अब बहुत कम हीं दिखती है। अब इंटरनेट गेम की ओर आकर्षित हो रहे हैं और शारीरिक खेल की ओर से उनका झुकाव कम होता जा रहा है। जहां मैदान है भी तो आस-पास के लोग खेल मैदान को मवेशी बांधने अथवा जलावन रखने की जगह समझ कर उसका इस्तेमाल करते हैं।

खेल मैदान के अभाव में कस्बे में फुटबाल खेलते खिलाड़ियों की भीड़ अब बहुत कम हीं दिखती है। इंटरनेट गेम की ओर आकर्षित हो रहे हैं और शारीरिक खेल की ओर से उनका झुकाव कम होता जा रहा है। जहां मैदान है भी तो आस-पास के लोग खेल मैदान को मवेशी बांधने अथवा जलावन रखने की जगह समझ कर उसका इस्तेमाल करते हैं। खेल मैदान की जमीन ऊबड़ खाबड़ है जिससे खेल मैदान का लाभ फुटबाल खिलाड़ियों को नहीं मिल पा रहा है। इस मैदान पर महारानी सुरथ कुमारी फुटबाल टूर्नामेंट, भारत रत्न डा. एपीजे अबदुल कलाम मेमोरियल आल इंडिया टूर्नामेंट और महिला फुटबॉल टूर्नामेंट हुए हैं। जिसमें असाम राईफल क्लब, असाम पुलिस, मून लाईट कल्ब दिल्ली, कोलकाता, आर्मी नासिकए हैदराबाद आर्मीए बालाघाटए आरके स्टील सिवानए बक्सर कलब बिहारए आर्मी ब्लू कल्ब सिवानए नानदेव कल्ब महाराष्टए रबबानी कल्ब मुंबईए धनबाद रेलवे झारखण्डए जयन्तो वेस्ट बंगालए मध्य प्रदेश इलेवनए यूपी की फैजाबाद हास्टलए बनारस हास्टलए सहारा स्टेट लखनऊए जीआर इलेवनए गोरखा रजी0ए यूपी पुलिस के भी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। इतना ही नहीं सिंगाही के दर्शक भी सासें थामकर मैच देखते हैं और जो भी खिलाडी या टीम अच्छा खेलती है बस ही उसकी तारीफ में तालियां बजने लगी है। तालियो की तड़तड़ाहत से पूरा खेल मैदान गूंजने लगता है। फुटबॉल खिलाड़ी पराक्रम शाह बताते हैं कि कई नामचीन फुटबॉल खिलाड़ी इस मैदान पर खेल कर गए है। क्रिकेट के क्षेत्र में भी फिलहाल सिंगाही से कई अच्छे फुटबॉलर ने नाम रोशन किया है। पर अब यहां ग्राउंड बराबर न होने से प्रैक्टिस में दिक्कत हो रही है। कस्बे के युवा फुटबॉलर महफूज अंसारी ने बताया कि सिंगाही फुटबाल ग्राउंड की स्थिति काफी जर्जर है। जिसके कारण क्षेत्र के कई युवा फुटबॉल खिलाड़ी प्रैक्टिस से वंचित हो रहे हैं।

### चेयरमैन व सांसद ने कराया निर्माण कार्य

पूर्व चेयरमैन अफरोज जहां ने खेल ग्राउंड में भी राज्यवित्त योजना के अंतर्गत खेल व युवा खिलाड़ियों के विकास के लिए लगभग पचास लाख की लागत से स्टेडियम तैयार कराया गया था। दर्शकों के लिए बैठने की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा पूर्व में हुए टूर्नामेंट के शुभारंभ के दौरान सांसद अजय मिश्रा टेनी ने अपनी निधि से लगभग दस लाख रुपए दिए थे ।जिससे दर्शकों के बैठने के लिए निर्माण कार्य कराया गया।

# मवेशियों ने रौंदी बीस बीघा मटर की फसल

- आक्रोशित किसानों ने प्रधान व अफसरों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की
- पुलिस ने किसानों को शांत कराकर मवेशियों को गौशाला में कराया बंद

संवाददाता। कदौरा ( जालौन )

**ब्लॉक** क्षेत्र के ग्राम पंडौरा में रविवार सुबह उस समय हडकम्प मच गया जब खेतो पर मटर की फसल रौंदते हुए किसानों ने मवेशियों को देखा। आनन फानन में किसानों ने मिल कर खेतों से मवेशियों को हांका और गौशाला लाए। गौशाला खाली देखकर किसान आक्रोशित हो गए और प्रधान व अफसरों के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

गौशाला में किसानों के नारेबाजी व हंगामे की सूचना पर पहुची पुलिस ने किसानों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। और मवेशियों को गौशाला में बन्द कराया। किसानों ने आरोप लगाया कि प्रधान व उसके परिजनों ने रात्रि में गौशाला का गेट खोल कर मवेशियो को बाहर निकाला है।

जिससे देवीदयाल की तीन बीघा, रज्जन तीन बीघा, परसोला तीन बीघा, गयाप्रसाद चार बीघा, पंचम दो बीघा, कल्लू एक बीघा, मूलचन्द्र दो बीघा रामकृपाल की दो बीघा मटर की फसल रौंद डाली है। किसानों का आरोप है कि गांव में अस्थाई गौशाला है। इंतजाम नहीं होने के कारण आए दिन मवेसी निकल कर किसानों की फसल बर्बाद करते हैं।

प्रधान गाली गलौज व अभद्रता करता है। किसानों ने प्रधान व उसके परिजनों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है। प्रधान रामनारायण ने बताया कि आरोप गलत है प्रभारी निरीक्षक रवींद्र नाथ यादव ने कहा कि दोनों पक्ष की तहरीर मिली है। जांच की जा रही।



## मरगांया गौशाला में अव्यवस्था का मामला

**कदौरा**। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मरगांया में अस्थाई गौशाला है। गांव के नरेंद्र, सुखदेव, लालसिंह ने बताया कि गौशाला में सर्दी से बचाव के लिए अलाव नही जलाए जा रहे हैं जिससे मवेसी ठिठुर रहे हैं। मवेशियों के चारे पानी की व्यवस्था सही नही है। मवेसी आए दिन तार फांद कर निकल जाते हैं और किसानों की फसलों को रौंदते है। तहसील दिवस में शिकायती की थी। ब्लॉक के अधिकारियों ने फर्जी निस्तारण कर दिया है। जिससे किसान रात रात भर जाग कर फसलों की रखवाली करते हैं। ग्रामीणों ने गौशाला की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग की है।

## अकोढ़ी दुवे गौशाला में गौवंशजों के भूखों मरने की नौबत

जालौन ( उरई )। विकास खंड के ग्राम अकोढ़ी दुबे में गौशाला का संचालन हो रहा है। गांव के सचिव गांव से नदारत है। ग्रामीण अपने संसाधनों से गौशाला का संचालन कर रहे हैं। सचिव के नदारत रहने की शिकायत ग्रामीणों ने डीएम से की है। गौशाला का सफल संचालन कराना सरकारी की प्राथमिकताओं में शुमार है। इसके बाद भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। विकास खंड के ग्राम अकोढ़ी दुबे में गौशाला गोशाला का संचालन हो रहा है। इसमें लगभग 50 गोवंश बंद है। गोवंश के खाने पीने की व्यवस्था नहीं है। जानवर भूख थे इसके बाद भी गांव के सचिव का अता पता नहीं है। सचिव के गायब रहने से परेशान ग्रामीणों ने गोशाला व पंचायत भवन पर सचिव के गायब होने की सूचना लिख दी। गौशाला में बंद गोवंश की भूख प्यास से मौत न हो इस लिए ग्रामीण अपने सहयोग से भूसा की व्यवस्था कर रहे हैं। ग्रामीण पुनीत दुबे, रामकुमार बाथम ने जिलाधिकारी को प्रत्यावेदन देकर कहा कि गांव में सचिव के न आने के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा तथा गौशाला का संचालन ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है।ग्रामीण बताते हैं कि खेत में खड़ी फसल को जानवरों से बचाने के लिए हम लोगों को गौशाला का संचालन स्वयं करना पड़ रहा है। ग्रामीण ने जिलाधिकारी से सचिव की उपस्थिति सुनिश्चित कराने व गौशाला का संचालन कराने की मांग की है।

## विश्व क्षत्रिय परिषद के अभिमन्यु तोमर बने प्रदेश संगठन मंत्री

कुठौंद ( जालौन )। विश्व क्षत्रिय परिषद क्षत्रिय महासभा के ग्राम पंचायत बिलौहा निवासी अभिमन्यु सिंह तोमर को विश्व क्षत्रिय परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री पद पर मनोनयन किया गया है।

इस मनोनयन पर विकास खण्ड कुठौंद के क्षत्रिय संगठन के लोगों ने संगठन के प्रति आभार ज्ञापित किया और विश्वास दिलाया कि वह इस महती जिम्मेदारी का पूर्ण ईमानदारी से निभाएंगे।

वहीं विश्व क्षत्रिय परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीके सिंह एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह सेंगर निवासी लिटावली जनपद जालौन द्वारा अभिमन्यु सिंह तोमर को प्रदेश में क्षत्रिय समुदाय के उत्थान हेतु यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। इस मौके पर अभिमन्यु सिंह तोमर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उक्त संगठन का उद्देश क्षत्रिय सनातन के गरीब निराश्रित एवं कमजोर लोगों की मदद करना है।

# भाजपा ने हर वर्ग का बिना भेदभाव किया है सम्मानः धर्मवीर प्रजापति

संवाददाता। चित्रकूट




**सूबे** के औद्योगिक विकास राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा की अगुवाई में बनी सरकार ने राजनीति के साथ समाज के हर क्षेत्र में प्रजापति समाज की सहभागिता बढी है। भाजपा में सरकार और संगठन में प्रजापति समाज को उचित सम्मान दिया है।

रविवार को सूबे के राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि प्रजापति समाज के उत्थान की चिन्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने माटी कला बोर्ड का गठन किया। बर्तन आदि बनाने का प्रजापति समाज के पुराने कारोबार को आसान करने को इलेक्ट्रानिक चाक मुफ्त दिये। प्रजापति समाज अपने रोजगार को छोड़कर बेरोजगार होकर दर-दर की ठोकरें खा रहा था। मुख्यमंत्री ने उपकरण देकर समाज का उत्थान किया है। पूर्व की सरकारों ने समाज का प्रयोग सिर्फ वोटबैंक के रुप में किया है। कभी समाज को बढाने व सहभागिता देने का काम नहीं किया। बसपा ने प्रजापति समाज के लोगों की कोई मदद नहीं की। भाजपा में बिना भेदभाव के समाज को सभी वर्गों को सम्मान किया है।

मुख्य अतिथि प्रजापति का सम्मान भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने करते हुए कहा कि प्रजापति समाज को समाज की मुख्य धारा में लाने का काम भाजपा ने किया है। संचालन रामकिशोर प्रजापति ने किया। इस मौके पर पिछडा वर्ग आयोग के सदस्य रामरतन प्रजापति, दशरथ प्रजापति, सरोज प्रजापति, माया प्रजापति, नीरज प्रजापति, अमर प्रजापति, मुन्नालाल प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, जगदीश गौतम, राजीव त्रिपाठी, शानू गुप्ता, रामेन्द्र गौतम, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## अवैध बालू खनन से डिघरी घाट में बालक की डूबने से मौत

**चित्रकूट**। पहाडी थाना क्षेत्र के ओरा गांव के डिघरी बालू घाट में बीच जलधारा में पोकलैण्ड मशीनें चलाकर बालू निकालने से बडे-बडे गड्ढे हो गये हैं। इन गढ्ढों में गांव के एक बालक की डूबने से मृत्यु होने पर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है।

रविवार को पहाडी थाना क्षेत्र के ओरा गांव के डिघरी बालू घाट में बालू माफियाओं ने तांडव मचा रखा है। नियमों को ताक पर रखकर बालू का अवैध खनन हो रहा है। खनन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उच्चाधिकारियों को गलत सूचना देकर गुमराह कर रहे हैं। अवैध बालू खनन से डिघरी घाट में बडे-बडे गड्ढे बन गये हैं। पोकलैण्ड मशीनें नदी की बीच धारा में बालू का अवैध खनन कर रही हैं। बीच धारा में पोकलैण्ड मशीनें उतारने से नदी के जलजीव भी खत्म हो रहे हैं। इससे पर्यावरण को भारी खतरा पहुंच रहा है। अवैध खनन के चलते बने गढढों में ओरा गांव का एक बालकं फंसकर डूब गया।

# हरेक मनुष्य को होगा मोतियाबिंद रोगः डा. गर्ग

संवाददाता। हमीरपुर



**चित्रकूट** के जानकीकुंड सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के जोनल कोआर्डिनेटर व ख्याति पा चुके डा राकेश कुमार गर्ग कई सालों से मोतियाबिंद मरीजों का सफल इलाज कर रहे है उन्होने बताया कि इस संसार में एसा कोई इंसान नही है जिसको मोतियाबिंद न होता है एक निश्चित उम्र में हरेक मनुष्य को मोतियाबिंद जैसी बीमारी से गुरजरना ही पड़ेगा। हमीरपुर, महोवा, झांसी,जालौन जिलो में हमीरपुर के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होते है।

यहां के लोग इस रोग को सबसे ज्यादा नजरअंदाज करने के साथ साथ लापरवाही करते है। नेत्र विशेषज्ञ डा गर्ग ने बताया कि मानव शरीर में नेत्र में जो नेचुरल लैंस पड़ा होता है यानी मानव जो लेंस भगवान के यहा से लेकर आया है उसे एक निश्चित अवधि में तो खराब होना ही होना है यह लेंस पचास साल के बाद कमजोर होने लगता है आंख के अन्दर जो मवाद का टुकड़ा बन जाता है उसे ही मोतियाबिंद कहा जाता है। यह रोग महिलाओ में ज्यादा होता है क्योकि महिलाओं को खाने में आवश्यक पोषक तत्व नही मिल पाते है।

## भाजपा सरकार छात्रों के साथ कर रही अन्यायः दीप्ति

संवाददाता। चित्रकूट

**कांग्रेस** सेवा दल की बैठक जिला कार्यालय में बुन्देलखण्ड प्रभारी सेवा दल दीप्ति पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में हुई। संगठन को मजबूत करने व बढती महंगाई तथा नौकरियों में कमी और शिक्षा तथा पेपर लीक और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। रविवार को बैठक में बतौर मुख्य अतिथि दीप्ति पाण्डेय ने कहा कि ये समय शान्त रहने का नहीं है। गांधीवादी तरीके से अपने हक की लडाई लड़नी होगी।

संगठन मजबूत होगा तभी सफलता मिलेगी। सेवा दल के कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर खडा करना होगा। महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। भाजपा सरकार छात्रों के साथ अन्याय कर शिक्षा के साथ खिलवाड कर रही है।

बेरोजगारी तेजी से बढ रही है। गैस, पेट्रोल, डीजल, खाद व बिजली की कीमतें बढाकर आम आदमी की कमर तोडी जा रही है।

## निर्धन परिवार को नहीं मिला आवास योजना का लाभ

**जालौन** (उरई)। सरकार हर निर्धन परिवार को रहने के लिए पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए योजना चला रही है। वहीं शेखपुर बुजुर्ग में एक परिवार ऐसा भी है जो आवास पाने के लिए चक्कर काट रहा है। हर व्यक्ति के पास अपना पक्का मकान हो तथा उसे जीवन यापन के लिए आवश्यक सुविधाएं मिल सके। सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी कुछ लोग आवास व सरकारी सुविधाओं से वंचित है। शेखपुर बुजुर्ग निवासी अंकित सिंह पुत्र गजेंद्र सिंह अभी भी सरकारी योजनाओं से वंचित है तथा अपना पक्का मकान भी नहीं है। कच्चे मकान में रहकर जीवन यापन कर रहे हैं। मकान पाने के लिए उन्हें विकास खंड कार्यालय के चक्कर भी लगाए। जांच भी हुई किन्तु अभी तक मकान से वंचित है। अंकित सिंह ने बताया कि उन्होंने मकान दिलाये जाने के लिए एसडीएम को भी प्रत्यावेदन भी दिया था किंतु अभी तक उन्हें आवास नहीं मिला है।

## दबंग लोग नहीं करने दे रहे मकान का निर्माण

जालौन ( उरई )। महिला द्वारा खरीदे गये प्लाट पर कुछ लोग महिला को निर्माण नहीं करने दे रहे हैं। पीड़ित महिला ने एसडीएम को प्रत्यावेदन देकर निर्माण कार्य में पैदा करने वालों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र धंतौली निवासी कुसमलता पत्नी मानिक चन्द्र ने बताया कि उन्होंने भिटारा निवासी रामनारायण से 360 वर्गमीटर का प्लाट 24 जुलाई 2015 में खरीदा था। खरीदे प्लाट पर जब वह निर्माण कर रही है तो रामप्रकाश बाबू, दिलीप उर्फ बंटे, अमर, धरम, राज व विशाल व्यवधान पैदा कर रहे हैं तथा निर्माण नहीं होने दे रहे हैं। महिला का आरोप है कि उन्होंने धारा 145 के तहत न्यायालय में बाद दायर किया था। वाद का निस्तारण होने के बाद भी वह निर्माण नहीं कर पा रही है। महिला की शिकायत पर पुलिस लेखपाल व पुलिस को आदेश दिया कि मौके पर जाकर समस्या का समाधान कराएं।

## उदोतपुरा जागीर में हुआ उप स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ

रामपुरा ( जालौन )। अति पिछले ग्रामीण इलाके में तत्काल बेहतर चिकित्सा हेतु उप स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा के अंतर्गत ग्राम उदोतपुरा जागीर में उप स्वास्थ्य केंद्र का भव्य शुभारंभ किया गया । चिकित्सा अधीक्षक रामपुरी डॉ. समीर प्रधान ने ग्राम प्रधान भानु प्रताप सिंह की उपस्थिति में उप स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ करते हुए कहा कि इससे अति पिछड़े क्षेत्र को सहजता से तत्काल स्वास्थ्य सेवाएं मिलना प्रारंभ हो जाएगा । ग्राम प्रधान भानु प्रताप सिंह ने रूरल इलाके में चिकित्सा सुविधा शुभारंभ करने के लिए शासन एवं प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान अशोक कुमार पाल, श्याम सिंह ,मनोज कुमार, गुरुदयाल, जितेंद्र कुमार बीईपीएम , रुपेश कुमारी ,जानकी कुशवाहा एएनएम एवं शांति देवी, मीरा देवी ,सविता, सुषमा आदि आशा बहू व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिविर में मोतियाबिंद से प्रभावित 101 मरीज पाए गए

सुमेरपुर ( हमीरपुर )। कस्बा सुमेरपुर के ठडेश्वरी सरस्वती विद्या मंदिर अखंड परम धाम सुमेरपुर में आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। 325 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें 101 लोग मोतियाबिंद प्रभावित पाए गए। शिविर के प्रभारी जानकीकुंड नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टर राकेश गर्ग ने बताया कि इस बार निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में मरीजों की अधिक संख्या नजर आई। 325 लोगों ने शिविर में रजिस्ट्रेशन कराया, नेत्र परीक्षण के बाद 200 लोगों को दवा व चश्मा का वितरण किया गया, 101 लोग मोतियाबिंद से प्रभावित पाए जाने पर लेंस प्रत्यारोपण हेतु उन्हें जानकीकुंड चित्रकूट ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि जानकीकुंड नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट मोतियाबिंद को खत्म करने के लिए प्रयासरत है ताकि मोतियाबिंद से लोगों को निजात मिल सके । शिविर में डाक्टर गर्ग के अलावा आशीष गुप्ता, रामस्वरूप वर्मा ,श्रद्धांसु द्विवेदी आदि की टीम मौजूद रही ।

## जानवर बांधने से रोका तो दबंगों ने की मारपीट

जालौन ( उरई )। घर के बाहर आम रास्ते में पड़ोसी जानवर बांध रहे हैं। जब पीड़ित ने मना किया तो परिवार के लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ओझा निवासी माखन पुत्र महेश प्रसाद ने बताया कि उनके घर के बाहर 15 की आम रास्ता है। आम रास्ते में उनके पड़ोसी आकाश अपने दूध देने वाले जानवर बांधते तथा कुत्ता को बांधते है। आम रास्ते में जानवर बांधने के आवागमन प्रभावित होता है। जब उन्होंने आम रास्ते में जानवर न बांधने के लिए कहा तो आकाश, उनकी पत्नी राखी, मां रेखा ने मिलकर दम्पति के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर आरोपित के खिलाफकार्रवाई करने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में चार घायल, दो सदर अस्पताल रिफर

मौदहा ( हमीरपुर )। क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गये जिसमें दो की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल के रिफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक मलखान यादव निवासी भैंस्ता बीती देर शाम भरुआ फैक्ट्री से ड्यूटी कर वापस साइकिल द्वारा अपने गांव भैंस्ता जा रहा था, तभी मौदहा नगर के बाहर चांद भठ्ठा के पास सामने से आ रही बाइक की आमने सामने टक्कर होने से मलखान सहित बाइक में बैठी एकता पुत्री राजेंद्र गुप्ता,दीपक गुप्ता ,सुनीता पत्नी आदर्श गुप्ता निवासी मौदहा गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को राहगीरों की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मलखान व एकता की हालत चिंताजनक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## जहर खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

राठ ( हमीरपुर )। राठ कोतवाली के धनौरी गांव निवासी बाबू पुत्र करन सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने युवक को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। वहीं कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी अंकित पुत्र मदन ने जहर खा लिया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। कस्बे के पठानपुरा निवासी 34 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र रामस्वरूप की अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये।

## बाहर से आने वाले लोगों से संक्रमण फैला तो अफसर होंगे जिम्मेदारः डीएम

संवाददाता। हमीरपुर

**समीक्षा** बैठक में जिला अधिकारी ने कहा कि कोविड-19 वायरस के नये वेरिएन्ट-बी ओमिक्रोन के चलते जनपद में किसी भी तरह के सम्भावित संक्रमण से बचाव हेतु जनपदवासियों को अपनी दिनचर्या के दौरान सोशल डिस्टेंसिग बनाए रखना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, एवं अन्य ऐसे सार्वजनिक स्थलों जहां पर जनपद के बाहर से आने वाले लोगो की सम्भावना बनी रहती ह। ऐसे स्थानों पर कोविड की सैम्पलिंग एवं मेडिकल टीम की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा समय-समय पर रेलवे स्टेशन, रोडवेज का निरीक्षण एवं स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर पर्याप्त मेडिकल टीम की व्यवस्था तथा कोविड सैम्पलिंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

# कान्हा गौशाला पहुंचीं एडीएम ने गायों को खिलाया गुड़



- शीत ऋतु में गौवंशों की सुरक्षा के निर्देश दिए

संवाददाता। उरई (जालौन)

**रविवार** को अपर जिलाधिकारी पूनम निगम नगर पालिका उरई की देखरेख में संचालित कालपी रोड स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण करने पहुंची जहां पर उन्होंने गायों को गुड़ खिलाया साथ ही गौशाला में गायों के लिए शीत ऋतु से बचाव हेतु तिरपाल की व्यवस्था के साथ ही भूसे चारा की व्यवस्था साफ सफाई, पीने का पानी, प्रकाश व्यवस्था के बारे में कर्मचारियों से जानकारी ली। इसके बाद एडीएम फैक्ट्री एरिया में कचरे के निस्तारण हेतु साइंटिफिक लैडफिल भूमि का निरीक्षण किया जिसमे अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद उरई को अतिरिक्त एमआरएफसेंटर बनाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान ईओ विमला पति सहित पालिका के कई कर्मचारी साथ में रहे।

## ट्रक में क्रूरतापूर्वक लदे 23 गौवंश बरामद



**चित्रकूट**। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर मऊ थानाध्यक्ष आनन्द कुमार सिंह की टीम के दरोगा दिनेश पाण्डेय ने 23 गौवंशों को क्रूरतापूर्वक लादकर काटने को ले जाते दबोचा है।

रविवार को मऊ थाने के दरोगा दिनेश पाण्डेय की टीम ने खटिया गांव के पास 12 चक्का ट्रक यूपी 70 ईटी-1270 में 20 बैल व तीन गाय लादकर ले जा रहे थे। ये गौवंश काटने को ले जाते पकडे हैं। पांच लोगों के खिलाफ अज्ञात में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा दिनेश पाण्डेय, सिपाही धर्मेन्द्र कुमार, विवेक यादव, राजेश कुमार, हृदेश भारती, शिवम मिश्रा व अमित चौरसिया शामिल रहे।

# खाद के लिए किसानों ने रात में ही समिति में डाल दिया डेरा



संवाददाता। चित्रकूट

**जिले** में खाद की किल्लत के चलते मारामारी शुरु हो गई है। सदर ब्लाक के साधन सहकारी समिति खोही में डीएपी खाद न मिलने से किसान परेशान हैं। शनिवार की रात से किसान खाद आने की सूचना पर लाइन लगाये खडे हैं।

रविवार को सेल्समैन वीरेन्द्र यादव ने बताया कि सवेरे खाद बांटी जायेगी। किसानों को भय था कि खाद न मिली तो सारी मेहनत पर पानी फिर जायेगा। किसानों ने रात में ही खाद पाने को समिति के सामने डेरा डाल दिया। लाइन में लगे किसान धक्का-मुक्की करते रहे। पूरी रात अफरा-तफरी का माहौल रहा। सवेरे साधन सहकारी समिति में खाद बंटना शुरु हुई तो किसान टूट पडे। खाद बांटने में कोई समस्या न आये इसलिए सीतापुर के दरोगा भागीरथी पाण्डेय मौके पर पहुंच गये। उन्होंने किसानों को लाइन में लगवाकर खाद बंटवाई। साधन सहकारी समिति में दो दर्जन ग्राम पंचायतों के किसान एकत्र हैं। किसानों का कहना है कि उनके खेत सूख रहे हैं। फसल बोने को है। भाजपा सरकार में खाद नहीं मिल रही है।

# तीन अर्न्तजनपदीय तस्करों से पचास किलो गांजा बरामद

संवाददाता। चित्रकूट




**पुलिस** अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में मऊ थानाध्यक्ष आनन्द कुमार सिंह की टीम ने दस लाख कीमत का 50 किलो गांजा बरामद कर तीन अर्न्तजनपदीय गांजा तस्करों को दबोचा है। रविवार को मऊ थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि लालतारोड के पास मनबोध मिश्रा उर्फ मन्नो पुत्र श्याम निवासी बसुहार सराय आकिल कौशाम्बी, अर्पित मिश्रा पुत्र उमेशचन्द्र निवासी मिश्रपुर दहिया सराय अकिल व शिवबोध मिश्रा उर्फ शिब्बू पुत्र श्याम मिश्रा निवासी बसुहार गांजा की खेप लेकर जा रहे हैं। पुलिस ने तीनों को पकड़कर उनके कब्जे से 50 किलो 140 ग्राम गांजा बरामद किया। बरामद गांजे की कीमत दस लाख रुपये है। पुलिस ने तीनों के खिलाफएनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है। पूछताछ में तीनों ने बताया कि उडीसा से गांजा लाकर कर्वी, मऊ, राजापुर, बांदा, बबेरु, मंझनपुर, महेवा घाट, फतेहपुर, सिराथू व प्रयागराज के विभिन्न क्षेत्रों में तस्करी करते हैं।

तीनों के खिलाफ कौशाम्बी के महेवा घाट, मंझनपुर व प्रयागराज के नवाबगंज तथा धूमनगंज में एनडीपीएस एक्ट के तमाम मामले दर्ज हैं। टीम में थानाध्यक्ष आनन्द कुमार सिंह, दीवान राजबहादुर, रमेश, सिपाही शिवम मिश्रा, अमित चौरसिया, राजिश व शक्ति सिंह शामिल रहे।

## रमयापुर में अपात्रों को पैसे लेकर दिए आवास

**चित्रकूट**। कर्वी सदर ब्लाक में रमयापुर गांव में प्रधानमंत्री आवास में जमकर लूट मची है। पात्रों के नाम काटकर अपात्रों को पैसे लेकर मनमानी ढंग से आवास दिये गये हैं। इससे प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब लोग वंचित हो गये हैं। रविवार को रमयापुर गांव की आवास की सूची में जो नाम काटे गये हैं, वह पात्र थे। उनको अपात्र दिखाकर मनमानी ढंग से आवास योजना से वंचित किया गया है। आवास योजना से काटे गये लाभार्थियों के नाम में शिवनरेश पुत्र वंशरुप जाति ब्राम्हण जिसका सूची में 56 नम्बर पर नाम था। इन्द्रजीत पुत्र संतराम गुप्ता का नाम 60 नम्बर पर था। मोतिनिया पत्नी नत्थू चमार का नाम 28, चुन्नीलाल पुत्र नत्थू चमार का 32, ज्ञानमती पत्नी केशन चमार का 34, रामकल्याण पुत्र चन्द्रपाल चमार का 38, शान्ती देवी पत्नी स्व कुलदीप चमार का 39, योगेन्द्र पुत्र मोरलिया चमार का नाम 43 में है। पात्र होते हुए भी आवास योजना से वंचित कर दिये गये हैं।

# 40 फीसदी कांशीराम कालोनी अपराधियों के लिए बनी आरामगृह

संवाददाता। मौदहा ( हमीरपुर )



**कस्बे** के छिमौली मार्ग स्थित कांशी राम कॉलोनी में अवैध कब्जों की भरमार होने के साथ ही मनमानी तरीके से मकान बनाकर दुकानें चलाई जा रही हैं,

कॉलोनी में रिक्त पड़े आवासों में बाहरी ऐसे लोगों के कब्जे हैं जिनसे कॉलोनी के मूल निवासी भयभीत हैं बार-बार शिकायत के बाद भी प्रशासन प्रशासन कोई ध्यान नही दे रहा है। कांशी राम कॉलोनी में 384 आवास व 32 ब्लॉक है। मायावती सरकार में बनी इस कॉलोनी में कभी रौनक बरसती थी तो आज यहां के बाशिंदों को एक एक बूंद पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है यही नहीं कॉलोनी निवासियों की स्थिति इस समय अधिक खराब हो रही है क्योंकि यहां के 50 प्रतिशत आवास किराए पर उठाए गए हैं, जिन्हें यह कॉलोनी आवंटित हुई थी। उन्होंने कॉलोनी तो आवंटित करवा ली लेकिन आज भी वह अपने घरों में रह रहे हैं। कॉलोनी में 40 फीसदी अवैध रूप से कब्जेदार हैं जो बाहरी जनपदों और दूसरे गांवों से आकर यहां कब्जा कर रखा है।

जिसमें बहुतेरों का अपराधिक इतिहास भी है। इस संबंध में कॉलोनी के अध्यक्ष कहे जाने वाले लाला मास्टर, महेश्वरी दीन ,वाजउद्दीन राजेंद्र यादव तथा धर्मेंद्र आदि ने बताया कि इस संबंध में उनके द्वारा लगातार नगर पालिका व अधिकारियों को अवगत कराते हुए कॉलोनी से अवैध कब्जे व नव निर्माण जो पशुशाला व अन्य उपयोग के लिए कच्चे मकान तैयार किए गए हैं उनको गिरवाने व अवैध कब्जा धारकों से कॉलोनी खाली करवाने की मांग की गई है लेकिन किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया।

# संसद में तिलोई बस अड्डे की चर्चा पर होता था गर्व: स्मृति

संवाददाता। अमेठी

**तिलोई के** बस अड्डे की चर्चा जब हैं संसद में करते थे तो हमारे सांसद साथी बड़े आश्चर्य चकित होकर सुनते थे क्योंकि मै कहती थी कि तिलोई में बस अड्डा क्षेत्र पंचायत बना रहा है।ष्यह उद्गार केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी ने तिलोई में बस अड्डे के लोकार्पण के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 6मार्च 2021को जब हम लोग यहां भूमि पूजन कर रहे थे तो नहीं लगता था कि यह परियोजना सिर्फनौ माह में पूरी हो जाएगी लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति यदि कार्य किए जाएं तो यह परिणाम आते हैं। बिना राहुल गांधी व कांग्रेस का नाम लिए स्मृति ने हमला बोलते हुए कहा कि बीते तीस साल से लोग बस अड्डे के निर्माण की बाट जोहते रहे लेकिन नहीं बन सका लेकिन भाजपा के टीम नेटवर्क ने मात्र नौ माह में यह

## ● स्मृति ईरानी ने किया करोड़ों की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

कार्य कर दिखाया।तिलोई विधायक की तारीफकरते हुए स्मृति ने कहा कि तिलोई का सौभाग्य है कि मयंकेश्वर जैसा विधायक मिला है जो उठते बैठते सोते जागते क्षेत्र के विकास के बारे में सोचते रहते हैं उन्होंने कहा कि मयंकेश्वर को पूरे क्षेत्र के हर गांव के बारे में यह जानकारी है कि कहां किस चीज की आवश्यकता है यही कारण है कि यह क्षेत्र में बहुत लोकप्रिय हैं।रविवार को तिलोई में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने तीन करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।स्मृति इरानी ने पहले फीता काट कर तिलोई के बस अड्डे का लोकार्पण किया।उसके बाद


विकास कार्यों का लोकार्पण करती हुई स्मृति ईरानी


संबोधित करते हुए स्मृति ईरानी

## स्मृति के संबोधन में झलका इमोशनल अंदाज, जनमानस की तालियां बटोरीं

**तिलोई, अमेठी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी ने इमोशनल अंदाज में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मयंकेश्वर हमारे बड़े भाई हैं उन्हें हमें देना चाहिए लेकिन जब भी हम आप सबके बीच में आते हैं मयंकेश्वर जी हमें दीदी कहकर कुछ न कुछ मांग लेते हैं लेकिन मैं भी यह सोचती हूं कि जब बड़ी बहन मान ही लिया है तो हमें इनका सहयोग करना ही है।और तिलोई के विकास में जो भी संभव है मै अपना योगदान दे रही हूं।

बटन दबाकर विकास कार्यों के शिलापटों का अनावरण किया।तिलोई विकास क्षेत्र में तिलोई बस अड्डे का निर्माण क्षेत्र पंचायत से 53लाख चौहत्तर हजार रूपए खर्च कर किया गया।इसके अलावा विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि के 29कार्य जिनकी लागत 1 करोड़ 66लाख23हजार के शिलापट का अनावरण हुआ तिलोई क्षेत्र पंचायत के 5 अन्य विकास कार्यों जिनकी लागत 27लाख सात हजार है के शिलापट लोकार्पण में शामिल हैं। सिंहपुर विकास क्षेत्र में विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि के कुल 8 विकास योजनाओं जिनकी लागत 57लाख 97हजार है के शिलापट भी अनावरण हुए।बहादुर पुर विकास क्षेत्र की 5 विकास परियोजनाओं जिनकी लागत 21लाख 65 हजार है के शिलान्यास के शिलापट शामिल थे।

## क्विक न्यूज

### समाजसेवी व शिक्षाविद डॉ. शशिकान्त शर्मा ने जनसंपर्क किया

**रायबरेली।** रायबरेली के समाजवादी पार्टी के नेता, समाजसेवी एवं शिक्षाविद डॉ0 शशिकान्त शर्मा ने 180 सदर विधानसभा के सलारपुर, सरावा, टिकरा बाजार, नकफुलहा एवं दरीबा में जनसंपर्क किया । जनसंपर्क करते हुए श्री शर्मा ने समाजवादी विचारधारा के संकल्प के विषय में लोगों को अवगत कराया साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. शशिकांत शर्मा के रिटायर्ड इंस्पेक्टर जेपी पटेल, पूर्व प्राचार्य राजकीय इंटर कॉलेज रतिपाल वर्मा, पूर्व प्रवक्ता एवं प्रबंधक एम जे गर्ल्स बालिका इंटर कॉलेज क्त रमेश चौरसिया, अधिवक्ता अमरजीत सिंह, स्वप्निल अवस्थी, छोटेलाल यादव, पूर्व सभासद कमरूद्दीन, राजीव यादव, राजीव सिंह, अनूप यादव, डॉ. अरुण चौधरी, जसवंत यादव, रमेश चन्द्र चौरसिया, ज्ञानेन्द्र चौधरी, कुलदीप सिंह शत्रोहन लाल ग्राम प्रधान दरीबा, रवि शंकर पटेल ग्राम प्रधान सलारपुर, सोभनाथ, गोपाल प्रसाद, संदीप चौधरी, रमेश पटेल एवं श्याम लाल पटेल, राजकुमार चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

### बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की श्रावस्ती इकाई के कार्यकारिणी का हुआ विस्तार.

**श्रावस्ती।** सिरसिया . बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की श्रावस्ती इकाई के कार्यकारिणी द्वारा एक ऑनलाइन मीटिंग की आयोजित की गई जिसमें शिक्षा क्षेत्र सिरसिया के ब्लाक कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस विस्तार में कर्मवीर राना को ब्लॉक अध्यक्षए ओमप्रकाश यादव को ब्लॉक मंत्रीए राम करतार राना को ब्लॉक संरक्षकए अशोक पटेल को ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष व सुरेंद्र कुमार यादव को ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्षए ईस्वर दीन चौधरी तथा मोहित सिंह को ब्लॉक संगठन मंत्रीए रामनिवास गुप्ता को ब्लाक संगठन मंत्रीए कृष्ण कुमार वर्मा को ब्लॉकमंत्री रामचंदर राणा को कोषाध्यक्षएरक्षा राम यादव को ब्लॉक मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार पांडेय को ब्लॉक संयोजक सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया है। ऑनलाइन मीटिंग में जनपद में कार्यरत मंडलीय व जनपद के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

### आयोजक की लापरवाही से खुले कुएं में गिरकर हुई थी वंशराज की मौत

**श्रावस्ती।** सोनवा थाना सोनवा अंतर्गत ग्राम शिवालापुरवा के पास चल रहे एक धार्मिक आयोजन के दौरान आयोजकों द्वारा बरती गई घोर लापरवाही ने एक ब्यक्ति की जान ले ली। आयोजको ने खुले कुएं से सटाकर कथा का मंच निर्माण कर दियाए साथ ही लापरवाही इतनी ज्यादा की वह खुले कुएं को ?कना भी उचित नहीं समझा यदि कुएं को ढक गया होता तो शायद इतनी बड़ी घटना नही होती। सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहरनिय के मजरा शिवालापुरवा गांव के दक्षिण दिशा में एक शिवालय है उसी के ठीक सामने ही एक बहुत पुराना कुआ स्थित है। ग्राम प्रधान राम राज वर्मा की अध्यक्षता में 28 नवम्बर से धर्मिक आयोजन शुरू किया गया। इस दौरान सुरक्षा की अनदेखी करते हुए आयोजकों ने कुएं से सटाकर कथा मंच को बना दिया था साथ ही सबसे बड़ी गलती यह कर दी कि कुएं को ढका तक नही गया। जब 4 दिसम्बर को इसी कुएं से वंशराज का शव मिला तब लोगों का ध्यान इस गलती की तरफगया। लोगों में यह बात चर्चा का विषय बन गया कि यदि इस कुएं को ढका गया होता तो इतनी बड़ी घटना नही घटती। घटना होने के बाद अब आयोजक जिम्मेदारी लेते नही दिखाई दे रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करने वाले ग्राम प्रधान राम राज वर्मा मामले से पल्ला झाड़ते हुए कहते की वह इस कार्यक्रम में शामिल नही है। अम्बर दास बाबा ने अपने मन से उनका नाम अध्यक्ष पद पर लिख था।

### श्री राम विवाह जन्मोत्सव का हुआ शुभारंभ .

**श्रावस्ती।** कटरा . विकास खण्ड इकौना के बंश गोपाल पुरवा में 5 दिवसीय श्री राम विवाह महोत्सव प्रारंभ हुआ ग्राम पंचायत डिंगुराजोत के प्रधान प्रतिनिधि हेमंत कुमार यादव ने फीता काटकर कर इस धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ पूजन अर्चन व आरती के माध्यम से हुआ। प्रथम दिन भजन कीर्तन व सास्कृतिक कार्यक्रम का दौर चलता रहा इस अवसर पर बहराइच बलरामपुर व जनपद के आप पास के क्षेत्रों से आये कीर्तन मंडली द्वारा कीर्तन भजन किया जा रहा है। इस धार्मिक जन्मोत्सव पर भक्तों की भारी भीड़ मौजूद रही बहराइच के रिसिया बाजार से सपना रानी व नेपाल से नैना रानी के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम को लोगो द्वारा खूब सराहा गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान छांगुर प्रसाद पूर्व प्रधान सुरेश कुमार जायसवाल राम कुमार मिश्रा किशन यादव महेंद्र मिश्रा राज कुमार यादव पृथ्वी नाथ गुप्ता बनवारीलाल यादव अमरजीत सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### मारपीट मे युवक पर कुदाल से हमला

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव चड़रई निवासी सुरेश 42वर्ष पुत्र ब्रम्हदेव को गांव के एक व्यक्ति ने मामूली विवाद मे कुदाल से हमला करके उसको गंभीर घायल कर दिया जिसको परिजनो के द्वारा प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी मे भर्ती करवाया गया है।

### गंगा वन गांव चयनित

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार ब्लाक के अन्तर्गत आने वाले गंगा वन गांव के तहत गंगा कटरी गांव गोकना;खरौली;कल्यानी;कोटराबाहदुरगंज आदि गांव को चयन किया गया है जिन गांवो को संतृप्त करने के लिए वन विभाग की टीम के द्वारा इन गांवो मे हरा भरा व अन्य योजनाओ से विकसित करेंगे।जिसकी कवायद विभाग ने प्रारंभ कर दिया है।

### ऊंचाहार से रायबरेली तक पैसेंजर चलवाने की मांग

**ऊंचाहार।**ऊंचाहार से रायबरेली के मध्य चलने वाली यूआर नामक पैसेंजर को विगत कोविड -19 के कारण बंद अभी तक किया गया है।जिसमे बंद पैसेंजर को चलवाने के लिए ग्रामीणो ने मांग किया है।जिसमे रायबरेली ऊंचाहार के मध्य पड़ने वाले रामचन्द्रपुर लक्ष्मनपुर दरियापुर आदि रेलवे स्टेशन पड़ते है।उधर स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि उच्चाधिकारियो के ही संज्ञान से कुछ हो सकता है उनको जानकारी दिया जाएगा।

### कागजों तक सीमित रहा स्वास्थ्य मेला

ऊंचाहार।ऊंचाहार ब्लाक के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रहलादपुर व बाबूगंज व अरखा मे रविवार के दिन स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया।जिसमे स्वास्थ्य मेला मे चिकित्सक व स्टाप की कमी के साथ साथ समस्त दवाओ की किल्लत के कारण मेला मे मरीजो का महज कागजी कोरम तक सीमित रहा।जिसको लेकर सीएचसी के अधीक्षक ने बताया कि जो सुविधाएं थी उनको दिया गया है।

### रेस्टोरेंट संचालक पर रिवाल्वर तानने के आरोपी गिरफ्तार

**ऊंचाहार।**ऊंचाहार कोतवाली के अन्तर्गत अलीगंज मोड़ निकट एक शादी के बने गेस्टहाऊस में बटी रेस्टोरेंट के संचालक रिसभ गुप्ता पर रिवाल्वर तानने व धक्का मुक्की करने के मामले मे दर्ज मुकदमे के मुख्य आरोपी आशुतोष निवासी रामचन्द्रपुर को पुलिस ने गिरफ्तार करके उनको शांतिभंग मे कार्यवाही किया है।

### प्रेमिका के घर जाने पर प्रेमी को पीटा

ऊंचाहार।ऊंचाहार कोतवाली के गांव धौरहरा निवासी शादी शुदा युवक अपने प्रमिका के घर उसके बुलाने पर गया जहां पर उसकी जमकर उसके परिजनो ने पिटाई कर दिया जिसकी शिकायत पर पुलिस ने उसको अपने हिरासत मे लिया है।जिसको लेकर पुलिस ने बताया कि जांच करके विधिक कार्यवाही किया जाएगा।

### विवाहिता को पति व ससुराल जनो ने पिटाई करके भगाया

**ऊंचाहार।**ऊंचाहार कोतवाली के गांव पचखरा निवासिनी मनीषा ने अपने पति व ससुराल जनो पर मारपीट करके घर से भगा देने का आरोप लगाया है।जिसमे दहेज के लिए यातनाएं तक देने का आरोप है।जिसकी लीखित शिकायत पीड़िता ने रविवार के दिन कोतवाली पहुंचकर किया है।

### दहेज हत्या के आरोपितों को पुलिस ने भेजा जेल

**लालगंज, रायबरेली।** दहेज हत्या के मुकदमे के विवेचना अधिकारी सीओ महिपाल पाठक और प्रभारी निरीक्षक लालगंज राजेस कुमार सिंह की तत्परता के चलते पूरे सम्भर सिंह मजरे मेरूई घटना के नामजद चार मुल्जिमों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।प्रभारी निरीक्षक राजेस कुमार सिंह ने बताया कि अपराध संख्या 490/2021 के अन्तर्गत धारा 498ए,304बी,120बी,3/4 डीपी एक्ट के तहत अवधेश पुत्र गोवर्धन,गोवर्धन पुत्र बुद्धीलाल, लवलेश पुत्र गोवर्धन,रामलली पत्नी गोवर्धन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत था।चारों को पकड़कर जेल भेजा गया है।उल्लेखनीय है कि पूरे सम्भर सिंह में एक विवाहित महिला का फांसी से लटकता शव बरामद हुआ था।मायके पक्ष के लोगों ने मामले में ससुरालीजनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।उसी मुकदमे में पुलिस ने चारों को पकडकर जेल भेज दिया है।चारों अभियुक्तों को पकडने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह,उप निरीक्षक गोपाल मणि मिश्रा,सिपाही सूरज शर्मा,महिला सिपाही अमिता सिंह,होमगार्ड मुख्तार अहमद शामिल रहे।

# केंद्रीय मंत्री ने जनस्वास्थ्य मेले का किया शुभारंभ

संवाददाता। तिलोई अमेठी

**तिलोई स्थित** सामुदायिक केंद्र पर आयोजित जनस्वास्थ्य मेले का उद्घाटन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी ने किया मंत्री ने स्वस्थ्य मेला परिसर में लगे काउंटरों के बारे में मुख्य चिकित्साधिकारी से जानकारी ली। उनस्वास्थ्य विभाग की अनूठी पहल के तहत रविवार को तिलोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जन स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया । स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ करते हुए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जूबिन इरानी ने कहा कि किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी ;केजीएमयूद्धए लखनऊ की टीम के द्वारा जनपद में स्वास्थ्य की दिशा में किया जा रहा सहयोग सराहनीय है । केजीएमयू की टीम यहाँ पहुंचकर लोगों की सेवा कर रही हैए क्षेत्र उनका ऋृणी है । इसके अलावा मानव सेवा संस्थान द्वारा अमेठी में कई सामाजिक कार्य किए जा रहे हैंए मै उनका भी आभार व्यक्त करती हूं


स्वास्थ्य मेले के उद्घाटन के अवसर पर स्मृति इरानी

।तिलोई विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि आज दीदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के आशीर्वाद से तिलोई का हरसंभव विकास हो रहा है । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉण् अंकुर लाठर ने कहा कि यह जन स्वास्थ्य मेला अपने आप में एक अनूठा हैए जिसमें किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ जिले के लोगों को मिल रहा है । उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वह इस तरह के आयोजनों का क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा प्रचार.प्रसार करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें ।

इस मौके पर किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर विभाग के अध्यक्ष डॉण् वेद प्रकाश ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें अमेठी की जनता की सेवा का मौका मिल रहा है । उन्होंने भरोसा दिलाया कि यहाँ आज आयोजित जन स्वास्थ्य मेले के पर्चे को लेकर केजीएमयू पहुँचने वाले मरीजों को वह सीधे सेवाएं प्रदान कराएँगे । इसके लिए उन्हें अलग लाइन नहीं लगानी प?गी । इसके अलावा उन्होंने कहा कि वह जिले के स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भी तैयार हैं ताकि लोगों को यहीं पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा मिल सके ।

इस मौके पर जिलाधिकारी अरुण कुमारए पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंहए मुख्य विकास अधिकारी डा अंकुर लाठरए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् आशुतोष कुमार दुबे तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी तथा जिले के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे तिलोई के पूर्व ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह तथा भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### चिकित्सकों का हुआ सम्मान

केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने डॉ हेमंतए डॉ अंकित पटेल डॉ निवेदिताए डॉ मौसमी रजा डॉ सुरेश पालए डॉ प्रशांत पाण्डेयए डॉ दीपक डॉ शशांक यादव डॉ वासुदेवए डॉ आकाश सिंह डॉ पूजा गुप्ता का कोविड के दौरान किए गए सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया ।

## एनआइपी न्यूज मीडिया हाउस का हुआ रंगारंग उद्घाटन

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज के बेहटा चौराहा स्थित चौहान मार्केट में एनआईपी न्यूज मीडिया हाउस का रंगारंग उद्घाटन हुआ है।उद्घाटन समाजसेविका एवं श्री फाउंडेशन की उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा द्विवेदी के द्वारा किया गया।कार्यक्रम के संयोजक और एनआईपी न्यूज के चीफ एडिटर मो0 याकूब खान ने कार्यक्रम में सभी महानुभावों का स्वागत सम्मान किया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसियेशन के अध्यक्ष सुशील शुक्ला,सरेनी कोतवाल इन्द्रपाल सिंह सेंगर,लालगंज कोतवाल राजेश कुमार सिंह को भी मो0 याकूब खान ने सम्मान पत्र और अंगवस्त्र के द्वारा सम्मानित किया।इस अवसर पर बोलते हुए श्रीमती सुधा द्विवेदी ने कहा कि पत्रकार समाज का आइना होता है। पत्रकारों का सम्मान संरक्षित करने के लिए वे सदैव अग्रणी भूमिका निभायेंगी।लालगंज कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने याकूब खान को मीडिया हाउस खोलने के लिये बधाई दी और कहा कि पत्रकारों की सहायता के लिये वे सदैव तत्पर रहेंगे।

# कई हफ्तों बाद भी लुटेरे चोर गौवश तस्करों का नहीं हो सका खुलासा

संवाददाता। महराजगंज रायबरेली

**जनपद के** न्याय प्रिय साफ सुथरी छवि के पुलिस कप्तान द्वारा क्राइम मिटिंग के दौरान जनपद के सभी थानेदारों को निर्देश दिए जाते हैं, की पेंडिंग पड़े मामलों का जल्द से जल्द खुलासा कर आरोपियों को उनकी सही जगह पर पहुंचाया जाए परन्तु महराजगंज कोतवाल की निष्क्रिय कार्यशैली कहा जाए या फिर कई योग्य स्पेक्टर रैंक के पुलिस अधिकारियों के जनपद में पेंडिंग होने के बाद भी उनके दरोगा होने के पश्चात सुरक्षा की दृष्टि से सेंसेटिव महराजगंज कोतवाली की कमान उन्हें मिलना कहा जाए पर हो कुछ भी वो अपनी कथित योग्यता को अपनी प्रभुता समझ गुरुर रूपी धुंध में इन दिनों खो चुके हैं, और यही वजह है, की एक महीने बीतने के पश्चात भी चोर, लुटेरे, और गौवशों के मांस तस्करो की धरपकड़ नहीं हो सकी है, और बीते रविवार की रात भी कोतवाली क्षेत्र के जमुरावां गांव



निवासी अंजनी कुमार त्रिपाठी के घर चोरों ने धावा बोलकर लगभग छ: लाख की कीमत के सोने-चांदी के जेवरात पार कर ले गए दरोगा के भतीजे प्रभात त्रिपाठी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है, वहीं पिछले लगभग एक महीने की अवधि में हुई कुछ घटनाओं पर नजर डालें तो तो 31 अक्टूबर को रायबरेली अमेठी की सीमा पर महबूब गंज ऊसर में क्षेत्रीय लोगों के द्वारा सूचना पर पहुंची पुलिस ने गौवशों के मांस से लदी पिकप बरामद की परंतु तस्कर अभी भी फरार है, धनतेरस के दिन 2 नवम्बर को ही क्षेत्र के कसरेलह गांव के रहने वाला सर्राफा व्यवसाई राम अभिलाष यादव पहरेमऊ से अपनी ज्वेलर्स की दुकान बंद कर पिता पुत्र घर जा रहे तभी खैरहना गांव के पास नकाबपोश

## ● रविवार की रात भी दरोगा के घर चोरों ने धावा बोल लाखों के सोने चांदी के जेवरात किए पार

बदमाशों ने तमंचे से फायरिंग कर दहशत फैलाते हुए लगभग डेढ़ लाख रुपए की कीमत के चांदी के जेवरात लूट ले गए मुकदमा पंजीकृत हुआ परंतु पीड़ित परिवार को खुलासे का इंतजार है, जो पुलिस अभी तक नहीं कर सकी है, लूट की घटना के दूसरे दिन ही उमराव गंज मजरे ज्योना में एक ही घर में रह रहे चार सगे भाइयों के घर चोर सोने चांदी के लाखों के जेवरात पार कर दिए अनावरण के नाम पर चुप्पी है, एक नवंबर को मैरा मजरे पाली के रहने वाले बलदेव प्रसाद की चार भैंसें चोर चोरी कर ले गए पूरे रानी मजरे नेर्थुवा के रहने वाले हरिओम यादव की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल तहसील गेट के सामने से चोरी हो गई जैसी दर्जनों घटनाओं का खुलासा नहीं हो सका है, और अपराधी घटनाओं को पारित कर खुले आसमान तले खुली सांसे ले रहे हैं, जिससे इलाकई लोगों में कोतवाल के प्रति रोष है, जानकारी के मुताबिक सिपाही से दरोगा! दरोगा से वर्तमान में कोतवाली के चार्ज पर है, साहब लोगों से बताते हैं,की एलएलएम की डिग्री है,उनके पास मतलब कानून की मास्टर डिग्री परन्तु कानून व्यवस्था किस कदर चरमराई हुई है, वो जगजाहिर है, वहीं जानकारों की मानें तो सूबे के एक मंत्री के बेटे की पैरवी पर मिली है, कोतवाली की कमान जिसका गुरूर हो गया है, शायद उन्हें अब और उसी गुरूर में कोतवाली चलाना चाह रहे हैं, मामले में क्षेत्राधिकारी राम किशोर सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया की अपराधियों के धरपकड़ के निर्देश दिए गए हैं, जल्द ही मामलों का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# मासूम बच्चे की हत्या के पांच आरोपी गिरफ्तार

**नसीराबाद, रायबरेली।** थाना क्षेत्र नसीराबाद के पूरे शिवप्रसाद मजरे मखदूमपुर के तालाब से 03 दिसम्बर को बरामद पाँच वर्षीय बच्चे के शव से सम्बन्धित घटना का अनावरण हो गया। 30 नवम्बर को थाने में हरिश्चंद्र पासी निवासी पूरे शिवप्रसाद ने अपने पाँच साल के बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी।गायब होने के पाँचवें दिन बच्चे का शव बरामद होने पर उसने अपने ही परिवार के तांत्रिक रामकेतार पुत्र शिवराज पर आरोप लगाया।पुलिस ने रामकेतार को परिवार सहित हिरासत में लेकर कडी़ पूछताछ की तो पता चला कि उसके बेटे बालगोविंद के बच्चे मर जाते थे,इसलिए उसकी औरत मायके में ही रह रही थी। तांत्रिक पिता की सलाह पर अपने दुश्मन हरिश्चन्द्र के बेटे रुद्र की सब लोगों ने हत्या करके शव भूसे में छिपा दिया। मौका मिलने पर उसे तालाब में फेंक आये।अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी सलोन इन्द्रपाल सिंह ने फोरेंसिक टीम




सहित मौके पर जाकर बारीकी से पड़ताल की थी। थानाध्यक्ष नसीराबाद दयानन्द तिवारी ने विवेक पूर्ण ढंग से असलियत की जानकारी हासिल की और मय उपनिरीक्षक पुरुषोत्तम दास, मुख्य आरक्षीचालक अरविन्द तिवारी,का. मनोज कुमार, का.अनुज यादव, म.का. सिन्धु उपाध्याय और म.का.अनीता चौहान के साथ जाकर हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया।

# अपर्णा ने पीठ माँ अहोरवा भवानी के दरबार में टेका मत्था

संवाददाता। तिलोई अमेठी

**सपा संरक्षक** पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुत्रवधू समाजसेविका अपर्णा यादव रविवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर अमेठी जनपद के जायस कस्बा जा रही थी। उनके आगमन की सूचना पर जिला पंचायत सदस्य विकास यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में सपा कार्यकर्ताओं ने अपर्णा यादव का इन्हौना चौराहे पर जोरदार स्वागत किया। अपने स्वागत से अभिभूत उन्होंने अपने सभी समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इसके बाद अपर्णा यादव का काफिला अहोरवा भवानी के लिए चल पड़ा।सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के आदिशक्ति पीठ माँ अहोरवा भवानी के मंदिर में रीति रिवाज व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना करने के बाद बाहर निकलते समय मीडिया के सवाल करने पर कि क्या आप तिलोई से विधानसभा का चुनाव लड़ेगी तो उन्होंने मीडिया को जबाव देते हुए कहा कि नेता जी मुलायम सिंह यादव कहेंगे तो चुनाव अवश्य लड़गी।इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव लालता यादव मिर्जा अशरफ बेग अतीक अहमद समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।


अहोरवा भवानी मंदिर में पूजन अर्चन करती हुई सपा नेत्री अर्पणा यादव

### सपा नेता की बहन को आशीर्वाद देने पहुँची आवास

**तिलोई ब्लाक** क्षेत्र के सेमरौता निवासी सपा नेता राहुल अवस्थी की बहन श्वेता अवस्थी की रविवार को शादी है।अपर्णा यादव माँ अहोरवा भवानी के दर्शनोपरांत राहुल अवस्थी के सेमरौता स्थित आवास पर राहुल अवस्थी की बहन को शादी की शुभकामनाएं एवम आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सौरभ अवस्थी विकास तिवारी राजकुमार तिवारी अखिलेश तिवारी विवेक पाठक समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# न्याय पंचायतों में 7 से 31 दिसम्बर तक तिथिवार होगा कैम्प का आयोजन

**रायबरेली।** श्रीमती स्मृति जुबिन इरानी मा0 सांसद, संसदीय क्षेत्र अमेठी/मा0 मंत्री, महिला एवं बाल विकास भारत सरकार की अध्यक्षता में विगत 27 नवम्बर को जनपद रायबरेली में गठित जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक में केन्द्रीय मंत्री जी द्वारा निर्देश दिये गये कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब परिवारों को तत्परता के साथ उपलब्ध कराने हेतु न्याय पंचायत स्तर पर कैम्प का आयोजन किया जाये एवं आयोजित कैम्प में पात्र लाभार्थियों का चयन करते हुए उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कराया जाये।केन्द्रीय मंत्री के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने समस्त विकास खण्डवार एवं न्याय पंचायतवार नोडल अधिकारियों की तैनाती करते हुए कैम्प की तिथि निर्धारित की गई है, जिसमें सम्बन्धित नोडल अधिकारी न्याय पंचायत पर कैम्प की तिथि में समय से स्वयं उपस्थित रहकर अपनी देखरेख में आयोजित कैम्प का सफ्लतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित करायेगें एवं आयोजित कैम्प में विभिन्न कार्यक्रमों में अन्तर्गत लाभान्वित कराये जाने हेतु चिन्हित पात्र लाभार्थियों की सूची सम्बन्धित विभाग के साथ-साथ जिला विकास अधिकारी को कैम्प आयोजन तिथि के अगले दिन उपलब्ध करायेगें।मार्गदुर्घटना मे किशोर समेत आधा दर्जन लोग घायल

ऊंचाहार।ऊंचाहार कोतवाली के गांव गांव माधवपुरसुल्तानपुर निवासी हिमांशु 17वर्ष पुत्र संदीप व भानमती 24वर्ष पत्नी जय सिंह निवासिनी अरखा;जान मोहम्मद 6वर्ष निवासी ऊंचाहार;लालमोहम्मद 60वर्ष निवासी इटौराबुजुर्ग;शेरमोहम्मद 60वर्ष निवासी बाबूगंज ;मो शरीफ35वर्ष निवासी बजरंगबलीकापुरवा को मार्गदुर्घटना मे घायल होने पर सीएचसी मे भर्ती करवाया गया है।जिनको प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# खुल गया 'छरदही' शौचालय का ताला, लग गया शिलापट्ट

संवाददाता। बस्ती

- पहले गांव की महिलाओं ने किया विरोध पानी मोटर के साथ कनेक्शन पर हुए राजी
- गांव के विकास के लिए ब्लॉक ने की पहल गांव के लोगों, प्रधान और सेक्रेटरी से साथ हुआ समझौता
- नाली, खड़ंजा, शौचालय, पशुचरनी, केयर टेकर बदलने और खुली बैठक पर बनी सहमति
- 27 अपात्रों को दिए गए आवास को लेकर नोटिस देने पर हुए गांव वाले राजी

**विकास** खंड कुदरहा के वीआईपी गांव छरदही के लोगों ने दिखा दिया कि अगर गांव वाले एक हो जाए तो कोई भ्रष्टाचार करने की हिम्मत नहीं कर सकता। पिछले 20 साल से भ्रष्टाचार का दशं झेल रहे गांव वालों ने सेक्रेटरी और प्रधान सहित ब्लॉक प्रशासन को दिखा दिया कि अब इस ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं है। शिकायतों और भ्रष्टाचार के खुलासे से तंग आकर आखिर सेक्रेटरी और प्रधान को गांव वालों के साथ समझौता करना ही पड़ा। इसे लेकर ब्लॉक पर एक मीटिगं हुई, जिसमें यह तय हुआ कि पहले चार माह से बंद पड़े सामुदायिक शौचालय का ताला खुलवाया जाए, पानी के लिए मोटर लगाया जाए और केयर टेकर को बदलकर दलित दिलीप कुमार की पत्नी को शौचालय संचालन का जिम्मा दिया जाए। कन्हई नाउ के घर से बाबूराम दुबे के घर तक नाली और खंडंजा, राजेंद्र दुबे के घर से अमृत लाल लाल के दुकान तक नाली निर्माण, आवास की सूची से काटे गए लाभार्थियों का नाम जोड़ने, 27 अपात्रों को दिए गए आवास के मामले में नोटिस भेजकर धन की वसूली करवाने, 50 व्यक्तिगत शौचालय, 29 पशुचरनी और गांव में खुली बैठक कराने पर सहमति बनी। गांव वालों ने इस अभियान में साथ देने वाले 'पायनियर' को थैंस कहा। गांव वालों ने प्रधान और सेक्रेटरी को स्पष्ट संदेश दे दिया कि अब इस गांव में जो भी विकास होगा, वह गांव वालों से खुली बैठक में सहमति के आधार पर होगा। गांव वालों ने खासतौर से नये प्रधान को सचेत करते हुए कहा कि अगले पांच साल तक गांव में ईमानदारी दिखानी पड़ेगी, नहीं तो गांव अविश्वास के जरिए पद से हटा देगें। गांव वालों की नाराजगी प्रधान से उस समय से है।, जब से प्रधान ने आवास में कमीशन के लिए शिकायत उठाकर सेक्रेटरी से समझौता कर लिया। लगातार भष्टाचार की शिकायतें और मीडिया की सुर्खियों में रहने वाले छरदही ग्राम पंचायत को प्रशासन और सांसद तक को परेशान होते देखा गया। मामला उस समय गंभीर हो गया, जब बिना सामुदायिक शौचालय का ताला खुले उसके उदघाटन का शिलापटट गंदगी के ढेर में उल्टा पड़ा मिला। नाराजगी जताते हुए सांसद हरीश द्विवेदी से कार्रवाई करने की प्रेसवार्ता में कही। इसी के बाद से ही सेक्रेटरी और प्रधान सहित पूरा ब्लॉक हरकत में आ गया। गांव वालों को मनाने का प्रास हुआ। प्रधान को चेतावनी दी गई। प्रधान जब ताला खेलने गए तो गांव वालों ने यहकर विरोध करना शुरु किया। उसके बाद सेक्रेटरी आनद कुमार सिंह ने प्रधान के देवर रमेश चौधरी, ब्लॉक के बड़े बाबू, भ्रष्टाचार का विरोध करने वाले गांव के सुशील कुमार दुबे, जीतेंद्र गौड़, अदीप दुबे, निर्माण समिति के अध्यक्ष दिलीप दुबे, पंचायत सदस्य लालसा के साथ ब्लॉक पर बैठक हुई। सभी को गांव वाले के गुस्से का सामना करना पड़ा। सेक्रेटरी, प्रधान के देवर और उर्दू बाबू सभी लोग चाह रहे थे, किसी तरह पेपरबाजी और शिकायतें बंद हो। उसके बाद उक्त समझौता हुआ। गांव वाले खुश इस बात से थे कि यही सेक्रेटरी और ब्लॉक के लोग जिन्होंने पिछले 20 साल तक गांव वालों की नहीं सुनी। शौचालय का ताला खुल जाने से सबसे अधिक खुशी का इजहार गांव की बहु और बेटियों ने किया। सुभावती, बहौना, भानमति, विधावती, शांती, कुशलावती, उर्मिला, मीरा, पुष्पावती, पियारी, मालती सहित ने बताया कि अब उन लोगों को में शौच को नहीं जाना पड़ेगा।



चार माह गांव वालों के प्रयास से खुला ताला — पायनियर

# सात को दी गई सजा, हुआ आजीवन कारावास

संवाददाता। संतकबीरनगर

- पुलिस मानीटरिंग सेल की लगातार पैरवी से अभियुक्तों को मिली सजा, खलीलाबाद कोतवाली के चार व दुधारा थाना क्षेत्र के तीन है आरोपी

**अपर जिला** एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ने थाना कोतवाली खलीलाबाद के 04 और एएसजे (पाक्सो एक्ट) ने थाना दुधारा के 03 आरोपियों कुल 7 आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित करने का आदेश दिया है। साथ ही अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्तों को अतिरिक्त सजा भी भुगतनी पड़ेगी। पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में मानीटरिंग सेल की लगातार प्रभावी पैरवी के फ्लस्वरूप गत 04, दिसम्बर को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम संतकबीरनगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 1168/16 धारा 302/34 भादवि के मामले में दोषसिद्व 4 अभियुक्तों जितेन्द्र गौड़ पुत्र पारस गौड़, पारस गौड़ पुत्र रामकिशुन गौड़, विवेक गौड़ पुत्र पारस गौड़, श्रीमती गायत्री देवी पत्नी पारस गौड़ निवासीगण बयारा थाना कोतवाली खलीलाबाद को आजीवन कारावास व 50-50 हजार रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर प्रत्येक अभियुक्त को 1-1 वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई। विदित हो कि गत 28, जून, 2016 को उक्त अभियुक्तगणों द्वारा वादी विवेक गौड़ पुत्र रामू गौड़ निवासी फर्टिलाइजर कालोनी थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर की बहन को दहेज की मांग को लेकर हत्या कर दी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद शमशेर बहादुर सिंह द्वारा सम्पादित की गयी थी। इसी क्रम में एएसजे (पास्को एक्ट) संतकबीरनगर द्वारा थाना दुधारा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-1937/17 धारा 302/498(ए) भादवि व 3/4 डीपी एक्ट के मामलें में दोषसिद्व अंतर्गत धारा 302 सपठित धारा 34 भादवि के अपराध में 03 अभियुक्तों बाबूराम पुत्र रामअचल, दिनेश चन्द्र पुत्र रामअचल एवं मीरा देवी पत्नी दिनेश चन्द्र निवासी करमा खुर्द थाना दुधारा को आजीवन कारावास व 10-10 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 03-03 माह के अतिरिक्त् कारावास की सजा सुनाई। विदित हो कि गत 17, दिसम्बर, 2017 को उक्त अभियुक्तगणों द्वारा वादी बेचन प्रसाद पुत्र छोटेलाल निवासी बनेथू थाना बखिरा की बहन को दहेज की मांग को लेकर हत्या कर दी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना दुधारा पर अभियोग पंजीकृत कर विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक दुधारा राकेश सिंह यादव द्वारा सम्पादित की गयी थी।

# निशान साहेब का चोला बदला बोले सो निहाल सत श्री अकाल

संवाददाता। संतकबीरनगर



**गुरुद्वारा** गुरु सिंह सभा सोसाइटी खलीलाबाद के तत्वाधान में निकाली जा रही प्रभात फेरी के क्रम में छठवे दिन प्रभात फेरी गुरुद्वारा से निकलकर गोला बाजार मधुकुंज चौराहा होती हुई राम जानकी मंदिर से वापस गुरुद्वारा के बगल में राजेंद्र पाल सिंह ने संगतों का स्वागत किया और निशान साहेब पर माला एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत हुआ। रविवार को गुरुद्वारा के मीडिया प्रभारी सतविंदर पाल सिंह ने अपने घर अरदास के पहले निशान साहेब पर माला एवं पुष्प वर्षा कर संगतों का स्वागत किया। इसके उपरांत प्रभात फेरी गुरुद्वारा पहुंची। वहा पर 50 फिट ऊंचे बड़े निशान साहेब का चोला शवि सिंह द्वारा बदला गया। श्रद्धालुओं ने बोले सो निहाल सत श्री अकाल वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह झूलता निशान सदा गुरु महाराज दा कलयुग में झंडा झूल रहा जैसे जयकार से गुरुद्वारा भक्ति मय हो गया। अरदास के बाद समापन हुआ युवा सिक्ख कमेटी के सदस्यों ने चाय और लंगर का प्रसाद वितरित किया। 6 दिसंबर को प्रात: 10 बजे अखंड पाठ साहिब रखा जाएगा। प्रभात फेरी में प्रीतपाल सिंह, अजीत सिंह, जसबीर सिंह, मनजीत सिंह, रविंद्र पाल सिंह, परमजीत सिंह, दलजीत सिंह, परविंदर सिंह, हरविंदर सिंह, रवनीत सिंह, जसदीप सिंह, आशु सिंह, शैंकी सिंह, राजपाल सिंह, जसविंदर सिंह, भूपेंद्र सिंह, गुरभेज सिंह, रतिंडर सिंह, परमजीत कौर, बलवंत कौर, मनजीत कौर, सर्नजीत कौर, जोगिंदर कौर, नीलम कौर, कन्हैया वर्मा, जैकी वर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए भाजपा नेता

- लगातार कर रहे हैं जनसंपर्क

संवाददाता। संतकबीरनगर

**भारतीय** जनता पार्टी तामेश्वरनाथ मंडल की एक बैठक कटाई चौराहे पर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में रविवार को हुई। बैठक को बतौर मुख्य अतिथि के सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ नेता राकेश मिश्र ने कहा कि 31 वर्षों के उपरांत आठ हजार करोड़ रुपये की लागत से पुन: निर्मित गोरखपुर फर्टिलाइजर (खाद कारखाना) एवं चौदह सौ करोड़ की लागत से निर्मित देश में नये बाइस में से एक गोरखपुर एम्स का भव्य लोकार्पण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलो द्वारा होगा। इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए फर्टिलाइजर गोरखपुर पहुँचने की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा विस्तारक विश्वजीत चतुर्वेदी, मधुसूदन ओझा, महामंत्री सुरेश विश्वकर्मा, सेक्टर अध्यक्ष विशुनदेव तिवारी, प्रदीप सिंह रामबृक्ष अग्रहरि, इन्द्रजीत, विपिन अग्रहरि, रामतेज, राजमन चौधरी, दिलीप मिश्र, अश्विनी तिवारी, जनार्दन साहनी, वीरेन्द्र चौहान, राम विमल उपाध्याय, अखिलेश चौधरी, रत्नेश्वर शुक्ल, बाबूराम गुप्ता, राजमन गुप्ता, ज्वाला प्रसाद शुक्ल, रामदेव पाण्डेय सहित सभी सेक्टर और बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे। रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश मिश्र ने खलीलाबाद विधानसभा के दर्जनों गाँव में जनसंपर्क कर लोगों से अधिक संख्या में गोरखपुर पहुँचने की अपील की। उन्होंने ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की अनेकानेक जन कल्याणकारी योजनाओं, कार्यों से भाजपा पुन: प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही हैं।


बुलावा पत्र देते भाजपा नेता — पायनियर

# भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर लोग ग्रहण कर रहें सदस्यता: काजू श्रीवास्तव

संवाददाता। बस्ती



**भाजपा** के वरिष्ठ नेता व अधिवक्ता मनमोहन श्रीवास्तव काजू ने शहर के फब्बारा चौराहे पर सैकड़ो लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। उन्होंने लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी और योगी के नेतृत्व में कई ऐसे काम हो रहे हैं जो सीधे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। उन्होंने किसानों के बिल वापस लेने, धारा 370, अयोध्या में राम मंदिर, तीन तलाक व राज्य सरकार द्वारा 45 लाख गन्ना किसानों को 1.40 लाख करोड़ से अधिक गन्ना मूल्य भुगतान करने व किसान सम्मान निधि वह 36 लाख से 86 लाख हजार किसानों का ऋण माफ करने की योजना को बताया, विकास की दौड़ में गंगा एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे, की योजनाओं को बताया 33 नए मेडिकल कॉलेज का निर्माण प्रदेश सरकार द्वारा किया गया है जो आजादी के बाद से सबसे बड़ी स्वास्थ्य के प्रति योजना है ऐसी तमाम योजनाओं को लोगों को बताया और लोगो को योजनाओं से जोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता शरद सिंह रावत, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, श्रीकांत त्रिपाठी, परिपूर्णानंद नंद बाबा, बृजेश मिश्रा, सूरज गुप्ता, बबलू सरदार राजेश गोंड, अवनीश मिश्रा, नवीन पाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# पेशेवर अपराधियों की सूची बनाकर थानेदार करें कार्रवाई: एसपी

- पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ सभी थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर की अपराध की समीक्षा, दिया निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर

**पुलिस** अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा शनिवार की देर रात पुलिस लाइन स्थित सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गयी तथा आवश्यक निर्देश दिये गये। गोष्ठी के प्रारम्भ में पुलिस अधीक्षक ने जनपद के विभिन्न थानों से आये पुलिस कर्मियों का सैनिक सम्मेलन किया गया। जिसमें कर्मचारीगण द्वारा पूर्व में बतायी गयी समस्याओं के निराकरण की जानकारी ली गयी व थाना प्रभारियों को अपने अधीनस्थों से प्रतिदिन वार्ता कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने अपराधों की समीक्षा कर 06 माह से अधिक लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, अज्ञात अभियोगों को वर्क आउट, अवैध शराब बिक्री / निष्कर्षण, मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन के विरूद्ध कठोर कार्यवाही, हत्या, दुष्कर्म, लूट, डकैती, चोरी, अपहरण के अपराधों पर पूर्णतया अंकुश लगाने व प्रभावी कार्यवाही, जनसुनवाई पोर्टल / आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व निर्धारित समयावधि में निस्तारण, जनता द्वारा दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण, आपरेशन तमन्चा के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही तथा गौ-तस्करी / गौकसी के अपराधों पर जीरो टालरेन्स रखते हुए प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही, वांछित अभियुक्त/ वारंटियों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी, पुरस्कार घोषित अपराधियों के बारे में समीक्षा कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी, अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त एवं शांति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों पर विशेष रूप से सतर्क दृष्टि व आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व जनता की सुरक्षा हेतु प्रतिदिन किये जाने वाले पैदल गश्त, बैंक चेकिंग, संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग के साथ साथ ठंड बढ़ने के दृष्टिगत रात्रि गश्त को बढ़ाने के निर्देश दिये गये जिससे कि आपराधिक घटनाओं पर पूर्ण अंकुश लगाया जा सके। आगामी विधानसभा चुनाव 2022 के दृष्टिगत पेशेवर अपराधियो की सूची तैयार कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही, लाइसेंसी शस्त्रों के सत्यापन, हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन, थाना क्षेत्रांतर्गत विभिन्न संस्थानों के सत्यापन आदि के बारे में निर्देशित किया गया। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, क्षेत्राधिकारी मेहदावल अंबरीश भदौरिया, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा सहित समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष व शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।


समीक्षा बैठक करते पुलिस अधीक्षक — पायनियर

# विदाई व सम्मान समारोह आयोजित

**गोंडा।** लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज शिक्षक संघ ने कालेज के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉण् गोरे लाल प्रजापति के सेवानिवृत्ति पर उनकी विदाई समारोह आयोजित किया। जिसमें आयोग से चयनित होकर आए कालेज के प्राचार्य डॉण् रवीन्द्र कुमार पांडेय के साथ डॉण् चमन कौरए डॉण् शिशिर त्रिपाठीए डॉण् शैलेश कुमारए डॉण् ओम प्रकाश यादव आदि का स्वागत.अभिनंदन किया गया। डॉण् राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित महामंत्री डॉण् जितेंद्र सिंह का अभिनंदन और पूर्व प्राचार्य डॉण् वंदना सारस्वतए आयोग से चयनित प्राचार्य डॉण् जेण्बीण् पाल और डॉण् ऋषिकेश सिंह का सम्मान किया गया। इसी के साथ डॉण् विश्वदीपक त्रिपाठी और संजय शुक्ल की उपलब्धियों के लिए उनका भी अभिनदंन किया गया।

शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉण् शैलेन्द्र नाथ मिश्र और मंत्री डॉण् मंशाराम वर्मा समेत सभी शिक्षकों ने स्वागतए सम्मानए अभिनंदन और विदाई कार्यक्रम में फूलमाला पहनाकरए उत्तरीय एवं स्मृति चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय शिक्षक संघ के मंत्री डॉण् मंशाराम वर्मा ने किया।

# राकेश यादव बने लोहिया वाहिनी के जिला सचिव

संवाददाता। बस्ती

**समाजवादी** पार्टी के जिलाध्यक्ष महेंद्र नाथ यादव के निर्देश पर लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष जावेद ने गौर क्षेत्र के 'राकेश यादव उर्फ मोहन' को समाजवादी लोहिया वाहिनी का जिला सचिव नामित किया है। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि राकेश के पार्टी में आने से संगठन को काफी मजबूती मिलेगी। कहा सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में आने वाले 2022 के विधानसभा चुनाव में युवा परिवर्तन की भूमिका निभाएंगे। इससे पहले रविवार को गौर बाजार में सपा ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राकेश यादव का जोरदार स्वागत किया। राकेश ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उसे दी गई, उस पर खरा उतरने और सदैव निष्ठा पूर्वक कार्य करने का प्रयास करता रहूंगा। इस मौके पर लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव हृदय राम यादव, जिला सचिव कविंद्र चौधरी उर्फ अतुल, पूर्व ब्लाक प्रमुख अरविंद सिंह, विधानसभा अध्यक्ष रन बहादुर यादव, अनुराग मिश्र, उपेंद्र सिंह, सुफियान खान, संजीव सिंह, बुद्धि राम चौधरी, मनोज सिंह, शैलेश यादव, बाबूलाल कनौजिया, मुलायम यादव, अमित यादव, जगदीश, गौरीशंकर, राहुल सिंह, शेषनाथ यादव, जुनेद रजा, अभिषेक वर्मा, अहमद, लवकुश, अखिलेश यादव, तिलक राम नाई, बजरंगी, विनोद गौतम, देवी यादव, गुड्डू सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।


जिला सचिव बनने पर स्वागत करते सपाई — पायनियर


# कांग्रेस की सियासी जमीन जमाने आ रहे छत्तीसगढ़ के सीएम

- सात दिसंबर को रुधौली में किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे भूपेश बघेल

संवाददाता। बस्ती

**सात** दिसंबर को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रुधौली के बैढ़वा मंदिर के पास किसान सम्मेलन को संबोधित करने आ रहे हैं। इस सम्मेलन के बहाने वह यूपी के मुख्यमंत्री को जबाव देंगे, और बताएगें कि वही सिर्फ किसानों के हितैषी नहीं हैं, बल्कि कांग्रेस भी है। भाजपा के लोग आज किसानों की चिंता करते दिख रहे हैं, मगर कांग्रेस पिछले पांच दशकों से चिंता करती आ रही है, और किसानों के हित में जितना काम कांग्रेस ने किया, उतना अन्य किसी सरकारों ने नहीं किया। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं मंडल प्रभारी जय करन वर्मा ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में किसान कितना खुशहाल है, उतना भाजपा शासित किसी भी प्रदेश में किसान खुशहाल नहीं है। यही बताने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बस्ती आ रहे है, और एक तरह से रुधौली से 2022 के चुनाव बिगुल भी बजेगा। बताया कि आज जिस तरह प्रियंका गांधी की सभाओं एवं रैलियों में भीड़ उमड़ रही है, उससे पता चलता है, प्रदेश की जनता कांग्रेंस की ओर देख रही है। बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी को जिम्मेदारी दे दी गई है। इसके लिए गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क कर सभा में भाग लेने की अपील की जा रही है।

एक सवाल के जबाव में कहा कि आज भी भारत में कांग्रेस किसानों की सबसे बड़ी हितैषी हैं, और अगर मौका मिला तो देश का किसान खासतौर से यूपी का किसान खुशहाल नजर आएगा। आज जिस तरह किसानों को अपने उत्पादक का वाजिब कीमत नहीं मिल रहा है, किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं हो रहा हैं, सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को धान और गेहूं बेचने के लिए कमीशन देना पड़ता है। हर किसानों का उत्पीड़न और शोषण हो रहा है, और जिसके चलते उसका खेतीबारी से मोह भंग हो रहा है, और यूपी सरकार कहती है, कि उनके प्रदेश में किसान सबसे अधिक खुशहाल है। एक अन्य सवाल के जबाव में कहा कि बस्ती के पांचों विधानसभाओं से 41 संभावित उम्मीदवारों ने आवेदन किया हैं, इनमें सात महिला उम्मीदवार भी है। इन सभी का साक्षात्कार गोरखपुर में हो चुका है। बताया कि सबसे अधिक उम्मीदवार रुधौली से नौ, कप्तानगंज से आठ, सदर से सात, हर्रैया से पांच और महादेवा विधानसभा से छह उम्मीदवार है। इस मौके पर कर्मराज यादव, जिलाध्यक्ष अंकुर वर्मा, पूर्व विधायक राम जियावन एवं अम्बिका सिंह, बसंत चौधरी, प्रशांत पांडेय, आदित्य त्रिपाठी, बृजेश आर्य सहित अन्य मौजूद रहे।


प्रेसवार्ता के जरिए जानकारी देते कांग्रेसी नेता — पायनियर

# विशाल लक्ष्य के सामने लड़खड़ाया न्यूजीलैंड

## भारत अभी जीत से पांच विकेट दूर

**भाषा।** मुंबई



**भारत** ने न्यूजीलैंड के सामने 540 रन का विशाल लक्ष्य रखने के बाद तीसरे दिन उसके पांच विकेट चटकाकर दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में रविवार को यहां बड़ी जीत की तरफ कदम बढ़ाए। न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 140 रन बनाए हैं और वह लक्ष्य से अभी 400 रन दूर है। दोनों टीम के बीच कानपुर में खेला गया पहला मैच ड्रा रहा था। अपनी पहली पारी में 325 रन बनाने वाले भारत ने अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 276 रन पर समाप्त घोषित की। न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में केवल 62 रन पर आउट हो गई थी।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज सहजता से बल्लेबाजी नहीं कर पाए। डेरेल मिचेल ने जरूर 92 गेंदों पर 60 रन की पारी खेली। स्टंप उखड़ने के समय हेनरी निकोल्स 36 और रचिन रविंद्र दो रन पर खेल रहे थे। भारत की तरफ से ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 27 रन देकर तीन और बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने 42 रन देकर एक विकेट लिया है। अश्विन ने कार्यवाहक कप्तान और अपने प्रिय शिकार टॉम लैथम (छह) को चाय के विश्राम से पहले पगबाधा आउट किया जिसमें बल्लेबाज ने रिव्यू भी गंवाया। यह आठवां अवसर है जबकि अश्विन ने लैथम को पवेलियन भेजा। अश्विन ने चायकाल के बाद दूसरे सलामी बल्लेबाज विल यंग (20) को शार्ट लेग पर कैच कराया। विराट कोहली का रिव्यू लेने का फैसला तब सही साबित हुआ था। अश्विन का इस वर्ष यह 50वां टेस्ट विकेट था। किसी एक कैलेंडर वर्ष में चौथी बार उन्होंने 50 से अधिक विकेट लिए जो कि भारतीय रिकार्ड है। न्यूजीलैंड के सबसे अनुभवी बल्लेबाज रोस टेलर (छह) ने अपना विकेट इनाम में दिया। वह अश्विन की ऑफ ब्रेक को नहीं समझ पाए और उसे हवा में लहरा बैठे। मिचेल और हेनरी निकोल्स ने इसके बाद चौथे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की। मिचेल ने बीच बीच में आक्रामक तेवर भी अपनाए। फिर चाहे वह अक्षर पटेल पर लांग ऑन पर लगाया गया दर्शनीय छक्का हो या उमेश यादव पर लगातार दो चौके जिनसे उन्होंने अपना अर्धशतक भी पूरा किया। आखिर में अक्षर ने मिचेल की एकाग्रता भंग करके उन्हें सीमा रेखा पर जयंत यादव के हाथों कैच कराया। टॉम ब्लंडेल (शून्य) आते ही रन आउट हो गए।

इससे पहले भारत ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। उसकी तरफ से दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (108 गेंदों पर 62), चेतेश्वर पुजारा (97 गेंदों पर 47), शुभमन गिल (75 गेंदों पर 47), अक्षर पटेल (26 गेंदों पर नाबाद 41) और कप्तान विराट कोहली (84 गेंदों पर 36) ने उपयोगी योगदान दिया। न्यूजीलैंड की तरफ से पहली पारी में 119 रन देकर सभी 10 विकेट लेने वाले स्पिनर ऐजाज पटेल ने दूसरी पारी में 106 रन देकर चार जबकि रचिन रविंद्र ने 56 रन देकर तीन विकेट लिए। पटेल ने इस तरह से मैच में 225 रन देकर 14 विकेट लिए। यह भारत के खिलाफ किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पटेल के 10 विकेट के कारनामे के बावजूद न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ था। भारत की तरफ से 70 ओवर में 25 चौके और 11 छक्के लगे। आलम यह था कि ऋद्धिमान साहा (13) को छोड़कर भारत के प्रत्एक बल्लेबाज ने छक्का जड़ा। अकेले अक्षर पटेल ने अपनी तूफानी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाए। श्रेयस अय्यर ने आठ गेंदों पर 14 रन की अपनी पारी में दो छक्के जड़े। भारत ने न्यूजीलैंड को पहली पारी में केवल 28 ओवर में आउट कर दिया था लेकिन कप्तान कोहली स्वयं को और उन बल्लेबाजों को मौका देना चाहते थे जो फॉर्म में नहीं थे और इसलिए उन्होंने कीवी टीम को फॉलोआन नहीं दिया। पुजारा ने इसका कुछ फायदा उठाया। उन्होंने अग्रवाल के साथ पहले विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी करके टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। पहली पारी में 150 रन बनाने वाले अग्रवाल ने फिर से दर्शनीय अर्धशतकीय पारी खेली। चोटिल होने के कारण शनिवार को पारी का आगाज नहीं करने वाले गिल और कोहली ने तीसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े। भारतीय कप्तान का विल सोमरविले पर लगाए गए छक्के को छोड़ दिया जाए तो वह अपनी पारी के दौरान सहज नहीं दिखे। उन्होंने आखिर में रविंद्र की गेंद अपने विकेटों पर खेली। पुजारा ने हालांकि अपने रक्षात्मक अंदाज के विपरीत दो बार फ्लाइट लेती गेंद पर आगे बढ़कर मिडविकेट क्षेत्र में चौके लगाए। वह हालांकि अर्धशतक पूरा नहीं कर पाए। पटेल की फुललेंथ गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकिर स्लिप में रोस टेलर के सुरक्षित हाथों में चली गई। अग्रवाल ने इससे पहले पटेल पर एक्स्ट्रा कवर पर छक्का जड़कर अर्धशतक पूरा किया। वह मैच में दूसरा शतक पूरा करने की स्थिति में दिख रहे थे लेकिन पटेल पर एक और छक्का जड़ने के प्रयास में उन्होंने लांग ऑफ पर यंग को कैच थमा दिया।

### यह मेरा स्वप्निल वर्ष रहा है लेकिन लक्ष्य और सुधार करना है: अक्षर

**मुंबई।** इतने वर्षों तक घंटों की कड़ी मेहनत के दौरान अक्षर पटेल का सपना हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था और इंग्लैंड के बाद अब न्यूजीलैंड जैसी टीमों के खिलाफ क्रिकेट के बड़े मंच पर ऐसा करके वह काफी खुश हैं। अक्षर 2021 में पदार्पण से पहले वर्षों तक ज्यादातर एक अन्य बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की छाया में बने रहे थे लेकिन उन्होंने अब अपने पांचवें टेस्ट में 36 विकेट चटका लिए हैं। यह पूछने पर कि वह इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट में 27 विकेट से शुरू हुए इस वर्ष को किस तरह देखेंगे तो उन्होंने कहा कि यह निश्चित रूप से एक सपना ही है।

अक्षर ने कहा, वास्तव में यह मेरे लिए स्वप्निल वर्ष रहा है, आप ऐसा कह सकते हैं। इंग्लैंड श्रृंखला में मैंने जिस तरह से गेंदबाजी की और अब न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जिस तरह से जा रही है और इस बीच में आईपीएल भी था तो मैं कह सकता हूं कि यह व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए काफी अच्छा वर्ष रहा है।

# भारतीय प्रदर्शन से प्रेरणा लेगा इंग्लैंड: रूट

**भाषा।** ब्रिसबेन



**इंग्लैंड** के कप्तान जो रूट ने रविवार को कहा कि उनकी टीम गाबा में आठ दिसंबर से शुरू होने वाली एशेज श्रृंखला में भारतीय टीम के प्रदर्शन से प्रेरणा लेगी जिसने इस साल के शुरू में यहां आस्ट्रेलिया के विजय अभियान को थामकर श्रृंखला जीती थी। भारत ने इस साल जनवरी में गाबा में चौथे और अंतिम टेस्ट मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की थी। यह आस्ट्रेलिया की गाबा में 35 साल में पहली हार थी और रूट ने कहा कि उनकी टीम इस श्रृंखला में कैसा रवैया अपनाएगी इसको लेकर उसका रवैया स्पष्ट है।

रूट ने यहां एशेज से जुड़े कार्यक्रम में कहा, भारत जिस तरह से अपने मजबूत पक्षों पर अडिग रहा, इंग्लैंड भी वही रणनीति अपनाएगा। उन्होंने कहा, भारत को श्रेय जाता है। उन्होंने पूरी श्रृंखला में बेजोड़ प्रदर्शन किया था तथा कई तरह से यहां का दौरा करने वाली टीमों के लिए अच्छा उदाहरण पेश किया था। आस्ट्रेलिया ने मैच से दो दिन पहले अपनी अंतिम एकादश घोषित कर दी जिससे इंग्लैंड के लिए रणनीति तैयार करने में कुछ आसानी होगी। इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया में आखिरी बार 2011 में एशेज जीती थी। उस टीम में उसके दोनों मुख्य तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड शामिल थे।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने थाईलैंड को 13-0 से हराया

**भाषा।** डोंगहे (दक्षिण कोरिया)



**ड्रैग** फ्लिकर गुरजीत कौर के पांच गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एशियाई चैंपियन्स ट्राफी के अपने पहले मैच में थाईलैंड को 5-0 से करारी शिकस्त दी। गुरजीत ने मैच के दूसरे मिनट में ही पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला जबकि वंदना कटारिया ने पांच मिनट बाद दूसरा गोल दाग दिया। पहला क्वार्टर समाप्त होने तक लिलिमा मिंज ने 14वें मिनट में भारत के लिए तीसरा गोल कर दिया जबकि गुरजीत और ज्योति ने 14वें और 15वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल करके स्कोर 5-0 कर दिया।

भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी दबदबा बनाए रखा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण कर रही राजविंदर कौर ने 16वें मिनट में मैदानी गोल किया तो गुरजीत ने 24वें मिनट में अपना तीसरा गोल दागा। इसके तुरंत बाद लिलिमा ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला। गुरजीत ने 25वें मिनट में एक और गोल किया जिससे भारत मध्यांतर तक 9-0 से आगे था। भारत ने आगे भी थाइलैंड को कोई मौका नहीं दिया और लगातार हमले किए। ज्योति ने 36वें मिनट में गोल करके भारत के गोल की संख्या में दोहरे अंकों में पहुंचाई जबकि सोनिका ने 43वें मिनट में मैच का अपना पहला गोल किया। चौथे क्वार्टर में भी कहानी नहीं बदली और भारत ने आक्रमण जारी रखा। थाईलैंड ने हालांकि इस बीच कुछ अच्छे बचाव किए। मोनिका ने 55वें मिनट में गोल किया जबकि इसके तीन मिनट बाद गुरजीत ने पेनल्टी कार्नर पर अपना पांचवां और भारत के लिए 13वां गोल किया। टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद भारतीय टीम का यह पहला मैच था। कप्तान रानी को टूर्नामेंट से विश्राम दिया गया है और उनकी अनुपस्थिति में गोलकीपर सविता ने टीम की अगुवाई की।

# डोमेने की हैट्रिक से अर्जेंटीना दूसरी बार बना जूनियर हॉकी विश्व कप का विजेता

**भाषा।** भुवनेश्वर



**लौटारो** डोमेने की हैट्रिक गोल की मदद से अर्जेंटीना ने छह बार की चैंपियन जर्मनी को 4-2 से हराकर रविवार को यहां कलिंग स्टेडियम में अपना दूसरा एफआईएच (विश्व हॉकी महासंघ) जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप खिताब जीता। डोमेने ने 10वें, 25वें और 50वें मिनट में तीन पेनल्टी कार्नर को गोल बदले जबकि फ्रेंको अगोस्टिनि (60वें) ने अंतिम हूटर से कुछ ही सेकेंड पहले मैदानी गोलकर के अर्जेंटीना को इस टूर्नामेंट का दूसरा खिताब दिलाया। जर्मनी के लिए जूलियस हायनर (36वें) और मास पफंड्ट (47वें) ने गोल किए।

अर्जेंटीना ने इससे पहले 2005 में रॉटरडम में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराकर इस खिताब को जीता था। अर्जेंटीना ने पहले क्वार्टर में जर्मनी की रक्षापंक्ति पर दबाव बनाकर मैच की शुरुआत में ही अपना दबदबा बनाया। जर्मनी की टीम अपनी खेल योजना के तहत पलटवार करने का इंतजार कर रही थी लेकिन मैच के 10वें मिनट में ही उसकी चाल उलट पड़ गई, जब डोमेने ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदल कर अर्जेंटीना को बढ़त दिला दी। डोमेने 25वें मिनट में एक और पेनल्टी कार्नर को गोल में बदल कर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। मध्यांतर के बाद हालांकि जर्मनी के खेल में काफी सुधार दिखा। हायनर के मैदानी गोल से टीम ने 36वें मिनट में अर्जेंटीना की बढ़त को कम किया। मैच का आखिरी क्वार्टर काफी रोमांचक रहा जहां पफंड्ट ने 47वें मिनट में गोलकर स्कोर को 2-2 से बराबर कर दिया।

### फ्रांस से 1-3 से हारकर भारत चौथे स्थान पर रहा

**भुवनेश्वर।** खिताब की उम्मीद टूटने के बाद गत चैम्पियन भारत रविवार को यहां कांस्य पदक के प्लेऑफ में फ्रांस से 1-3 से हारकर एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप में पोडियम स्थान हासिल करने में असफल रहा। फ्रांस के कप्तान टिमोथी क्लेमेंट ने मेजबान को फिर चौंकाने के लिए हैट्रिक लगाई और कांस्य पदक जीत लिया। क्लेमेंट ने फ्रांस के लिए 26वें, 34वें और 47वें मिनट में तीन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया जबकि भारत के लिए एकमात्र गोल सुदीप चिरमाको ने 42वें मिनट में दागा। क्वार्टरफाइनल में बेल्जियम के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन के बाद यह भारतीयों के लिए लगातार दूसरा फ्लॉप शो रहा। तीसरे-चौथे स्थान का मैच भारत के लिए टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में फ्रांस से मिली 4-5 की हार का बदला चुकता करने का मौका था लेकिन ऐसा नहीं हो सका। यूरोपीय टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से मेजबानों पर दबदबा बनाना जारी रखा।

# मुंबई सिटी ने बेंगलुरु एफसी को 3-1 से हराया

**भाषा।** बामबोलिम

**मुंबई** सिटी एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के शनिवार की रात को खेले गए मैच में यहां बेंगलुरू एफसी को 3-1 से शिकस्त दी। इगोर एंगुलो ने नौवें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर मुंबई सिटी का खाता खोला। क्लीटन सिल्वा ने 20वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। मध्यांतर तक दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थी।

मोर्तादा फाल ने 54वें मिनट में हेडर से गोल करके मुंबई सिटी को फिर से आगे कर दिया जबकि यगोर कताऊ ने 85वें मिनट में उसकी जीत सुनिश्चित की। मुंबई सिटी की चार मैचों में यह तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं। इससे वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। बेंगलुरू को दूसरी हार का सामना करना पड़ा और उसके चार मैचों में चार अंक हैं।

## चेल्सी की हार से ईपीएल में शीर्ष पर पहुंचा मैनचेस्टर सिटी

**एपी।** लंदन



**मौजूदा** चैंपियन मैनचेस्टर सिटी ने वाटफोर्ड पर 3-1 की आसान जीत तथा चेल्सी की वेस्ट हैम के हाथों 3-2 से हार से इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। शनिवार को खेले गए मैचों से पहले चेल्सी शीर्ष पर काबिज था लेकिन अब सिटी 15 मैचों में 35 अंक लेकर पहले स्थान पर पहुंच गया है। चेल्सी के 15 मैचों में 33 अंक हैं और वह लिवरपूल (15 मैचों में 34 अंक) के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गया है। लिवरपूल ने एक अन्य मैच डिवोक ओरिगी के दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम में किए गए गोल की मदद से वॉल्व्स को 1-0 से हराया। सिटी ने वाटफोर्ड के खिलाफ दबदबे वाला प्रदर्शन किया। उसकी तरफ से बर्नाडो सिल्वा ने दो और रहीम स्टर्लिंग ने एक गोल किया। सिटी की यह लीग में लगातार पांचवीं जीत है। एक अन्य मैच में न्यूकास्टल ने कैलम विल्सन के गोल की मदद से बर्नली को 1-0 से पराजित किया।

### रीयाल मैड्रिड का विजय अभियान जारी, बार्सिलोना हारा

**बार्सिलोना।** रीयाल मैड्रिड ने करीम बेंजेमा के चोटिल होने के बावजूद विनिसियस जूनियर और लुका जोविच के गोल की मदद से रीयाल सोसिडाड को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

विनिसियस और जोविच ने दूसरे हाफ के शुरू में गोल करके रीयाल मैड्रिड को सभी प्रतियोगिताओं में लगातार आठवीं जीत दिलाई। इससे वह अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी सेविला से आठ अंक आगे हो गया है। रीयाल मैड्रिड की जीत से पहले एटलेटिको मैड्रिड और बार्सिलोना को अपने घरेलू मैचों में हार का सामना करना पड़ा।

मौजूदा चैंपियन एटलेटिको मैड्रिड को मालोर्का ने 2-1 से हराया। इस हार के बाद वह रीयाल मैड्रिड से 10 अंक पीछे चौथे स्थान पर खिसक गया है। बार्सिलोना तो अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रीयाल मैड्रिड से 16 अंक पीछे है। उसे रीयाल बेटिस ने 1-0 से पराजित किया। झावी हर्नाडेज के कोच बनने के बाद बार्सिलोना की यह पहली हार है। बेटिस इस जीत से सेविला के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। सेविला ने एक अन्य मैच में विल्लारीयाल को 1-0 से हराया।

### जर्मनी को हराकर रूस डेविस कप के फाइनल में

**मैड्रिड।** आंद्रे रूबलेव और दानिल मेदवेदेव की एकल मैचों में जीत से रूस ने जर्मनी को 2-1 से हराकर डेविस कप टेनिस प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई। रूबलेव ने पहले एकल मैच में डोमिनिक कोफर को 6-4, 6-0 से हराया जिसके बाद मेदवेदेव ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 6-4 से हराकर रूस की जीत सुनिश्चित की। जर्मनी के केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज ने असलान करात्सेव और कारेन खाचनोव को युगल मुकाबले में 4-6, 6-3, 6-4 से हराया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। रूस फाइनल में क्रोएशिया का सामना करेगा जिसने नोवाक जोकोविच की अगुवाई वाले सर्बिया को हराया। रूस और क्रोएशिया अपने तीसरे डेविस कप खिताब के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे।

# बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में सिंधू को रजत से करना पड़ा संतोष

**भाषा।** बाली



**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू को रविवार को यहां खिताबी मुकाबले में दक्षिण कोरिया की आन सियोंग से सीधे गेम में हारने के कारण बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

मौजूदा विश्व चैंपियन सिंधू के पास विश्व में छठे नंबर की कोरियाई खिलाड़ी के खेल का कोई जवाब नहीं था और वह आसानी से 16-21, 12-21 से हार गई। इस कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ सिंधू की तीन मैचों में तीसरी हार है और इन सभी मैचों का नतीजा सीधे गेम में निकला। सियोंग ने नेट पर बेहतरीन खेल दिखाया और बेसलाइन पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने 39 मिनट तक चले मैच में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया। सियोंग ने इससे पहले इंडोनेशिया मास्टर्स और इंडोनेशिया ओपन के खिताब जीते थे। उन्होंने अक्टूबर में डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी सिंधू को हराया था। यह तीसरा अवसर था जबकि सिंधू टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी। वह 2018 में खिताब जीतकर यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय बनी थी। सिंधू में फाइनल में हार के बाद कहा, यह अच्छा मुकाबला था। सियोंग बेहतरीन खिलाड़ी है इसलिए मुझे नहीं लगता कि यह आसान होने वाला था। मैं एक कड़े मुकाबले के लिए तैयार थी। उन्होंने कहा, मुझे शुरू से ही उसे बढ़त बनाने का मौका नहीं देना चाहिए था क्योंकि अंत में मैं अंको के अंतर को कम करने में सफल रही। यह थोड़ा निराशाजनक है लेकिन बहुत कुछ सीखने को मिला। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, बाली में तीन सप्ताह अच्छे रहे। यहां से कई सकारात्मक चीजों के साथ लौटूंगी और तरोताजा होकर विश्व चैम्पियनशिप की तैयारी करूंगी। कोरिया की 19 साल की खिलाड़ी के खिलाफ सिंधू एक बार फिर असहज नजर आई। वह अपने आक्रामक खेल को आगे नहीं बढ़ा सकी और ना ही पूरे कोर्ट का इस्तेमाल कर सकी। सियोंग ने नेट का शानदार इस्तेमाल किया और शटल पर बेहतर प्रहार से उसने सिंधू की योजना को विफल कर दिया। उन्होंने मैच के दौरान कई मौकों पर डाइव लगाकर अंक बचाए। मैच की शुरुआत में ही सिंधू 0-4 से पिछड़ गई थी। सिंधू ने वापसी की कोशिश की लेकिन कोरिया की खिलाड़ी ने उन्हें एक बार में कई अंक बटोरने का मौका नहीं दिया। सियोंग ने अपनी बढ़त को 16-8 किया और सिंधू ने वापसी करते हुए इस अंतर को कम किया लेकिन वह कोरिया की खिलाड़ी को 21-16 से गेम जीतने से नहीं रोक पाई। सिंधू ने दूसरे गेम में अच्छी शुरुआत की वह मैच में पहली बार मैच में 5-4 की बढ़त हासिल करने में सफल रही। लेकिन सियोंग ने शानदार वापसी की 10-6 की बढ़त हासिल कर ली। वह लंबी रैलियों के सहारे सिंधू को कठिन चुनौती दे रही थी। ब्रेक के समय उसके पास 11-8 की बढ़त थी। उसने ब्रेक के बाद लगातार चार अंक जुटाकर अपनी बढ़त को 15-8 कर ली।

### भारतीय महिला टीम ब्राजील से लौटी, केरल में लगा शिविर

**नई दिल्ली।** चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के बाद ब्राजील से लौटी भारतीय महिला फुटबॉल टीम अब कोच्चि में आगामी एएफसी एशियाई कप के लिए अभ्यास करने में जुट गई है। एशियाई कप भारत में (पुणे और मुंबई में) 20 जनवरी से छह फरवरी तक खेला जाएगा। भारत ने मनाऊस में चार देशों के टूर्नामेंट में ब्राजील, चिली और वेनेजुएला टीम का सामना किया। मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी का कहना है कि इस टूर्नामेंट से लड़कियों को अपार अनुभव हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने यह बात रविवार को कोच्चि में टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए शुरू हुए शिविर में कही। डेनेरबी ने कहा, हमने ब्राजील में तीन मैचों के दौरान काफी कुछ सीखा। सबसे बड़ी सीख यही थी कि अब खिलाड़ी जानती हैं कि हम किस स्तर तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, तकनीकी और रणनीतिक रूप से। हमने एक अन्य अहम पहलू पर ध्यान लगाया है जो मैदान में फैसला लेने के बारे में है।

# हेड और स्टार्क पहले एशेज टेस्ट के लिए आस्ट्रेलियाई टीम में

**भाषा।** ब्रिसबेन

**आस्ट्रेलिया** ने मध्यक्रम के बल्लेबाज ट्रैविस हेड और तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को इंग्लैंड के खिलाफ आठ दिसंबर से गाबा में शुरू होने वाले पहले एशेज टेस्ट मैच के लिए रविवार को टीम में शामिल किया। मध्यक्रम में एक स्थान के लिए हेड को उस्मान ख्वाजा पर प्राथमिकता दी गई। ए दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और इन दोनों ने हाल में शैफील्ड शील्ड में अच्छा प्रदर्शन किया था।

हेड ने शैफील्ड शील्ड के इस सत्र में पांच मैचों में 49.25 की औसत से 394 जबकि ख्वाजा ने 65.71 की औसत से 460 रन बनाए। इन दोनों के नाम पर दो दो शतक दर्ज हैं लेकिन हेड को हाल में क्वीन्सलैंड के खिलाफ 101 रन बनाने का फायदा मिला। कप्तान पैट कमिन्स ने कहा, दोनों में एक स्थान के लिए कड़ा मुकाबला था। चयनकर्ताओं को किसी एक का चयन करना था। दोनों वास्तव में अच्छे विकल्प थे और वे शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने कहा, उज्जी (ख्वाजा) का बेहद अनुभवी है और हम भाग्यशाली हैं कि वह हमारे साथ है लेकिन ट्रेव (हेड) ने पिछले दो वर्षों में हमारे साथ काफी मैच खेले हैं और उसने अच्छे रन बनाए हैं। हेड ने अब तक 19 टेस्ट मैचों में 39.75 की औसत से 1153 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक शामिल हैं। कमिन्स की अगुवाई वाली टीम में तेज गेंदबाज स्टार्क की जगह सुनिश्चित नहीं मानी जा रही थी क्योंकि झाय रिचर्डसन ने हाल में घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करके अपना मजबूत दावा पेश किया था। चयनकर्ताओं ने हालांकि अनुभवी तेज गेंदबाज स्टार्क पर ही भरोसा दिखाया।



**डॉ मुकेश क्वात्रा का कहना है, यदि आप जानवरों के प्रति भावुक हैं और उनकी रक्षा करना और उनके बारे में अधिक जानना चाहते हैं, तो वन्यजीव संरक्षण में कई अवसर हैं**

# अपना भविष्य करें सुरक्षित

जिस प्रकार अधिक से अधिक प्रजातियां विलुप्त होती जा रही हैं, यह पर्यावरण पर भारी प्रभाव डालती है। 99 फीसदी से अधिक प्रजातियां अब विलुप्त हो चुकी हैं। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) के अनुसार 2020 में ही 15 प्रजातियों को विलुप्त घोषित कर दिया गया था। वन्यजीव प्रजातियों के संरक्षण के लिए, समय समाप्त होने से पहले तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता है। कम से कम 100-1,000 गुना की वर्तमान दर के साथ, प्रजातियों के विलुप्त होने की दर और प्रजातियों के आकार में गिरावट ऐसी है जो प्रकृति की अपेक्षा से अधिक है।

वन्य जीवन में करियर के लिए बहुत अधिक ध्यान और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है और इसका पालन केवल उन लोगों द्वारा किया जाना चाहिए जो जानवरों को लेकर बहुत भावुक हैं और जो उनकी रक्षा करना और उनके बारे में अधिक जानना चाहते हैं।

सरकारी एजेंसियां, वन्यजीव गैर सरकारी संगठन, और क्षेत्र से संबंधित कुछ अन्य, वन्यजीव संरक्षण में करियर बनाने के अवसर प्रदान करते हैं।

## वन्यजीव संरक्षण

वन्यजीव संरक्षणवादी पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण व जैव विविधता को बनाए रखने के लिए काम करते हैं। वे न केवल लुप्तप्राय प्रजातियों को रोकथाम करते हैं बल्कि घने जंगल की आग को रोकने और मिट्टी व पानी जैसे प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने में भी मदद करते हैं।

## भारतीय वन सेवाएं

भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी एक वन्यजीव संरक्षणवादी की तरह है जो मुख्य रूप से राष्ट्रीय वन नीति के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करता है और सरकार द्वारा नियोजित होता है।

## वन्यजीव जीवविज्ञानी

चूंकि मानव गतिविधियों के कारण दुनिया पर प्रभाव लगातार बढ़ रहा है, वन्यजीव जीवविज्ञानी के रूप में कैरियर के लिए जानवरों व उनके आवासों का डेटा एकत्र करने, विश्लेषण करने और व्याख्या करने जैसे काम की आवश्यकता होती है, जिसमें रोग, आनुवंशिकी, व्यवहार और प्रदूषण प्रभाव शामिल हैं, ताकि वन्य जीवन संरक्षण के लिए निवास स्थान की स्थिति में सुधार हो सके। इस क्षेत्र के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति को न केवल वैज्ञानिक अध्ययनों में उल्लिखित जानकारी को समझने में सक्षम होना चाहिए बल्कि जंगली जानवरों को संभालने, एसिड और संक्रमित रक्त के साथ काम करने में भी सक्षम होना चाहिए।

## वन्यजीव प्रबंधक

इस करियर को आगे बढ़ाने के इच्छुक छात्रों की जैव विविधता में रुचि होनी चाहिए और उन्हें प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने का प्रयास करना चाहिए। वन्यजीव प्रबंधक के काम में, न केवल आम जनता के लिए, बल्कि जानवरों के लिए भी लाभ पैदा करने के लिए मनुष्यों या वन्यजीवों के आवासों को बनाए रखना और उनमें हेरफेर करना शामिल होता है। एक वन्यजीव प्रबंधक को वन्यजीव आवास प्रबंधन से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन करना चाहिए और समाधान तैयार करना चाहिए।

> **वन्य जीवन में करियर के लिए बहुत अधिक ध्यान और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है और इसका पालन केवल उन लोगों द्वारा किया जाना चाहिए जो जानवरों को लेकर बहुत भावुक हैं और जो उनकी रक्षा करना और उनके बारे में अधिक जानना चाहते हैं।**

## वन्यजीव शिक्षक

वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि वे युवाओं को वन्य जीवन के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। एक वन्यजीव शिक्षक के हिस्से में पर्यावरण से संबंधित पहलुओं के बारे में स्कूलों और विश्वविद्यालयों में शिक्षण का करियर होता है, जिसमें वन्यजीवों के स्थान, उनके आवास की भौगोलिक स्थिति आदि शामिल होती है। इस करियर के लिए आवेदन करने के इच्छुक छात्रों के पास अच्छा संचार कौशल और बच्चों के साथ काम करने की क्षमता होनी चाहिए।

## आउटरीच विशेषज्ञ

इस क्षेत्र के पेशेवर वन्यजीवन को बहाल करने और उसे बनाए रखने में मदद करने हेतु आर्थिक व संरक्षण सिद्धांतों का उपयोग करते हैं। ये पेशेवर ज्यादातर उद्योगों, नागरिकों, निजी और कॉर्पोरेट जमींदारों से वन्यजीव प्रबंधन में सहायता करने के लिए बातचीत करते हैं। इस क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम होने के लिए व्यक्तियों में महत्वपूर्ण चिंतन क्षमता होनी चाहिए।

## जनसंपर्क

इस क्षेत्र के विशेषज्ञ वन्यजीव अनुसंधान और संरक्षण कार्यक्रमों की व्याख्या करते हैं ताकि उन्हें दूसरों के सामने प्रदर्शित किया जा सके। इनकी नौकरी में ब्रोशर और वेबसाइट बनाना, लेख और समाचार विज्ञप्ति लिखना, सार्वजनिक समारोहों में बोलना या मीडिया के माध्यम से बातचीत करना शामिल है।

## वन्यजीव सलाहकार

वन्यजीव सलाहकार के रूप में करियर एक पूर्णकालिक नौकरी है। इस क्षेत्र के पेशेवरों को खेतों, आवासों में सहायता करने, सर्वेक्षण करने, वन्य जीवन का निरीक्षण करने और कई अन्य कार्य करने की आवश्यकता होती है। सलाहकारों को राष्ट्रीय पर्यावरण नीति में निर्धारित नियमों का पालन करने और गुणवत्तापूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता होती है।

एक वन्यजीव सलाहकार के कार्यों में से एक कार्य है, वो है पर्यावरण पर प्रस्तावित विभिन्न कार्यों के कारण होने वाले प्रभावों का निपटारा करना।

## जीआईएस विशेषज्ञ

इस क्षेत्र के विशेषज्ञ भौगोलिक सूचना प्रणाली के साथ काम करते हैं। जीआईएस विशेषज्ञ का कार्य डेटा की व्याख्या करना और वन्य जीवन व उसके आवास के संबंध में नीति व प्रबंधन की सिफारिशों को प्रस्तुत करना है।

जीआईएस पेशेवर बनने के लिए आवेदन करने के इच्छुक व्यक्तियों की कंप्यूटर विज्ञान की पृष्ठभूमि होनी चाहिए और उन्हें प्रोग्रामिंग के बारे में ज्ञान होना चाहिए क्योंकि उनका उपयोग उपकरण बनाने के लिए किया जाता है।

इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले और जुनूनी छात्रों को अपनी रुचि और योग्यता के आधार पर इसे आगे बढ़ाना चाहिए। उन्हें इस क्षेत्र से संबंधित विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त करने की आवश्यकता है जैसे कि वन्यजीव जीवविज्ञान, समुद्री जीव विज्ञान और प्राणी विज्ञान, इसके बाद वन्यजीव जीवविज्ञान और संरक्षण में मास्टर डिग्री और वन्यजीव जीवविज्ञानी के रूप में प्रमाणित होना चाहिए।

आईएफएस अधिकारी बनने के लिए, आपको कम से कम निम्न एक विषय के साथ स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होती है - किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पशुपालन और पशु चिकित्सा विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूविज्ञान, गणित, भौतिकी, सांख्यिकी और प्राणीशास्त्र, कृषि, वानिकी या इंजीनियरिंग की डिग्री और फिर आपको यूपीएससी द्वारा आयोजित सालाना आईएफएस परीक्षा को पास करना होगा।

**-लेखक स्माइलिंग ट्री के संस्थापक हैं।**

# शिक्षा के साथ कौशल विकास का हो मेल

**रोहन पारिख** का कहना है कि शिक्षक छात्रों को ऐसे कौशल हासिल करने में मदद कर रहे हैं जो नौकरियों व प्रौद्योगिकी से परे हैं और जीवन भर काम आते हैं।



रोहन पारिख
एमडी, द ग्रीन एक्रेस एकेडमी,
स्कूल्स बाई द एक्रेस फाउंडेशन

वे कहते हैं कि बच्चे अपने प्रारंभिक वर्षों में बहुत कुछ सीखते हैं जब उनकी स्मृति, ध्यान अवधि और भाषा कौशल विकसित होते हैं। हालांकि, उनके विकासशील वर्षों के दौरान, बच्चों को सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है जो उन्हें इन जन्मजात कौशलों को पहचानने और पोषित करने में मदद करेगा। लेकिन इन कौशलों को समझने और उन्हें सम्मानित करने की दिशा में काम करने के लिए बहुत कुछ बच्चे के स्वभाव और व्यक्तित्व पर भी निर्भर करता है। इन प्रभावकारी वर्षों के दौरान, स्कूल और शिक्षक उनमें अपनी रुचियों की खोज करने और उनके कौशल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

एक ऐसी दुनिया में, जो लगातार बदल रही है, यह युवा पीढ़ी है जो परिवर्तन के एक नए युग की शुरुआत करने जा रही है और इसे बनाए रखने जा रही है। इसके लिए कौशल विकास जरूरी है। तो, आइए स्कूल स्तर पर कौशल विकास करने के विभिन्न तरीकों और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल हेतु कम उम्र से कौशल विकसित करने के महत्व का पता लगाएं।

वे दिन गए जब शिक्षा किताब के पन्नों तक सीमित होती थी और छात्र केवल परीक्षा पास करने के लिए जानकारी को याद करते थे। शिक्षक दायरे को आगे बढ़ा रहे हैं और छात्रों को ऐसे कौशल रखने में मदद कर रहे हैं जो नौकरियों व प्रौद्योगिकी से परे हैं - और जो जीवन भर उनके साथ चलेंगे। यहां कुछ ऐसे कारण दिए गए हैं जिनकी वजह से स्कूलों में कौशल आधारित शिक्षा अनिवार्य हो गई है।

**बच्चों में भविष्य के लिए तैयार कौशलों की पहचान करें :** शिक्षा को विकसित करने की आवश्यकता है यदि इसे छात्रों को एक उन्नत योग्यताओं के साथ समायोजित करना है। छात्रों को कुछ ऐसे कौशल सीखने चाहिए जो उन्हें भविष्य के कार्यबल में आसानी से समायोजित और सम्मिश्रित करने में मदद करें। इस मामले में, शिक्षक यह पहचान सकते हैं कि बच्चे को क्या चाहिए और तदनुसार छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं को तैयार करें।

छात्रों को अधिक रचनात्मक बनने के लिए प्रोत्साहित करें : छात्रों को उनके आराम क्षेत्र से बाहर निकलने और लीक से हटकर सोचने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। यह रचनात्मकता के माहौल को बढ़ावा देगा और उन्हें नई चीजों को आजमाने और अपने रचनात्मक विचारों को दूसरों के साथ साझा करने के लिए प्रेरित करेगा। इस तरह, बच्चे भी अपने विचारों, ज्ञान, रुचियों आदि पर चर्चा करने और उन्हें साझा करने के लिए एक साथ आते हैं।

**संप्रेषण को उनकी यात्रा का अनिवार्य हिस्सा बनाएं :** सीखने के नए युग में नई अवधारणाओं को सामने लाना और उनकी खोज करना शामिल है। हालांकि, बच्चों को संप्रेषण की कला सिखाने की जरूरत है, जो उनके बड़े होने के वर्षों में उपयोगी साबित हो सकती है। शिक्षकों को चाहिए कि वे छात्रों को अपने विचारों और सोच को अधिक स्पष्ट रूप से और बिना किसी झिझक के संप्रेषित करने के लिए प्रोत्साहित करें।

**छात्र-नीत शिक्षण दृष्टिकोण प्रस्तुत करें :** एक प्रभावी छात्र-नीत शिक्षण दृष्टिकोण को अपनाने के लिए, स्कूलों को यह समझने की जरूरत है कि छात्र-आधारित शिक्षा में, छात्र प्रमुख होते हैं, शिक्षक नहीं। छात्रों के पास भविष्य की कक्षाओं के निर्माण से संबंधित एक सोच होनी चाहिए साथ ही साथ प्रौद्योगिकी परिनियोजन निर्णयों में उनकी अधिक से अधिक भागीदारी हो।

**छात्रों को अपने पैरों पर खड़ा करें :** आज के दौर में, जहां चीजें तेज गति से आगे बढ़ रही हैं, त्वरित सोच और स्थिति के अनुकूल होना समय की आवश्यकता बन गया है। इस प्रकार, इन कौशलों को छात्रों में शामिल करने की आवश्यकता है, ताकि वे अपनी त्वरित सोच और अनुकूलन क्षमता कौशल के साथ किसी भी आपात स्थिति से निपटना सीख सकें।

**छात्रों को नपातुला जोखिम लेने के लिए प्रेरित करें :** हर नई या रचनात्मक चीज अपने साथ कुछ निश्चित जोखिम लेकर आती है। लेकिन छात्रों को नए विचारों और विभिन्न विचार प्रक्रियाओं के साथ प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। असफलता या गलतियां करने से डरने के बजाय, छात्र अपने विचारों में गहराई से उतरते हैं और आगे बढ़ने के लिए इन अवसरों का अधिकतम लाभ उठाते हैं।

# कैट विश्लेषण 2021

**विश्लेषण आ गया है और सुमित सिंह गांधी का कहना है कि समग्र परीक्षा 2020 की तुलना में बहुत कठिन नहीं थी। हालांकि, डीआईएलआर थोड़ा समय लेने वाला और लंबा था**



कैट 2021 फर्स्ट कट एनालिसिस सामने आ गया है। प्रश्नों की संख्या में आश्चर्य था जो हमारे द्वारा देखे गए। कुल 66 प्रश्न, जो कैट 2020 की तुलना में 10 प्रश्न कम है और जिसने छात्रों को बेहतर प्रदर्शन देने के लिए एक अच्छा समय प्रदान किया।

कुल मिलाकर परीक्षा बहुत कठिन नहीं थी जबकि डीआईएलआर 2020 की तुलना में थोड़ा समय लेने वाला और लंबा था। वीएआरसी ज्यादा अनुमान आधारित था। कुल मिलाकर इसमें 66 प्रश्न थे और मुझे गर्व है कि मैंने यही भविष्यवाणी की थी और हमारे छात्रों ने पिछले दो महीनों में कुल 66 प्रश्नों के 6 मॉक अभ्यास प्रस्तुत किए।

कैट 2021 ने गति, तर्क और विश्लेषणात्मक कौशल पर छात्रों का परीक्षण किया, अवधारणाओं की अच्छी तरह से तैयारी करने वाला और मॉक का एक अच्छा अभ्यास करने वाला गंभीर छात्र आईआईएम के लिए अपना रास्ता बना लेगा। कैट ने केवल अनुमान लगाने के बजाय छात्रों को उनके वास्तविक ज्ञान पर परखा। कैट 2020 से प्रश्नों में कमी होने से छात्रों को बेहतर समय आवंटन में मदद मिली और उन्हें कोई संकट नहीं हुआ।

यह एक ऐसी परीक्षा थी जिसमें कोई मोड़ नहीं था, यह पूरी तरह योजनाबद्ध रूप से अच्छी तरह से तैयार थी जिसमे छात्रों को बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए, डेटा व्याख्या और तार्किक तर्क अनुभाग थोड़ा कठिन और समय लेने वाला था, हमने अनुमान आधारित प्रश्नों की प्रचुरता वाले व्याख्यात्मक अंशों को पढ़ने में बदलाव देखा। लेकिन यह आईआईएम में छात्र चयन के लिए समग्र मानदंड को प्रभावित नहीं करेगा।

बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए नकारात्मक अंकन मौजूद था यानी एक तिहाई नकारात्मक अंक। उत्तर प्रश्नों में टाइप करें, वाली श्रेणी में कैट 2020 की तरह ही कोई नकारात्मक अंकन नहीं था।

परीक्षा बहुत कठिन नहीं थी, यह प्रबंधनीय थी बशर्ते आपकी अवधारणाएं स्पष्ट हों। कैट हमेशा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तुलना में गणना, गति और समय की तुलना में अवधारणाओं और तर्क का उत्साही प्रेमी रहा है।

**कैट 2020 के बाद कुछ छात्रों की प्रतिक्रिया :**

''पेपर कुल मिलाकर आसान था, कैट 2020 के समान। शुक्र है कि मौखिक खंड ने अच्छी तरह से परीक्षा को एक अच्छे नोट पर शुरुआत करने का अवसर दिया। आश्चर्य की बात यह थी कि टेबल, ग्राफ और पाई चार्ट जैसे पारंपरिक डेटा व्याख्या प्रश्नों को परीक्षा में नहीं देखना पड़ा था। परीक्षा उम्मीदों के मुताबिक रही है इसलिए अच्छे परिणाम मिलने और सभी को गौरवान्वित करने की उम्मीद है। आईआईएम-ए की प्रतीक्षा में ''

**- निखिल**

''पेपर बहुत सधा हुआ था लेकिन लंबा और समय की कमी वाला था। वीएआरसी समूचे रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन में अनुमान आधारित प्रश्नों के साथ कई तथ्यात्मक प्रश्नों के साथ समय लेने वाला था। एलआर/डीआई ट्रिक सेक्शन था, सेट सिलेक्शन प्रमुख था, इसलिए अब सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद है। ''

**- श्रेया**

'' बहुत कठिन पेपर नहीं था, आरसी के केवल 3 क्षेत्रों से आने वाले मौखिक के साथ समग्रता में मध्यम, पैराजंबल और अनुमान आधारित प्रश्न। डीआई अनुभाग समय लेने वाला लेकिन प्रबंधनीय था। कुल मिलाकर मध्यम कठिनाई स्तर था इसलिए कुछ अच्छे परिणाम की उम्मीद है। ''

**- सुमीत**

**अनुभागीय विश्लेषण:**

**समग्र कठिनाई : मध्यम से कठिन**

वीएआरसी 24 प्रश्न : वर्बल सेक्शन में रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन का बोलबाला था। इसमें 4 पैसेज थे जिनमें से प्रत्येक में 4 प्रश्न थे। अधिक अनुमान आधारित प्रश्न, तथ्यात्मक नहीं, करीबी विकल्प भी थे इसलिए इसे हल करते समय थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता थी।

टीटा मौखिक क्षमता कुल मिलाकर आसान थी।

पैराजम्बल पर 3 प्रश्न, पैरासमरी पर 3 प्रश्न, विषम पर 2 प्रश्न। ऑड आउट हमेशा की तुलना में कठिन था।

कुल मिलाकर उन छात्रों के लिए एक खुशी का दिन है जो अपनी मूल बातें जानते हैं और अपने अध्ययन को वैचारिक स्पष्टता के साथ प्रस्तुत करते हैं और जैसे राहुल सर हमेशा कहते हैं, ''सफलता उन्हें मिलती है जो इसके लिए काम करते हैं। कड़ी मेहनत करते रहोगे तो तुम परिणाम देखोगे!'' कठिनाई स्तर की परीक्षा हमारी वास्तविक कैट परीक्षा के बहुत करीब थी और आरसी 19 के सबसे करीब थी।

प्रत्येक अनुभाग पर गहन विश्लेषण के लिए, समग्र कट-ऑफ, किन कॉलेजों में आवेदन करना है और कैसे आगे बढ़ना है, इसके लिए कैटकिंग यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े रहें।

जो लोग स्लॉट 2 और 3 के लिए जा रहे हैं, वे आश्वस्त रहें और बस उस पर सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। सभी छात्रों को आराम करने, शांत होने और ब्रेक लेने की सलाह देंगे। आपने परीक्षा के लिए बहुत मेहनत की है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। अब कर्म को अपनी भूमिका निभाने दें और आगे आने वाली परीक्षाओं की श्रृंखला के लिए धमाकेदार वापसी करें, एक दिन एक परीक्षा कभी भी किसी की योग्यता के बारे में कोई विचार नहीं दे सकती है और न ही आपके करियर का रास्ता तय कर सकती है।

**स्लॉट 2**

पिछले साल के मुकाबल कुल मिलाकर आसान। पेपर ने 66 प्रश्नों के साथ समय प्रबंधन और प्रयास के साथ अच्छा न्याय किया है। कैट 2021 की तरह ही प्रश्नों का चयन महत्वपूर्ण होगा।

सेक्शनल ब्रेक अप: वर्बल (24 प्रश्न), डीआईएलआर (20), क्वांट्स (22) प्रश्न।

अनुशंसित पाठों से संबंधित विषयों को पढ़ने के आधार पर वीएआरसी अधिक अनुमान आधारित था।

डीआईएलआर 2020 की तुलना में आसान था, पिछले साल हमने इसे हर अगले स्लॉट के साथ बढ़ते हुए देखा, लेकिन इस साल ऐसा कोई आश्चर्य नहीं हुआ। चयन ने इस खंड, खेल और टूर्नामेंट को क्रैक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और ग्राफ आधारित प्रश्नों को हल करना बहुत आसान था, और तीसरा ऑनलाइन खाद्य वितरण रेटिंग के आधार पर मध्यम था।

अंकगणित, ज्यामिति और बीजगणित पर ध्यान केंद्रित किया गया था, आधुनिक गणित गायब सा महसूस हुआ। कुल मिलाकर इसमें 66 प्रश्न थे और यह रियल कैट मॉक की तर्ज पर था और छात्रों ने पिछले 2 महीनों में कुल 66 प्रश्नों के 6 अभ्यास मॉक दिए, आरसी 31, वीएआरसी, डीआईएलआर के लिए 28 प्रश्न छात्रों को अच्छी तरह से समझ में आने वाले थे।

**स्लॉट 3**

कुल मिलाकर परीक्षा 2020 की तुलना में करने योग्य थी और बहुत कठिन नहीं थी। वीएआरसी अधिक अनुमान आधारित था, लेकिन सभी व्याख्यात्मक अंश अनुमानित विषयों से संबंधित थे। कठिनाई के मामले में डीआईएलआर मध्यम था लेकिन थोड़ा समय लेने वाला और लंबा लगा। क्वांट्स स्लॉट 1 और 2 की तुलना में कठिन था।

बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए नकारात्मक अंकन मौजूद था, यानी एक तिहाई नकारात्मक अंक। उत्तर में टाइप करें प्रश्नों में पिछले वर्ष की तरह कोई नकारात्मक अंकन नहीं था।

**-लेखक कैटकिंग के डायरेक्टर, सीईओ हैं**